GORAKHPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-17-03-2024

पीड़ित पहुंचे तहसील दिवस पर, दिया पत्रक

गोरखपुर (एसएनबी)। हाईकोर्ट के आदेश को छिपाकर अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल के यहां से फर्जी आदेश निकलवाने तथा दस्तावेज गायब कराने वाले शातिर के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर आधा दर्जन से अधिक पीड़ित तहसील दिवस पर पहुंचे। वहां पत्रक दिया और पूरी जानकारी दी। तहसील दिवस पर मौजूद रहे अधिकारीगण सन्न रह गए।

धर्मपुर गीतावाटिका थाना शाहपुर की रहने वाली पूनम उपाध्याय, राजेश उपाध्याय, सरोज सिंह, मिली चक्रवर्ती, शिवदास चक्रवर्ती एवं शंकर शरण सिंह आदि तहसील दिवस पर पहुंचे। लोगों ने गोरखपुर के एक शातिर लेखपाल के भाई की करतूत से अधिकारियों को अवगत कराया। पत्रक भी दिया जिसमें लिखा गया है कि हम लोगों ने भू स्वामी ऐस्टर वेंस से बैनामा जमीन खरीदा है और मकान बनवाकर रहते हैं। सूरजकुंड कालोनी का एक शातिर जालसाज ने धोखाधड़ी व कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर धनउगाही करता है। धर्मपुर जिसमें हम सब रहते हैं उस जमीन पर भी अपना नाम दर्ज करा लिया। 31 जुलाई 1991 के विरुद्ध भू स्वामिनी ऐस्टर वेंस आयुक्त के समक्ष अपील प्रस्तुत की। तब उन्होंने जांच-पड़ताल करायी और 22 अक्टूबर 091 को परगनाधिकारी के आदेश को निरस्त कर दिया। शातिर ने बोर्ड आफ रेवेन्यू इलाहाबाद के समक्ष प्रस्तुत अपील भी 2 सितम्बर 094 को निरस्त कर दिया गया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद में शातिर पहुंचा और वहां प्रस्तुत याचिका 18 सितम्बर 094 के जरिये निरस्त कर दी गई। इसके बाद उसने आयुक्त मंडल के आदेश के अनुपालन में न्यायालय को अंधकार में रखने एवं फर्जी सुलहनामा दाखिल कर अपने पक्ष में प्राप्त की गई डिग्री निरस्त कर दिया गया। ऐस्टर वेंस का नाम किसी तरह से राजस्व अभिलेख में दर्ज हुआ। तत्कालीन आयुक्त रवि कुमार एनजी ने शातिर के खिलाफ जांच करायी तथा गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही के लिए आदेशित किया। शातिर धोखाधड़ी करने वाला हर किसी को गुमराह करता है। तथ्यों को छिपाकर शातिर खेल खेलता रहता है। पत्रक में लिखा गया है कि जिस मामले को बोर्ड आफ रेवेन्यू इलाहाबाद के साथ-साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया गया है उसी मामले में तथ्यों को छिपाकर फर्जी तौर पर किसी अन्य को खड़ा करके अधिनस्थ न्यायालय को गुमराह करके याचिका दाखिल करना ही गंभीर अपराध है। दोनों कथित आदेश न्यायालय को गुमराह करके फर्जी ढंग से न्यायालय कर्मियों की मिलीभगत से पारित कराया गया है। तथाकथित आदेश 28 अगस्त 2008 एवं 4 नवम्बर 09 को मनमाने ढंग से राजस्व अभिलेखों में 7 दिसम्बर 023 तथा 11 जनवरी 024 को दर्ज कराया गया है। शातिर की हरकतों से पीड़ितों ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की है।

- जालसाजी, धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर हो कठोर कार्यवाही

पंचायत में भेजने को लेकर विवाद

चालक को गोली मारी

सोनबरसा (एसएनबी)। एम्स क्षेत्र के जगदीशपुर चौकी क्षेत्र के छोटी कैथवलिया में शनिवार को दोपहर 12 बजे मुर्गी फार्म मालिक व उन्ही के पिकअप चालक के बीच चालक को पंचायत में भेजने को लेकर विवाद हुआ। दोनो में हाथापाई हो गई। गुस्से में आए सोनबरसा चौकी क्षेत्र के रामुडीहा निवासी गुड्डू सिंह ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से पिकअप चालक मनीष सिंह (30) को गोली मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि गोली मनीष सिंह के सीने में दाहिने तरफ लगी है। सूचना पर जगदीशपुर व सोनबरसा चौकी पुलिस प्रभारी मौके पर पहुंचे और घायल को बीआरडी मेडिकल कालेज पहुंचा दिया। चौकी प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उनका लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि मुर्गा फार्म के मालिक गुड्डू सिंह का चालक चौरीचौरा क्षेत्र के भटगावां निवासी मनीष सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह का किसी से अवैध तरीके से प्रेम संबंध है। मनीष सिंह विवाहित है लेकिन वह अपनी प्रेमिका के साथ ही जगदीशपुर में कहीं रहता है। परिवार के लोग मनीष के साथ बातचीत करने के लिए वहीं पंचायत रखे थे।

- मुर्गा फार्म मालिक एवं आरोपित गिरफ्तार, लाइसेंसी पिस्टल बरामद
- गोली से घायल युवक का किसी युवती से है अवैध संबंध
- जगदीशपुर चौकी पर उसी प्रेम संबंध के विवाद को लेकर थी पंचायत



मनीष पंचायत में नहीं जाना चाह रहा था। गुड्डू सिंह मालिक के हक से उसे डांट डपटकर पंचायत में जाने को कहा। इसी बात को लेकर मुर्गी फार्म मालिक व चालक के बीच हाथापाई हुई। चालक ने अपने मालिक को धक्का दिया। इस पर मुर्गा फार्म के मालिक को गुस्सा आ गया और पिस्टल से गोली मार दिया। गोली से वह घायल हो गया। रामूडिहा निवासी गुड्डू सिंह पुत्र दीपनरायन सिंह का इसी क्षेत्र के बेलवा खुर्द इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प के सामने मुर्गा फार्म है। इनके यहां चौरीचौरा क्षेत्र के भटगांवा निवासी मनीष सिंह (30) पुत्र सुरेन्द्र सिंह पिकअप चलाता है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी कैन्ट अंशिका वर्मा व प्रभारी निरीक्षक एम्स संजय कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने मेडिकल कालेज में पहुंचकर घायल चालक का बयान भी दर्ज किया है।

मारपीट के जुर्म में पूर्व विधायक दोषमुक्त

गोरखपुर। मारपीट के जुर्म में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रभाष त्रिपाठी ने कोतवाली थाना क्षेत्र के दिलेजाकपुर निवासी एवं पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार जायसवाल व पिपराइच थाना क्षेत्र के खडराईच निवासी इंद्रदेव सिंह को साक्ष्य के आभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से वादी आनन्द कुमार शाही का कहना था कि वह वार्ड नम्बर एक से जिला पंचायत सदस्य हेतु भाजपा से चुनाव लड़ रहा था। 13 अक्टूबर 2005 को वह अपने चुनाव क्षेत्र में प्रचार हेतु पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम बरसैनी में पंहुचा तो देखा कि क्षेत्रीय विधायक जितेन्द्र कुमार जायसवाल एक विशेष प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए साड़ी व रुपया बांट रहे थे। वादी और उसके समर्थको द्वारा मना करने पर उसके व उसके समर्थको के उपर लाठी दंडा लेकर टूट पड़े और मारने पीटने लगे।

दंपति का विवाद पहुंचा चौकी, पति की सिपाहियों से हाथापाई

ब्रह्मपुर(एसएनबी)। झंगहा थाने के एक गांव के दंपति के विवाद में गोबरौड़ चौकी पुलिस द्वारा हस्तक्षेप करने से नाराज पति द्वारा चौकी में ही दो पुलिसकर्मी से मारपीट की गयी। माहौल बिगड़ता देख घटना की सूचना गोबरौड़ चौकी पुलिस ने झंगहा थानाध्यक्ष को दी। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष आरोपित पति को लेकर थाने चले गए और जांच पड़ताल शुरू कर दिए। झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव में पति पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। जिसमे दोनो को गोबरौड़ चौकी पर बुलाया गया था। दोनों पक्ष गोबरौड़ पुलिस चौकी पर पहुंचे। अभी पंचयात शुरु होने ही होने वाली थी कि किसी बात को लेकर पति दो पुलिसकर्मियों से हाथापाई करने लगा।

जनता को न्याय दिलाने का करें कार्य : एडीजी

पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित पासिंग आउट परेड की एडीजी जोन डा. केएस प्रताप कुमार ने ली सलामी

496 प्रशिक्षु दारोगा प्रशिक्षण पूरा कर पासिंग आउट परेड में हुए शामिल, उत्कृष्ट 26 प्रशिक्षुओं को एडीजी ने किया पुरस्कृत

जासं, गोरखपुर : पीएसी कैंपस स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल (पीटीएस) में प्रशिक्षण ले रहे 496 प्रशिक्षु दारोगा शनिवार को पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। मुख्य अतिथि एडीजी जोन डा. केएस प्रताप कुमार ने परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली। प्रशिक्षण के दौरान अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 प्रशिक्षु दारोगाओं को एडीजी के हाथों पुरस्कार मिला। इसके बाद ये सभी प्रशिक्षु दारोगाओं को उनके लिए आवंटित जिले में भेजा गया।

मुरादाबाद पीटीएस में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ के संबोधन को आनलाइन सुनाने के बाद यहां के मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) डा. केएस प्रताप कुमार ने प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। कहा कि नौकरी में जनसेवा के लिए कमर कसी है तो जनता को न्याय दिलाने का कार्य करें। नौकरी तो कई क्षेत्रों में मिल जाती, लेकिन इस तरह की नहीं। यह नौकरी जनसेवा का कार्य है। उन्होंने कहा कि परेड उत्कृष्ट व शानदार रहा। यह प्रशिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। कदमताल में एकरूपता दिखी है। पीएसी में दो साल की नौकरी करने के दौरान इन बारीकियों को सीखने और समझने का अवसर मिला था। उन्होंने सभी को नौकरी की शपथ दिलाई। पीटीएस के डीआइजी संजय सिंह ने बताया कि प्रदेश के 11 पीटीएस में 13 मार्च, 2023 से प्रशिक्षण शुरू हुआ था। यहां अमरोहा, कानपुर नगर, कन्नौज, रायबरेली, हरदोई और उन्नाव जिले के रहने वाले 564 प्रशिक्षु आवंटित थे, लेकिन 536 ही प्रशिक्षण में शामिल हुए। 19 टोलियां बनाकर प्रशिक्षण दिया गया। 40 को विभिन्न कारणों से परेड में शामिल नहीं किया गया।

पासिंगआउट परेड में 12 टोलियां बनाई गई थीं। कार्यक्रम का संचालन रिटायर्ड डिप्टी एसपी शरद चंद पांडेय ने किया। इस दौरान पीटीएस के अधिकारी कर्मचारी, प्रशिक्षु दारोगाओं के स्वजन और अन्य लोग मौजूद रहे।

ये रहे परेड कमांडर: संदीप सिंह प्रथम, सौरभ सिंह चंदेल द्वितीय और सचिन बाबू तृतीय परेड कमांडर रहे।



पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में हुई पासिंग आउट परेड में कुछ इस तरह दिखी प्रशिक्षुओं की खुशी●

अपर पुलिस महानिदेशक के हाथों इन्हें मिला पुरस्कार

एडीजी के हाथों प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले युगल चौधरी को तीन, विवेक कुमार, आलोक कुमार सिंह, मंदीप गंगवार, करनवीर सिंह को दो, गौरव पवार, आफताब अहमद, गौरव प्रताप सिंह, दीपक शाक्य, शुभम वर्मा, संदीप सिंह, शुभम सिंह को दो तथा मान सिंह, अभिषेक सचान, अनूप यादव, संदीप सिंह, सौरभ सिंह चंदेल, सचिन बाबू को पुरस्कार मिला तथा प्रदीप कुमार चार मेडल के साथ सर्वांग सर्वोत्तम चुने गए। इसके अलावा प्रशिक्षण देने वाले पीटीएस के प्रशिक्षकों को भी पुरस्कृत किया गया।

कहानी कहते खुशी के आंसू, आंखों ने देखे सच होते सपने

सुनील सिंह, गोरखपुर

हरदोई के नीरज दारोगा की वर्दी में छोटी सी गुमटी चलाकर गृहस्थी चलाने वाले माता-पिता खुशमिला और राम प्रसाद का आशीर्वाद लेने बढ़ते हैं। वह जिस तेजी से निकट आते हैं, उसी तत्परता से दंपती के आंसू बहने लगते हैं। दृश्य देखने वाले भी भावुक हो जाते हैं। इसका कारण कोई पीड़ा नहीं, बल्कि सुखद संवेदना की वही गुदगुदी है जिनसे खुशी के आंसू का जन्म होता है। पीएससी कैंपस के पीटीएस ग्राउंड पर खुशमिला और राम प्रसाद की तरह और भी कई चेहरों से लुढ़कते ऐसे आंसू परिवार के होनहार को अफसर बनाने के लिए किए गए संघर्ष की कहानी सुना रहे थे। बहुत सी भाव-विभोर आंखें सच होते सपने को निहार रही थीं।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम, लखनऊ में एसडीओ पद पर तैनात शीतल मंडल की भी अलग कहानी थी। 10:30 बजे जैसे ही बैंडबाजे की धुन पर एक के पीछे एक 12 टोलियों में प्रशिक्षु दारोगा पहुंचे तो वह एक टक उस टोली की तरफ निहारने लगीं जिसमें उनके होने वाले मंगेतर अभिषेक वर्मा चल रहे थे। अमरोहा के सूरजभान सिंह ने जिस मैदान पर सिपाही पद के लिए प्रशिक्षण पाया था, उसी जगह आज बेटे को दारोगा बनते देखने आए थे। प्रोन्नत होकर दारोगा बने सूरजभान इस समय वह गाजियाबाद डीआइजी के पेशकार हैं। कानपुर नगर की रहने वाली और अंबेडकरनगर जिले में दारोगा पद पर तैनात देविका सिंह भाई विक्रम सिंह को दारोगा बनते देख भावुक थीं। मालती तिवारी, सुमन अग्निहोत्री समेत 496 परिवारों का प्रतिनिधित्व कर रहे दर्शक दीर्घा में बैठे हर किसी के पास अपनी-अपनी कहानी थी। एडीजी जोन डा. केएस प्रताप कुमार ने प्रशिक्षु दारोगाओं को शपथ दिलाकर पासिंगआउट परेड का समापन किया तो ऐसी तमाम कहानियां खुशी के आंसुओं संग अभिव्यक्त हो उठीं।

दो पक्षों में मारपीट 11 के खिलाफ केस

फुटहवा ईनार(एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा डुमरी खास मे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान एक पक्ष से एक महिला के हाथ की एक अंगुली टूट गई।पुलिस दोनो पक्षों की तहरीर के आधार पर एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

■ दोनों पक्ष ने लगाया है छेड़छाड़ का आरोप

प्रथम पक्ष की तेतरा देवी पत्नी कोईल ने पुलिस तहरीर देकर आरोप लगाया है विपक्षी द्वारा मेरी जमीन पर मिट्टी डालकर अवैध रूप से कब्जा कर रहे थे,जब मैंने मना किया तो विपक्षी द्वारा गाली गलौज देते हुए एक जुट होकर लाठी डंडे से बुरी तरह मारने पीटने लगे। आरोप है कि गलत नियत से सीने पर हाथ रख कर छेड़छाड़ करने लगे। मारपीट के दौरान मेरे हाथ की एक अंगुली टूट गई और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपित पक्ष के देवीशरण, शिव शरण, छेदी प्रसाद, विपिन, लक्ष्मीना, आरती के खिलाफ धारा 147, 354, 325, 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। वही दूसरे पक्ष के छेदी प्रसाद पुत्र गोबरी की तहरीर देकर आरोप लगाया है कि हम प्रार्थी अपने घर के सामने मिट्टी डालकर बराबर कर रहे थे कि विपक्षी द्वारा गाली देने लगे, जब गाली देने से मना किया तो विपक्षी मेरा बाल पकड़ कर पटक दिया और एक जुट होकर मुझे लाठी डंडे से बुरी तरह मारने पीटने लगे।

मारपीट के दौरान मौके से मेरी लड़की किसी तरह जान बचाकर भगाने का प्रयास किया तो दौड़ाकर पटक दिया और मेरी लड़की के साथ छेड़खानी करने लगे। जब मेरी लड़की ने शोर मचाया तो बीच बचाव करने आ रहे ग्रामीणों को देख जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पुलिस तहरीर के आधार पर प्रथम पक्ष के आरोपित कोईल, राजन, अजय, तेतरा देवी, माधुरी के खिलाफ धारा 147, 354, 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित व फरार चल रहे रमन उपाध्याय पुत्र ओमप्रकाश उपाध्याय निवासी जटेपुर दक्षिणी धर्मशाला बाजार थाना गोरखनाथ को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं 307, 323, 504, 34 भादवि व 3 (2) ट एससीएसटी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में चौकी प्रभारी धर्मशाला बाजार एसआई अमरेश कुमार सिंह, आरक्षी राजेश यादव व दिलीप कुमार थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

लूट के पर्स व मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट पुलिस ने लूट के पर्स व मोबाइल के साथ एक लुटेरे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेश लोना पुत्र चांददेव निवासी ग्राम कसियार थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस अभियुक्त के पास से लूट में प्रयुक्त बाइक भी बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अभियुक्त को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कैंट रणधीर मिश्रा ने बताया कि 23 दिसम्बर, 2023 को छात्रसंघ चौराहे पर एक महिला से स्कूटी सवार तीन लड़के मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। इसी क्रम में गत 12 मार्च को रचित हास्पिटल से आगे पल्सर सवार दो युवक एक अन्य महिला का पर्स लूटकर फरार हो गए थे। दोनो ही घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही थी। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आए अभियुक्त राजेश लोना को गिरफ्तार किया गया।

आइसीयू में भर्ती महिला की चेन चोरी, कर्मी हिरासत में

गोरखपुर : आइसीयू में भर्ती महिला के गहने कर्मचारियों ने चुरा लिए। पति ने शिकायत की तो धमकी दे ने लगे। डायल 112 पर सूचना देने पर पुलिस पहुंची तो बाली व पायल लौटा दिया, लेकिन चेन नहीं दी। कैंट थाना पुलिस कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। भगत चौराहे पर रहने वाले दिनेश सिंह ने कैंट थाने में तहरीर देकर बताया कि 14 मार्च की रात में 11:30 बजे पत्नी प्रेमलता सिंह की तबीयत बिगड़ने पर दाउदपुर स्थित निजी अस्पताल में ले गए थे एएसपी/सीओ अंशिका वर्मा ने बताया, आरोप की जांच की जा रही है।

मुर्गी फार्म मालिक ने चालक को मारी गोली

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पत्नी को छोड़कर आर्केस्ट्रा डांसर के साथ रहने वाले चालक के पंचायत में न जाने पर मुर्गी फार्म मालिक ने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। इससे पहले पंचायत में जाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। घटना के बाद भगदड़ मच गई। चालक ने एम्स थाने में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची आर्केस्ट्रा डांसर को मोबाइल फोन से घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही एम्स थाना प्रभारी के साथ सीओ कैंट मौके पर पहुंचीं। बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती चालक की स्थिति खतरे से बाहर है। छोटे भाई की तहरीर पर हत्या की कोशिश व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मुर्गी फार्म मालिक को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

रामूडीहा गांव में रहने वाले गुड्डू सिंह का बेलवा खुर्द इंडियन आयल पेट्रोल पम्प के सामने मुर्गी फार्म है। उनकी पिकअप गाड़ी के चालक चौरीचौरा के भटगांवा गांव के मनीष सिंह का प्रेम संबंध देवरिया जिले के भटनी निवासिनी आर्केस्ट्रा डांसर से छह वर्षों से हैं। डांसर के तीन बच्चे और मनीष की पत्नी किरन से दो बेटियां हैं। पति के नजदीकी रिश्ते से किरन व मनीष में आए दिन विवाद हो रहा था। परिवार के लोगों ने इसकी सूचना थाने पर दी थी। आर्केस्ट्रा डांसर ने भी प्रार्थना पत्र देकर मनीष के साथ रहने की गुहार लगाई थी। शनिवार को जगदीशपुर चौकी पर दोनों पक्ष को बुलाया गया था, लेकिन दोपहर तक मनीष चौकी पर नहीं गया। स्वजन के जानकारी देने पर गुड्डू सिंह ने मामला सुलझाने के लिए मनीष को चौकी पर जाने के लिए कहा तो वह तैयार नहीं हुआ। कहासुनी के बाद चालक से उनकी हाथापाई हो गई। मामला बढ़ने पर गुड्डू सिंह ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से मनीष के सीने में दाएं तरफ कंधे के नीचे गोली मार दी। गोली चलने के बाद अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी फोन से मनीष ने एम्स थाने में प्रार्थना पत्र लेकर गई आर्केस्ट्रा डांसर को दी तो उसने थानेदार को बताया। एएसपी/सीओ कैंट अंशिका वर्मा फोरेंसिक टीम व प्रभारी निरीक्षक थाना एम्स घटनास्थल पर पहुंचे। गुड्डू सिंह को पिस्टल के साथ गिरफ्तार करने के साथ ही मनीष को बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।



एम्स थाना क्षेत्र में गोली से घायल भटगांवा निवासी मनीष सिंह ● जागरण

पिकअप चालक के छोटे भाई शिवम सिंह ने मुर्गी फार्म मालिक गुड्डू सिंह के विरुद्ध हत्या की कोशिश व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपित को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल लाइसेंसी पिस्टल बरामद कर ली गई है। गोली लगने से घायल हुए मनीष की स्थिति खतरे से बाहर है।

अंशिका वर्मा, एएसपी/सीओ कैंट

पकड़े गए बदमाश ने छात्रसंघ पर भी की थी लूट

जासं., गोरखपुर : रचित हास्पिटल के पास महिला का बैग लूटने वाले बदमाश ने अपने साथियों संग छात्रसंघ चौराहे पर भी लूट की थी। आरोपित के कब्जे से लूट का मोबाइल फोन, महिला का पर्स व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। घटना में शामिल उसके साथी की तलाश चल रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि नहर रोड पर रहने वाली सीमा सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह के रिश्तेदार मोहद्दीपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थे। 12 मार्च की रात में वह अपने बच्चों के साथ रिश्तेदार को देखने गई थीं। लौटते समय पैडलेगंज व देवरिया बाईपास तिराहा के बीच स्थित रचित हास्पिटल के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग छीन लिया। बैग में 4500 रुपये, मोबाइल फोन व दस्तावेज थे। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने शनिवार को बेलीपार के कसिहार में रहने वाले राजेश लोना को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से लूट का मोबाइल फोन, 1500 रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की। राजेश ने बताया कि गगहा के देउरबीर गांव में रहने वाले अपने साथी मांगरा के साथ मिलकर उसने वारदात को अंजाम दिया था।

भाइयों पर चाकू से हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : भाइयों पर चाकू से हमला करने के आरोपित रमन को गोरखनाथ थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। तीन माह से उसकी तलाश चल रही थी। दोपहर बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

चुनावी बिगुल बजते ही हटने लगे बैनर-पोस्टर

नगर निगम ने 10 टीमों को सौंपी जिम्मेदारी, तीन दिन में हट जाएंगे सभी बैनर-पोस्टर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार की शाम निर्वाचन आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू किए जाते ही प्रशासन व पुलिस समेत सभी संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय हो गए। शाम पांच बजे से एडीएम सिटी अंजनी सिंह, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई और अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह के नेतृत्व में सड़कों, चौराहों समेत सभी सरकारी इमारतों से राजनीतिक दलों, नेताओं के बैनर-पोस्टर और होर्डिंग उतारने का काम शुरू हो गया। अभियान की शुरूआत पैडलेगंज चौराहे से हुई जो छात्रसंघ चौराहा, कमिश्नरी कार्यालय, अंबेडकर चौक, शास्त्री चौक, पुराने कलेक्ट्रेट कार्यालय, कचहरी चौराहा, गोलघर, पुलिस लाइन, पर्यटन कार्यालय होते हुए देर रात तक जारी रहा। नगर निगम ने इस कार्य के लिए जोनवार 10 टीमें लगाई हैं। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त इसकी निगरानी कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नगर पंचायतों में



अम्बेडकर चौक पर लगे बैनर-पोस्टर हटाते नगर निगम कर्मी ●जागरण

अधिशासी अधिकारी और तहसीलों में एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 72 घंटे के भीतर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक से चुनावी बैनर-पोस्टर और होर्डिंग हटा दी जाएगी।

उधर कमिश्नर, डीएम, सीडीओ, नगर आयुक्त, जीडीए उपाध्यक्ष समेत संबंधित अधिकारियों का सुबह 10 से 12 बजे तक रोजाना जनता दर्शन का कार्यक्रम भी चुनाव समाप्त होने तक बंद रहेगा। संपूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस का भी आयोजन नहीं होगा। इस बीच आमजन के पास शिकायत के लिए सबसे प्रभावी विकल्प के तौर पर समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) की सुविधा होगी।

जिले की दोनों लोकसभा सीटों गोरखपुर और बांसगांव के लिए सबसे अंतिम यानी सातवें चरण में चुनाव होगा। सात मई को अधिसूचना जारी होगी। एक जून को मतदान होगा और चार जून को मतगणना होगी। जिले में कुल 36लाख 32 हजार 946वोटर हैं। इनमें पुरुष मतदाता 19 लाख 54 हजार 20 और महिला मतदाताओं की संख्या 16 लाख 78 हजार 676 है। कुल 2,064 मतदान केंद्र और 3,678 मतदान स्थल बनाए गए हैं। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम कृष्णा करूणेश ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। कहा कि किसी भी दशा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। अराजकता फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाए।

बिना अनुमति नहीं कर सकेंगे सभा, रैली: अब किसी भी तरह की चुनावी सभा, रैली, नुक्कड़ सभा आदि के लिए प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। शहरी क्षेत्र में एडीएम सिटी और तहसीलों में एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। यही नहीं मांगलिक कार्यक्रमों या किसी भी प्रकार के अन्य ऐसे आयोजन जहां भीड़ जुटेगी, उसके लिए भी अनुमति लेना जरूरी होगा।

गुलरिहा में जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

गुलरिहा । गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल एकला नंबर दो में शुक्रवार को जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। गुलरिहा पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

घर में अकेला पाकर युवती से छेड़खानी, केस दर्ज

पिपराइच (गोरखपुर)। पिपराइच इलाके में घर में युवती को अकेला पाकर छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर मारपीट भी की गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बृहस्पतिवार शाम वह कमरे में अकेली थी। मां अंदर नहा रही थी और भाई कोचिंग पढ़ने गया था। ब्यूरो

तैयारी में जुटा प्रशासन, पुलिस ने बढ़ा दी निगरानी

सतीश पांडेय • गोरखपुर

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस की ओर से नेपाल व बिहार बार्डर पर चौकसी बढ़ा दी गई है तो गोरखपुर व बस्ती मंडल के जिलों में मतदान केंद्रों एवं बूथों को तैयार कर लिया गया है। सबसे ज्यादा बूथ गोरखपुर जिले में बनाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से आधे बूथों की वेबकास्टिंग भी की जाएगी। मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है तो चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने वाले कर्मचारियों का विवरण फीड किया जा चुका है।

जिलों में अर्धसैनिक बल पहुंचे चुके हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस के साथ वे गश्त भी कर रहे हैं। नेपाल व बिहार बार्डर पर बैरियर की संख्या भी बढ़ा दी गई है। बैरियर पर हर समय पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। बाइक हो या कार, सभी वाहनों को जांच से गुजरना पड़ रहा है। चुनाव से पहले पैसा, शराब या अन्य मादक पदार्थ एकत्र करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

सभी थानेदार अपने क्षेत्र में संवेदनशील बूथ के पास गश्त कर रहे है। स्थानीय लोगों से बात कर चुनाव को प्रभावित करने वालो को भी चिह्नित किया जा रहा है। सभी जिले में अर्द्धसैनिक बल के जवान भी आ गए है।

आनंद कुलकर्णी, डीआइजी रेंज



लोकसभा चुनाव मे शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने राजघाट क्षेत्र के घंटाघर मे जवानों के साथ फ्लैग मार्च कर स्थिति की जानकारी ली। • जागरण

गोरखपुर व बस्ती मंडल में यह है तैयारी

लोकसभा	मतदान केंद्र	मतदेय स्थल (बूथ)	वेबकास्टिंग वाले बूथ
गोरखपुर	2,064	3,678	1,839
संतकबीरनगर	1,547	2,214	1,107
देवरिया	1,575	2,514	1,257
बस्ती	1,482	2,151	1,076
कुशीनगर	1,285	2,225	1,113
सिद्धार्थनगर	1,604	2,178	1,089
महराजगंज	1,134	2,084	1,042

घर में घुसकर युवती से की छेड़खानी

GORAKHPUR (16 March): जंगल धूसड़ एरिया में युवती को घर में अकेला पाकर मनबढ़ ने छेड़खानी कर दी. विरोध करने पर मारपीट की. पिपराइच थाना पुलिस ने मामले में चार लोगों पर छेड़खानी व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है. युवती ने बताया कि गुरुवार की शाम को मां नहा रही थी. भाई कोचिंग चला गया और पिता घर पर नहीं थे.

लाइसेंसी पिस्टल से फार्म मालिक ने ड्राइवर को मारी गोली, गंभीर

पुलिस ने आरोपी को किया अरेस्ट, पिस्टल बरामद

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (16 March): एम्स थाना एरिया के जगदीशपुर चौकी क्षेत्र के छोटी कैथवलिया में शनिवार की दोपहर को मुर्गी फॉर्म के मालिक व पिकअप ड्राइवर के बीच विवाद हुआ और दोनों में हाथापाई होने लगी. इसके बाद गुस्से में आए रामुडीहा निवासी गुड्डू सिंह ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से पिकअप ड्राइवर मनीष सिंह (30) को गोली मार दिया. गोली मनीष के सीने में दाहिने तरफ लगी है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया. जहां उसका इलाज चल रहा है. उधर पुलिस मामले मे कार्रवाई करते हुए आरोपी गुड्डू सिंह को अरेस्ट कर लिया और लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर लिया. मिली जानकारी के अनुसार मुर्गी फार्म के मालिक गुड्डू सिंह का चालक चौरीचौरा क्षेत्र



के भटगावां निवासी मनीष सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह का किसी से प्रेम संबंध है. मनीष विवाहित है. लेकिन वह अपनी प्रेमिका के साथ रहता है. परिवार के लोग मनीष के साथ बातचीत करने के लिए वहीं पंचायत रखे थे. मनीष पंचायत में नहीं जाना चाह रहा था. गुड्डू सिंह मालिक के हक से उसे डांट डपटकर पंचायत में जाने को कहा. इसी बात को लेकर मुर्गी फॉर्म मालिक व ड्राइवर के बीच विवाद हो गया और हाथापाई होने लगी. हाथापाई के दौरान ड्राइवर ने अपने मालिक को धक्का दिया, जिससे वह गिर गए. इस पर मुर्गी फार्म के मालिक को गुस्सा गया और पिस्टल निकालकर मनीष को गोली मार दिया. गोली से वह घायल हो गया. रामूडिहा निवासी गुड्डू सिंह पुत्र दीपनरायन सिंह का इसी क्षेत्र के बेलवा खुर्द इंडियन आयल पेट्रोल पम्प के सामने मुर्गा फार्म है. शनिवार को जगदीशपुर पुलिस चौकी पर पंचायत थी. घटना की सूचना पर सीओ कैंट अंशिका वर्मा व प्रभारी निरीक्षक एम्स संजय कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच गए. प्रभारी निरीक्षक ने मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर घायल ड्राइवर का बयान भी दर्ज किया है.

“पिकअप चालक के छोटे भाई शिवम सिंह ने मुर्गी फार्म मालिक गुड्डू सिंह के विरुद्ध हत्या की कोशिश व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है.आरोपित को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल लाइसेंसी पिस्टल बरामद कर ली गई है.गोली लगने से घायल हुए मनीष की स्थिति खतरे से बाहर है.

अंशिका वर्मा,
एएसपी/सीओ कैंट

शहर के चौराहों पर नही दिखता सिग्नल, विज्ञापन से पट गए चौराहों पर लगे सिग्नल

...और छिप गया सिग्नल

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (16 March): भइया आगे बढ़िए, अरे कैसे बढ़ जाएं भाई, ग्रीन सिग्नल तो हो जाए. अरे सिग्नल कहां दिख रहा है, अभी-अभी एक भाई साहब आगे निकले हैं, अरे भाई वह गलती करेंगे तो हम भी वही काम करेंगे. अरे नही भाई देखिए ग्रीन सिग्नल हो गया है. कुछ इस तरह की बहसबाजी हर दिन गोरखपुर के कई चौराहों पर देखने और सुनने को मिलती है. कई लोग तो बाइक टेंड़ा और गर्दन ऊंची कर चौराहे पर सिग्नल खोजते रहते हैं लेकिन दिखाई नही देता है. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट टीम शहर के तीन चौराहे पर पहुंची, जानिए फिर कैसा दिखा वहां का नजारा.

REALITY CHECK



गर्दन टेढ़ी कर सिग्नल ढूंढते राहगीर.

एयरफोर्स से मोहद्दीपुर चौक जाने पर नहीं दिखता

यही हाल एयरफोर्स से मोहद्दीपुर चौक पर आने पर दिखता है. यहां भी जब टीम पहुंची तो लोग बाइक पर गर्दन टेढ़ी कर सिग्नल खोजते दिखे. बड़ी मुश्किल से यहां सिग्नल का दीदार हो पा रहा था. पब्लिक ने बताया कि अगर गलती हुई तो पुलिस चालान कर देती है.

अंबेडकर चौक नहीं दिखता सिग्नल

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट टीम सबसे पहले हरीओम नगर से आगे अंबेडकर चौराहे पर पहुंची. यहां पर सारे वाहन रुके हुए थे. कुछ लोग गाड़ी से उठ-उठकर सिग्नल निहार रहे थे. एक तरफ ये भी बोल रहे थे कि यहां तो कुछ दिखाई ही नहीं देता बड़ी परेशानी है. तभी कुछ लोग पीछे से आवाज दिए कि बढ़िए भाई साहब और वाहन आगे निकल रहे है. ये हाल अंबेडकर चौक का दिखा.



जाम और परेशान की कारण

पब्लिक की माने तो ट्रैफिक पुलिस को चौराहों पर लगे सिग्नल को सही कराना चाहिए. राजेन्द्र नगर के अरविंद ने बताया कि रोज यूनिवर्सिटी चौराहे से गुजरता हूं, सिग्नल देखने में परेशानी होती है. ये परेशानी आखिर ट्रैफिक पुलिस को क्यों नहीं दिखती है. इसको सही कराना चाहिए. इसी तरह अनूप ने भी बताया कि शहर के कई चौराहों का यही हाल है.

यूनिवर्सिटी चौक पर भी परेशान होते हैं लोग

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट टीम जब माल रोड से होते हुए यूनिवर्सिटी चौक पहुंची तो यहां भी सिग्नल बड़ी परेशानी के बाद दिखा. लोग सिग्नल देखने के लिए परेशान भी हो रहे थे, इसको लेकर तू-तू मै-मै भी हो रही थी.



एम्स थाना क्षेत्र के सोनबरसा स्थित कैथवलिया में हुई वारदात, पंचायत में ड्राइवर मनीष द्वारा हाथापाई करने से नाराज था गुड्डू

पोल्ट्री फार्म मालिक ने ड्राइवर को मारी गोली

दुस्साहस

- पिस्टल के साथ फार्म मालिक गुड्डू सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा है घायल ड्राइवर का इलाज



गोली लगने से घायल मनीष सिंह

सोनबरसा/ गुलरिहा, हिटी। एम्स थानांतर्गत पेट्रोल पंप के पास कैथवलिया मार्ग पर बेलवा में शनिवार की दोपहर एक पोल्ट्री फार्म मालिक ने अपने ही ड्राइवर को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। गोली कंधे के नीचे लगी है। गंभीर हाल में उसे मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। मनीष के भाई शिवम ने एम्स पुलिस को तहरीर दी है। एसपी सिटी केके बिश्नोई ने बताया कि पिस्टल के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एम्स थाना क्षेत्र के भटगांवा निवासी 34 वर्षीय मनीष सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह इसी थाना क्षेत्र के रामूडीहा निवासी गुड्डू उर्फ अमृतनाथ सिंह पुत्र दीप नारायण सिंह का दस वर्षों से ड्राइवर है। बताया जा रहा है कि मनीष सिंह का देवरिया जिले के भटनी की एक आर्केस्ट्रा डांसर से छह वर्षों से अवैध संबंध है। डांसर के तीन बच्चे और मनीष की उसकी पत्नी किरन से दो बेटियां हैं। पति के अवैध संबंध से किरन और मनीष में आए दिन विवाद हो रहा था।

क्षेत्र के सोनबरसा और जगदीशपुर के बीच फोरलेन पर स्थित पेट्रोल पंप के पास गुड्डू का मुर्गी फार्म है। शनिवार की सुबह मनीष, उसका भाई शिवम, उसका साला कुशीनगर के भलुही निवासी संदेश सिंह और गुड्डू सिंह मुर्गी फार्म पर पत्नी का विवाद सुलझा रहे थे। इसी बीच मनीष का उसके मालिक गुड्डू सिंह के बीच कहासुनी हो गई। इस पर गुड्डू सिंह ने गाली देते हुए दो चार थप्पड़ जड़ दिए। इसका विरोध करने पर गुड्डू सिंह ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल मनीष के सिर पर लगा दी और उसके दाएं तरफ कंधे के नीचे सीने में गोली मार दी। गोली चलने से वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची एम्स पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

नाराज मनीष ने बोल दिया था अपशब्द

मनीष को सही रास्ते पर लाने के लिए उसकी पत्नी व अन्य ने मुर्गी फार्म पर ही पंचायत रखी थी। मनीष पंचायत में नहीं जाना चाहता था। गुड्डू सिंह उसे डांट-डपट कर पंचायत में ले जा रहे थे तो मनीष ने गुड्डू से हाथापाई करते हुए उसे धक्का दे दिया। गुस्से से आगबबूला मालिक ने लाइसेंसी पिस्टल से उसे गोली मार दी। सूचना पर सीओ कैंट अंशिका वर्मा व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में घायल चालक का बयान भी दर्ज किया है। घायल के भाई शिवम ने तहरीर देकर गुड्डू सिंह उर्फ अमृतनाथ सिंह पर जान से मारने से मारने के इरादे से गोली चलाने का आरोप लगाया। वहीं डॉक्टरों के मुताबिक मनीष की हालत स्थिर है।

माफिया विनोद उपाध्याय की राह पर चल पड़ा था भतीजा रमन

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



गोरखनाथ पुलिस ने आरोपित रमन उपाध्याय को किया अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (16 March): एनकाउंटर के बाद एक बार फिर भतीजे की वजह से माफिया विनोद उपाध्याय का नाम सुर्खियों में है. माफिया के भतीजे रमन उपाध्याय ने दोस्तों के साथ मिलकर धर्मशाला एरिया स्थित एक युवक के घर में घुस कर उस पर चाकू से अटैक कर दिया. जिसमें युवक गंभीर रुप से घायल हो गया. घायल के भाई की तहरीर पर तीन अभियुक्तों के खिलाफ गोरखनाथ थाने में केस दर्ज किया गया. इस मामले में एक अभियुक्त को पहले ही पुलिस ने अरेस्ट कर जेल भिजवा दिया था. शनिवार को माफिया के भतीजे अभियुक्त रमन उपाध्याय को अरेस्ट कर जेल भिजवाया. जबकि एक अभियुक्त अभी भी फरार है.

हल्दी के कार्यक्रम में हुई थी चाकूबाजी

धर्मशाला स्थित कोरी टोला मोहल्ला में छोटे लाल की बेटी की हल्दी का कार्यक्रम चल रहा था. यहां छोटे लाल के रिश्तेदार सतीश कोरी भी कार्यक्रम में आए थे. छोटे लाल के घर के ठीक बगल में रहने वाले नीलेन्द्र, रमन उपाध्याय और एक अन्य युवक से किसी बात को लेकर हल्दी में आए सतीश कोरी की कहासुनी हो गई. जिसके बाद सतीश कोरी को गाली देते हुए उसपर तीन अभियुक्त नीलेन्द्र, रमन उपाध्याय और अन्य ने मिलकर चाकू से हमला कर दिया. साल 2023 दिसंबर माह की यह घटना बताई जा रही है.

धर्मशाला पर है माफिया का घर

ये बता दें कि जटेपुर दक्षिणी में ही माफिया विनोद उपाध्याय का घर है. यहां पर उसके भाई परिवार के साथ रहते है. जबकि विनोद उपाध्याय अपने लिए शाहपुर एरिया में आलीशान मकान बनवाया था. साल 2023 में एक वारंट समेत अन्य मुकदमों वांछित फरार विनोद उपाध्याय को पकड़ने के लिए पुलिस ने एक लाख का इनाम रखा था. बीते 5 जनवरी को सुल्तानपुर में पुलिस मुठभेड़ में विनोद उपाध्याय मारा गया था.

एससी एसटी एक्ट भी लगा

पुलिस ने रमन उपाध्याय समेत तीन अभियुक्तों पर जान से मारने का प्रयास, मारपीट और एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है. गोरखनाथ थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में शामिल एक और अभियुक्त अभी फरार चल रहा है. उसकी तलाशी में पुलिस छापेमारी कर रही है. बहुत जल्द तीसरे अभियुक्त को भी पुलिस अरेस्ट कर लेगी.



लोकसभा चुनाव की डेट डिक्लेयर होते ही उतारे जाने लगे बैनर-पोस्टर

PICS: DAINIK JAGRAN | NEXT

GORAKHPUR (16 March): लोकसभा चुनाव की डेट डिक्लेयर कर दी गई है. वहीं शनिवार की शाम निर्वाचन आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू किए जाते ही प्रशासन व पुलिस समेत सभी संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एक्टिव हो गए. शाम पांच बजे से एडीएम सिटी अंजनी सिंह, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई और अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह के नेतृत्व में सड़कों, चौराहों समेत सभी सरकारी इमारतों से राजनीतिक दलों, नेताओं के बैनर-पोस्टर और होर्डिंग उतारने का काम शुरू हो गया. अभियान की शुरूआत पैडलेगंज चौराहे से हुई जो छात्रसंघ चौराहा, कमिश्नरी कार्यालय, अंबेडकर चौक, शास्त्री चौक, पुराने कलेक्ट्रेट कार्यालय, कचहरी चौराहा, गोलघर, पुलिस लाइन, पर्यटन कार्यालय होते हुए देर रात तक जारी रहा. नगर निगम ने इस कार्य के लिए जोनवार 10 टीमें लगाई हैं. नगर निगम के अपर नगर आयुक्त इसकी निगरानी कर रहे हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारी और तहसीलों में एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है. 72 घंटे के भीतर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक से चुनावी बैनर-पोस्टर और होर्डिंग हटा दी जाएगी.





एक जून को होगा गोरखपुर में मतदान

जिले की दोनों लोकसभा सीटों गोरखपुर और बांसगांव के लिए सबसे अंतिम यानी सातवें चरण में चुनाव होगा. सात मई को अधिसूचना जारी होगी. एक जून को मतदान होगा और चार जून को मतगणना होगी. जिले में कुल 36लाख 32 हजार 946वोटर हैं. इनमें पुरुष मतदाता 19लाख 54हजार 20 और महिला मतदाताओं की संख्या 16लाख 78 हजार 676 है. कुल 2,064 मतदान केंद्र और 3,678 मतदान स्थल बनाए गए हैं. शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम कृष्ण करुणेश ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए. कहा कि किसी भी दशा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए. अराजकता फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाए.

चुनाव तक बंद रहेगा जनता दर्शन

उधर कमिश्नर, डीएम, सीडीओ, नगर आयुक्त, जीडीए उपाध्यक्ष समेत संबंधित अधिकारियों का सुबह 10 से 12 बजे तक रोजाना जनता दर्शन का कार्यक्रम भी चुनाव समाप्त होने तक बंद रहेगा. संपूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस का भी आयोजन नहीं होगा. इस बीच आमजन के पास शिकायत के लिए सबसे प्रभावी विकल्प के तौर पर समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) की सुविधा होगी.

बिना परमिशन के नहीं कर सकेंगे सभा व रैली

अब किसी भी तरह की चुनावी सभा, रैली, नुक्कड़ सभा आदि के लिए प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा. शहरी क्षेत्र में एडीएम सिटी और तहसीलों में एसडीएम से अनुमति लेनी होगी. वहीं नहीं मांगलिक कार्यक्रमों या किसी भी प्रकार के अन्य ऐसे आयोजन जहां भीड़ जुटेगी, उसके लिए भी अनुमति लेना जरूरी होगा.

विधानसभा	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल
कैंपियरगंज	207345	183505	31	390881
पिपराइच	222185	188534	45	410764
गोरखपुर शहर	249020	219130	59	468209
गोरखपुर ग्रामीण	226358	195716	22	422096
सहजनवां	207088	175750	15	382853
खजनी	208592	177773	15	386380
चौरीचौरा	191459	163938	40	355437
बांसगांव	207012	172680	17	379709
चिल्लूपार	234961	201650	06	436617
योग	1954020	1678676	250	3632946

विधानसभा		मतदान केंद्र	मतदान स्थल
कैंपियरगंज		230	393
पिपराइच		227	408
गोरखपुर शहर		87	417
गोरखपुर ग्रामीण		147	399
सहजनवां		293	421
खजनी		291	285
चौरीचौरा		214	363
बांसगांव		263	405
चिल्लूपार		312	465
कुल		2064	3678

अंतिम चरण में गोरखपुर में होगा चुनाव

- अधिसूचना जारी होगी- सात मई
- नामांकन की आखिरी तारीख-14 मई
- नामांकन पत्रों की जांच- 15 मई
- नाम वापसी - 17 मई
- मतदान- एक जून
- मतगणना- चार जून

नोट - जिले की खजनी विधानसभा संतकबीरनगर लोकसभा का हिस्सा है और देवरिया जिले की रुद्रपुर व बरहज विधानसभा, बांसगांव लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है

एक नजर में

- जिले की प्रस्तावित जनसंख्या- 52,65,576, पुरुष-27,00,766, महिला-25,64810
- जिले में कुल वोटर- 3632946, पुरुष-19,54020, महिला-16,78,676
- जिले में कुल मतदान केंद्र- 2064
- जिले में कुल मतदान स्थल- 3678
- गोरखपुर लोकसभा में कुल वोटर- 20,74,803
- कुल पुरुष मतदाता-11,11,996
- कुल महिला मतदाता- 9,69,635
- बांसगांव लोकसभा में कुल वोटर- 18,06,641
- कुल पुरुष मतदाता-9,60,879
- कुल महिला मतदाता-845674



मुकदमा दर्ज नहीं, हो गया पोस्टमार्टम जांच के लिए प्रार्थना पत्र का इंतजार

फॉलोअप

गोरखपुर, निज संवाददाता। संजय फ्रैक्चर क्लीनिक में शुक्रवार को महिला की मौत का मामला खत्म होता नजर नहीं आ रहा है। आयुष्मान लाभार्थी महिला के दायें पैर की एक उंगली फ्रैक्चर हो गई। उंगली की सर्जरी करने के लिए तीन दिन पूर्व अस्पताल में भर्ती हुई थी। इस मामले में पीड़ित परिजनों को अभी कहीं से मदद मिलती नजर नहीं दिख रही है। पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। जबकि शव का पोस्टमार्टम हो गया है। आईएमए के सदस्य भी देर रात परिजनों से उलझ गए। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी जांच नहीं शुरू की। विभाग परिजनों की तरफ से प्रार्थना पत्र का इंतजार कर रहा है। उधर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने देर रात शव का अंतिम संस्कार करा दिया।

जांच के लिए शिकायत का कर रहे हैं इंतजार

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भी मरने वाली महिला के परिजनों को कोई मदद नहीं मिली है। शुक्रवार की देर रात हंगामा की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। एडिशनल सीएमओ डॉ. एके सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने परिजनों को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। अब तक नतीजा सिफर है। जांच शुरू ही नहीं हुई। एडिशनल सीएमओ ने बताया कि अब तक परिजनों की तरफ से कोई अप्लीकेशन नहीं मिला है। इस मामले में परिजनों ने इलाज में लापरवाही को लेकर कई सवाल उठाए हैं।

बेलीपार के बाघागाड़ा क्षेत्र के चनउर की रहने वाली सरस्वती देवी (59) 13 मार्च को घर के पास गड्ढे में गिर गई। इस दौरान उनके दाएं पैर की एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया था। सरस्वती देवी के पास आयुष्मान कार्ड भी है। परिजन उसी दिन उनको लेकर रूस्तमपुर के संजय फ्रैक्चर क्लीनिक में पहुंचे। इस अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के तौर डॉ. संजय विश्वकर्मा ने उन्हें भर्ती किया। परिजन सागर ने आरोप लगाया कि आयुष्मान कार्ड दिखाने के बावजूद चिकित्सक ने बुधवार को ही 10 हजार रुपये जमा कराए।

शुक्रवार को सर्जरी करने के लिए ऑपरेशन थिएटर में ले गए। जहां आठ मिनट में ही सरस्वती देवी को गंभीर हालत में ओटी से बाहर लाया गया। उनके मुंह से झाग निकल रहा था। चिकित्सक ने अस्पताल के एम्बुलेंस से उन्हें दूसरे निजी अस्पताल में भिजवाया। जहां उनकी मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने शुक्रवार की देर रात तक शव रखकर प्रदर्शन भी किया।

विदेश में नौकरी के नाम पर 40 युवाओं से ठगी

जालसाजी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर गोरखपुर परिक्षेत्र के 40 युवाओं के साथ लाखों की जालसाजी हो गई। सभी पीड़ितों से पहले डेढ़-डेढ़ लाख रुपये लेकर जालसाजों ने ओमान भेजा और वहां एक कमरे में बंधक बनाकर उनसे दोबारा 90-90 हजार रुपये की वसूली की। अब भी वहां आठ युवा फंसे हुए हैं, जिनके परिवारीजन परेशान हैं। ओमान में फंसे युवाओं के साथ कुशीनगर के करीब दस पीड़ित युवकों ने मुख्यमंत्री को डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र भेजकर गुहार लगाई है। गोरखपुर एसएसपी और कुशीनगर के एसपी दफ्तर में भी प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

पीलीभीत के माधोटांडा थाना क्षेत्र के तुलसीपुर के रहने वाले एक युवक से कुशीनगर के पदरी निवासी युवक ने मुलाकात कराई। दोनों ने बताया कि ओमान में एक नया होटल खुल रहा है, उसमें नौकरी करनी है तो वह लगवा सकता है। गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज के करीब 40 युवा ओमान जाने के लिए तैयार हो गए। जालसाजों ने सभी से डेढ़ लाख के हिसाब से 60 लाख रुपये विदेश में नौकरी के नाम पर जमा कराए। उसके बाद सभी को ओमान पहुंचा दिया।

पीड़ितों को छोड़कर चले आए जालसाज : इन दोनों ने युवाओं को वहां एक कमरे में रखवा दिया। खाना खाने तक की व्यवस्था नहीं की और कुछ दिन बाद उन्हें छोड़कर वहां से चले गए। पीड़ित जब भी फोन करते तो दोनों बहाने बनाते और कहते कि आज आएंगे, कल आएंगे। कुछ दिनों तक सभी भूखे रहे और अपने अपने घर से पैसे मंगाकर खाने की व्यवस्था की। इसके बाद होटल खुलने में थोड़ा समय लगने की बात कहते हुए जालसाज ने कहा कि वे भारत लौट आए हैं। ओमान में फंसे लोगों ने जब वापसी की बात कही तो उन लोगों ने 90-90 हजार की और डिमांड कर दी। फिर युवाओं ने रुपयों की व्यवस्था की और उनकी घर वापसी हुई। अभी भी पीड़ित कौशल पटेल, लक्की सिंह, कुशहरनाथ यादव, दुर्गेश यादव, गृजेश शुक्ला, प्रदीप कुमार, मुन्ना दुबे सहित आठ लोग ओमान में ही फंसे हुए हैं।

महिला ने बेंगलुरु पुलिस को भेजा नोटिस का जवाब

फॉलोअप

- खाता खुलवा कर की गई थी जालसाजी
- नोटिस मिलने पर हुई मुकदमें की जानकारी

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव की महिला को जालसाजों ने समूह का लोन दिलाने के नाम पर बैंक में खाता खुलवाया और खाते से लाखों रुपए की हेराफेरी कर लिया। मामले में बेंगलुरू पुलिस ने अलग-अलग थानों में आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की। बेंगलुरू पुलिस ने महिला को 41 (ए) के तहत नोटिस भेजकर उसे तलब किया है।

पिपरी निवासिनी काजल शर्मा ने पुलिस अधिकारियों के साथ ही सीएम पोर्टल पर शिकायत की है। साथ ही पीड़िता द्वारा कर्नाटक बेंगलुरू पुलिस की ओर से भेजे गए नोटिस का जवाब शपथ पत्र के माध्यम से पुलिस को भेज दिया है। वहीं भैरवां निवासिनी गुंजा देवी ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर एक बैंक के कर्मी समेत दो के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपित व्यक्ति एक बैंक के कर्मचारी को लेकर उसके घर गया था। कर्मी ने उसके नाम से एक सिम लिया और अपने साथ लेकर चला गया। उक्त बैंक में खाता खोलने का फार्म लेकर आया उसका फिंगर प्रिंट, फोटो आदि के साथ सभी कागजात लेकर चला गया। बाद में अपडेट कराने की बात करते हुए उसका सिम व मोबाइल लेकर चला गया। इसके बाद उसके पास बेंगलुरू पुलिस की एक नोटिस आया जिसमें बताया गया कि उसके खाते में 94 लाख रुपये आया था, जिसमें 42 लाख निकाल लिया गया है।

मारपीट के अपराध में पूर्व विधायक दोषमुक्त

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मारपीट के जुर्म में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रभाष त्रिपाठी ने कोतवाली थाना क्षेत्र के दिलेजाकपुर निवासी एवं पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार जायसवाल व पिपराइच थाना क्षेत्र के खडराईच निवासी इंद्रदेव सिंह को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से वादी आनन्द कुमार शाही का कहना था कि वह वार्ड नम्बर एक से जिला पंचायत सदस्य के लिए भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे। 13 अक्टूबर 2005 को वह अपने चुनाव क्षेत्र में प्रचार के लिए पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम बरसैनी में पंहुचा तो देखा कि क्षेत्रीय विधायक जितेन्द्र कुमार जायसवाल आचार संहिता का उल्लघंन करते हुए एक प्रत्याशी के पक्ष में वोटरों को प्रभावित करने के लिए साड़ी व रुपया बांट रहे थे। वादी और उसके समर्थकों द्वारा मना करने पर उनके व समर्थको के उपर लाठी दंडा लेकर टूट पड़े और मारने पीटने लगे। तब तक वार्ड नम्बर चार से सुनील दत्त द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा वहां भी साड़ी और रुपया बांटा जा रहा है। वादी अपने समर्थकों के साथ पहुंच कर मना किया तो इंद्रदेव सिंह व रामसिंह अज्ञात लोगों ने जान मारने की नियत से दौड़ा लिए। सुनील और वादी के गाड़ी शीशा तोड़ दिए।

महिला का बैग लूटने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर। रचित हास्पिटल के पास महिला का बैग लूटने वाले बदमाश ने अपने साथियों संग छात्रसंघ चौराहे पर भी लूट की थी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि नहर रोड पर रहने वाली सीमा सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह मोहद्दीपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखकर 12 मार्च की रात लौट रही थीं। पैडलेगंज में रचित हास्पिटल के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग छीन लिया। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने शनिवार को बेलीपार के कसिहार में रहने वाले राजेश लोना को गिरफ्तार किया। लूटा गया बैग उसके पास से बरामद हुआ। राजेश ने बताया कि गगहा के देउरबीर गांव निवासी अपने साथी मांगरा के साथ उसने छात्रसंघ चौराहे के पास भी महिला का पर्स लूटा था।

दो महिलाओं से लूट का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट इलाके में दो महिलाओं से अलग-अलग लूट की वारदात के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन, 1500 रुपये नकद, एक पर्स और घटना में इस्तेमाल बाइक को बरामद कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपी की पहचान बेलीपार इलाके के कसिहार निवासी राजेश लोना के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि 23 दिसंबर को एक महिला से छात्रसंघ चौराहे पर बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट की वारदात की थी। एसपी ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि उसने किस्त पर बाइक ली थी। ब्यूरो

ब्लड माफिया मुखबिर को दे रहे जान से मारने की धमकी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बीआरडी मेडिकल कालेज के खूनचुसवा गैंग के गैंगस्टर अब मुखबिर को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने गुलरिहा पुलिस से जान माल की सुरक्षा को गुहार लगाई है। ब्लड माफियाओं के खिलाफ गुलरिहा पुलिस ने छह के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही कर दो आरोपितों को जेल भेजा था।

मिली जानकारी के अनुसार बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में मजदूरों को रुपए का लालच देकर खून चूसने वाले गैंग के 6 सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने 11 जुलाई को गैंगेस्टर की कार्यवाही की थी। जिसमें से गिरफ्तार दो आरोपित तिवारीपुर क्षेत्र के जाफरा बाजार विंद निवासी वसील खान और उसके साथी रफीउद्दीन निवासी पचपेड़वा थाना गोरखनाथ अपने गुर्गों से मुखबिर को जान से मरवाने की धमकी दे रहे हैं। धमकी मिलने से परेशान मुखबिर ने गुलरिहा पुलिस से जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है।



शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू होते ही शहर से पोस्टर बैनर हटवाते प्रशासनिक अफसर।

सड़क पर उतरी प्रशासनिक टीम, हटाए होर्डिंग-बैनर

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद गोरखपुर में राजनीतिक होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और वॉल पेंटिंग को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। इनको हटाने के लिए नगर निगम की 10 टीमें लगाई गई हैं। पुलिस महकमे के साथ प्रशासनिक अफसर भी सड़कों पर उतर गए हैं। शहर के साथ ही बाहरी सड़कों और सार्वजनिक स्थलों से नगर निगम की टीमें पोस्टर-बैनर को हटाने में जुट गई है। पूरे जनपद में यह अभियान शुरू हो गया।

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने महानगर के 80 वार्डो के लिए 06 जोन अधिकारियों अनुष्का सिंह, नवदेश्वर पाण्डेय, ओपी यादव, सुरेंद्र सिंह, अविनाश प्रताप, संतोष मिश्रा की अगुवाई में पांच-पांच सदस्यीय टीम गठित की है। जेसीबी और अन्य वाहनों के साथ महानगर के चौक चौराहों, सरकारी दफ्तरों, भवनों एवं इलेक्ट्रिक पोल पर लगे होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाने के साथ गाड़ियों पर लगे झंडे भी उतारे का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, एसपी सिटी कृष्ण बिश्नोई, मंगलेश दुबे की अगुवाई में पैड़लेगंज से आचार संहिता के अनुपालन में भ्रमण करते रहे।



पीएसी कैंपस स्थित पीटीएस ग्राउंड पर उप निरीक्षक दीक्षांत परेड में शामिल प्रशिक्षु दरोगा। संवाद

496 दरोगाओं का प्रशिक्षण पूरा... अब मिलेगी तैनाती

26वीं वाहिनी पीएसी ग्राउंड में आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह

अमर उजाला ब्यूरो



पीएसी कैंपस स्थित पीटीएस ग्राउंड पर उप निरीक्षकों के दीक्षांत परेड का निरीक्षण करते एडीजी जोन डॉ. केएस प्रताप कुमार, डीआईजी पीटीएस संजय कुमार, पीटीएस के एएसपी अवनीश गौतम। संवाद

गोरखपुर। 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में स्थित पीटीएस में ट्रेनिंग ले रहे 496 प्रशिक्षु उप निरीक्षक की ट्रेनिंग शनिवार को पूरी होने के बाद दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एडीजी जोन डॉ. केएस प्रताप कुमार ने परेड की सलामी ली और सभी प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को बधाई दी। अब सभी प्रशिक्षु दरोगा को जिलों में तैनाती मिलेगी।

गोरखपुर पीटीएस में 496 प्रशिक्षु उप निरीक्षक ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया। शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में संदीप सिंह के नेतृत्व में 12 टोलियां 10:30 बजे ग्राउंड पर पहुंचीं। 11 बजे एडीजी डॉ. केएस प्रताप कुमार ने परेड का निरीक्षण किया। 11:10 बजे प्रशिक्षुओं का मार्च हुआ। डीआईजी पीटीएस संजय सिंह ने प्रशिक्षण लिए उप निरीक्षकों का रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि 13 मार्च 2023 से यह प्रशिक्षण चल रहा था। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में पहला स्थान संदीप सिंह का रहा, जबकि दूसरे पर सौरभ सिंह चंदेल और तीसरे स्थान पर सचिन बाबू रहे। एडीजी डॉ. केएस प्रताप कुमार ने प्रशिक्षु उप निरीक्षकों से कहा कि आपने एक वर्षीय कठिन परिश्रम से उपनिरीक्षक का प्रशिक्षण लेकर जनसेवा के लिए कमर कसी है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत कार्य मण्डल
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड गोरखपुर
ई-निविदा शुद्धि पत्र

चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके के धर्मशाला बाजार के पास आपसी विवाद में चाकू से हमला करने के आरोपी युवक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल चाकू को पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपी की पहचान धर्मशाला बाजार निवासी रमन उपाध्याय के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, संजय कुमार ने केस दर्ज कराया था। ब्यूरो

सार्वजनिक स्थल पर हुक्का पीते तीन गिरफ्तार

गोरखपुर। सड़क किनारे एक दुकान पर हुक्का पार्टी कर रहे तीन युवकों को गोरखनाथ पुलिस ने पकड़ लिया। इनका पुलिस एक्ट में चालान किया गया। आरोपियों की पहचान गोरखनाथ के अलीनगर निवासी प्रिंस गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता और हुमायूंपुर निवासी तबिस के रूप में हुई है। पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि सार्वजनिक स्थान पर ही तीन युवक हुक्का पी रहे हैं। ब्यूरो

चोरी का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने दुकान में चोरी के आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सिंघड़िया निवासी अजय चौधरी उर्फ मोनू के रूप में हुई है। आरोपी के पास से चोरी का सामान बरामद करके पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। 13 मार्च को दुकानदार ने दुकान में घुसकर चोरी करने का आरोप लगाया था। ब्यूरो

आईसीयू में भर्ती महिला के गहने चोरी

कैंट इलाके के दाउदपुर स्थित नर्सिंग होम का मामला, कर्मचारी हिरासत में

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर के दाउदपुर स्थित एक नर्सिंग होम के आईसीयू में भर्ती महिला के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। शरीर से गहने गायब देखकर पति ने अस्पताल प्रशासन से शिकायत की तो उसे चुप रहने की धमकी दी गई।

शनिवार को पीड़ित पति ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस के जाने पर पायल और कान की बाली तो लौटा दी गई, लेकिन सोने की चेन अब भी गायब है। पुलिस एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के आने पर बाली और पायल लौटाई, लेकिन सोने की चेन का पता नहीं

रामगढ़ताल इलाके के भगत चौक निवासी दिनेश सिंह ने कैंट थाने में तहरीर दी है। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि 14 मार्च की रात में 11:30 बजे पत्नी प्रेमलता की तबीयत अचानक खराब हो गई। इसके बाद पत्नी को दाउदपुर स्थित निजी अस्पताल में ले गए। स्थिति गंभीर बताकर चिकित्सक ने आईसीयू में भर्ती कर दिया। पत्नी को जब अस्पताल लाया गया तो उन्होंने चेन, बाली व पायल पहन रखी थी। आरोप है कि आईसीयू की महिला कर्मचारी ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर कपड़े बदलते समय सभी गहने निकाल लिए। जानकारी होने पर इसके बारे में पूछा तो स्टाफ ने इसकी जानकारी होने से इनकार कर दिया।

पुलिस को जानकारी देने पर बाली व पायल तो लौटा दी, लेकिन चेन नहीं दी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



आचार संहिता लागू... शहर से हटे बैनर-पोस्टर

नगर निगम की टीम ने की कार्रवाई, दस टीमें बनाकर अलग-अलग जोन में हटवाए गए बैनर

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही गोरखपुर जिला प्रशासन आचार संहिता का पालन कराने में जुट गया।

अपर नगर आयुक्त निलंबर सिंह, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, एसपी सिटी कृष्ण बिश्नोई, सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे की अगुवाई में पैडलेगंज से राजनीतिक होर्डिंग बैनर और गाड़ियों पर लगे राजनीतिक दलों के झंडे उतारने का सिलसिला शुरू हो गया। पूरे जनपद में यह अभियान चलाया गया। नगर निगम की अलग-अलग टीमों ने शहर में लगे बैनर-पोस्टर को हटाना शुरू कर दिया। आचार संहिता लागू होने से पहले ही नगर निगम ने इसके अनुपालन की तैयारियां पूरी कर ली थीं। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोमवाल ने शहर के 80 वार्डों के लिए दस टीमों का गठन किया था।

6 जोन अधिकारियों अनुभा सिंह, नरेंद्रेश्वर पांडेय, ओपी यादव, सुरेंद्र सिंह, अविनाश प्रताप सिंह, संतोष मिश्रा की अगुवाई में बनी टीमों में जोनल सहायक/ अवर अभियंता, जोनल सफाई निरीक्षक/ अभियंता/ सुपरवाइजर/ वार्ड सुपरवाइजर/ पंप प्रकाश/ राजस्व/ कर निरीक्षक शामिल किए गए। आचार संहिता लागू होने के बाद तुरंत कार्रवाई शुरू हो गई। जेसीबी और अन्य वाहनों के साथ शहर के चौक चौराहों, सरकारी दफ्तरों, भवनों एवं इलेक्ट्रिक पोल पर लगे होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाने के साथ गाड़ियों पर लगे झंडे भी उतारे। इसका सिलसिला देर रात तक जारी रहा।





होर्डिंग-बैनर हटवाते एडीएम सिटी अंजनी सिंह, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, अपर नगर आयुक्त निलंबर सिंह।

राप्तीनगर चौराहे के पास होर्डिंग-बैनर हटाती नगर निगम की टीम।

नर्तकी से दोस्ती को लेकर ड्राइवर को गोली मारी, आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

एम्स इलाके के सोनबरसा में हाथापाई के बाद लाइसेंसी पिस्टल से की वारदात

सरदारनगर (गोरखपुर)। एम्स थाना क्षेत्र के सोनबरसा में शनिवार सुबह पोल्ट्री फार्म मालिक गुड्डू सिंह ने अपने ड्राइवर मनीष सिंह (34) को विवाद के बाद लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। गोली ड्राइवर के कंधे के नीचे लगी है। घटना की वजह एक नर्तकी से ड्राइवर की दोस्ती बताई जा रही है। आरोपी इस दोस्ती का विरोध कर रहा था।

घायल ड्राइवर को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मनीष के भाई शिवम की तहरीर पर एम्स पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल पिस्टल बरामद कर ली गई है। उधर, घटना के बाद फॉरेंसिक टीम के साथ सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के भटगांवा निवासी मनीष सिंह, रामूडीहा निवासी पोल्ट्री फार्म मालिक गुड्डू उर्फ अमृत नाथ सिंह का दस वर्षों से ड्राइवर है। बताया जा रहा है कि मनीष सिंह का देवरिया जिले के भटनी निवासिनी आर्केस्ट्रा डांसर से छह वर्षों से नजदीकी रिश्ते हैं। डांसर के तीन बच्चे हैं। मनीष की पत्नी किरन से दो बेटियां हैं। पति के नजदीकी रिश्ते से किरन और मनीष में आए दिन विवाद हो रहा था।

क्षेत्र के सोनबरसा और जगदीशपुर के बीच फोरलेन पर स्थित पेट्रोल पंप के पास गुड्डू का मुर्गी फॉर्म है। शनिवार सुबह मनीष, उसका भाई शिवम, उसका साला संदेश सिंह निवासी भलूही थाना अहिरौली कुशीनगर और गुड्डू सिंह मुर्गी फार्म पर पत्नी का विवाद सुलझा रहे थे। इसी बीच मनीष का उसके मालिक गुड्डू सिंह से कहासुनी हो गई। इसपर गुड्डू सिंह ने गाली देते हुए दो-चार थप्पड़ जड़ दिए। इसका विरोध करने पर गुड्डू सिंह ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से मनीष के कंधे के नीचे सीने में गोली मार दी।

गोली चलने से वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची एम्स पुलिस ने घायल को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उधर, घायल का भाई शिवम सिंह एम्स पुलिस को लिखित तहरीर देकर गुड्डू सिंह उर्फ अमृत नाथ सिंह पर आरोप लगाया है कि जान मारने की नियति से भाई को गोली मारी गई है।



एम्स थाना क्षेत्र में चली गोली से घायल मनीष। संवाद

थाने में फरियाद लेकर आई थी डांसर

शनिवार सुबह गुड्डू सिंह के पास पंचायत होने की जानकारी होने पर डांसर एम्स थाने में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थी। वह पुलिस को अभी घटना की जानकारी दे ही रही थी कि अचानक गोली चलने की जानकारी उसके पास आई। इसके बाद उसने पुलिस को जानकारी दी और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई।

गोली से युवक घायल हुआ है, उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से लाइसेंसी पिस्टल बरामद कर ली गई है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



- कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

DEORIA POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

s

17 मामलों में 2 का निस्तारण

बरहज (एसएनबी)। आचार संहिता लागू होने से पूर्व तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में हुई। कुल 17 मामलों में 2 मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष अन्य 15 मामलों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वित्तीय वर्ष में यह अन्तिम समाधान दिवस रहा। 3.30 बजे चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है। अब चुनाव होने के बाद नये सरकार के गठन के बाद व आचार संहिता समाप्त होने के बाद पुनः समाधान व थाना दिवस का आयोजन शुरू होगा। आये मामलों में राजस्व के 7, पुलिस के 3, विकास के 2, खाद्य एवं रसद के 1 तथा अन्य 4 मामलों सहित कुल 17 मामलों में राजस्व के 2 मामले का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार अरूण कुमार, नायब तहसीलदार रविन्द्र मौर्य, रमेश गुप्ता, अधिशासी अधिकारी निरूपमा प्रताप, सीडीपीओ सुषमा दुबे, थानाध्यक्ष राहुल सिंह सहित राजस्व व पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

हेतिमपुर जंगल में तार पर गिरा पेड़, 12 घंटे गुल रही बिजली

रामपुर कारखाना। हेतिमपुर जंगल में मेन लाइन पर पेड़ गिर जाने से तीन सब स्टेशन की आपूर्ति बंद हो गई। आधी रात से इमिलिहा, पांडेय चक और तरकुलवा सब स्टेशन की बिजली ठप है। इसके चलते लगभग 10 लाख की आबादी प्रभावित हुई है। गर्मी की शुरुआत होते ही कुशीनगर से हो रही आपूर्ति का खामियाजा उपभोक्ताओं ने उठाना शुरू कर दिया है। काफी मेहनत के बाद शनिवार को दिन में 12 बजे आपूर्ति बहाल हुई।

देवरिया उत्तरी के पांडेय चक, इमिलिया और तरकुलवा सब स्टेशन को कुशीनगर के कसया से आपूर्ति दी जा रही है। लगभग 30 किलोमीटर की दूरी से हो रही आपूर्ति के चलते पिछले वर्ष गर्मी में विद्युत उपभोक्ताओं ने जमकर दिक्कतें झेली थीं। इस साल भी गर्मी की शुरुआत होते ही मेन लाइन में फॉल्ट और तार टूटने का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार की आधी रात हेतिमपुर जंगल में मेन लाइन के तार पर पेड़ गिर पड़ा। इसके चलते तीनों सब स्टेशन की बिजली गुल हो गई।

हटाए गए पोस्टर, बैनर, होर्डिंग

देवरिया(एसएनबी)। लोक सभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करने के तत्काल बाद शनिवार को तीसरे पहर नगर

चुनावी आचार संहिता लगते ही कुछ अधिकारियों कर्मचारियों ने ली राहत की सांस

पालिका परिषद देवरिया ने जिला प्रशासन का सहयोग लेकर सिविल लाइन मार्ग पर लगे राजनीतिक दलों के पोस्टर,बैनर,होर्डिंग आदि को हटा दिया। इसके लिए जेसीबी का सहारा लिया गया। जेसीबी के अलावे खंभों पर लाइट लगाने वाली मशीन का भी सहयोग इस अभियान में लिया गया।



देवरिया : सिविल लाइन रोड पर पोस्टर,बैनर,होर्डिंग हटाते नपा कर्मी।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के पश्चिमी ओवर ब्रिज से लेकर रुद्रपुर तिराहे तक राजनीतिक दलों द्वारा कम संख्या में लगाए गए पोस्टर बैनर होर्डिंग हटा दिए गए। इस रोड पर शिक्षण संस्थाओं की होर्डिंग ज्यादा लगी है जो चुनावी आचार संहिता में नहीं हटाई जाएगी। केवल राजनीतिक प्रचार वाले पोस्टर बैनर एवं होर्डिंग हटाए जाएंगे।

उधर चुनावी आचार संहिता लगते ही आम लोग अलर्ट हो गए। सड़कों पर चलने से लेकर गाड़ी चलाने तक लोग सावधान दिखे। लोगों का कहना था कि अब अधिकारियों की चलेगी जनप्रतिनिधियों कि नहीं। ट्रांसफर पोस्टिंग से घबराए पुलिस वाले भी राहत की सांस लेने लगे। इसके अलावा कुछ ऐसे अधिकारी भी राहत महसूस किए जिन्हें लग रहा था कि चुनावी आचार संहिता लगने से पहले हो सकता है उनका तबादला हो जाए। अब ऐसे अधिकारी करीब तीन माह के लिए सुरक्षित हो गए पर इन अधिकारियों पर कई नेताओं की नजर लगी हुई है।सिविल लाइन रोड पर राजनीतिक दलों का पोस्टर बैनर होर्डिंग हटवाने में नगर पालिका परिषद देवरिया की अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर संजीव कुमार द्विवेदी, नपाप. देवरिया के कर निरीक्षक अभिषेक शाही, राजस्व निरीक्षक विनय कुमार सिंह के अलावे नगर पालिका के वाहन चालकों, सफाई मजदूर आदि ने भाग लिया।

तरकुलवा प्रतिनिधि के अनुसार आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही तरकुलवा थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने पुलिस बल के साथ तरकुलवा, कंचनपुर, पथरदेवा, गढ़रामपुर, बालपुर श्रीनगर, सोन्हुला रामनगर, मुण्डेरा बाबू, महुआपाटन बाजार, गुलहरिया, बंजरिया बाजार आदि चौराहों और कस्बों में सार्वजनिक स्थानों पर लगे होर्डिंग, बैनर, पोस्टर जैसी राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्रियों को हटवाना शुरु कर दिया।

सलेमपुर कार्यालय के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता का ऐलान होते ही नगर में भावी प्रत्याशियों द्वारा लगाए गए बैनर व पोस्टर को राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल रजनीश मिश्र संग नगर प्रशासन ने अभियान चलाकर देर शाम तक हटा दिया। इस दौरान नगर पंचायत के सभी कर्मी मौजूद रहे।

लार प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को पूरे देश में चुनाव आचार संहिता लगते ही कर्मचारी नगर पंचायत में लगे प्रत्याशियों के होर्डिंग बैनर आदि उतरवाने लगे। आचार संहिता लगने की जानकारी होते ही कुछ प्रत्याशी के समर्थक खुद अपने बड़े बड़े होर्डिंग उतरवाते देखे गए। लार नगर पंचायत में कर्मचारी बिजली के खंभों और अन्य जगहों पर लगे होर्डिंग बैनर को निकालने में व्यस्त रहे। नगर पंचायत लार के कुल बीस कर्मचारी होर्डिंग हटाने में लगे हुए थे।

मझौलीराज प्रतिनिधि के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता का ऐलान के साथ ही नगर में भावी प्रत्याशियों द्वारा लगाए गए बैनर व पोस्टर आदि को नगर पंचायत कर्मचारियों व हल्का लेखपाल नितेश चतुर्वेदी आदि के संग नगर प्रशासन ने अभियान चलाकर देर शाम तक हटावा दिया। इस दौरान हल्का लेखपाल आदि के साथ नगर पंचायत के कर्मचारियों को लेकर सफाई नायक कार्य देख रहे दिनेश वर्मा भी मौजूद रहे।

भटनी प्रतिनिधि के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर जैसे ही चुनाव आचार संहिता लागू हुआ भटनी नगर में विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के लगे पोस्टर बैनर को स्थानीय प्रशासन ने उतरवाना शुरू कर दिया। भटनी नगर के नूरीगंज बाजार, केवड़ा वार्ड सहित नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगे प्रत्याशियों के बैनर पोस्टर को स्थानीय प्रशासन ने हटवा दिया है।

आदर्श आचार संहिता प्रभावी उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

देवरिया(एसएनबी)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव-2024 की घोषणा के साथ ही जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी दिया है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जिला निर्वाचन अधिकारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद की सीमा से संबद्ध तीनों लोकसभा सीटों का मतदान सातवें चरण में होगा, जिसकी अधिसूचना 7 मई 2024 को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 14 मई 2024 होगी। 15 मई 2024 को आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। 17 मई 2024 को नामवापसी की अंतिम तिथि रहेगी। 1 जून 2024 को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि आदर्श आचार संहिता के लागू होते ही समस्त शासकीय सम्पत्तियों से 24 घण्टे के अंदर समस्त प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, पैम्पलेट इत्यादि हटाये जाने हैं। समस्त सरकारी कार्यालयों, सभागारों, अधिकारियों के कक्षों इत्यादि में लगी सभी जीवित राजनीतिक महानुभावों की फोटो तत्काल हटायी जानी है। जीवित राजनीतिक महानुभावों में से केवल राष्ट्रपति तथा राज्यपाल की फोटो लगी रह सकती है। पूर्व में दिवंगत राजनीतिक महानुभावों की फोटो भी लगी रह सकती है।

समस्त लोक सम्पत्तियों जैसे बस स्टैड, सड़क, सार्वजनिक चौराहों, बिजली के खम्बे, अंडरपास इत्यादि से 48 घण्टे के अंदर समस्त प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, पैम्पलेट इत्यादि हटाये जाने हैं। निजी सम्पत्ति का विरूपण 72 घण्टे के अंदर हटाया जाना है।

उन्होंने बताया है कि अपने निजी भवन पर बैनर, झण्डा, कटआउट इत्यादि प्रतिबन्धित नहीं है। यदि भवन स्वामी द्वारा यह कार्य स्वेच्छा से बिना किसी दबाव के किया गया हो। झण्डों की अधिकतम संख्या 3 हो सकती है। ऐसा करने से किसी अन्य जनसामान्य अथवा उसके आसपास के नागरिकों को परेशानी न हो। यदि बैनर, कटआउट, झण्डा किसी पार्टी प्रत्याशी का है तो इस सम्बन्ध में धारा-171 एच आईपीसी के प्रावधान लागू होंगे (धारा-171एच आईपीसी) अपनी निजी सम्पत्ति पर किसी अन्य प्रत्याशी के चुनाव का प्रचार किसी भी रूप में करना तब तक प्रतिबन्धित है जब तक कि प्रत्याशी द्वारा भवन स्वामी को लिखित रूप में इस हेतु प्राधिकृत न कर दिया हो। अन्यथा की दशा में ₹ 500/- का जुर्माना है) ऐसा प्राधिकृत पत्र भवन स्वामी द्वारा रिटर्निंग आफिसर को प्रस्तुत करना होगा। ऐसी कोई भी सामग्री जिससे सम्पत्ति का विरूपण होता हो, जैसे चिपकाये जाने वाले पोस्टर, वाल राइटिंग इत्यादि किसी भी रूप में किसी भी सम्पत्ति पर अपनी स्वेच्छा से अपनी सम्पत्ति पर भी अनुमन्य नहीं है।

मंदिर परिसर से हैंडपंप चोरी

पिंडी(एसएनबी)। स्थानीय उप नगर के दक्षिणांचल में हनुमान मंदिर निर्मित है। उक्त मंदिर पर लोगो के पीने हेतु ग्राम प्रधान द्वारा हैंड पंप लगवाया गया था। उक्त हैंड पंप को अज्ञात चोरों ने बीती रात चुरा लिया है। सुबह जब मंदिर के पुजारी दाताराम शर्मा मंदिर पहुंचे तो देखा कि हैंड पंप चोरी हो चुका है। इसके पूर्व भी अराजक तत्वों द्वारा मंदिर के हैंड पंप को तोड़ा जा चुका है। उक्त चोरी की घाटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित द्वारा किसी प्रकार का तहरीर नही दिया गया है।

सरकारी भूमि से शीशम की लकड़ी उठा रहे लोगों को पुलिस ने रोका

लार (एसएनबी)। ग्राम सभा की भूमि में स्थित शीशम की लकड़ी को कुछ लोगों द्वारा काट कर ले जाने के दौरान मौके पर पहुँची पुलिस ने लकड़ी ले जाने से रोक दिया। लार थाना क्षेत्र के रुच्चापार के उप टोला बरारी गांव में खलिहान की भूमि में ग्राम प्रधान व हल्का लेखपाल के प्रस्ताव पर पानी टँकी का काम हो रहा था। शनिवार को काम होने के दौरान ग्राम सभा द्वारा पेड़ काट कर गिराया गया था जिसको गांव के कुछ ट्राली लगा कर उठा रहे थे। ग्राम प्रधान द्वारा मौके पर पहुँचकर पेड़ को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन लोग नहीं मान रहे थे। प्रधान ने इस मामले की लिखित तहरीर पुलिस को दिया। मौके पर पहुँची पुलिस लकड़ी लाद रहे लोगों को रोककर थाने तलब किया। ग्राम प्रधान जुबैदा खातून ने बताया कि शीशम का पेड़ काटकर रखा गया जिसको कुछ चोरी से ले जा रहे थे। इस सम्बंध में सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि पता कर रहा हूँ। चोरी से लकड़ी ले जा रहे लोगो पर कार्रवाई की जाएगी।

आचार संहिता लगते ही जिले से हटाए गए होर्डिंग और बैनर

देवरिया, निज संवाददाता। चुनाव आचार संहिता लगने के साथ ही शनिवार को राजनीतिक बैनर, पोस्टर हटाने का अभियान शुरू हो गया। नगरपालिका, नगर निकायों समेत जिलेभर में अभियान चलाकर बड़ी संख्या में बैनर पोस्टर हटाए गए। यह अभियान देर शाम तक चलाया गया। अकेले नगरपालिका परिषद देवरिया में आठ सौ बैनर पोस्टर हटाया गया।

शहर में अभियान का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम अखंड प्रताप सिंह की उपस्थिति में कलक्ट्रेट परिसर से हुआ। यहां अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला के नेतृत्व में नगरपालिका की टीम वाहन के साथ कलक्ट्रेट पहुंची। डीएम के सामने परिसर से राजनीतिक बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू हुआ। एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव भी उस समय मौजूद रहे। यहां एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी भी साथ हो लिए। बस स्टैंड परिसर में टीम ने बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू किया। एक एक बैनर व पोस्टर को चिन्हित कर हटाया गया। दूसरी टीम ने सिविल लाइन में पर रुद्रपुर मोड़ से लेकर गोरखपुर मार्ग पर नगरपालिका की सीमा तक बैनर पोस्टर हटाया गया। देर शाम तक करीब आठ सौ बैनर पोस्टर हटा दिए गए थे। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि 17 मार्च को शहर के अंदरूनी हिस्सों से बैनर पोस्टर हटाए जाएंगे। सलेमपुर संवाद के अनुसार एसडीएम गिरीश चन्द्र झां, तहसीलदार अलका सिंह ने पुलिस एवं नगर पंचायत कर्मचारियों की टीम बनाकर देर शाम सलेमपुर के बस स्टैंड, गांधी चौक, रेलवे स्टेशन, तहसील, महदहा, हरैया स्थित मझौलीराज मोड़, नवलपुर चौराहा, मुख्य मार्गो, मझौलीराज के शाही चौक, टाउन एरिया, मझौलीराज भाटपाररानी मार्ग समेत मुख्य मार्गो सरकारी दफ्तरों, निजी मकानों पर लगे होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को हटवाया।



चुनाव आचार संहिता लगने के बाद शनिवार को सिविल लाइन से बैनर-पोस्टर हटाते नगरपालिका कर्मचारी, साथ में एसडीएम सदर व ईओ।

रामपुर कारखाना संवाद के अनुसार शाम अधिशासी अधिकारी रोहित पांडेय की देखरेख में नगर पंचायत कर्मचारियों ने थाना गेट के सामने से बैनर पोस्टर हटाना शुरू किया। कर्मचारियों ने देवरिया कसया मार्ग रामपुर कारखाना मुख्य चौराहा, बहरामपुर मोड़, मेन रोड, गुदरी बाजार से लगाए थे कस्बे के प्रमुख चौराहों पर लगे बैनर पोस्टर को हटा दिया।

लार संवाद के अनुसार नगर पंचायत लार के प्रभारी अधिशासी अधिकारी मृदुल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक लार कपिलदेव चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न चौराहों से होर्डिंग्स, बैनर हटाए गए।

अर्द्धसैनिक बलों ने किया पैदल मार्च

देवरिया। त्योहार व लोकसभा चुनाव को देखते हुए शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने को अर्द्धसैनिक बलों द्वारा क्षेत्र में पैदल गस्त किया गया। अर्द्धसैनिक बल सीआईएसएफ की कम्पनी द्वारा रुद्रपुर सर्किल के थाना रुद्रपुर व एकौना के संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ पुलिस टीम के साथ पैदल गस्त किया।

उनके द्वारा आम जन मानस में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करायी गयी एवं निर्भिक होकर अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने को जागरूक किया। जवानों ने फतेहपुर, रुद्रपुर कस्बा, खोरमा कन्हौली, रामपखन, लक्ष्मीपुर, निबही, गाजीपुर भैंसही, बेलकुण्डा, भभौली व छपौली में पैदल मार्च किया।

सपा जिला सचिव पर तीन दिन पहले हुए जानलेवा हमले का मामला

10 लोगों पर मुकदमा दर्ज

कार्रवाई

- सपा नेता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ है केस
- दूसरे पक्ष की तहरीर पर सपा नेता व पूर्व प्रधान समेत तीन पर केस

रामपुर कारखाना, हिसं। सपा के जिला सचिव पर तीन दिन पहले हुए हमले के मामले में दोनों पक्षों के दस पर केस दर्ज हुआ है। सपा नेता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले और बलवा का केस दर्ज किया गया है, जबकि दूसरे पक्ष की तहरीर पर सपा नेता और पूर्व प्रधान समेत तीन लोगों पर लूट का मुकदमा दर्ज हुआ है। दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर रामपुर कारखाना पुलिस ने छानबीन तेज कर दिया है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव निवासी पूर्व जिपंस व सपा नेता मुन्ना यादव का अपने ही गांव के उदित सिंह से रंजिश चली आ रही है। गुरुवार की सुबह वह अपनी बाइक से जिला मुख्यालय जा रहे थे। इसी दौरान देवरिया कसया मार्ग के पुरुषोत्तमपुर चौराहे से 100 कदम आगे पीछे से ओवरटेक कर एक कार चालक ने बगल से ठोकर मार दिया। ठोकर मारने वाले 20 कदम आगे जाकर दोबारा कार को बैक कर कुचलना का प्रयास किया था। उसी दिन घटना के 1 घंटे पहले शहबाजपुर निवासी उदित सिंह ने मुन्ना यादव, गांव के पूर्व प्रधान हीरा गोंड़ और अमलेश गोंड़ पर मारपीट कर 3000 लूटने का आरोप लगाया था। सपा नेता मुन्ना यादव की तहरीर पर विशुनपुर भारत राय निवासी स्वामीनाथ और शहबाजपुर निवासी सुधीर सिंह समेत आधा दर्जन नामजद और एक पर बलवा, मारपीट और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

फर्जी हस्ताक्षर से कराया आदेश

सलेमपुर(एसएनबी)। तहसील क्षेत्र के मंगराइच निवासी इंद्रावती देवी पत्नी शम्भू शुक्ल ने शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि हम प्रार्थिनी का मौजा सिसई तप्पा सठियांव स्थित आराजी संख्या 148/0'648 हेक्टेयर संक्रमणीय भूमि धर अंकित है जिस पर धनौती निवासी निखिल श्रीवास्तव पुत्र अनिल श्रीवास्तव आदि के द्वारा उपजिलाधिकारी सलेमपुर के न्यायालय में धारा 80 के अन्तर्गत वाद योजित किया गया जिसमें सहखातेदार के रूप में हमारा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शपथ पत्र दाखिल किया गया है। जबकि मैं अनपढ़ महिला हूं,हस्ताक्षर नहीं कर पाती हूँ। अतः उक्त मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाय। फर्जी हस्ताक्षर कर मेरे खिलाफ जालसाजी किया गया है। इसको लेकर हम लगातार अधिकारी लोगों के यहां चक्कर लगा रही हूं, अब तक न्याय नहीं मिला है।

देवरिया, बांसगांव सीट पर एक जून को वोटिंग

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटों पर चुनाव सात चरणों में कराया जाएगा। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की आठ सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा। जबकि सातवें चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों के लिए वोट पड़ेंगे। राजधानी लखनऊ व फैजाबाद में 20 मई को, इलाहाबाद में 25 मई तथा वाराणसी में एक जून को वोट पड़ेंगे। बस्ती मंडल में 25 मई और गोरखपुर मंडल में एक जून को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके अलावा यूपी की चार विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे।

पहले चरण में आठ लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल, दूसरे चरण में आठ लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल और तीसरे चरण में संभल, हाथरस समेत 10 सीटों पर सात मई को मतदान होगा। चौथे चरण में कानपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी समेत 13 सीटों पर 13 मई को वोट पड़ेंगे। पांचवें चरण में लखनऊ, रायबरेली, अमेठी और गोंडा समेत 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को मतदान होगा।

छठे चरण में डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर समेत 14 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। सातवें चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी सतेत 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा।

पश्चिम से आरंभ होंगे चुनाव P08

80 सीटों पर यूपी में सात चरणों में होगा मतदान पहले चरण में आठ सीटें

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा

लखनऊ, विसं। लोकसभा चुनाव के साथ ही उत्तर प्रदेश की चार रिक्त विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होगा। ददरौल, लखनऊ पूर्वी, गैंसणी व दुद्धी (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्रों में क्रमशः चौथे, पांचवें, छठे व सातवें चरण में लोकसभा चुनाव संग उपचुनाव कराया जाएगा। ब्योरा P08

आचार संहिता लागू

- आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे के भीतर सरकारी सम्पतियों, 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक स्थलों एवं 72 घंटे के भीतर निजी सम्पतियों से दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, झण्डे इत्यादि हटाने की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है।
- शिकायतों के लिए एनजीआरएस पोर्टल एवं टोल फ्री नम्बर-1950 का भी प्रयोग किया जा सकता है।
- मंत्री अपने सरकारी वाहनों से दौरे नहीं कर सकेंगे।
- जिलों में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा, किसी विकास कार्यक्रम, परियोजना का शिलान्यास, उद्घाटन नहीं कर सकेंगे।

मारपीट व धमकाने में चार के खिलाफ केस

- वीडियो वायरल कर बदनाम करने की दे रहे थे धमकी
- पीड़ित के पिता की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

देवरिया, निज संवाददाता। मारपीट और समाज में बदनाम करने की धमकी देने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित के पिता ने तहरीर में आरोपियों पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं।

शहर के रामगुलाम टोला निवासी संतोष कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर दिया कि उनका बेटा अभिषेक वर्मा (23) है। आर्य समाज गली के करीब आधा दर्जन दुकानदार उसके बेटे को बहाला फुसलाकर खाते-पीते तथा उसे गलत आदते भी सिखाने लगे। इस दौरान बेटे से कहे कि तुम्हार वीडियो बनाये और इसे वायरल करने की धमकी देकर उसका मानसिक उत्पीड़न करने लगे। इस तरह की बार-बार धमकी से अभिषेक डर गया। मानसिक रूप से परेशान होने पर उसका इलाज गोरखपुर में मानसिक रोग के डाक्टर से कराया गया।

पहले की छेड़खानी, विरोध करने पर कर दी पिटाई

जासं,खुखुंदू: एक गांव में दरवाजे पर सो रही महिला के साथ दबंगों ने देर रात छेड़खानी की। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पीड़ित महिला का आरोप है कि वह अपने दरवाजे पर रात को सोई थी। कुछ लोग दरवाजे पर आ गए और छेड़खानी करने लगे। इसके साथ ही जोर-जबरदस्ती करने लगे। जब महिला ने विरोध किया तो पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी।

जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू:

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया। जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। अधिकारी आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराएं।इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले की सीमा से संबद्ध तीनों लोकसभा सीट का चुनाव सातवें चरण में होगा। अधिसूचना सात मई को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 14 मई को होगी। 15 मई को आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी। 17 मई को नाम वापसी तथा एक जून को मतदान होगा।

आए 122 मामले, 10 का निस्तारण

सलेमपुर तहसील में किया गया सर्वाधिक मामलों का समाधान

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 122 मामले आए, जिसमें से मात्र 10 का ही मौके पर निस्तारण हो सका। 112 फरियादी बिना न्याय के ही बैरंग लौट गए।

सदर तहसील सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। हालांकि जिले के प्रभारी मंत्री के आगमन व कई कार्यक्रम होने के चलते डीएम समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी समय से नहीं पहुंचे। यहां राजस्व विभाग से 18, पुलिस से छह, विकास से पांच, अन्य विभाग से नौ मामले आए। इसमें मात्र राजस्व से जुड़े तीन मामलों का ही निस्तारण हो सका। जबकि सलेमपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार अलका सिंह ने लोगों की फरियादी सुनी। यहां कुल 31 मामले आए, जिसमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

बरहज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने लोगों की फरियाद सुनी। यहां कुल 17 मामले आए। जिसमें से राजस्व से जुड़े दो मामलों का निस्तारण हो सका। जिसमें राजस्व के सात, पुलिस के तीन, विकास के दो, खाद्य एवं रसद विभाग के एक व अन्य के चार मामले शामिल रहे। रुद्रपुर में एसडीएम रत्नेश तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित किया गया। यहां नौ मामले आए। सर्वाधिक राजस्व के चार मामले आए।

कोतवाली क्षेत्र के महेशपुर के रहने वाले बुद्धू ने शिकायत की थी कि गांव के विद्यालय से होकर घर जाने का रास्ता है। विद्यालय की चहारदीवारी से आवागमन बंद हो गया। इस पर एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी नवनीत चौबे को मौके की जांच करने का आदेश दिया। इस दौरान सीओ अंशुमान श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौडिंल्य,अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे। यहां एक भी मामलों का निस्तारण नहीं हो सका।

भाटपाररानी में मुख्य राजस्व अधिकारी जल राजन चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 27 मामले आए। एक भी मामलों का निस्तारण नहीं हो सका। यहां राजस्व के 12, पुलिस के आठ व अन्य के सात मामले शामिल रहे। एसडीएम हरिशंकर लाल, सीओ एसपी सिंह मौजूद रहे।



सदर तहसील में फरियाद सुनते एसडीम विपिन द्विवेदी • जागरण

मार्ग दुर्घटना में भांजे की मृत्यु, मामी व बहन की हालत गंभीर

सेवरही : टैंकर से टकराकर शनिवार को दोपहर एक बजे बाइक सवार दो महिलाएं व एक युवक बुरी तरह घायल हो गए। जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान युवक की मृत्यु हो गई। पड़री परसिया गांव के सचिन निषाद, मामी सरस्वती देवी व ममेरी बहन मैना देवी को बाइक से लेकर सेवरही कस्बे की तरफ जा रहे थे।

सपा नेता समेत तीन पर लूट का मुकदमा

जासं, रामपुर कारखाना: क्षेत्र के सहबाजपुर के रहने वाले सपा नेता समेत तीन के विरुद्ध पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही जांच शुरू कर दी है।

सहबाजपुर के रहने वाले उदित सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 14 मार्च को सुबह नौ बजे हम अपने घर से मुकदमे की पैरवी के लिए जा रहे थे। बहरामपुर चौराहे के समीप अमलेश गोंड, हीरा गोंड व मुन्ना यादव ने रोक लिया और पिटाई की। साथ पाकेट में रखा तीन हजार रुपये निकाल लिए। इस बीच एक सिपाही व आम लोगों ने बीच बचाव किया। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

अर्धसैनिक बलों ने रुद्रपुर में किया फ्लैग मार्च



रुद्रपुर (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने के उद्धेश्य से शनिवार को अर्धसैनिक बलों ने रुद्रपुर कोतवाली प्रभारी रतन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में रुद्रपुर नगर में फ्लैग मार्च किया।आगामी होली, ईद, लोकसभा चुनाव के मद्धेनजर शांति व्यवस्था को स्थापित रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया, ताकि त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाते हुए मतदान को भी शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष कराया जा सके। इस दौरान रुद्रपुर कोतवाली पुलिस फोर्स के साथ अर्धसैनिक बलों ने रुद्रपुर नगर के कोतवाली रोड, जामुन चौराहा, सेमरौना चौराहा, आदर्श चौराहा, खजुहा चौराहा, बस स्टेशन व मेन मार्केट में भ्रमण किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रतन कुमार पाण्डेय, दरोगा बलराम सिंह, मोहन यादव, हेड का. रमाकान्त, रोहित, दिनेश सिंह यादव आदि लोग थे।

चुनाव की तिथि घोषित होते ही प्रशासन सख्त, उतारे गए बैनर-पोस्टर व होर्डिंग

डीएम, एडीएम की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट परिसर से अभियान शुरू

जासं, देवरिया: लोकसभा चुनाव का बिगुल शनिवार की दोपहर बाद बज गया। चुनावी बिगुल बजते ही प्रशासन सख्त हो गया और राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर, होर्डिंग उतारने का कार्य शुरू कर दिया। शहर से लेकर गांव व कस्बों में भी होर्डिंग व बैनर हटाए गए। जिले में सातवें चरण यानी एक जून को मतदान होंगे।



कलेक्ट्रेट परिसर से होर्डिंग उतरवाते डीएम अखंड प्रताप सिंह, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय● जागरण

प्रशासन की तरफ से तो चुनावी तैयारियां पहले से ही चल रही थी। दोपहर बाद जैसे ही लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा की गई, वैसे ही प्रशासन सख्त हो गया। डीएम अखंड प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय नगरपालिका कर्मियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में बुलडोजर लगाकर होर्डिंग, बैनर व पोस्टर उतरवाने का कार्य शुरू कर दिया। योजनाओं के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दल के पोस्टर, बैनर हटाए गए। विभिन्न जगहों से होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस : 5 मामलों का निस्तारण

सलेमपुर(देवरिया)। आचार संहिता लागू होने से पूर्व तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के कुल 31 मामले आए जिसमें राजस्व विभाग के 5 मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों के कर्मचारियों/ अधिकारियों को दे दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम गिरीश कुमार झा ने किया जिसमें तहसीलदार सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कुल 31 मामलों में सर्वाधिक राजस्व के 15, पुलिस के 6, आपूर्ति के 4 तथा विकास, नगर पंचायत व विद्युत के 2-2 मामले रहे।

सपा नेता व पूर्व प्रधान सहित तीन पर केस

देवरिया। सपा के जिला सचिव पर तीन दिन पहले हुए हमले के मामले में दूसरे पक्ष ने भी मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें सपा सचिव, पूर्व प्रधान सहित तीन को नामजद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे पहले शुक्रवार को सपा जिला सचिव की तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव निवासी पूर्व जिपंस व सपा के जिला सचिव मुन्ना यादव का अपने ही गांव के उदित सिंह से रंजिश चली रही है। बृहस्पतिवार की सुबह मुन्ना यादव ने वाहन से कुचलने व असफल होने पर फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने उनकी तहरीर पर बिशुनपुर भरत राय निवासी स्वामीनाथ और शहबाजपुर निवासी सुधीर सिंह समेत आधा दर्जन नामजद और एक अज्ञात पर केस दर्ज किया था। संवाद



संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते अधिकारी। संवाद

संपूर्ण समाधान दिवस : छाए रहे राजस्व और पुलिस के मामले

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व और पुलिस के मामले छाए रहे। अधिकारियों ने आई 17 शिकायतों में राजस्व के दो मामलों का निस्तारण किया।

तहसीलदार अरुण कुमार की अध्यक्षता में दिवस की कार्रवाई हुई। इसी बीच एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय पहुंचे। गौरा निवासी अभिनय सिंह ने विद्युत पोल हटवाने, सिउरी की सरिता ने विद्युत कनेक्शन, बरांव की मुन्नी देवी ने दबंगों के कब्जे से जमीन खाली कराने, परसियां चौबे की किस्मती देवी ने पक्की नाली पाट दिए जाने, छित्तूपुर के राजकिशोर ने अवैध कब्जा हटवाने, कपरवार के वीरेंद्र ने विद्युत मीटर सही नहीं होने से अतिरिक्त बिल आने की शिकायत की। इसमें राजस्व के सात, पुलिस के तीन, विकास के दो, खाद्य एवं रसद के एक व अन्य चार सहित कुल 17 मामले आए। इसमें राजस्व के दो मामलों का निस्तारण कर दिया गया। मौके पर नायब तहसीलदार रवींद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

31 शिकायतें आईं, दो का निस्तारण

सलेमपुर। संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में हुआ। इसमें 31 शिकायतें आईं। सबसे अधिक राजस्व के 15 मामले रहे। इसमें दो का निस्तारण किया गया। संवाद

27 मामलों में एक का भी निस्तारण नहीं

भाटपाररानी। तहसील सभागार में शनिवार को मुख्य राजस्व अधिकारी देवरिया जनराजन चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में 27 शिकायतें आईं। इसमें एक भी निस्तारित नहीं हो सकी। शिकायतों में राजस्व विभाग के 12, पुलिस विभाग के आठ तथा अन्य विभागों के सात मामले शामिल रहे। संवाद

बैनामा के लिए धमकाने का लगाया आरोप

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के नोनार पांडेय गांव निवासी धनजी पांडेय ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें गांव के एक व्यक्ति पर बंधक रखी जमीन को धमका कर बैनामा कराने का आरोप लगाया है।

तहरीर में कहा है कि दस कट्ठा खेत पांच साल पहले गांव के ही एक व्यक्ति को 79 हजार रुपये में बंधक रखा था।

तय हुआ था कि पैसा वापस करने पर वह खेत वापस कर देगा, लेकिन जब भी पैसा लेकर वापस करने जाता हूं, तो वह व्यक्ति इन्कार कर देता है। वह जान से मारने की धमकी देकर खेत अपने नाम से रजिस्ट्री करने का दबाव बनाता है। साथ ही पैसे का ब्याज मांगता है। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संवाद

थाने में चक्कर खाकर गिरी महिला, अफरा-तफरी

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरानी-जेठानी के बीच हुए विवाद में महिला बुलाई गई थी थाने

बरहज। थाना परिसर में शनिवार को नया नगर निवासी एक महिला चक्कर खाकर गिर गई और बेहोश हो गई। इससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। महिला के होश में आने पर पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली। देवरानी-जेठानी के बीच हुए विवाद में उसे थाने बुलाया गया था।

नया नगर निवासिनी जैबुन खातून पत्नी जान मोहम्मद और उसकी जेठानी साबिया खातून के बीच सुबह किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जेठानी की शिकायत पर पुलिस ने जैबुन, उसके शौहर, ससुर और सास को थाने बुलाया। पुलिस करीब दो बजे सभी से पूछताछ कर रही थी। इस बीच जैबुन अचानक फर्श पर गिर गई और बेहोश हो गई। यह देख कार्यालय में मौजूद दीवान सहित अन्य पुलिस कर्मी सकते में आ गए। महिला पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गईं। पुलिसकर्मी किसी तरह महिला को होश में लाए।

दिल्ली और मोतिहारी से बैरंग लौटी पुलिस

विदेश भेजने के नाम पर ठगी का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। विदेश भेजने के नाम ठगी करने वाले दो गिरोह के गुर्गों को पकड़ना पुलिस की चुनौती बना हुआ है। करीब एक माह होने को है लेकिन अभी तक दोनों एजेंसी में करीब 200 युक्कों को ठगने वाले गिरोह के मुख्य सरगना पुलिस की पकड़ से दूर है। दोनों एजेंसी के जरिए 200 से अधिक बेरोजगारों से तीन करोड़ की ठगी हुई थी। इस मामले में पुलिस को कामयाबी नहीं मिली है।

शहर के पगरा में ट्रेवेल्स एजेंसी संचालक ने करीब 120 युवकों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिया। मुंबई फ्लाइट भेजने के लिए भेज दिया। युवक पर जब मुंबई पहुंचे को उनका टिकट कैंसिल करवा एजेंसी बंद कर फरार हो गए। युवकों ने एजेंसी में बैठने वाले अयोध्या निवासी आयुष शुक्ला के विरुद्ध कोतवाली में आवेदन दिया।

पुलिस मामले की जांच शुरू की और सर्विलांस की मदद ली तो सरगना दिल्ली का निकला। जो फ्रॉड खाते के संचालन का काम दिल्ली और बिहार में बैठा कर करता है। पुलिस दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला संदीप दास पिता सुदामा दास की लोकेशन लेनी चाही तो उसका नंबर बंद मिला रहा था।

स्थानीय पुलिस से जानकारी लेनी चाही तो उसका एक और पता बिहार के मोतिहारी का भी मिला। सारी जानकारी लेने के बाद मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के लिए एक टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गई। परंतु पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने स्थानीय पुलिस से पते की जानकारी लेनी चाही तो वह फर्जी निकला। फिर पुलिस टीम एजेंट जो अयोध्या का रहने वाला था उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया तो वह भी अयोध्या में नहीं मिला। इसके बाद पुलिस की टीम बिहार के मोतिहारी जिले में सरगना के पते पर पहुंची।

वहां ग्रामीणों से काफी जानकारी ली, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। ग्रामीण कुछ आवश्यक जानकारी नहीं दे सके। इसके बाद पुलिस वहां से बैरंग लौट आई। इसी तरह सीसी रोड स्थित मरहबा एजेंसी के एजेंट की गिरफ्तारी के बाद पुलिस सरगना व एक सदस्य की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली गई।

एक माह बाद भी पुलिस नहीं पकड़ पाई आरोपियों को

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस दिल्ली व मोतिहारी गई थी कि लेकिन आरोपियों ने जो पता बताया है, वह फर्जी निकला। इस मामले के खुलासे के लिए साइबर सेल की मदद भी ले रही है। गिरोह के सरगना व एजेंट लगातार अपना लोकेशन बदल रहे हैं। उनका मोबाइल घटना के बाद से बंद आ रहा है। पुलिस उन पर नजर बनाए हुए है, जल्द ही वे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

- संजय रेड्डी, सीओ

बहन के घर जा रही महिला से छिनैती, छेडखानी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के देवरिया-सलेमपुर फोरलेन पर धोबी गांव के पास बहन के घर जा रही एक महिला को रोककर उसके साथ झपटमारी और छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी एक घंटे तक उत्पात मचाया। फिर भी पुलिस समय से नहीं पहुंची। एसपी संकल्प शर्मा के संज्ञान में मामला आने पर पुलिस मौके पर पहुंची भी तो पीड़ित को ही धमकाने लगी। उधर, मां के साथ हुई वारदात का विरोध करने पर बेटे और भतीजे की पिटाई भी की गई है।

आरोपी ने एक घंटे तक मचाया उत्पात

खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला शुक्रवार की रात को बाइक से बेटे और भतीजे को लेकर बहन के गांव जा रही थी। वह धोबी गांव के पास पहुंची थी कि किसी ने बाइक हाथ देकर रोक दी। आरोप है कि बाइक रोकते ही दो लोग आ गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। महिला का कहना है कि हम लोग कुछ समझ पाते तब-तक एक ने छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर दूसरे ने मंगलसूत्र खींच लिया। बेटे और भतीजे ने पास के गांव का होने का हवाला दिया तो उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि मौके से 112 नंबर पर पुलिस को फोन मिलाया गया, लेकिन फोन नहीं लगा। इसके बाद बेटे ने मोबाइल पर सर्च कर एसपी संकल्प शर्मा का नंबर पाया और उन्हें घटना से अवगत कराया। फिर भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। संवाद

आचार संहिता लगते ही चौराहे से बैनर पोस्टर हटाए गए

नगर पंचायत कर्मचारियों ने थाना गेट के सामने से चलाया अभियान, सभी तरह की प्रचार सामग्री हटाई

संवाद न्यूज एजंसी

देवरिया। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही नगर पंचायत रामपुर कारखाना प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार की शाम अधिशासी अधिकारी रोहित पांडेय की देखरेख में नगर पंचायत कर्मचारियों ने थाना गेट के सामने से बैनर पोस्टर हटाना शुरू किया।

कर्मचारियों ने देवरिया-कसया मार्ग रामपुर कारखाना मुख्य चौराहा, बहरामपुर मोड़, मेन रोड, गुदरी बाजार से लगाए थे कस्बे के प्रमुख चौराहों पर लगे बैनर पोस्टर को हटा दिया। वहीं आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीख घोषित होने के साथ ही तरकुलवा नगर पंचायत में प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया।

तरकुलवा थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के तरकुलवा, कंचनपुर, पथरदेवा, गढ़रामपुर, बालपुर श्रीनगर, सोन्हुला रामनगर, मुण्डेरा बाबू, महुआपाटन बाजार, गुलहरिया, बंजरिया बाजार आदि चौराहों और कस्बों में सार्वजनिक स्थानों पर लगे होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्रियों को हटवाना शुरु कर दिया। इस दौरान होर्डिंग, बैनर व पोस्टर से पटे चौराहे उजाड़ हो गए।

उधर सलेमपुर में तहसील प्रशासन और नगर पंचायत सलेमपुर के कर्मचारियों ने शनिवार की देर शाम आचार संहिता लगने के बाद नगर में लगे पोस्टर-बैनर को हटवाना शुरू कर दिया। इस दौरान कानूनगो गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, लेखपाल रजनीश मिश्रा, नगर पंचायत के कर्मचारी अंजनी सिंह, गोविंद कुमार, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं मझौली राज नगर में वरिष्ठ लिपिक ओमप्रकाश समेत अन्य कर्मियों ने पोस्टर हटवाया। एसएसआई रामचंद्र सिंह पुलिस कर्मी के साथ मौजूद रहे।

बरियारपुर में लोकसभा चुनाव के आचार संहिता की घोषणा होने के बाद पुलिस ने क्षेत्र में बैनर-पोस्टर हटवाना शुरू कर दिया। पुलिस ने करौंदी, सरौरा ,धुसवा, लंगड़ा, महुआपाटन, विशुनपुर कला, कुशहरी, बैकुंठपुर, लाहिलपार व महुआनी चौराहा से राजनीतिक पार्टियों के लगे बैनर व पोस्टरों को हटवा दिया।

भाटपाररानी में लोकसभा चुनाव की घोषणा शनिवार को होते ही नगर पंचायत प्रशासन सतर्क हो गया। एसडीएम हरिशंकर लाल की देखरेख में नगर पंचायत कर्मचारी तहसील से लेकर नगर में विभिन्न दलों के पोस्टर-बैनर हटाने में जुट गए। यह अभियान तहसील से शुरू होकर बेलपार चौराहा, अस्पताल गेट, केन यूनियन रोड, स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन परिसर, मालवीय मोड़, दुर्गा मंदिर रोड, आर्य चौक होते पूरे नगर में चला और होर्डिंग, पोस्टर बैनर हटाए गए। इसके चलते पूरे नगर में अफरा तफरी का माहौल बना रहा।



भटनी नगर में होर्डिंग व पोस्टर हटवाती पुलिस। संवाद

चुनाव की बिगुल बजते ही होल्डिंग-पोस्टर हटाया

भटनी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रशासन हरकत में आ गया है। पुलिस ने शनिवार शाम नगर में लगे प्रचार प्रसार से लेकर राजनीतिक दलों की होर्डिंग- पोस्टरों को हटाने में जुट गई। वहीं बिहार बार्डर के इलाकों को चौकसी बरती जा रही है। पुलिस की कड़ी निगरानी में वाहनों का आवागमन हो रहा है। जिले में एक जून को लोकसभा चुनाव को वोट पड़ने है। शनिवार को केंद्रीय निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। देश में कुल सात चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 07 मई 13 मई, 20 मई, 25 मई, और एक जून को मतदान होने है। जिले में एक जून को वोट पड़ेंगे। चुनाव की बिगुल बजते ही प्रशासन अलर्ट में मूड में आ गया है। नगर और ग्रामीणों इलाकों में होर्डिंग -पोस्टर हटाने का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा बिहार सीमा पर पुलिस की निगरानी में वाहनों को चेकिंग के बाद ही गुजारा जा रहा है। सीओ भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर होर्डिंग और पोस्टर हटाया जा रहा है। इसके अलावा बिहार सीमा पर चेकिंग बढ़ा दी गई है। संवाद

सपा नेता को कुचलने के प्रयास करने वालों की गिरफ्तारी को दबिश : जासं, रामपुर कारखाना: क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर के समीप कसया–देवरिया मार्ग पर सपा नेता को कार से कुचलने के किए गए प्रयास के मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। रामपुर कारखाना के सहबाजपुर के सपा नेता मुन्ना यादव 14 मार्च को अपनी बाइक से देवरिया जा रहे थे।

KUSHINAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

पांच लाख की चरस संग गैंगस्टर समेत दो गिरफ्तार

पडरौना, निज संवाददाता। कुशीनगर जिले की पुलिस ने शनिवार को कुख्यात गैंगस्टर एवं उसके एक साथी को पांच लाख के चरस के साथ गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने लग्जरी कार भी बरामद किया है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन, एएसपी अभिनव त्यागी की निगरानी एवं सीओ कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में हाटा कोतवाली पुलिस को कामयाबी मिली। पुलिस टीम द्वारा एनएच 28 पिपरा उर्फ तितला कट के पास से लाल कलर की लग्जरी कार से दो लोगों को गिरफ्तार कर कार में 2 किलो 405 ग्राम चरस व दो कूटरचित हस्ताक्षरित आरसी (एक स्वहस्ताक्षरित मोहर लगी तथा दूसरी स्वहस्ताक्षरित बिना मोहर के), छह सरकारी कूटरचित मोहर व अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया। पकड़े गये तस्करों की पहचान कुख्यात गैंगस्टर गोलू गिरि उर्फ हंटर उर्फ हरिकेश्वर पुत्र ओमप्रकाश गिरी निवासी भैसहा सदर टोला थाना कसया एवं शिवकुमार यादव पुत्र रामलायक यादव निवासी बरवा महुआडीह थाना महुआडीह जनपद देवरिया के रूप में हुई। कुख्यात गैंगेस्टर गोलू उर्फ हण्टर के खिलाफ पूर्व में हत्या का प्रयास, हिंसा के साथ लूट व गैंगेस्टर जैसे अपराध पंजीकृत हैं। वर्तमान में जेल से छुटने के बाद अपने साथी शिव कुमार यादव के साथ मिलकर अपने अपराध के तरीके में बदलाव लाते हुए मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हो गया।

पुलिस टीम में ये रहे शामिल: कोतवाल हाटा राजप्रकाश सिंह, साइबर सेल के प्रभारी मनोज कुमार पंत, एसएसआई मंगेश मिश्र, एसआई संदीप सिंह, कांस्टेबल दुर्गेश मौर्य, मुकेश चौहान, रामनिवास, अमित वर्मा एवं मनीष सिंह।

23 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

पडरौना। स्थानीय कोतवाली पुलिस एवं स्वाट टीम ने बोलेरो वाहन से तस्करी कर ले जा रहे 23 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गयी। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को कोतवाली पडरौना व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम को अहम कामयाबी मिली।

आग लगने से अहिरौली राजा में चार सगे भाइयों के घर जले

अहिरौली राजा। कसया तहसील क्षेत्र के अहिरौली राजा में शनिवार की शाम को अज्ञात कारणों से लगी आग से चार सगे भाइयों का घर धू धू कर जलने लगा। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह काबू पाया।

अहिरौली राजा निवासी सुवंस प्रसाद के चार पुत्र इन्जेश , रामप्रवेश, राजेश, रमेश के घर में शनिवार को शाम को अज्ञात कारणों से आग लग गयी। इसमें चारों भाइयों का घर सहित घर में रखे सभी सामान के साथ मोटरसाइकिल व साइकिल जलकर राख हो गये। अचानक आग फैल जाने से घर में से कुछ भी बाहर निकाल पाना मुश्किल हो गया।

पहली बार 35836 नए मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग, 99 मतदान केंद्र व 161 बूथ संवेदनशील

जिले के 26.72 लाख वोटर चुनेंगे सांसद

लोकसभा चुनाव

पडरौना, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद जिला प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी मतदाता सूची के अनुसार लोकसभा चुनाव में 26 लाख 72 हजार 84 मतदाता इस बार वोट की चोट करेंगे। जिले में 99 मतदान केंद्र व 161 बूथों को चिह्नित कर संवेदनशील बूथों की सूची में रखा गया है। इन केन्द्रों पर पैरा मिलीट्री फोर्स की तैनाती की जाएगी। जिले में लोकसभा चुनाव के लिये 1480 मतदान केंद्रों पर कुल 2633 बूथ बनाये गये हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में 26 लाख 72 हजार 84 लोग मतदान करेंगे। इनमें 18 से 39 साल तक के मतदाताओं की संख्या 12,36,007 है, जो इस चुनाव में किसी भी प्रत्याशी को जीत का ताज पहनाने में अहम भूमिका निभायेंगे। इस चुनाव चुनाव में पहली बार मत देने का अधिकार 35,836 नए मतदाताओं का मिला है। यह सभी लोकसभा चुनाव में अपने मतों का प्रयोग करने के लिये उत्साहित हैं। जिले में चुनाव को शान्ति पूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराने को लेकर जिला प्रशासन ने संवेदन व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों व बूथों की भी सूची तैयार कर ली है। इसबार के लोकसभा चुवान में जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई सूची में 99 मतदान केंद्र को संवेदनशील घोषित किया गया है। इनमें कुल 161 बूथों को चिह्नित किया गया है।



हाटा नगर में बैनर-पोस्टर हटवाते एसडीएम और कोतवाल। • हिन्दुस्तान



शहर के सुभाष चौक पर बैनर-पोस्टर हटाते नगरपालिका कर्मचारी।

आचार संहिता लागू होते ही उतरवाए बैनर-पोस्टर

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई। कुशीनगर जिले में अंतिम चरण में होने वाले चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासनिक अफसरों ने अभियान चलाकर जिलेभर में राजनैतिक दलों के बैनर-पोस्टर हटवाये। पडरौना शहर में एसडीएम सदर व कोतवाल ने नगरपालिका कर्मचारियों की मदद से बैनर-पोस्टर से पटे बिजली के पोलों को खाली करा दिया।

पडरौना शहर के सुभाष चौक से लेकर तिलक चौक तक नगरपालिका कर्मचारियों की अलग-अलग टीम ने बिजली के पोल व मकानों पर लगे राजनैतिक दलों के बैनर-पोस्टर को उतार दिया।

पटहेरवा संवाद के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन के निर्देश पर एक्शन में आई पुलिस ने थाना क्षेत्र के पटहेरवा बाजार, पटहेरिया चौराहे पर लगे पोस्टर व बैनर को हटा दिया गया। हाटा संवाद के अनुसार लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होते ही ब्लॉक परिसर, तहसील परिसर आदि जगहों पर लगे होर्डिंग और बैनरों को अधिकारियों ने हटवाना शुरू कर दिया है।



रामकोला कस्बे में बैनर-पोस्टर हटवाती पुलिस। • हिन्दुस्तान

इस दौरान बीडीओ सुधा पांडेय, ज्वाइंट बीडीओ कमलेश सिंह, एपीओ संजय कुमार, एडीओ जनार्दन राय, पंचायत सचिव किशन राय, अजय प्रताप यादव मौजूद रहे।

तमकुहीराज संवाद के अनुसार शनिवार को चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद तहसील प्रशासन ने तमकुहीराज कस्बे में लगाये गये होर्डिंग बैनर को उतरवा दिया। इस दौरान एसडीएम विकास चन्द्र, ईओ सीमा राय, एसओ अतुल श्रीवास्तव रहे।

खड्डा संवाद के अनुसार चुनाव आचार संहिता लागू होते ही खड्डा व छितौनी नगर पंचायत समेत आसपास के क्षेत्रों में चौक-चौराहे पर लगे होर्डिंग बैनर उतराने का कार्य शुरू हो गया है। शनिवार की शाम तहसीलदार महेश कुमार के नेतृत्व में नगर पंचायत प्रशासन ने खड्डा के महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चौक, शिवाजी चौक, लक्ष्मीबाई चौक आदि चौराहे पर लगे बैनर व होर्डिंग को उतरवाया। इस दौरान इंस्पेक्टर नीरज राय, हनुमानगंज एसओ अजय पटेल, ईओ संतोष वर्मा आदि मौजूद रहे।

गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

पडरौना, निज संवाददाता। मरीजों को सरकारी अस्पताल से गलत व अवैधानिक रूप से रोकने व प्राइवेट एंबुलेंस से ले जाकर अन्यत्र नर्सिंग होम एवं प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराने वाले तथा लोगों से धन उगाही करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया। पुलिस ने पीड़ितों से ठगी करने वाले छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन एएसपी रितेश कुमार सिंह की निगरानी एवं सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में रविन्द्र नगर थाने एवं स्वाट टीम की पुलिस को महत्वपूर्ण कामयाबी मिली। पुलिस को पता चला था कि एक गिरोह है जिनके द्वारा धन अर्जन करने के लिए स्वशासी

- **मरीजों को फंसाकर सरकारी अस्पताल से भेजते थे निजी अस्पताल**
- **जिला अस्पताल में सक्रिय थे दलाल, पुलिस ने छापेमारी कर पकड़ा**



पकड़े गए दलालों को मीडिया के सामने पेश करते एएसपी अभिनव त्यागी।

राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध जिला संयुक्त चिकित्सालय कुशीनगर में दलाली किया जाता है। एंबुलेंस चालकों से मिलकर भर्ती मरीजों को बेवकुफ बनाकर अन्य प्राइवेट अस्पतालों में ले जाते हैं। होमगार्डो तथा मेडिकल स्टाफ द्वारा मना किए जाने पर उनसे लड़ झगड़ कर मारपीट पर आमदा हो जाते हैं। पुलिस टीम ने छह को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान उपेन्द्र गौड़ पुत्र रामजीत गौड़ निवासी भिसवा सरकारी थाना रविन्द्रनगर धूस, दिलीप सिंह पुत्र स्व. जुगुल किशोर सिंह निवासी सहजवलिया थाना कुबेरस्थान, अखिलेश कुमार राय पुत्र चन्द्रभान राय निवासी भिसवा सरकारी थाना रविन्द्रनगर धूस, राजकुमार गोड़ पुत्र लक्ष्मण प्रसाद गौड़ निवासी माधोपुर गौजही थाना रामकोला, जनार्दन शर्मा पुत्र रामाश्रय शर्मा निवासी भैसही थाना कसया एवं अमन कुमार निषाद पुत्र रामआसरे निषाद निवासी जंगल चौरिया कोतवाली पडरौना के रूप में हुई।

पुलिस टीम में ये रहे शामिल: एसओ रविन्द्र नगर धूस संजय कुमार, एसएसआई जीतबहादुर यादव, प्रभारी स्वाट टीम आलोक कुमार, एसआई अनुराग यादव, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव, रणजीत यादव, चन्द्रशेखर यादव, राहुल सिंह, कांस्टेबल शिवानन्द सिंह, अमरनाथ सरोज, शुभेन्द्र उपाध्याय एवं जीतेन्द्र यादव।

विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत, परिजन घर छोड़ फरार

विशुनपुरा/जटहा बाजार। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेतिया में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हैं और उसका शव भी बरामद नहीं हो सका है। विवाहिता की मां ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।

जटहा बाजार क्षेत्र के कटाई भरपुरवा निवासी गणेश पटेल ने अपनी 23 वर्षीय लड़की अंजली की शादी दो वर्ष पूर्व पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के बेतिया निवासी रामधन के लड़के विजय पटेल से की थी। इनका एक वर्ष का बेटा है। मायके वालों का कहना है कि विजय शनिवार की दोपहर में फोन कर बताया कि वह जहरीला पदार्थ खा ली है। मायके वाले उसके ससुराल पहुंचे तो वहां घर पर कोई नहीं था। घर में ताला लगा हुआ था। परिजनों का कहीं अता पता नहीं था। मोबाइल भी स्वीच ऑफ बता रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस भी हलकान थी। कुछ लोगों ने बताया कि पता चला है कि भैरोगंज दवा कराने गए थे लेकिन वहां भी नहीं मिले। बताया जा रहा है की शादी के कुछ दिन बाद से ही पति पत्नी में विवाद होता रहता था। शनिवार सुबह भी दोनों में विवाद हुआ था। इस मामले में विवाहिता की मां मिंटू देवी ने विवाहिता के पति, सास, ससुर, ननद सहित छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी है । आरोप लगाई है की शादी के बाद से ही और अधिक दहेज के लिए लड़की को मारा पीटा जाता था । दहेज देने में असमर्थता जताने के बाद इन लोगों ने हत्या कर शव को गायब कर दिया है।



बेहोशी की हालत में मिला युवक जिला अस्पताल में हुई मौत

विशुनपुरा। जटहा बाजार थाना क्षेत्र के भैरोगंज बाजार में शुक्रवार की रात एक अज्ञात युवक, जिसकी उम्र 40 वर्ष के आसपास होगी, बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। गश्त कर रही पुलिस की नजर बेहोश पड़े युवक पर पड़ी तो उसे उठाकर जिला अस्पताल ले गई, जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भैरोगंज बाजार में एक अज्ञात युवक शराब पीकर एक दुकान के सामने एक मेज पर ही लुढ़का हुआ बेहोशी की हालत में मिला। रात करीब 11 बजे जब पुलिस गश्त पर निकली तो इसी दौरान युवक की तरफ पुलिसकर्मियों की नजर पड़ी। एम्बुलेंस से पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि युवक के शव का शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा है। अभी कुछ पता नहीं चल रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

छठ वेदी तोड़ने के मामले में 20 लोगों पर केस

तरयासुजान। तरयासुजान थाना क्षेत्र के तिनफेड़िया चौकी अंतर्गत रामपुर बंगरा में जेसीबी से छठ वेदी तोड़ने के मामले में तरयासुजान पुलिस 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। इसमें तीन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। इस संबंध में तरयासुजान एसओ आशुतोष सिंह ने बताया कि 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है।

लेखपाल से की गई बदसलूकी

समउर बाजार। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव में ऑनलाइन कृषि सर्वेक्षण कर रहे लेखपाल के साथ क्रिकेट खेल रहे कुछ युवकों ने बदसलूकी किया। इसके बाद पीड़ित लेखपाल ने एसडीएम को सूचना देते हुये समउर बाजार पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की मौखिक शिकायत पुलिस से की। वहां पहुंचे ग्रामीण लेखपाल का मानमनौवल में जुट गए।

बिहार बुजुर्ग के हल्का लेखपाल शनिवार को चवर में मोबाइल से फोटो खींचकर ऑनलाइन कृषि सर्वेक्षण कर रहे थे। कुछ दूरी पर युवतियां खेतों में काम कर रहीं थी। वहां क्रिकेट खेल रहे युवकों को गफलत हो गयी कि खेतों में व्यक्ति युवतियों की फोटो खींच रहा है। इस पर युवक लेखपाल के पास पहुंचकर बदसलूकी करने लगे।

चिकित्सक का काफी खास था एक दलाल

■ गंगेश्वर त्रिपाठी

पडरौना। जिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता आज से नहीं बल्कि अस्पताल स्थापना के समय से ही है। यह सही है कि कार्रवाई के बाद दलाल अस्पताल से दूरी बना लेते हैं, लेकिन यह दूरी कुछ ही दिनों तक के लिए रहती है। शुक्रवार को जिला अस्पताल से पकड़े गए छह दलालों में से एक व्यक्ति अस्पताल में तैनात डॉक्टर का खास है। जिला अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल तक मरीजों को भेजने का काम भी वही करता था। ओपीडी से लेकर वार्डो तक डॉक्टर के नाम पर वह अपनी अच्छी खासी पहचान भी बना चुका है। शुक्रवार को पुलिस ने छह दलालों को अस्पताल से गिरफ्तार किया तो उसमें डॉक्टर का खास भी शामिल पाया गया।

जिला अस्पताल की स्थापना के बाद से ही यहां आने वाले मरीजों को झांसे में लेकर बाहर की दवा दिलाना और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराने का दलालों ने खेल शुरू किया था, जो आज भी जारी है। ऐसा नहीं कि इस मामले में किसी ने शिकायत नहीं की।

जब-जब इसकी शिकायत हुई तो छापेमारी की कार्रवाई कर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलालों के गिरोह को पकड़ा भी और मुकदमा तक दर्ज कराया। इधर, जिला अस्पताल स्वशासी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध कर संचालित किया जा रहा है। बावजूद इसके दलालों की सक्रियता अब पहले से अधिक बढ़ गई है। अभी हाल ही में आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने भी दलालों की सक्रियता और बाहर खड़े प्राइवेट एम्बुलेंस को लेकर खबर प्रकाशित किया था।



युवक का शव रखकर कार्रवाई की मांग करते लोग।

युवक की मौत, शव सड़क पर रख कार्रवाई की मांग

सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय उपनगर के एक वार्ड निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने वार्ड के ही कुछ लोगों को घटना का दोषी ठहराते हुए उनके विरुद्ध नामजद तहरीर दे कार्रवाई की मांग की। पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर परिजन सेवरही-पिपराघाट मेन मार्ग पर सड़क पर शव रखकर कार्रवाई की मांग करने लगे। बाद में जनप्रतिनिधियों द्वारा आर्थिक मदद किये जाने एवं परिवार के एक सदस्य को नगर पंचायत में संविदा कर्मचारी नियुक्त किये जाने का आश्वासन दिये जाने के बाद परिजन शव के अंतिम संस्कार को तैयार हुए।

राजेंद्र नगर वार्ड निवासी श्याम कांत उर्फ ननकी पुत्र रमाशंकर गुप्ता उम्र लगभग 42 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से घायल होने से इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों सहित वार्ड वासियों ने वार्ड के ही कुछ लोगों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए घटना का दोषी ठहराते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। परिजनों के अनुसार वार्ड के ही कुछ लोगों द्वारा पैसे के लेन देन में शुक्रवार को सीढ़ी से धक्का देने से सिर में गंभीर चोट आने तथा अत्यधिक रक्तस्राव होने पर आनन फानन में सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल हेतु रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम होने के उपरांत शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान आक्रोशित लोग शव को सड़क पर रख दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए मौके पर उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे।

आश्वासन पर अंतिम संस्कार को तैयार हुए परिजन

भाजपा नेता अजय तिवारी, सपा नेता डॉक्टर उदय नारायण गुप्ता, अनूप सोनी, सभासद सुमित रौनियार आदि सहित एसएचओ सेवरही दिग्विजय नारायण राय मौके पर पहुंच लोगों को समझाने लगे। जनप्रतिनिधियों ने आर्थिक मदद देते हुए एक सदस्य को नगर पंचायत में संविदा कर्मचारी नियुक्त कराने का आश्वासन दिया तब जाकर करीब दो घंटे बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार किये जाने को तैयार हुए। एसएचओ सेवरही दिग्विजय नारायण राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

हत्यारोपित मां के खिलाफ दर्ज हुआ केस

निचलौल (महराजगंज) । निचलौल नगर पंचायत के घोड़हवा मोहल्ला में विष्णु मंदिर के पास बुधवार को महिला अन्नू उर्फ साक्षी पत्नी अमन विश्वकर्मा ने अपनी पांच वर्ष की बेटी अपेक्षा और दो वर्ष की बेटी आरोही की गला रेतकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने अपना भी गला रेतकर जान देने की कोशिश की। महिला अन्नू उर्फ साक्षी का इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने घोड़हवा मोहल्ले के चौकीदार वीरेंद्र की तहरीर पर शुक्रवार की रात में महिला अन्नू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

आचार संहिता लागू, हटाए पोस्टर

पूरे जिले में एक साथ सड़क पर उतरी पुलिस व प्रशासनिक टीम

जागरण टीम, कुशीनगरः लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार की दोपहर बाद आचार संहिता लगते ही उसके पालन को लेकर प्रशासनिक सख्ती बढ़ गई। जिले भर में पुलिस व प्रशासनिक टीम एक साथ सड़क पर उतरी और देर शाम तक प्रचार से जुड़े बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स आदि हटवाई। इस दौरान चेतावनी भी दी गई कि चुनाव की शुचिता को लेकर नजर रखी जा रही है। कहीं पर इसको प्रभावित करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला मुख्यालय रविंद्र नगर घूस, पडरौना नगर, कसया सहित जिले के सभी प्रमुख स्थानों पर कार्रवाई को लेकर अधिकारियों संग टीम उतरी। जिला मुख्यालय पर न्यायिक एसडीएम पडरौना महात्मा सिंह,



कसया-पडरौना रोड पर बैनर-पोस्टर हटवाती पुलिस व प्रशासनिक टीम● जागरण

तहसीलदार सुमित सिंह की अगुआई में टीम ने बैनर पोस्टर नपा कर्मियों के सहयोग से उतरवाए। कसया में शाम चार बजे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन टीम को साथ को लेकर नगर के गांधी चौक से बैनर-पोस्टर हटवाई। बताया कि डीएम के आदेश पर पूरे जनपद में धारा 144 लागू है। सशस्त्र जुलूस नहीं निकलेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर बांटा जा सकेगा। मानक के अनुसार ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग कर सकेंगे। इंटरनेट मीडिया पर नजर रखी जाएगी। उड़ाका दल का गठन कर जांच का निर्देश दिए गए हैं। वाहनों की तलाशी ली जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनीं समस्याएं

जासं,पनियहवा: खड्डा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम उमेश मिश्र व एसपी धवल जायसवाल शिकायतें सुनीं। डीएम ने कहा कि शिकायतों का अधिकारी गुणवत्ता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। निस्तारण में देरी पर कार्रवाई होगी। आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराएं।

शनिवार को खड्डा तहसील सभागार में राजस्व, पुलिस, विकास व अन्य विभाग से कुल 39 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। चार का निस्तारण किया गया।

चरस के साथ दो अंतरप्रांतीय तस्कर गिरफ्तार

जासं, पडरौना: हाटा कोतवाली व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने शनिवार को पिपरा उर्फ तितला गांव के पास फोरलेन पर कार सवार दो अंतरप्रांतीय तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो किलोग्राम से अधिक चरस बरामद हुआ। दोनों की पहचान गोलू गिरी उर्फ हंटर निवासी भैंसहा सदर टोला थाना कसया व शिव कुमार यादव निवासी बरवा महुआडीह थाना महुआडीह जिला देवरिया के रूप में हुई। गोलू कुख्यात गैंगस्टर है। उड़ीसा से चरस मंगाकर कुशीनगर, देवरिया व गोरखपुर में बेचता था।

एएसपी अभिनव त्यागी ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि संयुक्त टीम को सूचना मिली कि मादक पदार्थ तस्कर गोरखपुर की ओर से हाटा नगर की तरफ आ रहे हैं। टीम ने पिपरा उर्फ तितला के समीप वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस बीच आए कार को रोक तलाशी ली गई तो प्लास्टिक की थैलियों में सीट के नीचे छिपाकर रखी गई चरस की दो थैलियां मिलीं। इसकी मात्रा 2.405 किलो है। तलाशी के दौरान कार से फर्जी आरसी पेपर, मुहरें, दो फजी नंबर प्लेट आदि मिला।

प्रतिबंधित पशु मांस के साथ एक गिरफ्तार

पटहेरवा। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पटहेरवा पुलिस ने शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के पिपरा कनक से एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल सहित छह किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। एसओ राकेश रोशन सिंह ने बताया कि शुक्रवार की शाम पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के पिपरा कनक से एक मोटरसाइकिल से प्रतिबंधित मांस बेचने जा रहे अनवारुल हक पुत्र शरीफ शाह निवासी सेमरा थाना गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार किया है।

बोलेरो से 23 किग्रा गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

पडरौना : पडरौना कोतवाली व स्वाट की संयुक्त टीम ने मिश्रौली के समीप रामकोला-पडरौना मार्ग पर बोलेरो से गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान जालंधर व राजेंद्र निवासी दुबौली थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई। मादक पदार्थ की तस्करी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी की। संयुक्त टीम को सूचना मिली कि तस्कर रामकोला की तरफ से पडरौना आ रहे हैं। टीम ने मिश्रौली गांव के पास वाहनों की जांच शुरू कर पकड़ा।

प्रतिबंधित मांस के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

पटहेरवा: क्षेत्र के मठिया गांव के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने शुक्रवार की रात 12 बजे बाइक सवार के पास से छह किग्रा प्रतिबंधित मांस बरामद किया। आरोपित को न्यायालय ले जाया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह गांव के समीप चौराहे पर बिहार की ओर जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक को रोककर तलाशी ली तो प्लास्टिक के थैले में गोमांस मिला। युवक की पहचान अनवारुल हक, निवासी सेमरा, थाना गोपालगंज (बिहार) के रूप में हुई।

एएनएम पर दुर्व्यवहार का आरोप, कार्रवाई को लेकर टंकी पर चढ़ी पीड़िता

जासं, दुदही(कुशीनगर): आशाकर्मी से थूक कर चटवाने व पैर पकड़कर माफी मंगवाने के गंभीर आरोप के मामले में कार्रवाई नहीं करने की बात कहते हुए शनिवार को आशा व संगिनी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सीएचसी में ताला बंद कर प्रदर्शन किया। पीड़िता पानी की टंकी पर चढ़ गईं। मान मनौव्वल कर उतारा गया। टंकी से उतरते ही वह बेहोश हो गईं, उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। सीएचसी प्रभारी ने तीन दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया तो आशा कार्यकर्ता मानीं।

गौरीश्रीराम स्वास्थ्य उपकेंद्र पर तैनात एक आशा कार्यकर्ता का आरोप है कि वह शुक्रवार को सुबह नौ बजे मानदेय के चेक पर हस्ताक्षर कराने के लिए स्वजन के साथ उपकेंद्र पर आई थीं। एएनएम ने स्वजन के सामने ही दुर्व्यवहार किया, थूक कर चटवाया। उन्होंने सीएचसी प्रभारी डा. संदीप कुमार से शिकायत की तो उन्होंने एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इसके बाद पीड़िता ने संगिनी संघ की अध्यक्ष किरन तिवारी व ब्लाक अध्यक्ष रीता पटेल के नेतृत्व में दिन में एक बजे सीएचसी में दो घंटे तक ताला बंदी कर धरना प्रदर्शन किया। सीएचसी प्रभारी ने तीन दिन में कार्रवाई के लिए आश्वासन दिया, इसके बाद धरना स्थगित हुआ।

चार निरीक्षक सहित 29 दारोगा का कार्यक्षेत्र बदला

पडरौना :एसपी धवल जायसवाल ने शुक्रवार की देर रात को चार निरीक्षक संग 29 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। प्रभारी निरीक्षक बरवापट्टी सुमन सिंह को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना प्रियंका मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक पर्यटन थाना व प्रभारी निरीक्षक पर्यटन थाना राजेश कुमार को प्रभारी निरीक्षक बरवापट्टी बनाया गया है।इसी तरह 25 दारोगाओं को नई तैनाती दी गई है।

रोगियों को गुमराह कर निजी हास्पिटल में भर्ती कराते थे दलाल

जागरण संवाददाता, पडरौना : स्वशासी राज्य चिकित्सालय महाविद्यालय में दलाल चिकित्सालय कर्मी व सुरक्षा में तैनात होमगार्डों से मारपीट पर उतारू हो जाते थे। इनके नाम का वहां भय था। ये भोले-भाले मरीजों को गुमराह कर निजी एंबुलेंस से प्राइवेट हास्पिटलों में ले जाकर भर्ती कराते थे। झांसे में आए मरीजों के स्वजन से हास्पिटल संचालक व दलाल धन उगाही करते थे। जिला मुख्यालय से लेकर जिले भर में इनका नेटवर्क था। स्वाट (स्पेशल वेपेंस एंड टैक्टिस) व रवींद्रनगर धूस पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को छह दलालों को पकड़ कर 7 सीएलए एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। अब इन्हें जेल भेजा जा रहा है।

अपने कार्यालय में एएसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि बीते कुछ समय से जिला अस्पताल में दलालों के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रहीं थीं। स्वाट टीम तथा रवींद्रनगर धूस पुलिस को लगाया गया। शुक्रवार को अस्पताल में टीम के सदस्य सादे कपड़े में पहुंचे, पर्ची व दवा काउंटर के आसपास खड़े हो गए। दलाल लोगों को गुमराह कर निजी हास्पिटल में चलने का सुझाव दे रहे थे। कुछ मरीज इनके झांसे में आकर इनके निजी एंबुलेंस के आने का इंतजार करने लगे। टीम ने छह दलालों को दबोच लिया। उनकी पहचान उपेंद्र गौड़ व अखिलेश कुमार राय निवासी भिसवा सरकारी रवींद्रनगर, दिलीप सिंह सहजवलिया कुबेरस्थान, राजकुमार गोड़ माधोपुर गौजही थाना रामकोला, जनार्दन शर्मा भैंसही थाना कसया व अमन कुमार निषाद जंगल चौरिया थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई।

छठ वेदी तोड़ने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

जासं, सलेमगढ़: तरयासुजान के रामपुर बंगरा गांव में शुक्रवार की देर रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे बिहार के गोपालगंज के जलालपुर बाजार से आए आधा दर्जन अज्ञात लोग बुलडोजर से छठ की वेदियां तोड़ने लगे। जानकारी होते ही ग्रामीण जुट गए और विरोध करने लगे। पुलिस के पहुंचते ही आरोपित भाग निकले। पुलिस ने चालक सहित बुलडोजर (जेसीबी) को अपने कब्जे में लेकर ग्रामीणों को शांत कराया। इसके पूर्व भी भूमि पर कब्जा के प्रयास को लेकर बवाल हो चुका है।

उक्त गांव के समीप ग्रामीणों ने वर्षों पूर्व छठ पूजा के लिए वेदियां बनवाई हैं। यह भूमि पड़ोसी प्रांत बिहार के गोपालगंज के थाना कुचायकोट के जलालपुर के ओमप्रकाश बर्नवाल की बताई जाती है। वेदियां तोड़े जाने की सूचना पर पहुंचे एसएचओ आशुतोष सिंह ने बुलडोजर को कब्जे में लेकर उग्र ग्रामीणों को शांत कराया।

कार्रवाई के बाद नहीं आए दलाल आसपास की दवा की दुकानें बंद

सक्रिय दिखा मेडिकल कॉलेज का स्टाफ, पर्ची काउंटर से ओपीडी तक दौड़ते रहे सुरक्षा गार्ड

अमर उजाला लाइव

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। पुलिस की कार्रवाई के बाद शनिवार को मेडिकल कॉलेज में दलाल नहीं आए। मेडिकल स्टोर बंद रहे। मेडिकल कॉलेज प्रशासन सक्रिय दिखा और सुरक्षा गार्ड पर्ची काउंटर से ओपीडी तक दौड़ते नजर आए। सभी दवाएं मेडिकल कॉलेज से मिलीं।

जबकि इसके पहले पर्ची पर लिखी गई दो से तीन दवा मेडिकल स्टोर से मरीजों को खरीदनी पड़ती थी। वह मेडिकल कॉलेज में नहीं मिलती थी। दलालों पर शिकंजा कसने के बाद यह नया बदलाव देखने को मिला। स्वास्थ्यकर्मियों की सांठगांठ से दवा बेचने से लेकर जांच कराने में कमीशनखोरी का खेल चल रहा था।

निर्देश पर एसओजी ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज से छह दलालों को गिरफ्तार किया था, बाकी दलाल भाग निकले थे। मेडिकल कॉलेज में गैंग बनाकर दलाल डॉक्टर के चैंबर, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, दवा काउंटर, एमसीएच विंग में आने वाले मरीजों को शिकार बनाने वाले दलालों का कहीं पता नहीं था।

एमसीएच विंग बिल्डिंग के पर्ची काउंटर पर शनिवार को सुबह 11:30 बजे करीब 350 सौ नए मरीजों ने पंजीकरण कराया था। गायनी विभाग में 110 मरीजों का इलाज किया गया था। अस्पताल की ओपीडी में 11:50 बजे मरीजों और तीमारदारों की भीड़ लगी हुई थी। मेडिसिन विभाग में करीब 65, पल्मोनरी व रेस्पेरेट्री विभाग में 60, हड्डीरोग विभाग में 95, नेत्ररोग विभाग में 77, बालरोग विभाग में 55 मरीज इलाज के लिए आए थे।

एआरवी विभाग में 12:00 बजे तक 52 लोगों को वैक्सीन लगाई गई थी। अस्पताल के दवा काउंटर पर 12:15 बजे दवाओं के लिए मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतार लगी थी। खास बात यह रही कि मरीजों के पर्ची पर जो भी दवा डॉक्टर लिखे थे, वे सभी दवाएं काउंटर पर मिल जा रही थी। किसी मरीज के पर्ची पर एक भी बाहरी दवा डॉक्टर नहीं लिख रहे थे, 12:25 बजे रेडियोलॉजी विभाग में 80 मरीजों का एक्सरे किया गया जबकि 23 मरीजों का अल्ट्रासाउंड हुआ था। मेडिकल कॉलेज के पैथालॉजी विभाग में दोपहर के 12:40 बजे 67 मरीजों की जांच के लिए नमूने लिए गए।



पुलिस कार्रवाई में पकड़े गए दलाल। संवाद

मेडिकल कॉलेज से दबोचे गए दलालों को भेजा जेल

पडरौना। मेडिकल कॉलेज से दबोचे गए छह दलालों पर पुलिस ने केस दर्ज कर शनिवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया। आरोप है कि ये लोग जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों में पहुंचाने से लगायत मेडिकल स्टोर से महंगी दवाओं के खरीदवाने और जांच में सहायता के नाम पर मरीजों और उनके परिजनों का आर्थिक शोषण करते थे। एएसपी अभिनव त्यागी ने प्रेसवार्ता में बताया कि दलाल मरीजों और उनके परिजनों को भ्रमित कर उनको अस्पताल के बाहर खुले मेडिकल स्टोर से महंगी दवाओं को खरीदवाते हैं, इसके एवज में उनको कमीशन मिलता है। जांच में सहायता के नाम पर मरीजों से निशुल्क जांच के लिए भी रकम ऐंठ लेते थे। गंभीर रूप से घायल मरीज या हायर सेंटर रेफर मरीजों को जबरदस्ती नगर के निजी अस्पतालों में पहुंचाते हैं। शुक्रवार को दलालों के गिरफ्तारी के बाद ईएमओ रजत कुमार साहा ने पुलिस को तहरीर दिया कि मेडिकल कॉलेज में दलालों और निजी एंबुलेंस चालकों की सक्रियता बढ़ गई है। संवाद

वार्डों में भी रही भीड़

अस्पताल में शनिवार को एसएनसीयू वार्ड में 56 नवजात बच्चों का यहां उपलब्ध 22 बेड पर इलाज चल रहा था। उसमें चार नवजातों के फेफड़ों में संक्रमण, चार पीलिया और बाकी 48 झटका के मरीज मिले। मेडिसिन वार्ड में 56 मरीज भर्ती किए गए थे। मेडिसिन वार्ड में मरीजों के बेड और गलियारों में उनके साथ आए तीमारदार जमे हुए थे, जो संक्रमण के साथ-साथ वार्ड में भीड़ का कारण बने हुए थे। सर्जिकल वार्ड में 22 मरीज भर्ती मिले।

मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों की जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। सभी सुविधाएं निशुल्क हैं। मरीजों और उनके परिजनों को किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। कॉलेज प्रशासन इस तरह की कार्रवाई आगे भी करता रहेगा। सीसीटीवी कैमरे से भी अब मॉनिटरिंग की जा रही है। **-डॉ. आरके शाही,** प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

ढाई किलो चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। हाटा पुलिस ने शनिवार को एनएच-28 के पिपरा उर्फ तितला कट के पास से लग्जरी वाहन से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ढाई किलो चरस व दो फर्जी वाहन पंजीकरण और छह फर्जी मोहर, एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गैंगस्टर गोलू उर्फ हंटर सजा काट चुका है। जेल से छूटने के बाद एक अन्य आरोपी शिव कुमार यादव के साथ मिलकर अपने अपराध के तरीके में बदलाव करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हो गया। संवाद

23 किलो गांजा के साथ दो तस्कर दबोचे

पडरौना। थाना कोतवाली पड़रौना व स्वॉट की संयुक्त पुलिस टीम ने मिश्रौली नहर पुलिया के पास से एक बोलेरो वाहन से तस्करी कर ले जायी जा रही 23 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजेंद्र और जालंधर नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के दुबौली गांव के निवासी है। उनके कब्जे से बरामद किए गए कुल माल की कीमत 12.60 लाख रुपये बताई जा रही है। थाना पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। संवाद

अलग-अलग मामले में तीन वारंटी पकड़े गए

पडरौना। पुलिस ने शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग मामलों में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सेवरही पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में कसया थाना क्षेत्र के धोकरहां गांव निवासी दुखी कोईरी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने रंगदारी और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो आरोपियों को रामपुर झुरिया माफी टोला के पास से गिरफ्तार किया है। संवाद

जिले में अंतिम चरण में होगा मतदान, आचार संहिता लागू

लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही दौड़ने लगीं अफसरों की गाड़ियां, शहर से लेकर गांव तक हटाए गए होर्डिंग-बैनर, वीडियो निगरानी टीम का किया गठन

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। कुशीनगर लोकसभा सीट के लिए सातवें चरण में 1 जून को मतदान कराया जाएगा।

आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। अफसरों की गाड़िया दौड़ने लगीं। राजनीतिक दलों की ओर से शहर से लेकर गांवों तक लगाए गए होर्डिंग व बैनर हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया। विधानसभा क्षेत्रों में वीडियो निगरानी टीम सक्रिय हो गई।

चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासनिक अफसरों की सक्रियता देखने को मिली। सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव एक जून को सातवें चरण में कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज और गोरखपुर में होगा। डीएम ने अफसरों के साथ बैठक कर चुनाव आचार संहिता का गंभीरता से पालन कराने का निर्देश दिया।



कसया में पोस्टर-बैनर हटवाते प्रशासन के लोग। संवाद



रामकोला में प्रचार सामग्री हटाते नगर पंचायतकर्मी। संवाद



पडरौना नगर में बैनर पोस्टर हटवाने पहुंची प्रशासन की टीम। संवाद

इसके पहले दोपहर में डीएम उमेश मिश्र ने वीडियो कांफ्रेंसिंग की। पडरौना शहर में एसडीएम महात्मा सिंह और तहसीलदार सुमित सिंह की अगुवाई में शहर के सुभाष चौक, रामकोला रोड, कसया रोड, कोतवाली रोड, छावनी के अलावा जिला मुख्यालय रविंद्रनगर और उसके आसपास पर लगे राजनीति बैनर और होर्डिंग उतरवाए।

कोटवा के नायब तहसीलदार विशाल दत्त त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक अरविंद पति त्रिपाठी, लेखपाल हीरालाल वर्मा, शिवेंद्र सिंह, जितेंद्र दुबे, शशिभान सिंह आदि मौजूद रहे। वीडियोग्राफी के लिए बनाई गई विधानसभा क्षेत्रों की टीम सक्रिय रही। राजनीतिक पार्टियों के झंडा लगी गाड़ियों को भी रोकर अफसरों ने झंडा उतारने की चालकों को हिदायत दी।

कसया में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन की अगुवाई में पुलिस फोर्स ने बुद्ध नगरी में राजनीतिक होर्डिंग, बैनर व पोस्टर उतरवाया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन ईओ शैलेंद्र कुमार मिश्र समेत पुलिस फोर्स के साथ मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर मार्ग से होकर आगे बढ़ी। उनके साथ कुशीनगर चौकी पुलिस के अलावा सीओ कुंदन सिंह मौजूद रहे।

पटहेरवा ब्लॉक के सफाई कर्मी स्थानीय बाजार और चौराहों के अलावा के करमैनी, सेंदुरिया, लवनिया समेत सभी बाजार में लगे बैनर, पोस्टर हटवाए। तमकुहीराज में तहसील प्रशासन ने नगर क्षेत्र में लगाए गए बैनर, होर्डिंग और पोस्टर उतरवाया। कस्बा के मुख्य ओवर ब्रिज चौराहे पर लगाए गए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की होर्डिंग उतरवाया।

इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वार, क्लॉक गेट, तरया चौक समेत पूरे कस्बे में अभियान चलाया गया। तमकुहीराज एसडीएम विकास चन्द्र, तहसीलदार चंदन शर्मा, ईओ सीमा राय, इंस्पेक्टर तमकुहीराज अतुल कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



आचार संहिता लगते ही पडरौना नगर में बैनर पोस्टर हटाए गए। संवाद

29 पुलिस कर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

पडरौना। एसपी धवल जायसवाल ने शनिवार की सुबह आम चुनाव और त्यौहार के मद्देनजर व सुरक्षा को लेकर चार निरीक्षक समेत 29 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। त्यौहार में सुरक्षा और आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए कुशीनगर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात चार निरीक्षक व 25 अन्य पुलिस कर्मियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है। बरवा पट्टी थाने के प्रधान निरीक्षक सुमन सिंह को महिला थाने के कमान मिली है जबकि महिला थाने में तैनात निरीक्षक प्रियंका मिश्रा को पर्यटन थाने की जिम्मेदारी मिली है संवाद

छह किलो मांस के साथ एक गिरफ्तार

पटहेरवा/समउर बाजार। पिपरा कनक मठिया मोड़ पर पटहेरवा पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से छह किलो मांस बरामद किया है। थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह ने बताया कि पुलिस टीम शुक्रवार की देर शाम गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बाइक से एक व्यक्ति गोमांस लेकर जा रहा है। हरकत में आई पुलिस ने पिपरा कनक के मठिया मोड़ पर पहुंची। बाइक से आ रहे व्यक्ति को रोका। जांच में एक बोरी में छह किलो गोमांस मिला। उसने अपना नाम अनवारूल हक निवासी सेमरा थाना गोपालगंज सदर बताया। पूछताछ में उसने बताया कि यह गोमांस लेकर वह देवरिया बेचने के लिए जा रहा था। संवाद

अति संवेदनशील और क्रिटिकल बूथों पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

161 बूथ संवेदनशील, कुशीनगर और खड्डा में सर्वाधिक क्रिटिकल मतदान केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो गई है। जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में वल्नरेबल और क्रिटिकल बूथ चिह्नित कर लिए गए हैं। चुनाव में सुरक्षा की दृष्टि से पूरे जिले में 99 मतदान केंद्र और 161 बूथों को क्रिटिकल की श्रेणी में रखा गया है।

इन मतदान केंद्रों, बूथों पर प्रशासन और चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। वहीं 42 केंद्र और 64 बूथों को वल्नरेबल की श्रेणी में रखा गया है। लोकसभा चुनाव की

अर्द्धसैनिक बलों के हवाले रहेगी क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथों की सुरक्षा

तैयारियों को पूरा करने का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है।

जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में वल्नरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्र और मतदेय स्थलों को चिह्नित कर लिया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिये प्रशासन तैयारियो में जुटा है।

चुनाव की दृष्टि से यह चिह्नित बूथ अत्यधिक संवेदनशील हैं, जिसको चिह्नित कर उन बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर तैयारियां शुरू हो गई हैं। कुशीनगर व खड्डा विधानसभा क्षेत्रों में क्रिटिकल श्रेणी के अधिक मतदान केंद्र हैं, जबकि पडरौना और रामकोला में विधानसभा क्षेत्र में क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या सबसे कम है। वहीं, वल्नरेबल मतदान केंद्रों में खड्डा, कुशीनगर व हाटा में अधिक है इन केंद्रों पर स्थानीय पुलिस- प्रशासन के अलावा अर्द्धसैनिक बल की ड्यूटी रहेगी। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा को लेकर तैयारियों तेज हो गई हैं।

विधानसभा	क्रिटिकल बूथ	क्रिटिकल केंद्र	वल्नरेबल बूथ	वल्नरेबल केंद्र
1-खड्डा	5	16	12	5
2-पडरौना	4	8	7	3
3-तमकुहीराज	7	16	6	6
4-फाजिलनगर	22	10	10	4
5-कुशीनगर	41	22	12	9
6-हाटा	21	21	14	14
7-रामकोला	11	6	3	1
कुल संख्या	161	99	64	42

युवा वोटर 529980

इस चुनाव में युवा वोटर निर्णायक होंगे। 26,83,363 वोटरों में 18 से 29 साल के 5,29,980 वोटर हैं। तमकुहीराज विधानसभा में युवा वोटरों की संख्या अधिक है। आसन्न चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन विभाग की ओर से लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में युवाओं की संख्या करीब 38 फीसदी रही थी।

जुआ : रुपये को लेकर मारपीट, युवक की गई जान

पोस्टमार्टम के बाद सड़क पर शव रखकर लोगों ने लगाया जाम, आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग, डेढ़ घंटे बाधित रहा आवागमन

संवाद न्यूज एजेंसी

तमकुहीरोड। जुए में रुपये के लेन-देने को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हो गया। मारपीट में सिर में गंभीर चोट लगने से घायल युवक की शुक्रवार की देर रात मौत हो गई। पुलिस इस मामले में तीन भाईयों पर केस दर्ज कर लिया। शुक्रवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद शव दरवाजे पर पहुंचा तो, मोहल्ले वालों की भीड़ जुट गई।

नाराज लोगों ने शव रखकर सड़क जाम कर दी और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। डेढ़ घंटे बाद पहुंचे एसडीएम, सीओ के आश्वासन के बाद नाराज लोग शांत हुए और शव का दाह संस्कार किए। इसकी वजह से सेवरही-पिपरा घाट मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।

सेवरही नगर पंचायत के राजेंद्रनगर मोहल्ले में शुक्रवार की शाम कुछ युवक जुआ खेल रहे थे। इसी बीच ऋषभ उर्फ राजा मोहल्ले के श्यामाकांत की जेब से दो सौ रुपये निकाल कर घर भाग गया। शाम को 35 वर्षीय श्यामाकांत ऋषभ के



सेवरही में सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाती पुलिस व अन्य लोग। संवाद

घर पहुंचे और अपना रुपये मांगने लगे। इसको लेकर ऋषभ और श्यामाकांत के बीच विवाद हो गया। इस दौरान श्यामाकांत करीब तीन फीट ऊंचे गेट से जमीन पर गिर गए और सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से अचेत हो गए। घर वाले उन्हें सीएचसी ले गए।

प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक बताकर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज से गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट रहे थे, कि रास्ते से सेवरही थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवक की मौत की खबर मिलने के बाद मोहल्ले के लोग आक्रोशित हो गए। मारपीट के आरोपी तीनों भाई परिवार के साथ घर छोड़कर भाग निकले। मामला बढ़ता देख मोहल्ले में रात को पुलिस तैनात कर दी गई। पुलिस ने मोहल्ले के ऋषभ, अमन और अंशु पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। शनिवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद शव आया तो चीख-पुकार मच गई। युवक का शव लेकर लोग नगर के चनरी चौराहा पहुंचे और सेवरही-पिपरा घाट सड़क को शाम 4 बजे जाम कर दिया। आक्रोशित लोग पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन एक नहीं सुनी। तमकुहीराज एसडीएम विकास चंद, सीओ जितेंद्र कालरा मौके पर पहुंचे और सड़क जाम किए लोगों से वार्ता की। एसडीएम के आश्वासन पर लोग 5.30 बजे जाम खत्म किया। इसके बाद आवागमन शुरू हुआ। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

200 रुपये के लिए गई युवक जान, बेरंग हुआ त्योहार

जुए में दो सौ रुपये लेकर हुए मामूली विवाद में किसी को पता नहीं था कि श्यामकांत की जान चली जाएगी। युवक की मौत के बाद मोहल्ले में गम का माहौल है। युवक की घर की माली हालत कमजोर है। इसकी एक मासूम बेटी है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। होली की त्योहार इस परिवार के बेरंग हो गया। वहीं आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। लोगों में चर्चा है कि पुलिस सक्रिय रहती तो नगर में जुआ का धंधा नहीं होता। पुलिस की उदासीनता से नगर में जुआ का खेल बढ़ता जा रहा है।

एसडीएम ने दिया आश्वासन

पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग पर नौकरी, 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद, शासन से मिलने वाला आर्थिक मदद दिलाने की मांग और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

पीड़ित परिवार को शासन से मिलने वाली आर्थिक मदद दिलाई जाएगी। स्थानीय लोगों से कुछ आर्थिक मदद दिलाया गया है। मारपीट करने वाले तीन भाईयों पर गैर इरादतन हत्या का का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है। **-विकास चंद**
एसडीएम तमकुहीराज

एएनएम के दुर्व्यवहार से नाराज आशाओं का प्रदर्शन, पानी की टंकी पर चढ़ी आशा

एएनएम पर वाउचर बनाने के लिए परेशान करने का आरोप, जांच की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

दुदही। एएनएम की प्रताड़ना से तंग आकर आशा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सीएचसी में प्रदर्शन किया। आशा कैंपस में पानी की टंकी पर चढ़ने लगी तो स्वास्थ्यकर्मियों ने समझा बुझाकर नीचे उतारा। प्रदर्शन के दौरान दो आशाओं की तबीयत बिगड़ गई। उनका इलाज सीएचसी में चल रहा है। सीएचसी प्रभारी के आश्वासन के बाद नाराज आशा कार्यकर्ता शांत हुई।

दुदही सीएचसी पर शनिवार को आशा संगिनी संघ की जिलाध्यक्ष किरन तिवारी एवं आशा कार्यकर्ता संघ के जिलाध्यक्ष रीता पटेल के अगुवाई में आशा कार्यकर्ता धरना पर बैठ गई। सीएचसी पर तैनात



पानी टंकी पर चढ़ती आशा सुनीता। संवाद

एएनएम पर कार्रवाई तथा दूसरे ब्लॉक में स्थानांतरण की मांग को लेकर नारेबाजी कीं। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि एएनएम गौरी श्रीराम गांव की निवासी हैं और उसी गांव में 13 सालों से तैनात है। गांव के आशा कार्यकर्ता सुनीता खरवार अपने क्षेत्र में कार्य करती है। लेकिन एएनएम उनका वाउचर बनाने में आनाकानी कर रही हैं। जब आशा एएनएम के पास गई तो वह बदसलूकी की। इसकी शिकायत 29 फरवरी को सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी और 12 मार्च को सीएमओ से किया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं अब तक हुई। पहले भी एएनएम पर आरोप लग चुके हैं।

समाधान दिवस में नहीं पहुंचे डीपीआरओ

खड्डा। तहसील सभागार में शनिवार को डीएम और एसपी की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। 39 मामलों में से चार का मौके पर निस्तारित किया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। डीपीआरओ के नहीं पहुंचने पर डीएम ने फोन कर फटकार लगाई। संवाद

व्यापार मंडल ने की गश्त बढ़ाने की मांग

सुकरौली। व्यापारियों ने शनिवार को पुलिस चौकी परिसर में बैठक की। व्यापारियों ने कस्बा और उसके आसपास हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की। व्यापार संघ अध्यक्ष दीपक गुप्ता और महेश गुप्ता ने कहा कि चोरी की घटनाएं बढ़ने के अलावा कस्बा की सड़कों पर हर दिन जाम लग रहा है। बैजनाथ मद्धेशिया ने कहा कि पुलिस की मदद से कस्बा में सीसीटीवी कैमरा लगवाने और शनिवार की बंदी का पालन कराने में पुलिस को सहयोग करना चाहिए। संवाद

मेडिकल जांच के नाम पर वसूली का वीडियो वायरल

कसया। नगर के सीएचसी में शुक्रवार की रात हादसे में घायल युवक का मेडिकल कराने के नाम पर रुपये लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें युवक की ओर से पांच सौ रुपये लेने की बात कही जा रहा है। हालांकि, अमर उजाला इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। कसया थाना क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर निवासी संदीप सिंह ने सीएचसी में मेडिकल के नाम पर धन उगाही के संबंध में डीएम और सीएमओ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने की पेट्रोलिंग

जागरूकता

- सुरक्षा को लेकर किया जागरूक
- अवैध गतिविधि रोकने के बारे में की गई चर्चा

खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद। एसएसबी व नेपाल एपीएफ 27 वीं वाहिनी के जवानों ने सोनौली पुलिस के साथ भारत-नेपाल सीमा के पगडंडी पर संयुक्त गश्त कर किया। इस दौरान बैठक कर लोगों को बार्डर की सुरक्षा को लेकर जागरूक भी किया।

डंडा हेड के इंस्पेक्टर प्रदीप यादव ने बताया कि डंडा हेड के जवान, सोनौली पुलिस व नेपाल एपीएफ मिउडिहवा भैरहवा की संयुक्त टीम ने फरेंनी तिवारी पुल के पास से शेख फरेंदा गांव के पगडंडी तक संयुक्त गश्त की। शेख फरेंदा गांव में बैठक के दौरान सीमा पर अवैध गतिविधि को रोकने के बारे में चर्चा की गई। सीमा पर रह रहे लोगों के सुरक्षा के बारे मे चर्चा किया गया। आगामी लोक सभा चुनाव में शांति व्यवस्था को लेकर विमर्श किया। नो-मेंस लैंड पर अनावश्यक सामग्री को रख रखाव व रोकथाम तथा मिट्टी कटाई के मुद्दे पर चर्चा की गई।

नोमेंस लैंड पर किसी भी प्रकार की वस्तुओं जैसे कि जानवर को बांधना, कोई वाहन इत्यादि को खडा करना आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर खनुआ चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता, नेपाल एपीएफ के उपनिरीक्षक गोविंदा गोसाई आदि मौजूद रहे।

पैसा-शराब पकड़ेंगी उड़नदस्ता टीमें

मुस्तैदी

महराजगंज, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव में पैसा, शराब व अन्य सामग्री देकर वोट खरीदने और मतदाताओं को प्रभावित करने वालों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पैसा, शराब व अन्य अनुचित सामग्रियों को पकड़ने के लिए उड़नदस्ता टीमों को गठित कर एक्टिव कर दिया है। निर्देश दिया है कि प्रतिदिन क्षेत्र में भ्रमण कर चुनाव में प्रलोभन देने वालों से सख्ती से निपटते हुए अवैध धनराशि व प्रतिबंधित सामानों को जब्त करने की कार्यवाही करें।

उड़नदस्ता टीम में अधिकरियों व कर्मचारियों की आठ आठ घंटे की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। विधान सभावार क्षेत्रों में ड्यूटी लगाई गई है। पहला शिफ्ट सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक और दूसरा शिफ्ट दोपहर दो बजे से रात दस बजे तक चलेगा। इसमें विभिन्न विभागों के एक-एक अभियंता व एक उप निरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल व एक कांस्टेबल लगाया गया है। यह टीम वाहनों में निर्धारित मात्रा से अधिक या अवैध रूप से पैसा लेने जाने, शराब ले जाने, अनुचित या अवैध सामग्री ले जाने की जांच करेगी। गड़बड़ी पर धनराशि के साथ अनुचित सामग्री को जब्त कर लिया जाएगा।

मासूम बेटियों की हत्या रोपित मां पर केस

फॉलोअप

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल नगर पंचायत के घोड़हवा मोहल्ला में विष्णु मंदिर के पास बुधवार को महिला अन्नू उर्फ साक्षी पत्नी अमन विश्वकर्मा ने अपनी पांच वर्ष की बेटी अपेक्षा और दो वर्ष की बेटी आरोही की गला रेतकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने अपना भी गला रेतकर जान देने की कोशिश की।

महिला अन्नू उर्फ साक्षी की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने घोड़हवा मोहल्ले के चौकीदार वीरेंद्र की तहरीर पर शुक्रवार की रात में महिला अन्नू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। महिला का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। गुरुवार को गले में लगे चोट और सांस की कटी हुई नली की सर्जरी हुई थी। शुक्रवार को उसे कुछ देर तक होश आया, उसके बाद वह सदमे में चली गई। उसके गले में चोट के अलावा सिर में पीछे से भी चोट है। इसके चलते उसकी हालत में अभी कोई खास सुधार नहीं हो पाया है। होश आने पर भी सांस नली कटने के कारण वह बोल नहीं पाएगी। शनिवार को भी उसे सांस लेने में असुविधा होने पर ऑक्सीजन लगाया गया है।

महिला की मानसिक स्थिति पर निर्भर करेगी पुलिसिया कार्रवाईः निचलौल नगर पंचायत के घोड़हवा मोहल्ले में महिला द्वारा अपनी दो बेटियों की गला रेतकर हत्या किए जाने के मामले में मुकदमा दर्ज हो गया है, जबकि महिला अभी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में नाजुक स्थिति में है।

उसकी स्थिति में सुधार होने के बाद पुलिस की कार्रवाई महिला की मानसिक स्थिति पर ही निर्भर करेगी। पुलिस इस मामले में साक्ष्य संकलन करने में लगी है। पुलिस महिला के स्वाथ्य में सुधार होने के बाद उसकी मनोस्थिति के लिए मनोवैज्ञानिक काउंसलर की मदद ले सकती है।

> निचलौल कस्बे के घोड़हवा मोहल्ले में दो मासूम बेटियों की हत्या कर महिला ने अपना गला रेतकर जान देने की कोशिश की थी। इस मामले में इस मोहल्ले के चौकीदार की तहरीर पर आरोपित अन्नू उर्फ साक्षी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में साक्ष्य संकलन करने में लगी है। महिला के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद मनोस्थिति की काउंसिलिंग भी कराई जा सकती है।
>
> –सत्य प्रकाश सिंह, एसओ निचलौल

युवती से दुष्कर्म के मामले में जमानत अर्जी खारिज

महराजगंज, निज संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में अभियुक्त के जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। जमानत के स्टेज पर बालिग पीड़िता अभियुक्त के पक्ष में खड़ी हो गई थी। जबकि उसी ने केस दर्ज कराया था। मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी दर्ज कराई थी। अदालत ने यह कहते हुए जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज किया कि वादिनी व अभियुक्त दो सम्प्रदाय के हैं। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन अधिनियम 2021 के अनुसार शादी बिना जिला मजिस्ट्रेट के अनुमति से नहीं की जा सकती है। ऐसा कोई प्रमाणपत्र वादिनी व अभियुक्त ने जिला मजिस्ट्रेट का नहीं दिया है। दिनी बार बार अपने बयान को बदल रही है। पुलिस व न्यायालय को अपनी इच्छानुसार चलाना चाहती है। जब चाहे अभियोग दर्ज कराये और जब चाहे सुलह समझौता कर शपथपत्र दे दिया जाये। वादिनी पूरी तरह अभियुक्त के प्रभाव में है।

मामला श्यामदेउरवा थानाक्षेत्र के बसहिया बुजुर्ग के उर्दहनी टोला है। इसी साल गांव की पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस दर्ज कराई। मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी दर्ज कराई। आदेश की पत्रावली के मुताबिक अभियुक्त के जमानत प्रार्थना पत्र देने के बाद पीड़िता भी एक शपथ पत्र दी। जिसमें वह बताई कि अभियुक्त से वह दोस्ती की है। उससे शादी करना चाहती है।

नेपाल सीमा पर दवाएं व अन्य चेकअप उपकरण बरामद

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी वाहिनी के बीओपी डांडा हेड के जवानों ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के फरेंनी तिवारी पुल के पास से बाइक पर सवार एक नेपाली युवक व दवाएं बरामद की। अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सुपुर्द कर दिया। जानकारी डांडा हेड के इंस्पेक्टर प्रदीप यादव ने बताया कि आरोपित ने पूछताछ में अपना नाम कवीन्द्र सिंह छेत्री निवासी-भैरहवा, थाना-भैरहवा जिला-रूपेंदेही नेपाल बताया। बरामद दवाएं व उपकरण, बाइक सहित आरोपी नेपाली को अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया।

तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदा स्क्रैप पकड़ा

ठूठीबारी। शितलापुर व झुलनीपुर एसएसबी की संयुक्त टीम ने नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही तीन टैक्टर ट्राली पर लदी स्क्रैप बरामद की है। जानकारी एसएसबी के सेकेंड इन कमांडेंट भोगराजु वासुपल्ली ने दी।

सुलह करने का दबाव बनाने पर चार पर केस

भिटौली। भिटौली थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहरौना राजा निवासिनी अस्मिता की तहरीर पर भिटौली पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध जबरन सुलह करने का दबाव, मारपीट एवं धमकी देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने गांव के आशीष, अनिल, सुनील व रामदरश पर केस दर्ज किया है। जांच चल रही है।

रुपये हड़पने में महिला पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

बृजमनगंज। बृजमनगंज की रहने वाली महिला ने फुलमनहा गांव के भगतपुर की महिला पर रुपये हड़पने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। बैनामा होने के बाद मकान खरीदने वाली महिला ने रुपया देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



सदर तहसील सभागार में एसडीएम रमेश कुमार व सीओ आभा सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस में शिकायतों पर सुनवाई हुई।

तहसील समाधान दिवस में 17 शिकायतों का निस्तारण

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। जिले में शनिवार को सभी तहसील में समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

महदेवा संवाद के अनुसार फरेन्दा तहसील के सभागार में उपजिलाधिकारी नवीन कुमार के अध्यक्षता में तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित की गई। जिसमें 93 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराया। मौके पर 17 शिकायतों का निस्तारण कर शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों को सौंप दिया गया।

सदर तहसील में एसडीएम रमेश कुमार व सीओ आभा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 16 मामले आए। इसमें से तीन मामले का निस्तारण किया गया। एसडीएम ने बताया कि एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दो शिकायतों का समाधान टीम ने किया। एसडीएम फरेंदा ने शिकायतकर्ताओं के शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सप्ताह भर के अंदर निस्तारित करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है । इस दौरान तहसीलदार मजिस्ट्रेट फरेंदा कर्ण सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध पटेल, बीडीओ फरेंदा केके शुक्ल, बीडीओ बृजमनगंज सच्चिदानंदा शुक्ल, एडीओ पंचायत धानी वीरेंद्र यादव गुलाब प्रसाद पाठक रहे।

निचलौल संवाद के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान आए सात मामलों में कोई मामला निस्तारित नहीं हुआ। इस मौके पर तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीओ अनुज कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्र, बीडीओ शमां सिंह आदि मौजूद रहे।

आपत्तिजनक पोस्ट पर दो पर केस दर्ज

सिन्दुरिया। सिन्दुरिया थाना क्षेत्र की एक महिला ने गांव के ही दो व्यक्ति पर मोबाइल से फोटो खींचकर आपत्तिजनक पोस्ट करने, धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला समेत दो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपितों ने स्नान करते समय मोबाइल से अश्लील फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। इस मामले में एसओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस के दर्ज कर लिया है।

चरण	19 अप्रैल	चरण	26 अप्रैल	चरण	07 मई	चरण	13 मई	चरण	20 मई	चरण	25 मई	चरण	01 जून
1	सीट: 102 राज्य: 21	2	सीट: 89 राज्य: 13	3	सीट: 94 राज्य: 12	4	सीट: 96 राज्य: 10	5	सीट: 49 राज्य: 08	6	सीट: 57 राज्य: 07	7	सीट: 57 राज्य: 08

ऐलान : लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक मतदान, चार जून को नतीजे

सात चरणों में चुनावी समर

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शनिवार को चुनावी महासमर का आगाज हो गया। निर्वाचन आयोग ने आम चुनावों से जुड़ी तारीखों का ऐलान कर दिया। 19 अप्रैल को पहले चरण और एक जून को आखिरी यानी सातवें चरण का मतदान होगा। नतीजे चार जून को आएंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके साथ ही सरकार ऐसा कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकेगी, जो मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर सके। चुनाव आयुक्त ने कहा कि वह हिंसामुक्त चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

नवनियुक्त निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ सीईसी राजीव कुमार ने कहा, ये हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। मतदाताओं से अनुरोध है कि वे स्याही (मतदान वाली) लगवाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय चुनाव इस तरह से कराने का वादा करता है कि वैश्विक मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा कि सभी राज्यों में आकलन के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी सात चरणों में मतदान हुआ था।

सत्ता संग्राम P04,07, 08,09



नई दिल्ली में शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करते मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार। ● एजेंसी



यूपी-बिहार हर चरण में वोट देंगे

आयोग के मुताबिक, यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल में सातों चरण में वोट पड़ेंगे। कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा और मणिपुर में दो चरण, छत्तीसगढ़, असम में तीन चरण जबकि झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश में चार चरण में मतदान होंगे। महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में पांच चरण में वोटिंग होगी। दिल्ली, उत्तराखंड समेत अन्य सभी 22 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में एक चरण में मतदान होगे।

ईवीएम से जुड़े सवाल पर सीईसी का शायराना जवाब

ईवीएम हैकिंग से जुड़े सवाल पर सीईसी राजीव कुमार ने शायराना अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, *अधूरी हसरतों का इल्जाम हर बार हम पर तगाना ठीक नहीं, क्या खुद से नहीं होती खता ईवीएम की कहते हो।* उन्होंने कहा, ईवीएम 100% सुरक्षित हैं। हमने कई सुधार किए हैं। सभी ईवीएम के नंबर प्रत्याशियों को दिए जाएंगे।

10 लाख मतदान केंद्र

लोकसभा चुनाव में 10.5 लाख से अधिक मतदान केंद्र होंगे, जिनमें 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल होगा। डेढ़ करोड़ से अधिक मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी मतदान संपन्न कराएंगे।

1.8 करोड़ मतदाता पहली बार मतदान करेंगे

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें से 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं और 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 1.8 करोड़ मतदान इस चुनाव में पहली बार मतदान करेंगे। मतदाता सूची में 85 साल से अधिक उम्र के 82 लाख और 100 साल से अधिक उम्र के 2.18 लाख मतदाता शामिल हैं। 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

इस बार के चुनाव में कई नए प्रयास

- ड्रोन से अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी। हवाई अड्डों पर भी कड़ी नजर।
- आयोग ने सियासी दलों से बयानों में निजी हमले न करने की अपील की।
- सी-विजिल ऐप में गिफ्ट या पैसा बांटने की शिकायत करने पर 100 मिनट के अंदर टीम पहुंचेगी। दोष साबित हुआ तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
- 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाता या 40% दिव्यांग वोटर मतदान केंद्र पर नहीं जाना चाहते तो उनके घर जाकर उनका वोट पंजीकृत किया जाएगा।

महराजगंज सीट पर एक जून को मतदान

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटों पर चुनाव सात चरणों में कराया जाएगा। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की आठ सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा। जबकि सातवें चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों के लिए वोट पड़ेंगे। राजधानी लखनऊ व फैजाबाद में 20 मई को, इलाहाबाद में 25 मई तथा वाराणसी में एक जून को वोट पड़ेंगे। बस्ती मंडल में 25 मई और गोरखपुर मंडल में एक जून को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके अलावा यूपी की चार विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे।

पहले चरण में आठ लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल, दूसरे चरण में आठ लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल और तीसरे चरण में संभल, हाथरस समेत 10 सीटों पर सात मई को मतदान होगा। चौथे चरण में कानपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी समेत 13 सीटों पर 13 मई को वोट पड़ेंगे। पांचवें चरण में लखनऊ, रायबरेली, अमेठी और गोंडा समेत 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को मतदान होगा।

छठे चरण में डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर समेत 14 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। सातवें चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी सतेत 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा।

पश्चिम से आरंभ होंगे चुनाव P08

80 सीटों पर यूपी में सात चरणों में होगा मतदान
पहले चरण में आठ सीटें

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा

लखनऊ, विसं। लोकसभा चुनाव के साथ ही उत्तर प्रदेश की चार रिक्त विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होगा। ददरौल, लखनऊ पूर्वी, गैंसणी व दुद्धी (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्रों में क्रमशः चौथे, पांचवें, छठे व सातवें चरण में लोकसभा चुनाव संग उपचुनाव कराया जाएगा। ब्योरा P08

आचार संहिता लागू

- आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे के भीतर सरकारी सम्पत्तियों, 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक स्थलों एवं 72 घंटे के भीतर निजी सम्पत्तियों से दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, झण्डे इत्यादि हटाने की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है।
- शिकायतों के लिए एनजीआरएस पोर्टल एवं टोल फ्री नम्बर-1950 का भी प्रयोग किया जा सकता है।
- मंत्री अपने सरकारी वाहनों से दौरे नहीं कर सकेंगे।
- जिलों में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा, किसी विकास कार्यक्रम, परियोजना का शिलान्यास, उद्घाटन नहीं कर सकेंगे।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही आचार संहिता का पालन कराने में जुट गए जिलेभर के अफसर

जिले में 19.88 लाख वोटर चुनेंगे सांसद

सत्ता संग्राम



लोकसभा चुनाव का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता का पालन कराने शनिवार को सड़क पर उतरे डीएम व एसपी।



एसडीएम रमेश कुमार व ईओ के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने नगर में लगे राजनीतिक दलों के बैनर व पोस्टर को हटाया।

महराजगंज, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव में इस बार 19 लाख 88 हजार 274 मतदाता लोकतंत्र की इबारत लिखेंगे। इस बार चुनाव में 60 हजार 848 नए वोटर बढ़े हैं। 9 लाख 40 हजार 208 महिला वोटर हैं। मतदान के लिए जिले भर में 1134 मतदान केन्द्र व 2084 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

मतदान कराने के लिए 8336 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए जा चुके हैं। उनको प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मतदान की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 227 बूथ को क्रिटिकल व नौ गांवों को बल्नरेबल के रूप में चिन्हित किया गया है। इन गांवों व बूथों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन सभी लोगों की निगरानी कर पाबंद किया जा रहा है जिनसे चुनाव में खलल डालने की आशंका है।

सात मई से नामांकन, एक जून को मतदान: जिले में लोकसभा का चुनाव अंतिम चरण में एक जून को होगा। मतदाताओं को चुनाव परिणाम के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। चार जून को नतीजे आ जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम अनुनय झा ने बताया कि जिले में

- मतदान कराने के लिए लगेंगे 8336 कर्मी
- कार्मिकों के प्रशिक्षण को मास्टर ट्रेनर नियुक्त

लोकसभा चुनाव के लिए सात मई से नामांकन दाखिल होगा। एक जून को मतदान होगा। चार जून को परिणाम घोषित होंगे।

लोकसभा चुनाव का ऐलान होते ही पुलिस-प्रशासन इलेक्शन मोड में आ गया। डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेन्द्र मीना आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए नगर में भ्रमण किये। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर रमेश कुमार व ईओ आलोक कुमार के नेतृत्व में सफाई कर्मियों के नगर में लगे चुनावी होर्डिंग व पोस्टर-बैनर उतारा।

आनंदनगर, निचलौल, नौतनवा, घुघली, सिसवा, परतावल, पनियरा, ठूठीबारी समेत सभी कस्बे व नगर निकायों में चुनावी प्रचार सामग्री सड़क के किनारे से हटाए गए।

निष्पक्षता से समझौता क्षम्य नहीं: डीएम

महराजगंज। सामान्य लोकसभा चुनाव को पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए डीएम अनुनय झा ने कलक्ट्रेट सभागार में एसपी सोमेन्द्र मीना, सीडीओ संतोष राय, एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा के अलावा चुनाव संबंधी सभी समितियों के नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक किया।

पार्किंग, पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोस्टल बैलेट, बूथों पर जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था आदि के संदर्भ में निर्देशित किया। दो टूक में कहा कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावित हो गई है। निर्वाचन की पारदर्शिता, शुचिता और निष्पक्षता से कोई समझौता किसी भी परिस्थिति में कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम अनुनय झा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। और सभी अधिकारी निष्पक्ष और प्रभावी चुनाव को सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने दायित्वों का उचित तरीके से निर्वहन करें। निर्वाचन के लिए गठित सभी प्रकोष्ठों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने ईवीएम/विविपैट के परिवहन और प्रयोग में पूरी पारदर्शिता बरतने और राजनीतिक दलों सहित सभी हिताधारकों को विश्वास में लेते हुए कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से राजनीतिक विज्ञापनों/प्रचार सामग्रियों को तत्काल हटवाने का निर्देश दिया। मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए सभी उपजिलाधिकारी रैंडमली बूथों का चयन करते हुए टेबल टॉप कार्यवाही कर निर्वाचक नामावलियों की जांच कर लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि नोडल अधिकारी/सहायक नोडल सहित अन्य अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करें और परिस्थिति विशेष में निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता को बनाए रखने के लिए अपने विवेक और व्यवहारिक पक्ष का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की पारदर्शिता, शुचिता और निष्पक्षता से कोई समझौता किसी भी परिस्थिति में कदापि स्वीकार नहीं किया जावेगा। दस दौरालन एएसपी आतिश कुमार सिंह, एसडीएम सदर रमेश कुमार, एसडीएम मदन मोहन वर्मा, एआर कॉपरेटिव सुनील गुप्ता, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल सहित विभिन्न टीमों के नोडल/सहायक नोडल अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय प्रकाश उपस्थित रहे।

महिलाओं से अश्लील हरकत करने पर केस

महराजगंज। एंटी रोमियो की टीम ने पुरैना कस्बे में आने जाने वाली महिलाओं के साथ अश्लील हरकत एवं फब्तियां कसने वाले दो युवकों को दबोच लिया। दोनों को घुघुली पुलिस को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार पुरैना कस्बा में आने-जाने वाले व्यक्तियों ने बताया कि दो मनचले पुरैना बाजार में मंडी गेट के सामने खड़ा होकर महिलाओं पर फब्तियां कस रहे हैं। मौके पर पहुंचे एंटी रोमियो की टीम ने उक्त स्थान पर पहुंची। इसी दौरान दो युवक कस्बे में आने वाली महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें करते हुए दिखें, जिसे टीम ने दोनों को पकड़ कर घुघली पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। इसकी पुष्टि प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार सिंह की। संवाद

हत्यारोपित मां ने कहा, बड़ी गलती हो गई

- घोड़हवा वार्ड में बेटियों की गला रेतकर हत्या करने का मामला
- हत्यारोपित मां का मेडिकल कालेज में चल रहा इलाज

जागरण संवाददाता, निचलौल: घोड़हवा वार्ड में मां साक्षी द्वारा दो बेटियों की गला रेतकर हत्या और खुद के आत्महत्या के प्रयास के मामले में घटना के चौथे दिन आरोपित साक्षी के ससुर पारसनाथ विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ घर पहुंचे तो दहाड़े मारकर कर रोने लगे। बताया कि मेडिकल कालेज में होश में आने के बाद बहू ने उन्हें लिखकर बुलाया और कापी पर लिखा पापा मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गई है।

पारसनाथ ने रोते हुए कहा कि घर में सब कुछ था, लेकिन सब बर्बाद हो गया। कहा अभी भी समझ में नहीं आ रहा है कि बहू ने आखिर बेटियों को क्यों मारा। कहा मेरी पौत्री मेरे पास ही हरिद्वार में रहकर पढ़ती थी लेकिन भाषा ठीक न होने के कारण बहु साक्षी दोनों बेटियों को लेकर निचलौल के मकान पर रहने लगी। वह 15 फरवरी को हरिद्वार से निचलौल आई थी। घटना के दिन सुबह 8:00 बजे साक्षी से मेरी बात भी हुई। उसके बाद मेरी पौत्री अपेक्षा से बात हुई, उसने कहा कि बाबा मेरे लिए फ्रॉक और थरमस लेकर आइएगा। मैंने उसके लिए उसी दिन थरमस और कपड़ा खरीद लिया। 23 मार्च को पूरा परिवार एक साथ घर पर जुटने वाला था, लेकिन उसी दिन घटना घट गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का सीन क्रिएट किया : नगर के घोड़वार्ड में मां के द्वारा दो बेटियों की गला काटकर हत्या किए जाने के मामले में शनिवार को पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिस कमरे में आरोपिता ने अपने बेटियों को गला रेतकर हत्या की थी दोपहर 12:00 बजे उसका ताला खुलवाया और जांच के दौरान सीन क्रिएट कर पूछताछ की।

171 फरियादी पहुंचे , 27 को मिला न्याय

संपूर्ण समाधान दिवस : शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिए निर्देश

जागरण टीम, महराजगंज: जिले की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 171 फरियादी अफसरों के पास फरियाद लेकर पहुंचे। इसमें से महज 26 का निस्तारण हुआ। 145 फरियादियों को निराश लौटना पड़ा।

फरेंदा में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस में डीएम और एसपी नहीं पहुंचे। उपजिलाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी। इस दौरान 93 मामले आए, जिसमें 17 का निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 16 मामले आए। इसमें एक का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि दो मामलों में मौके पर टीम भेजकर निस्तारित कराया गया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें।

बैसार निवासी रामनरेश ने बताया कि वरासत को लेकर लेखपाल के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन वह ध्यान नहीं दे रहे हैं। फरेंदा के सिधवारी टोला तुलसीपुर निवासी प्रहलाद चौरसिया ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस दौरान तहसीलदार कर्ण सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, थानाध्यक्ष अंकित सिंह, एक्सीएन चंद्रेश उपाध्याय, रेंजर अनुज तिवारी मौजूद रहे। निचलौल में उपजिलाधिकारी मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल सात मामले सुनवाई के लिए पंजीकृत किए गए, जिसमें एक भी मामले नहीं निस्तारित हो सके। तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, खंड विकास अधिकारी शमा सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी आनंद मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। नौतनवा में एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें 62 मामले आए। छह निस्तारित किए गए। तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सौरभ आदि मौजूद रहे।

चोरों ने खंगाल लिया खाली घर

जासं, आनंदनगरः नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर सात औद्योगिक नगर में मुख्यद्वार का ताला तोड़कर मकान में घुसे चोरों ने आभूषण और नकदी समेट लिया। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

सिद्धार्थनगर जनपद के लोटन थाना क्षेत्र निवासी जगदीश प्रसाद मिश्र नगर पंचायत आनंदनगर के औद्योगिक नगर में मकान बनवा कर रहते हैं। 20 फरवरी को वह स्वजन के साथ किसी कार्य से दिल्ली चले गए। 14 मार्च को पड़ोसियों ने उन्हें घर के मुख्य द्वार का ताला टूटने की जानकारी दी। सूचना पर गुरुवार की रात 10 बजे जब वह घर आए तो मकान के अंदर का नजारा देखकर अवाक गए। घर के अंदर अलमारी व बाक्स का ताला टूटा और उसमें रखा सामान कमरे में बिखरा हुआ था। जेवरात एवं नकदी गायब थे।

पचरुखियां कांड के दोषियों को सजा दिलाने का लिया संकल्प : महराजगंज : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के नेतृत्व में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने पचरुखिया गांव में इकठ्ठा होकर 1999 में हुए गनर हत्याकांड मामले में न्याय मिलने तक सघर्ष करने का संकल्प लिया। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि पचरुखिया में हुई गनर सत्य प्रकाश की हत्या के मामले में मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन आजतक दोषियों को सजा नहीं मिल सकी। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने भी इस बात का समर्थन किया ।

हत्या के 12 वर्ष पुराने मामले में तीन आरोपितों को हाईकोर्ट ने किया दोषमुक्त

जासं, घुघली: वर्ष 2018 में घुघली बुजुर्ग में हुई हत्या में जिला न्यायालय महराजगंज द्वारा तीन आरोपितों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा मामले में हाईकोर्ट ने तीनों आरोपितों को दोषमुक्त करार दे दिया है। जिसके बाद तीनों को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया है।

वर्ष 2012 में घुघली बुजुर्ग गांव में विवाहिता गुड़िया की रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में उसके घर वालों ने उसके पति संतोष के अलावा उसके ससुर राधे जायसवाल, देवर मुन्ना जायसवाल, देवरानी सीता देवी और सास कोशिल्या के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के बाद जिला न्यायालय ने मामले में वर्ष 2014 में पति को घटना के समय विदेश में होने को आधार मानते हुए बरी करते हुए शेष चार आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

विवाहिता की मृत्यु, पति समेत छह पर मुकदमा

जासं, आनंदनगर: फरेंदा के उदितपुर पिपरौली गांव में शनिवार की सुबह बंद कमरे में छत की कुंडी से लटका विवाहिता का शव मिला। मृतका के भाई ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। उदितपुर

आचार संहिता लागू होते ही हटाए गए बैनर-पोस्टर

नगर में डीएम व एसपी की मौजूदगी में हुई कार्रवाई, आचार संहिता का अनुपालन कराने के दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, महराजगंज: लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ लागू हुई आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सामेंद्र मीना सहित विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारी सड़क पर उतर आए। इस दौरान सार्वजनिक भवनों, बिजली के खंभों व दीवारों पर लगे राजनीति प्रचार के करीब एक हजार बैनर-पोस्टर हटवाए गए।

आचार संहिता लागू होते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मार्ग से मऊपाकड़ तिराहे तक होर्डिंग, स्टैंडी, बैनर, पोस्टर सहित विभिन्न राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाया। जिलाधिकारी ने एसडीएम और अधिशासी अधिकारी को चरणबद्ध तरीके से सभी राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाने और आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करवाने का निर्देश दिया। एसडीएम रमेश कुमार और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आलोक कुमार ने गोरखपुर रोड, शिकारपुर, पुरैना खंडी चौरा, भिटौली, फरेंदा रोड, निचलौल रोड और चौक रोड पर व्यापक अभियान चलाते हुए देर रात तक राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाया। इसके बाद वाल पेंटिंग आदि को भी हटाया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर आभा सिंह, कोतवाल राहुल शुक्ला मौजूद रहे। नगर पंचायत बृजमनगंज की ईओ सुरभि मिश्रा के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मियों ने धानी रोड, कालेज रोड, रेलवे स्टेशन चौराहा, कोल्हुई तिराहा सहित अन्य स्थानों से राजनीतिक होर्डिंग्स व पोस्टरों को हटवाया।

निचलौल के एसडीएम मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बैनर, होर्डिंग, पोस्टर हटवाया गया। तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव, इंचार्ज प्रशांत दुबे सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में करीब एक हजार बैनर पोस्टर हटवाए गए हैं। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा।



सवसेना चौक पर बैनर पोस्टर हटाते कर्मचारी • जागरण



महराजगंज में बैनर पोस्टर हटवाते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक • जागरण

निष्पक्ष चुनाव के लिए पदीय दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करें अधिकारी : डीएम

जासं, महराजगंज: लोकसभा चुनाव सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने चुनाव संबंधी सभी समितियों के नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें पार्किंग, पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोस्टल बैलेट, बूथों पर जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने कहा सभी अधिकारी निष्पक्ष और प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निर्वाचन के लिए गठित सभी समितियों को सक्रिय करने का भी निर्देश दिया। कहा ईवीएम/वीवी पैट के परिवहन और प्रयोग में पूरी पारदर्शिता बरतने के साथ ही राजनीतिक दलों सहित सभी को विश्वास में लेकर कार्य करने की सलाह दी। कहा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से राजनीतिक विज्ञापनों/ प्रचार सामग्रियों को तत्काल हटवाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन की पारदर्शिता, शुचिता और निष्पक्षता से कोई समझौता किसी भी परिस्थिति में कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि चुनाव की शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को सतर्कतापूर्वक जांच लें और नियमानुसार ही कार्रवाई करें। एसपी सोमेंद मीना, सीडीओ संतोष कुमार राय, एएसपी आतिश कुमार सिंह, एसडीएम रमेश कुमार, मदन मोहन वर्मा, पंकज कुमार तथा एआर कोआपरेटिव सुनील गुप्ता, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल सहित विभिन्न टीमों के नोडल/ सहायक नोडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

जिले में एक जून को होगा मतदान, आचार संहिता लागू

19,94,793 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग, आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने हटवाए होर्डिंग-बैनर, डीएम व एसपी ने किया भ्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी। सातवें चरण में एक जून को महराजगंज लोकसभा के 19,94,793 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने मुख्यालय मार्ग से मऊपाकड़ तिराहे तक होर्डिंग, कट आउट, बैनर, पोस्टर सहित विभिन्न राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाया।

ईओ आलोक कुमार मिश्रा ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद डीएम के निर्देश पर गोरखपुर रोड, फरेंदा रोड, निचलौल रोड और चौक रोड पर व्यापक अभियान चलाते हुए राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाया गया है। पुलिस के साथ प्रशासन की टीम ने जिले में अलग-अलग स्थानों पर भ्रमण कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। सभी टीमों को सतर्क कर दिया गया है। चुनाव से जुड़े सभी कार्यों का पर्यवेक्षण किया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्र से लेकर जिले में सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी की जा रही है।

सिस्वा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार, सिस्वा नगरपालिका प्रशासन पुलिस ने नगर क्षेत्र के बिजली खंभों और दीवारों पर लगे पोस्टरों को हटवाना शुरू कर दिया। अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार और चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका कर्मियों ने नगर में खंभों और दीवारों से राजनैतिक दलों के पोस्टर, वाल पेंटिंग आदि को हटवाना शुरू कर दिया।

ठठीबारी प्रतिनिधि के अनुसार, कस्बे के गली, तिराहे, चौराहे पर लगे बड़े-बड़े होर्डिंग, बैनर पोस्टर को उतरवा दी। ठठीबारी प्रभारी कोतवाल नीरज राय ने आदर्श आचार संहिता के बारे में जानकारी दी।

बृजमनगंज प्रतिनिधि के अनुसार, क्षेत्र के विभिन्न सरकारी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों से सरकारी बैनर व पोस्टर को हटाए गए। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में लगे होर्डिंग और पोस्टर भी नगर पंचायत कर्मियों द्वारा हटवाया गया। जिसमें अधिशासी अधिकारी सुरभि मिश्रा ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में कार्रवाई की गई है।

परसामलिक प्रतिनिधि के अनुसार, थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार के नेतृत्व में आचार-संहिता लगते ही परसामलिक थाना क्षेत्र विभिन्न चौक चौराहों पर लगे राजनीतिक दलों के पोस्टर को हटाया गया।

सेखुआनी, पेड़ारी, महदेईया, जमुहानी, गंगापुर, सेवतरी, अहिरौली, कुकेसर, असुरैना, तरैनी, कोहरगड्डी, परसामलिक आदि चौक चौराहे से राजनीतिक दलों के पोस्टर को हटाया गया।



दुर्गा मंदिर के पास सड़क पर लगे पोस्टर हटाते नपा कर्मी। संवाद



पोस्टर को ट्रॉली पर लादकर ले जाते नगर पालिका के कर्मी। संवाद

29 पर गुंडा एक्ट में हुई कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि अभी तक 118 लोगों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। 29 आरोपितों को गुंडा एक्ट की कार्रवाई के बाद जिला बदर किया जा चुका है। इस दौरान जिले में आने के बाद पकड़े जाने पर पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। गैंगस्टर एक्ट के पांच केस में 25 लोगों पर कार्रवाई हुई है। नेपाल बार्डर क्षेत्र के सात थानों की पुलिस एसएसबी व आबकारी विभाग से समन्वय बनाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

सियासी पार्टियों के चुनाव कार्यालय में हलचल नहीं





फरेंदा मार्ग पर स्थित भाजपा का चुनाव कार्यालय। पीजी कॉलेज के सामने स्थित कांग्रेस का कार्यालय। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। सभी राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता भी सक्रिय हो गए हैं। शनिवार को शहर में भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा के चुनाव कार्यालय का नजरा बदला नजर आया। पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की भीड़ नहीं दिखी।

कांग्रेस व भाजपा कार्यालय पर कोई नजर नहीं आया। वहीं पिपरदेउरा में बसपा कार्यालय बना है, यहीं से संचालित हो रहा है। शहर में फरेंदा रोड से आगे बढ़ने पर कोतवाली से पहले समाजवादी पार्टी कार्यालय सुबह 11 बजे खुला मिला। यहां पर नौशाद, शमसुद्दीन, केशव चुनाव को लेकर चर्चा करते मिले।

जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव ने बताया कि कार्यकर्ता फील्ड में हैं। इस वजह से कार्यालय पर भीड़ नहीं है। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है।

गठबंधन से जो भी प्रत्याशी रहेगा, उसके साथ कार्यकर्ता काम करेंगे। फरेंदा रोड पर ही भारतीय जनता पार्टी का चुनाव कार्यालय मिला। यहां पोस्टर लगा हुआ था, लेकिन कार्यकर्ता नहीं मिला। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि जिला कमेटी की बैठक में सभी कार्यकर्ता शामिल रहे, इस वजह से वहां कोई नहीं मिला।

पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से तैयारी में जुटे हैं। निचलौल रोड पर जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज पर स्थित कांग्रेस पार्टी का कार्यालय बंद मिला।

जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने बताया कि कार्यकर्ता क्षेत्र में काम कर रहे हैं। पार्टी के दिशा निर्देश के अनुसार काम किया जा रहा है। वहीं बसपा का चुनाव पिपरदेउरा में मिला। जिलाध्यक्ष नारद राव ने बताया कि सभी कार्यकर्ता जुटे हैं, काम कर रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुसार काम किया जा रहा है।



सदर कोतवाली के सामने सपा कार्यालय में बैठे कार्यकर्ता। संवाद

दुष्कर्म के आरोपित की जमानत याचिका निरस्त

जासं, महराजगंज : श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर पिछले दो वर्षों से दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपित को न्यायालय ने राहत नहीं दी है।

आरोपित पक्ष की ओर से अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत में पेश किए गए जमानत प्रार्थनापत्र को निरस्त कर दिया गया है। श्यामदेउरवा पुलिस ने इस मामले में 25 फरवरी को बसहिया बुजुर्ग निवासी आफताब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था, तभी से वह जिला कारागार में निरुद्ध है। आरोपित के अधिवक्ता ने मामले में जमानत प्रार्थनापत्र उपलब्ध कराते हुए निवेदन किया था, कि आरोपित ने कोई घटना नहीं की है, और न ही पुलिस के पास इसको लेकर पर्याप्त आधार ही है।

अन्नू को नहीं आया होश, आईसीयू में भर्ती

दो बच्चियों की हत्या का मामला, चौकीदार की तहरीर पर हत्या का केस

निचलौल। शहर के घोड़हवा वार्ड की रहने वाली अन्नू उर्फ साक्षी 13 मार्च को अवसाद में आकर अपने दो मासूमों की गला काट हत्या कर दी थी। खुद भी आत्महत्या का प्रयास किया था। उसको मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। घटना के दो दिन बाद अन्नू कुछ देर के लिए होश में आई तो मौके पर मौजूद ससुर से इशारे में बात कर क्षमा मांगी। उसके कुछ ही देर बाद फिर सदमे में चली गई। उसके बाद से शनिवार देर शाम तक अन्नू को होश नहीं आया। पुलिस ने चौकीदार की तहरीर पर आरोपी मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

मेडिकल कॉलेज में अन्नू के साथ मौजूद परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक अन्नू के गले का ऑपरेशन करने के बाद शुक्रवार दोपहर में कुछ देर के लिए होश आया था। उसके बाद इशारे में बात कर सदमे में चली गई। जहां पर डॉक्टरों ने देखा की अन्नू के सिर में पिछले हिस्से में भी चोट लगा है।

उसके बाद डॉक्टरों ने तत्काल अन्नू को फिर से आईसीयू में भर्ती कर दिया। उसको अभी तक होश नहीं आया है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक मासूमों की हत्या करने वाली मां अन्नू की गले का आपरेशन कराया गया है। जो अभी बोलने में असमर्थ है। उसे होश में न आने की वजह से आईसीयू में भर्ती कराया गया है। फिलहाल घोड़हवा के चौकीदार वीरेंद्र की तहरीर पर मृत मासूमों के मां अन्नू उर्फ साक्षी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक अन्नू ठीक हो जाएगी, तो पूछताछ की जा सकती है। संवाद

दुकान से सामान लेने जा रही नाबालिग से छेड़छाड़, दो पर केस

बागापार। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित दुकान पर सामान खरीदने जा रही किशोरी के साथ दो युवकों द्वारा छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के दादा के तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध छेड़खानी एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने शनिवार को पीड़िता का स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव के एक व्यक्ति ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी नतिनी दुकान पर सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही दो युवकों ने उसकी बांह पकड़कर खींचने लगे और छेड़खानी किए।

पीड़िता के दादा की तहरीर पर पुलिस ने क्षेत्र के ही रहने वाले आशिक व सुभाष के विरुद्ध छेड़खानी व पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। संवाद

बच्चों के खेल में झोपड़ी में लगी आग जिंदा जल गया तीन साल का मासूम

खेत में रखवाली के लिए बनाई झोपड़ी में सो रहा था मासूम, बटाई में खेती करते हैं रितेश

संवाद न्यूज एजेंसी

नौतनवा। माचिस से खेल रहे सात और चार साल के दो बच्चों ने कागज में आग लगा दी। इससे आग पास की झोपड़ी में लग गई। झोपड़ी में इन्हीं बच्चों का छोटा भाई सोया हुआ था।

आग लगने के बाद दोनों बच्चे पिता को बुलाने घर गए। जब तक पिता आते आग पूरी झोपड़ी में फैल गई थी। पिता के सामने ही झोपड़ी में सोया तीन साल का मासूम जिंदा जल गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के मुताबिक, वार्ड नंबर 12 के सिद्धार्थनगर मोहल्ला निवासी रितेश मौर्य राजीव गांधी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के पूरब बटाई की भूमि पर सब्जी की खेती करते हैं। खेत में झोपड़ी डालकर वह फसल की रखवाली करते हैं। शनिवार को दोपहर बाद रितेश के तीनों बेटे सत्यम (7), शिवम (4) और सुंदरम (3) पिता के साथ खेत में गए थे। सत्यम और शिवम झोपड़ी के पास खेल रहे थे, जबकि सुंदरम झोपड़ी में सोया हुआ था। इस बीच रितेश झोपड़ी से करीब पांच सौ मीटर दूर अपने घर पानी लेने गए थे। इस दौरान सत्यम और शिवम खेलते समय माचिस से कागज जला रहे थे, जिससे झोपड़ी में आग लग गई।



झोपड़ी में जलकर तीन वर्षीय मासूम की मौत के बाद जुटे लोग। संवाद

झोपड़ी में आग लगी देखकर सत्यम अपने पिता को बुलाने घर आया था, जब तक रितेश पहुंचते आग झोपड़ी में फैल चुकी थी। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक झोपड़ी जल चुकी थी। अंदर सोया सुंदरम जिंदा जल गया था। मौके पर पहुंची सुंदरम की मां शर्मिला रोते हुए अचेत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि झोपड़ी में आग लगने से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई है। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे, इसलिए पंचनामा कराकर शव दे दिया गया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार कर दिए।

आग ने बुझा दिया घर का चिराग

नौतनवा। दो मासूम भाइयों की नादानी से घर का चिराग बुझ गया। तीन वर्षीय बच्चे की मौत के बाद मां शर्मिला बेसुध है। पिता रितेश गमगीन हैं। परिजनों का करुण-क्रंदन देख पड़ोसियों की भी आंखें नम हो जा रही हैं। बटाई पर सब्जी की खेती कर रितेश किसी तरह से अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। रोते हुए रितेश ने कहा कि मुझे नहीं पता था कि बच्चों की नादानी मुझे इतना बड़ा दर्द दे जाएगी, नहीं तो मैं घर से पानी लेने नहीं जाता। मां शर्मिला देवी कह रही थी कि यदि वह भी खेत गई होती तो शायद उनका बेटा आज उसके पास होता। यह कहते ही वह बेसुध हो गईं। आसपास के लोग परिजनों को ढांढस बंधा रहे थे। संवाद

चोरी में दो को सश्रम कारावास

महराजगंज/नौतनवा। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक ने चोरी, धोखाधड़ी तथा अन्य धाराओं में दो को तीन वर्ष का



कारावास की सजा सुनाई है। चार-चार हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अभियोजन अधिकारी प्रवेंद्र कुमार के मुताबिक 12 अगस्त 2021 को अभियुक्त वाजिद अली निवासी परसोहियां थाना नौतनवा व आदित्य यादव निवासी महरी थाना परसा मलिक ने धोखाधड़ी कर चोरी किया था।

रामवृक्ष गुप्ता निवासी चड़लहा थाना नौतनवां ने पुलिस को तहरीर दिया था। तत्कालीन उपनिरीक्षक गंगा राम यादव ने चोरी करने, धोखाधड़ी करने तथा अन्य धाराओं में वाजिद अली और आदित्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। संवाद

नेपाल से नहीं रुक रही बालू की तस्करी, गिट्टी भी सरहद पार

खुली सीमा से रोजाना ट्रैक्टर-ट्रॉली से बालू और गिट्टी जबकि चार पहिया व दो पहिया वाहनों से अवैध सामग्रियों की होती है तस्करी

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। भारत-नेपाल बॉर्डर पर शराब, खाद्य सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ ही बालू एवं गिट्टी तस्करी बढ़ गई है। बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट भी बना है। इसके बावजूद बॉर्डर पर तस्करी धड़ल्ले से जारी है।

खुले बॉर्डर से रोजाना ट्रैक्टर-ट्रॉली से बालू एवं गिट्टियां जबकि चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों से अवैध सामग्रियों की तस्करी होती है। इसका खुलासा बॉर्डर पर रोजाना हो रही बरामदगी बता रही है।

शनिवार को भारत-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने मुखबिर की सूचना पर नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही दो ट्रॉली बालू और एक ट्रॉली गिट्टी बरामद की। जबकि मौके से तस्कर ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहे। सुरक्षा एजेंसियों की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत नेपाल सरहद पर अवैध धंधा और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास जारी है। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली की कुछ लोग नेपाल राष्ट्र के नवलपरासी जिला से होकर बहने वाली नारायणी नदी में बालू की खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से भारत ला रहे है।

उक्त सूचना पर बॉर्डर के पिलर संख्या 499/4 से सटे बहुआर कला गांव के पास मुख्य मार्ग का घेराबंदी कर लिया गया। इसी बीच नेपाल की ओर से भारत आती तीन ट्रैक्टर ट्रॉली दिखाई दी। जिसे रोकने का प्रयास किया गया, तो चालक अपने को घिरते देखे ट्रॉली छोड़ मौके से भाग निकले। वही टीम ट्रॉली की तलाशी ली, तो दो ट्रॉली से सफेद बालू और एक ट्रॉली से गिट्टी बरामद हुआ। जिसे कब्जे में लेकर टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



भारत नेपाल बॉर्डर पर बरामद चाइनीज लाइटर। संवाद

चकरार गांव के पास से 2600 चाइनीज लाइटर बरामद

सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने बरगदवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत भारत नेपाल बॉर्डर के पिलर संख्या 509/1 से सटे चकरार गांव के पास से 2600 चाइनीज लाइटर बरामद की । इसके साथ ही टीम ने तीन साइकिल भी पकड़ी है। सुरक्षा एजेंसियों की टीम के मुताबिक कुछ लोग साइकिल की मदद से चाइनीज लाइटर को नेपाल राष्ट्र से तस्करी कर भारत ला रहे थे। जिसे मुखबिर की सूचना पर बरामद कर लिया गया। कुल 26 गत्ते में रखी 2600 चाइनीज लाइटर के साथ तीन साइकिल भी बरामद हुई है। निचलौल कस्टम अधीक्षक रविंद्र तिवारी ने कहा कि बॉर्डर पर तस्करी रोकने के लिए तैनात सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही उनकी टीम भी लगातार प्रयास कर रही है। इतना ही नहीं पकड़े जाने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में बालू को किया जा रहा डंप

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय क्षेत्र में खनन पर रोक लगी है। ऐसे में तस्कर नेपाल के नारायणी नदी के इर्द गिर्द खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉली की मदद से बॉर्डर पार कर सीमावर्ती क्षेत्रों में बालू को डंप कर दे रहे है। फिर निचलौल शहर के अलावा गांवों में गिराकर मोटी रकम कमा रहे है। यह सिलसिला हर रोज चलता है। क्योंकि तस्करों को पता है, कि इस क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी कमजोर है। ऐसे में तस्कर इसका भरपूर फायदा उठाते हैं।

कूटरचित तरीके से करा लिया मकान का वसीयतनामा, पति की हो गई मौत

संपूर्ण समाधान दिवस में महिला ने एसडीएम के सामने सुनाई पीड़ा, 93 मामलों में 17 निस्तारित

संवाद न्यूज एजेंसी

फरेंदा। मेरे पति के पटीदारों ने इलाज कराने के बहाने तहसील में लाकर कूटरचित तरीके से मकान का वसीयतनामा करा लिया। उसके एक दिन बाद ही पति की मौत हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

यह पीड़ा धानी क्षेत्र की कानापार उर्फ रामनगर निवासी गीता देवी ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम नवीन कुमार के सामने पहुंच कर पीड़ा बयां की। जिस पर एसडीएम ने थाना प्रभारी को जांच के निर्देश दिए।

पीड़ित महिला ने कहा कि पति के मौत के बाद मकान में ताला लगा दिया गया हैं, जिससे दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ऐसे उनके नाम की संपूर्ण जायजाद पीड़िता के नाम दर्ज होना चाहिए। नगर पंचायत आनंदनगर वार्ड नंबर तीन पंचशीलनगर के सभासद गोरख प्रसाद ने वार्ड में हुए नाली निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग व मानक के विपरीत कार्य कराने का आरोप लगाया हैं। जिस पर जेई ने जांच करते हुए ठेकेदार को फिर से नाली निर्माण करने का आदेश दिया हैं, लेकिन ठेकेदार मनमानी के दम पर कार्य नहीं करा रहे हैं। मथुरानगर निवासी बिंध्याचल व बृजलाल ने वृद्धापेंशन न मिलने की शिकायत की। की जांच करने का आदेश दिया।

इस दौरान सीओ अनिरूद्ध कुमार, तहसीलदार कर्ण सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, थानाध्यक्ष अंकित सिंह, डॉ. ज्योति सिंह सहित तमाम लोग रहे।



सदर तहसील में फरियाद सुनते एसडीएम सदर रमेश कुमार। संवाद

नौतनवा में 62 मामले आए छह का निस्तारण

नौतनवा। तहसील सभागार नौतनवां में उपजिलाधिकारी नंद प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 62 मामले आए आए जिसमें से महज छह मामलों का निस्तारण मौके से किया गया। टेढ़ी निवासी बबिता सहानी ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पास पक्का मकान नहीं है। फूस के मकान में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती हैं। उनके पास राशन कार्ड नहीं है और खेती करने के लिए भूमि नहीं है। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान के नाम से राशन कार्ड है जबकि उनके पास पक्का मकान और खेती भी है, उसके बाद भी राशन कार्ड है। संवाद



बड़हरा महंथ में शराब की दुकान के सामने विरोध जतातीं महिलाएं। संवाद

देसी शराब की दुकान हटाने के लिए महिलाओं का प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

सिसवा बाजार। कोठीभार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़हरा महंथ में गांव की महिलाओं ने देसी शराब की दुकान हटवाने के लिए एक घंटे तक प्रदर्शन किया। कोठीभार पुलिस ने किसी तरह से समझा-बुझाकर उन्हें हटाया।

शनिवार की दोपहर में महिलाओं ने गांव के बाहर सड़क पर स्थिति देसी शराब की दुकान के सामने हंगामा करने लगी। महिलाओं ने कहा कि शराब की दुकान के कारण महिलाओं और छात्राओं का आना-जाना दूभर हो गया है। सुबह से लेकर रात 12 बजे तक दुकान खुली रहती है। यहां शोहदे बैठे रहते हैं। आने-जाने वाली महिलाओं व स्कूल जाने वाली लड़कियों से छेड़खानी करते हैं, विरोध करने पर मारपीट पर उतारु हो जाते हैं।

महिलाओं ने कहा कि जबतक शराब की दुकान नहीं हटेगी तब तक हम लोग चैन से नहीं बैठेंगे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह के अनुसार महिलाओं को समझा कर मौके से भेज दिया गया है। प्रदर्शन में बिंदु, तारा, शीला, सरोज, सरिता, संगीता, शांति, सुभावती, पूनम, सीमा, गीता, विमला, सविता, सल्हनता, मीना, भगवती आदि शामिल रहीं।

लड़की भगाने के आरोप में एक पर केस दर्ज

मिठौरा। सिंदुरिया क्षेत्र के एक ग्राम सभा निवासी व्यक्ति ने अपनी पुत्री को दूसरे ग्राम सभा निवासी व्यक्ति पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। लड़की के पिता की तहरीर के अनुसार, युवकी एक महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। प्रतिदिन दूसरे ग्राम सभा की रहने वाली एक सहेली के साथ कॉलेज आती-जाती थी। सहेली का भाई 14 मार्च को शादी का झासा देकर बहला-फुसलकर बाइक पर बैठकर भगा ले गया। संवाद

घर के सामने से बाइक चोरी

भिटौली। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा किशुनपुर निवासी संजय जायसवाल की मोटरसाइकिल बरामदे से चोरी हो गई। संजय जायसवाल ने स्थानीय थाने पर चोरी होने की सूचना दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता के अनुसार तहरीर मिली है। संवाद

धोखाधड़ी का केस दर्ज

बृजमनगंज। क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक महिला के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। तहरीर के मुताबिक कस्बा के लोहिया नगर निवासी मोनिका गौंड ने ग्रामसभा फुलमनहा के टोला भगतपुरवा निवासी सुजाता को अपना मकान छह माह पहले छह लाख रुपए में बेचने की बात तय हुई। जिसमें लगभग दो लाख रुपये उन्हें क्रेता सुजाता ने दे दिया। शेष बचे रुपये बाद में देने की बात हुई। बावजूद इसके बैनामा के बाद रुपये देने से इंकार कर दिया। सीओ अनिरूद्ध कुमार ने बताया कि सुजाता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

पिटाई का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

महराजगंज। पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतगुर के गोलघर चौराहे पर कुछ लोगों ने दो युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। इलाज के बाद थाने पर तहरीर दी तो रात में फिर से दोनों की पिटाई कर दी। घटना पास के एक सीसीटीवी में कैद हो गई। ग्राम पंचायत बेनीगंज निवासी राजू विश्वकर्मा की तहरीर के अनुसार 14 मार्च की रात नौ बजे वह और उसका दोस्त देवव्रत निवासी ग्राम पंचायत मंसूरगंज दुकान बंद कर घर लौट रहे थे कि सतगुर के गोलघर चौराहे पर कुछ लोगों ने रोककर गाली देने लगे कारण पूछने पर पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह के अनुसार, तहरीर मिली है। संवाद

फोटो के साथ छेड़छाड़ करने पर भाई-बहन पर केस

महराजगंज। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की चोरी से फोटो खींचकर फेसबुक पर गंदे गाने के साथ वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर किया है। पुलिस के अनुसार, 24 फरवरी को सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती अपने आंगन में नहा कर रही थी। उसी दौरान ससुर के छोटे भाई की लड़की ने फोटो खींचकर अपने भाई को भेज दी। युवक ने गंदे गाने के साथ अश्लील फोटो को इंटरनेट पर प्रचारित कर दिया। इसको लेकर युवती ने अपने छोटे ससुर की लड़की से पूछताछ की तो वह गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देने लगी। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह के अनुसार आरोपी लड़की व और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। संवाद

निर्वाचन के लिए गठित प्रकोष्ठों को सक्रिय करने के दिए निर्देश



कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम अनुनय झा। संवाद

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न के लिए डीएम ने की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। सामान्य लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों से उनके मुख्य कार्यों के बारे में चर्चा की।

उन्होंने पार्किंग, पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोस्टल बैलेट, बूथों पर जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था आदि के संदर्भ में निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है।

उन्होंने ईवीएम/वीवीपैट के परिवहन और प्रयोग में पूरी पारदर्शिता बरतने और राजनीतिक दलों सहित सभी हिताधारकों को विश्वास में लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से राजनीतिक विज्ञापनों/प्रचार सामग्रियों को तत्काल हटवाने का निर्देश दिया।

अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज वर्मा ने कहा कि चुनाव की शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को सतर्कतापूर्वक जांच लें और नियमानुसार ही कोई कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, एसडीएम सदर रमेश कुमार, एसडीएम मदन मोहन वर्मा मौजूद रहे।

BASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

दुर्घटना में बाइक चालक जख्मी

बस्ती (एसएनबी)। तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर एक बाइक चालक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। इस सम्बन्ध में घायल के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानान्तर्गत कुदरहा बाजार स्थित तेज रफ्तार वाहन संख्या यूपी 16 एडब्लू/ 2718 के चालक ने कुदरहा निवासी मनीष चौधरी के मोटरसाईकिल संख्या यूपी 51 बीएम/ 1268 मे जोरदार ठोकर मार दिया जिससे वह गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया तथा उसका पैर भी टूट गया। मामले में घायल मनीष चौधरी के पिता सत्यनरायन पुत्र हरीराम निवासी कुदरहा थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

शांति भंग में पांच का चालान

परशुरामपुर (एसएनबी)। उपनिरीक्षक धनेश दीक्षित, हेड कांस्टेबल जगत नरायन, कांस्टेबल अतुलेन्द्र पाल यादव एवं गोपाल राय ने शनिवार को जुड़ईपुर निवासी शिवा पाण्डेय पुत्र राजेश कुमार पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, बद्री नाथ पाण्डेय पुत्रगण प्रेमचन्द पाण्डेय, हरेवा शुक्ल निवासी मंगल प्रसाद पुत्र रामप्रसाद तथा इन्दौर माफी निवासी प्रवेश पुत्र रामधीरज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पांचों का शांति भंग की धारा में चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पायी गयी युवती

बस्ती (एसएनबी)। एक दिन पहले लखनऊ से अपने पैतृक आवास पहुंची 32 वर्षीय महिला का शव उसके कमरे के बेड पर पाया गया। संदिग्ध मौत की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव कोकब्जे मेंलेकर अन्त्य परीक्षण केलिए भेज दिया। बताया गया कि मरनेवाली पल्लवी चौधरी उर्फ स्वीटी बीटेक करने के बाद लखनऊ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। कोतवाली थाना क्षेत्र के मालवीय रोड स्थित रामेश्वर पुरी मेंशनिवार की सुबह कुछ लोगों ने एक महिला के कमरे में ही मृत पाये जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस नेमामले की पड़ताल की तो पता चला कि मरनेवाली पल्लवी चौधरी उर्फ स्वीटी (32) जो2014 से ही लखनऊ में अपने मां व भाई के साथ रहकर बीटेक करनेके बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। मालवीय रोड स्थिति जयनारायण कालोनी रामेश्वर पुरी के मकान की रखवाली करने वालेनौकर दुर्गेश नेपुलिस को बताया कि पल्लवी चौधरी शुक्रवार को ही लखनऊ से यहां आयी थी और सुबह उसका शव कमरे में मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे मेंलेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेजा गया है।

चुनाव 25 मई को जिले में 18 लाख 90 हजार 356 मतदाता

1005201 पुरुष, 885057 महिला व 98 ट्रांस जेंडर पंजीकृत मतदाता



बैठक कर जानकारी देते जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी।

बस्ती (एसएनबी)। चुनाव आयोग ने पूरे देश मेंलोकसभा के चुनावों की तिथियो का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही पूरे देश में आदर्शआचार संहिता प्रभावी हो गयी है। जिले में आगामी 25 मई को नयी सरकार के गठन केलिए लोकसभा का चुनाव होगा। छठे चरण में बस्ती मंडल में होने वाले चुनाव में 61 लोकसभा बस्ती में कुल 1890356 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें1005201 पुरुष,885057 महिला व 98 ट्रांस जेंडर शामिल हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा होने के बाद कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय नही छोड़ेगा।

उक्त निर्देश जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित निर्वाचन आयोग की प्रेसवार्ता का सीधा प्रसारण देखने के बाद उन्होने नोडल अधिकारियों को सम्बोधित किया। उन्होने कहा कि निर्वाचन से जुड़ेसभी अधिकारी-कर्मचारी आयोग के अधीन कार्य करेंगे तथा उन्हें इसका आदेश का पालन करना होगा।उन्होंने कहा कि बस्ती में 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना करायी जाएगी। उन्होने कहा कि जनपद मे स्थापित सभी राजनीतिक बैनर, होर्डिग हटाने का निर्देश दे दिया गया है। रविवार 17 मार्च को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने अधिकारियो-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से कार्य करें। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का राजनीतिक पोस्ट न डालें, अनुशासन में रहे। उन्होने बताया कि 61-बस्ती लोकसभा क्षेत्र में 307 हरैया, 308 कप्तानगंज, 309 रूधौली, 310 बस्ती सदर, 311 महादेवा (अजा) विधानसभा समाहित है। जनपद में कुल 1482 मतदान केन्द्र तथा 2151 मतदेय स्थल है। कुल 1890356 मतदाता है, इसमें से 1005201 पुरूष, 885057 महिला तथा 98 अन्य मतदाता है। 15256 दिव्यांग मतदाता है, 85 वर्ष से अधिक आयु के 12098 मतदाता है तथा 18 से 19 वर्ष आयु के 19529 मतदाता है।

1930 सर्विस मतदाता है, जनपद का जेण्डर रेसियों 880 है तथा ईपी प्रतिशत 63.73 है। बैठक में पुलिस अधीक्षक गोपाल ष्ण चौधरी, सीडीओ जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, सीएमओ डा. आरएस दुबे, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहित अहमद, सभी उप जिलाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्राजपति, सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि 2019 के लोकसभा निर्वाचन में 57 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्ट कार्ड भेजा जाएगा। जनपद के सभी 1 लाख 49 हजार प्रवासी श्रमिको को भी मतदान के लिए पोस्ट कार्ड भेजा जाएगा, लगभग 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों का वेबकास्टिंग कराया जाएगा।

विद्यालयों में गठित मतदाता क्लब को सक्रिय किया जाएगा। उन्होने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जायेंगा। लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने की कार्यवाही तत्काल शुरू कर दी गयी है। मतदान कराने के लिए कुल 11364 कर्मचारी तैनात किए जायेंगें। जनपद को 16 जोन तथा 126 सेक्टर में बाटा गया है।

पैसे के विवाद में मारपीट, तीन नामजद

बस्ती (एसएनबी)। पैसे मांगने की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला को गालियां देते हुए मारापीटा व उसका घरेलू सामान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।पुरानी बस्ती थानान्तर्गत चिकवा टोला निवासिनी शमसुन्निशा को पैसे मांगने की बात को लेकर विपक्षी शेरू, ग्यासू व वग्घू ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा उसके घर में रखा टीवी, फ्रिज व आलमारी को तोड़ कर नष्ट कर दिया। मामले में पीड़िता शमसुन्निशा पत्नी वकील अहमद निवासी चिकवा टोला थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शेरु, ग्यासु व वग्घू पुत्रगण असलम निवासीगण चिकवा टोला थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

लड़की को भगा ले गया प्रेमी, केस

बस्ती (एसएनबी)। एक लड़की के उसके प्रेमी द्वारा बहला फुसला कर अपने साथ भगा कर ले गया। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी को प्रदुम्न नाम के युवक द्वारा अपने प्रेम जाल में फंसाने के बाद उसे बहला फुसला कर साथ भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी प्रदुम्न पुत्र रामशंकर निवासी पुरउवा (पेदा घाट के पास) थाना दुबौलिया के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कप्तानगंज, हिसं। स्थानीय पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चार दिन पूर्व किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस दुष्कर्म का केस दर्ज कर मेडिकल कराई थी। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि दुबौला चौकी क्षेत्र की एक महिला ने शिकायती-पत्र देकर आरोप लगाया था।

बीडीओ, एसओ गैरहाजिर, जवाब-तलब

समाधान दिवस



समाधान दिवस मे फरियादियों के मामलों की सुनवाई करते मंडलायुक्त। • हिन्दुस्तान

हर्रैया/रुधौली। हर्रैया तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आयुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने ने बारी-बारी से पीड़ितों की समस्या सुनकर निस्तारण का भरोसा दिलाया। बीडीओ कप्तानगंज, थानाध्यक्ष दुबौलिया अनुपस्थिति मिले। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

आयुक्त ने कहाकि प्रत्येक प्रार्थना-पत्र को समयबद्ध व शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करें। यह हम सभी की पहली प्राथमिकता है। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। महिला फरियादियों के मामलों पर सख्त हिदायत देते हुए कहा कि महिला पीड़ितों की शिकायत पर त्वरित निस्तारण हो, जरूरत पड़ने पर मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर टीम बनाकर जांच कर निस्तारण किया जाए। समाधान दिवस में कुल 34 मामले आए। जिसमें सर्वाधिक राजस्व विभाग 16, पुलिस आठ, विकास सात और विद्युत विभाग से सम्बंधित तीन मामले आए। पांच मामले का अभिलेखीय परीक्षण कर निस्तारण किया गया है। न्यायिक एसडीएम मनोज प्रकाश, तहसीलदार अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार शौकत अली, विजय गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक रमेश वर्मा, मधु सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

रुधौली में चार मामले निस्तारित : संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन रुधौली तहसील में किया गया। अध्यक्षता तहसीलदार रवि यादव ने किया। समाधान दिवस में 23 मामले आए, जिसमें से चार मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। नायब तहसीलदार नीरज सिंह, खंड विकास अधिकारी विनय द्विवेदी, बीईओ अशोक गौतम, पशुचिकित्साधिकारी डॉ. रितेश गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक शैलेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

पत्थर की घिसाई कर रहे मजदूर की करंट से मौत

वाल्टरगंज, हिसं। क्षेत्र के भरौली बाबू गांव निवासी मजदूर मनीष यादव (30) की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मनीष यादव मशीन से पत्थर की घिसाई का काम करता था।

शनिवार को दिन कोतवाली क्षेत्र के एक निर्माणाधीन मकान में लगाए गए फर्श के पत्थर की घिसाई करने आया था। बताते हैं कि मकान में पत्थर की घिसाई के दौरान ही उसकी मशीन में करंट उतर गया। बिजली की चपेट में आ जाने पर उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। करंट लगने हुई मौत के मामले में पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी है।

मारपीट की घटनाओं में 16 पर केस

बस्ती। आपसी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने 16 लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की है। लालगंज थानाक्षेत्र के कैथवलिया इंटर कॉलेज में रंजिश को लेकर छात्र अमित को गांव के ही हरिओम, सौरभ, मुंडेरवा क्षेत्र के बायपोखर निवासी अखिलेश, जोगिया निवासी विपिन व पांच अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने दलित उत्पीड़न, धमकी मारपीट का केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुरानी बस्ती क्षेत्र के चिकवा टोला मोहल्ले में शमसुन्निशा को पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर मोहल्ले के ही शेरु, ग्यासू व बग्घू ने घर में घुसकर महिला की पिटाई कर दी। रुधौली क्षेत्र के मदरहना में खेत में बकरी के चरने को लेकर गुलाबी देवी को गांव के ही प्रकाश, इसलावती, गुड़िया व मनीता ने मिलकर पिटाई कर दी।

किशोरी को किया अगवा, केस दर्ज

बस्ती। कलवारी क्षेत्र से 16 वर्षीया किशोरी के अगवा कर लिए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर पुरउवा, पेंदाघाट, दुबौलिया निवासी प्रदुम्न के खिलाफ केस दर्ज किया है।

हर एक बूथ पर रहेंगे पुलिस के 10 मददगार

- समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों का दर्ज किया गया विवरण
- पोलिंग बूथों की हर गतिविधियों की जुटाई जा रही जानकारी

बस्ती, निज संवाददाता। संसदीय चुनाव को सकुशल निपटाने के लिए जिले के 2151 पोलिंग बूथों का मैनेजमेंट प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत हर बूथ पर पुलिस की मदद के लिए 10 लोग तैनात होंगे। इनके माध्यम से बूथ की हरेक गतिविधि के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी।

इसके लिए थाना प्रभारी बूथों की सुविधाओं का आकलन कर समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों का विवरण व मोबाइल नंबर मददगार बनने को जुटा रहे हैं। इसके लिए थाना स्तर पर मतदान केंद्र, मतदेय स्थल की संख्या, लोकसभा क्षेत्र का नाम, विस का नाम, कुल मतदाता, हिंदू मतदाता, मुस्लिम मतदाता, एससीएसटी मतदाता, महिला मतदाता, पुरुष मतदाताओं की संख्या दर्ज की जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिगत ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की बटालियन पहले ही जिले में पांच मार्च को ही पहुंच चुकी है। पुलिस अधिकारी अर्धसैनिक बलों को लेकर संवेदशील क्षेत्रों में लगतार दस दिनों से एरिया डोमिनेशन कर रहे हैं।

तेजी से जोड़े जा रहें ग्राम पंचायत वार नाम : एडिशनल एसपी ओपी सिंह ने बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों व वार्डो में समाज के सभी वर्गों से जुड़े लोगों को बीट पुलिस अधिकारी सी प्लान एप से जोड़ रहे हैं। चुनाव में बूथ वार किसी भी तरह की घटनाओं को नियंत्रित करने में इनकी अहम भूमिका रहेगी।

एएसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

हर्रैया। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने शुक्रवार को रात्रि हर्रैया थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने के वांछित चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी करने व साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय का निरीक्षण किया। रजिस्टर जांच करने दौरान दीवान को अभिलेखों को ठीक से रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने हवालात व महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया।

उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर तैयारियों एवं रात्रि ड्यूटी की समीक्षा कर प्रभारी निरीक्षक को दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान पवन यादव, विश्व जीत विश्वकर्मा, रामसकल यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक से फिर हुई डीजल चोरी

- ट्रक के टैंक में था 150 लीटर डीजल, चोरों ने चुराया
- पखवारे भर पहले पुरानी बस्ती क्षेत्र से हुई थी डीजल चोरी

सल्टौआ/साउंघाट। हाईवे पर ट्रक से डीजल चोरी की घटनाएं जिले में बढ़ती जा रही हैं। अभी पुरानी क्षेत्र में पखवारे भर पहले डीजल चोरी की घटना का खुलासा नहीं हो सका। गाड़ी से डीजल चोरी की दूसरी घटना सोनहा क्षेत्र में सामने आ गई। क्षेत्र के डुमरियागंज रोड पर मलपुरवा गांव के पास पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक से अज्ञात चोरों ने डीजल के टंकी का ताला तोड़कर डीजल चोरी कर लिया।

पीड़ित ट्रक चालक सुबह उठा तो देखा तो डीजल के टंकी का ताला टूटा है। टंकी में मौजूद 150 लीटर डीजल गायब था। पीड़ित ने इसकी सूचना सोनहा पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी जनपद के नीमगांव थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी ट्रक चालक मनोज ट्रक में माल लोडकर असाम से उत्तराखंड जा रहा था। शुक्रवार की रात एक बजे पेट्रोल पंप पर ट्रक खड़ी कर ट्रक में सो गया था। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।



प्रभारी निरीक्षक गौर के साथ फ्लैग मार्च करते अर्धसैनिक बल के जवान।

बभनान में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर और चौकी प्रभारी धर्मेंद्र तिवारी ने अर्धसैनिक बल के साथ बभनान के सभी वार्डो में फ्लैग मार्च किया और आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया।

प्रभारी निरीक्षक ने जनता से भयमुक्त तरीके से चुनाव में भागीदारी करने की अपील की गई है। साथ ही आम जनमानस से अपील की अफवाहों पर ध्यान न दें। इस दौरान उपनिरीक्षक राजेंद्र यादव व अरविन्द शाहनी, आरक्षी लवकुश यादव, आतिश कुमार, रमेश आदि मौजूद रहे।

छेड़खानी में कोर्ट ने दिया केस दर्ज करने का आदेश

बस्ती, निज संवाददाता। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वर्मा की अदालत ने 13 वर्षीय बालिका के साथ छेड़खानी के प्रकरण में मुकदमा दर्ज करने का आदेश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दिया है।

न्यायालय ने इस मामले को गंभीर बताते हुए बालिका के पिता की ओर आरोपित को सहयोग करने पर उसके विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अधिवक्ता के जरिए कोर्ट में प्रार्थना-पत्र देकर कहा कि उसके गांव का रमजान अली दबंग किस्म का है। जो पीड़िता के 13 वर्षीय बेटी पर बुरी नजर रखता है। 24 दिसंबर 2023 को सायं सात बजे महिला अपनी बेटी संग कमरे में सोई थी। शराब के नशे में रमजान अली आया और बेटी से छेड़खानी करने लगा, शोर करने पर महिला का पति शाह आलम भी आ गया। शाह आलम बेटी की रक्षा करने के बजाय रमजान के साथ मिलकर पीड़ित महिला और बेटी को ही पीटने लगा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटी को बचाया। रमजान ने कहा कि मैंने गंदा वीडियो बनाया है यह वीडियो मैंने शाह आलम के कहने पर ही बनाया है। न्यायालय ने प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज निष्पक्ष विवेचना का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है।

संदिग्ध हाल में प्रतियोगी छात्रा की मौत

सनसनी

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के रामेश्वरपुरी मोहल्ले में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ने संदिग्ध हालत में फंदे से लटक कर जान दे दी। अभी एक दिन पूर्व शुक्रवार को लखनऊ से अपने घर बस्ती आई थी। अपने भाई और मां के पास लखनऊ में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती थी। शहर कोतवाल ने विजय कुमार ने बताया कि थानाक्षेत्र के रामेश्वरपुर निवासनी पल्लवी चौधरी उर्फ स्वीटी (31) की लाश को उनके घर बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया देखने से फंदे से लटक कर मौत की घटना सामने आ रही है।

फिलहाल शव का पंचनामा भरवा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पल्लवी के मौत की वजह सामने आ सकेगी। कोतवाल ने बताया कि पल्लवी के शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया कि पुलिस की ओर से सभी पहलुओ पर जांच-पड़ताल की जा रही है। शहर में प्रतियोगी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है। पल्लवी के पिता की पहले की मृत्यु हो चुकी है।

सुसाइड नोट नहीं मिलने पर सवाल: कोतवाल क्षेत्र के जिस कमरे में पल्लवी का शव मिला है, वहां पर कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना से एक ही दिन पूर्व शाम को अकेले पल्लवी का बस्ती स्थित घर आना सवाल खड़ा कर रहा है। हालांकि पुलिस अभी इसे आत्महत्या का प्रकरण मानकर जांच कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए।

गौरतलब है कि पुलिस के आने से पहले ही शव को फंदे से उतार लिया गया था।



कोतवाली क्षेत्र के रामेश्वरपुरी मोहल्ले में पल्लवी के घर पंचनामा भरती पुलिस।

मोबाइल से खुल सकता है मौत का राज

प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मौके पर किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिसके कारण प्राथमिक तौर पर मामला आत्महत्या का लग रहा है। लेकिन किसी दूसरी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लिहाजा वास्तविकता के लिए मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

25 मई को बस्ती लोकसभा सीट पर होगा मतदान, जिले के 1482 मतदान केंद्रों पर बने 2151 बूथों पर डाले जाएंगे वोट

जिले में 18.95 लाख वोटर डालेंगे वोट

सत्ता संग्राम



बस्ती लोकसभा सीट से संबंधित जानकारियां देते डीएम अंद्रा वामसी, एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी। ● हिन्दुस्तान

बस्ती, निज संवाददाता। सामान्य लोकसभा चुनाव में बस्ती सीट पर 1895052 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 10 लाख सात हजार 687 पुरुष और आठ लाख 87 हजार 269 महिला मतदाता हैं। इसके अलावा 96 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। यह सभी जिले के 1482 मतदान केंद्रों पर बने 2151 बूथों पर वोट डालेंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम अंद्रा वामसी ने दी।

डीएम अंद्रा वामसी ने बताया कि 24 घंटे में सभी प्रकार के चुनावी होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि को हटाने का निर्देश दिया गया है। अब बगैर निर्वाचन कार्यालय से अनुमति लिए कोई भी प्रचार सामग्री नहीं लगाई जा सकती है। इस संबंध में रविवार को दोपहर 12 बजे सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई गई है। बस्ती लोकसभा सीट की स्थानीय अधिसूचना 29 अप्रैल को लगेगी, 25 मई को मतदान और चार जून को मतगणना होगी। बस्ती में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है।

चुनाव कराने के लिए 126 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 16 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात हैं। इनके साथ 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट और पांच जोनल मजिस्ट्रेट रिजर्व के रूप में लगाए गए हैं। सभी का प्रशिक्षण करा दिया गया है। इन्हें अपने-अपने बूथों के भ्रमण का निर्देश दिया गया है। आरओ व एआरओ को निर्देश दिया गया है कि वह क्रिटिकल और वर्नेरिबल बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक प्रबंध करें।

डीएम ने कहा कि बस्ती जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रवासी मजदूरों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए, कार्य किया जाएगा। बस्ती में प्रशिक्षण के लिए 90 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। 325 माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की जा रही है।

डीएम ने बताया कि स्टैटिक टीम, फ्लाइंग स्क्वायड टीम और आय-व्यय टीमों का गठन हो गया है। सभी को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण भी दिला दिया गया है। पीस कमेटी की बैठक जल्द की जाएगी। बस्ती में पांच मई को बस्ती में पर्यवेक्षकों के पहुंचने की संभावना है। ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया जा चुका है। दूसरा रेंडमाइजेशन निर्धारित समय पर होगा। स्ट्रांग रूम मंडी परिषद को बनाया गया है। डीएम ने कहा कि चुनाव को पारदर्शी तरीके से कराया जाएगा। इसके साथ कोई समझौता नहीं होगा।

11364 कार्मिकों की बूथों पर होगी जरूरत : डीएम अंद्रा वामसी ने बताया कि मतदान अधिकारी प्रथम से लेकर पीठासीन अधिकारी तक 2151 बूथों पर 11364 कार्मिकों की जरूरत होगी। उसके साथ रिजर्व लगाए जाएंगे। 12283 कार्मिकों की सूची तैयार कर ली गई है। प्रशिक्षण व स्वीप का काम सीडीओ देखेंगे। इसके लिए किसान पीजी कॉलेज और किसान इंटर कॉलेज को चुना गया है। सभी कार्मिकों को निर्देश है कि वह सोशल मीडिया या किसी अन्य फोरम पर अनावश्यक टीका टिप्पणी नहीं करें।

बिना अनुमति नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय : डीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश है कि वह बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। अधिकारियों को समक्ष अधिकारी से अनुमति लेना होगा तो कार्मिकों को अपने विभागाध्यक्ष से अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम संतलाल बिना सूचना के मुख्यालय के बाहर हैं, उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। सभी शस्त्र जमा करने का निर्देश दिया गया है। शराब व नकदी वितरण पर विशेष नजर रहेगी। अराजकतत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग की जाएगी।

बस्ती लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदाता

विधानसभा	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल मतदाता
307 हर्रैया	200681	179038	11	379730
308 कप्तानगंज	191150	171049	20	362219
309 रुधौली	226534	198474	32	425040
310 बस्ती सदर	196244	171437	27	367708
311 महादेवा	193078	167271	06	360355
कुल मतदाता	1007687	887269	96	1895052

जिले में मतदाताओं की कुल संख्या

आयु वर्ग	मतदाता
18-19	20524
20-29	354999
30-39	547216
40-49	380505
50-59	281392
60-69	185135
70-79	93984
80-89	26197
90-99	4863

छठवें चरण में चुनाव

अधिसूचना	29 अप्रैल
नामांकन	06 मई
जांच	07 मई
वापसी	09 मई
मतदान	25 मई
मतगणना	04 जून

संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में मिला युवती का शव

जागरण संवाददाता, बस्ती: कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में शनिवार को एक युवती का शव उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य संकलित किया। पुलिस के अनुसार युवती का शव कमरे में पंखे के सहारे लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवती सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी कर रही थी। शुक्रवार को ही वह बस्ती स्थित अपने आवास पर आई थी।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले परिवार के मुखिया का पहले ही मृत्यु हो चुकी है। पत्नी, बेटा और बेटी 31 वर्षीय बेटी लखनऊ में रहते हैं। बेटा लखनऊ में चिकित्सक है। उनके मकान की देखभाल एक नौकर करता है।



हर्रैया थाने पर अभिलेखों की जांच करते एएसपी ओपी सिंह ● जागरण

अभिलेखों व साफ-सफाई पर दें विशेष ध्यान : एएसपी

जासं, हर्रैया, बस्ती: अपर पुलिस अधीक्षक ओ.पी.सिंह ने शुक्रवार की रात करीब 10 बजे हर्रैया थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वांछित चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी करने व साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले हर्रैया थाना कार्यालय का निरीक्षण किया। वहां थाने से संबंधित अभिलेख चेक किया। मुख्य आरक्षी चंदन कुमार से अभिलेखों का रखरखाव बेहतर ढंग से करने का निर्देश दिया। लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं रात्रि ड्यूटी की समीक्षा कर प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान पवन यादव, रामसकल यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

हटाए गए चुनावी होर्डिंग व बैनर

जागरण संवाददाता, बस्ती: लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही शहरी क्षेत्र में नगरपालिका परिषद ने चुनावी होर्डिंग्स उतारने की कार्रवाई शुरु कर दी। शनिवार को दोपहर तीन बजे के बाद रोडवेज तिराहे पर चार जेसीबी ,ट्रक ,ट्रैक्टर ट्राली के साथ नपा कर्मी एकत्र हुए। यहां से चार टीमों में विभक्त होकर देर शाम तक होर्डिंग्स उतारते का कार्य होता रहा।

एसडीएम व प्रभारी ईओ सत्येन्द्र सिंह के निर्देशन में कर निर्धारण अधिकारी उदयभान ने चार टीमों का गठन किया। मंगल बाजार पुरानी बस्ती के प्रभारी दिनेश वर्मा, कोतवाली, जिला अस्पताल रोड, स्टेशन रोड के प्रभारी रोहित पांडेय, गांधीनगर के प्रभारी आशुतोष सिंह, मालवीय रोड के प्रभारी ललितदेव मिश्र के नेतृत्व में 20 से ज्यादा सफाई कर्मियों की टीम ने एक-एक चुनावी बैनर पोस्टर को खोज-खोज कर उतारा। दूसरी तरफ कलेक्ट्रेट में विभिन्न योजनाओं के प्रचार- प्रसार में लगी होर्डिंग्स को कर्मचारियों ने हटाया। इसी क्रम में हर्रैया व भानपुर तहसील क्षेत्र के रामनगर, नरखोरिया, असनहरा, मोहम्मनगर, पचमोहनी, सल्टौआ, पिरैला, बरगदवा में तथा हर्रैया में नगर पंचायत कर्मियों ने राजनीतिक दलों का होर्डिंग-बैनर और पोस्टर को हटवाया।



भानपुर क्षेत्र में होर्डिंग, बैनर एवं कट आउट हटाते कर्मी साथ में नायब तहसीलदार पंकज कुमार गुप्ता, तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव व अन्य ● जागरण

न्यायालय ने प्रभारी निरीक्षक को मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

जागरण संवाददाता,वस्तीः विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डा. अमित वर्मा ने 13 वर्षीय बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दिया है। न्यायालय ने गंभीर मामले में बालिका के पिता द्वारा आरोपित को सहयोग करने पर उसके विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अजय कुमार दुबे एडवोकेट के माध्यम से अदालत में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। इसमें कहा कि कोतवाली क्षेत्र में ही उसका घर पड़ता है। उसके गांव का एक दबंग किस्म का व्यक्ति है। 24 दिसंबर 2023 को शाम सात बजे महिला अपने पुत्री के साथ कमरे में सोई थी। शराब के नशे में युवक आया और उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा। शोर करने पर महिला का पति भी आया। उसने अपने पुत्री की रक्षा करने के बजाय उस युवक के साथ मिलकर पीड़ित महिला और पुत्री को ही मारने पीटने लगे। शिकायतकर्ता ने 1090 पुलिस को फोन किया। पुलिस ने आकर जान बचाई। न्यायालय ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

अवैध पैथालाजी व अल्ट्रासाउंड केंद्रों को हटाने की मांग

जासं, हर्रैया, वस्ती: हर्रैया कस्बा व आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप संचालित पैथोलाजी व अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ शनिवार को ग्रामीण लामबंद हो गए। इसके बाद हर्रैया सीएचसी अधीक्षक डा.बृजेश शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर कर अवैध संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। ग्रामीण बजरंगी वर्मा, सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि हर्रैया सीएचसी क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध पैथालाजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित किए जा रहे हैं।

घूस लेने के आरोप में हेड कांस्टेबल निलंबित

जासं,मुंडेरवा,बस्ती: पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने मुंडेरवा थाने पर तैनात एक हेड कांस्टेबल को घूस लेने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एक प्रसारित वीडियो में उसे घूस लेते देखा गया है। इसी आधार पर कार्रवाई की गई है।

मुंडेरवा थाने के हल्का नंबर एक में तैनात हेड कांस्टेबल कृष्णानंद तिवारी का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा था। वीडियो में हेड कांस्टेबल लाल रंग की बाइक पर बैठकर एक व्यक्ति से रुपये ले रहा है। उसी समय किसी ने वीडियो बनाकर उसे इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया। आरोप है कि इस गांजा बेचने को हेड कांस्टेबल संरक्षण देता है। वीडियो के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने आरोपित हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। जागरण प्रसारित वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

55 लोगों के पास सिर्फ लाइसेंस, शस्त्र नहीं

जागरण संवाददाता, वस्ती: लाइसेंस लेने के तीन माह के भीतर शस्त्रों की खरीद जरूरी है, बावजूद जनपद के 55 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने लाइसेंस तो ले लिया है, लेकिन शस्त्र नहीं खरीदा। ऐसे लोगों का लाइसेंस अब निरस्त होगा। इसके पहले भी 41 ऐसे लोगों के लाइसेंस रद किए गए हैं, जो किसी न किसी मुकदमे में वांछित थे। जिले में कुल 7161 लाइसेंस हैं। इनमें से 7106 लोगों के पास शस्त्र हैं, जो जमा कराए जाएंगे।

लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी एवं अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र ने जिले में शस्त्रों के बारे में समीक्षा की।

जिसमें यह बात सामने आई कि तमाम ऐसे लोग हैं, जिन्होंने लाइसेंस तो ले लिए, लेकिन उन्होंने अभी तक असलहे नहीं खरीदे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित पटल सहायक को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लोगों ने तीन माह से अधिक समय से लाइसेंस लिए हैं, उनके लाइसेंस रद करने की जरूरत है। ऐसे लोगों को लाइसेंस लेने की कोई जरूरत नहीं है, जिन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता नहीं है।

समीक्षा के दौरान कुल 55 ऐसे लाइसेंस सामने आए, जिन्होंने शस्त्र खरीद की कोई सूचना नहीं दी है।

जिसमें सर्वाधिक कोतवाली क्षेत्र के 16 लोग हैं। पुरानी बस्ती में दो, नगर में आठ, लालगंज में एक, मुंडेरवा में छह, वाल्टरगंज में दो, रुधौली में चार, कलवारी में पांच, हर्रैया में चार, छावनी में एक, पैकौलिया में दो, दुबौलिया में एक, परशुराम पुर में तीन ऐसे लोगों का लाइसेंस मिला है, जिन्होंने अभी तक शस्त्र की खरीद नहीं की है।

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जिले में जितने भी शस्त्र लाइसेंस धारक हैं, उन सभी के शस्त्र संबंधित थानों में जमा कराने हैं। 41 लोगों के लाइसेंस कोर्ट में मुकदमों के चलते निरस्त किए गए हैं। 55 लोगों ने लाइसेंस बनवाने के बाद अभी तक शस्त्र खरीद के प्रमाण पत्र जमा नहीं किए हैं। इन सभी के लाइसेंस रद किए जाएंगे।

अन्द्रा वामसी, जिलाधिकारी

1.49 लाख प्रवासी मतदाताओं को पोस्टकार्ड भेजकर करेंगे जागरूक

मतदान 25 मई को, 1890356 मतदाता करेंगे मतों का प्रयोग

जासं, बस्ती: लोकसभा चुनाव जिले में 25 मई को कराया जाएगा। इस बार कुल 1890356 मतदाता अपने मताधिकारी का प्रयोग कर सकेंगे। इसके लिए 1482 मतदान केन्द्रों पर 2151 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इस बार 1.49 लाख प्रवासी मतदाताओं को पोस्टकार्ड भेजकर मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के बाद शनिवार की शाम जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अन्द्रा वामसी ने चुनाव के संबंध में पत्रकारों से बातचीत की। बताया कि निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी अब आयोग के अधीन कार्य करेंगे। राजनीतिक बैनर, पोस्टर होर्डिंग हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि जिले में छठवें चरण 25 मई को मतदान होना है। मतगणना चार जून को होगी। 17 मार्च को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी।कहा कि इंटरनेट मीडिया पर किसी प्रकार का राजनीतिक पोस्ट न डालें और अनुशासन में रहें। 61-बस्ती लोकसभा क्षेत्र में 307 हर्रैया, 308 कप्तानगंज, 309 रूधौली, 310 बस्ती सदर, 311 महादेवा (अ0जा0) विधानसभा समाहित है। कुल 1890356 मतदाताओं में से 1005201 पुरुष, 885057 महिला तथा 98 अन्य मतदाता है। इनमें 15256 दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 12098 जबकि 18 से 19 वर्ष आयु के 19529 मतदाता हैं। 1930 सर्विस मतदाता है। जिले का लिंगानुपात 880 है। इस बार मतदान बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्ट कार्ड भेजने की भी व्यवस्था की गई है। 1.49 लाख प्रवासी श्रमिकों को भी मतदान के लिए पोस्टकार्ड भेज अनुरोध किया जाएगा। लगभग 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों का वेबकास्टिंग कराया जाएगा। जनपद को 16 जोन तथा 126 सेक्टर में बाटा गया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी, सीडीओ जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, सभी नोडल अधिकारी मौजूद रहे।



लोकसभा चुनाव कार्यक्रम के संबंध में कलेक्ट्रेट में पत्रकारों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी अन्द्रावामसी, एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी व सीडीओ जयदेव सीएस • जागरण

ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण: लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी और पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने शनिवार को ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।

132 मामले आए, 21 का हुआ निस्तारण

संपूर्ण समाधान दिवस : हर्रैया तहसील में मंडलायुक्त एवं आइजी ने सुनीं समस्याएं

जागरण टीम, बस्ती: संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को चारों तहसील मुख्यालयों पर किया गया। इस दौरान न्याय की उम्मीद में पहुंचे अधिकांश पीड़ितों को मौके पर समस्या का समाधान न होने पर निराश लौटना पड़ा। कुल 132 मामले आए, जिनमें से महज 21 का निस्तारण हो सका। शेष मामलों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों व कर्मियों को सौंप दिया गया।

सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम अन्द्रा वामसी को पीड़ितों की सुनवाई करनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते वह नहीं पहुंच सके। इसलिए एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक ने पीड़ितों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 54 मामले आए। आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाया जाए। उन्हें बार-बार दौड़ा कर परेशान न किया जाए।



हर्रैया तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियाद सुनते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आइजी आरके भारद्वाज व अन्य • जागरण

भानपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस फीका रहा। तहसीलदार पंकज कुमार गुप्ता ने लोगों की समस्या सुनी। कुल 21 मामलों का पंजीकरण किया गया। मौके पर चार का निस्तारण कर दिया गया। रुचौली प्रतिनिधि के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार रवि यादव की अध्यक्षता में हुआ। कुल 23 मामले आए। इसमें केवल चार मामलों का निस्तारण हो सका।

हर्रैया में आयुक्त व आइजी ने सुनी फरियाद, हर्रैया: हर्रैया तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आयुक्त अखिलेश सिंह व आइजी आर.के. भरद्वाज ने भी समस्याओं को सुना। आयुक्त ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है। समाधान दिवस में कुल 35 मामले आए। जिसमें से मौके पर पांच का निस्तारण किया गया। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज से रामबहादुर निवासी सेवरा लाला थाना छावनी ने बताया कि जमीन पर पत्थर नसब में लगाए गए पत्थरों को विपक्षी द्वारा उखाड़ दिया गया। आइजी ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के लिए निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में बीडीओ कप्तानगंज व थानाध्यक्ष दुबौलिया अनुपस्थिति मिले। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम न्यायिक मनोज प्रकाश, तहसीलदार अनुराग सिंह, बीडीओ हर्रैया सुशील कुमार पांडेय, पूर्ति निरीक्षक रमेश वर्मा, मधु सिंह, बीईओ बड़कऊ वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

रिश्वत का वीडियो वायरल, हेड कांस्टेबल निलंबित

बस्ती। मुंडेरवा थाने में तैनात मुख्य आरक्षी का एक युवक से रुपये लेते हुए वीडियो शनिवार सुबह वायरल हुआ। इसे संज्ञान में लेते हुए एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने हेड कांस्टेबल कृष्णानंद तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।जानकारी के अनुसार, बाइक पर बैठकर हेड कांस्टेबल कृष्णानंद तिवारी का एक युवक से कुछ रुपये लेते हुए वीडियो वायरल हुआ। 20 सेकंड के वायरल वीडियो की पुष्टि अमर उजाला नहीं करता है। बताया जा रहा है कि मुंडेरवा थाना क्षेत्र में गांजा के धंधे से युवक जुड़ा हुआ है। एसपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया कार्रवाई की गई है। इस मामले की जांच कराई जाएगी। संवाद

पुराने विवाद में मारपीट नौ लोगों पर केस दर्ज

बस्ती। लालगंज पुलिस ने क्षेत्र के कैथवलिया इंटर कॉलेज के पास अमित को कैथवलिया निवासी नौ लोगों ने पुरानी रंजिश में जमकर पीटा।

पीड़ित के पिता गुरुप्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अमित को हरिओम चौधरी, सौरभ चौधरी, अखिलेश चौधरी निवासी बायपोखर थाना मुंडेरवा, विपिन निवासी जोगिया थाना मुंडेरवा व पांच अज्ञात लोगों ने स्कूल पास रोक लिया।

अमित को गाली देते हुए दौड़ा-दौड़ा कर मारा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। संवाद

एक सप्ताह बाद भी नहीं मिले प्रेमी युगल

महराजगंज (बस्ती)। कोचिंग सेंटर से गायब हुए प्रेमी युगल का एक सप्ताह बाद भी सुराग नहीं लगा।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का बगल के गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। नौ मार्च को युवती कोचिंग में पढ़ने महराजगंज कस्बे में गई थी। सुबह 9 बजे प्रेमी युगल वहां से फरार हो गए थे। युवती के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस तभी से प्रेमी युगल की तलाश में जुटी है। एएसपी ओपी सिंह ने कहा कि तलाश की जा रही है। लोकेशन ट्रेस कर शीघ्र पकड़ा जाएगा। संवाद

नाबालिग को भगाने का केस

बस्ती। कलवारी पुलिस ने एक गांव की नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में दुबौलिया क्षेत्र के पुरउवा पेंदाघाट निवासी प्रद्मन पर बहला-फुसलाकर नाबालिग को भागने का केस दर्ज किया है। संवाद

बस्ती में 25 मई को मतदान, छह तक नामांकन

लोकसभा चुनाव : छह मई को नामांकन, सात को जांच और नौ मई को पर्चा वापसी की तिथि

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिले में छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा। संसदीय चुनाव की घोषित तिथि के अनुसार छह मई तक नामांकन की तिथि निर्धारित की गई है। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नौ मई को नामांकन वापसी की तिथि तय की गई है। 25 मई को मतदान के बाद चार जून को मतगणना होगी।

शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में चुनाव आयोग के ओर से दिए गए निर्देश की जानकारी डीएम, जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने देते हुए कहा कि चुनाव के लिए प्रशासन की तैयारी पूरी है। 24 घंटे के भीतर सभी स्थानों ने बैनर, पोस्टर व प्रचार सामग्रियां हटवा दी जाएंगी। इसके लिए सभी बीडीओ को निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि आयोग के निर्देश को लेकर सभी राजनीतिक दलों की बैठक 17 मार्च को बुलाई गई है। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को क्षेत्र भ्रमण के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव में 57 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार इसे बढ़ाने के लिए पूरी ताकत लगा दी जाएगी। जिले में 149085 प्रवासी मतदाता हैं।

डीएम ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार, हार्ट के मरीज, बुजुर्गों के लिए आयोग के निर्देश के अनुसार मतदान की व्यवस्था कराई जाएगी। क्रिटिकल व वेलनरेबल बूथों पर खुद नजर रखेंगे। सोशल मीडिया को अनुशासन से काम करने तथा किसी प्रकार का राजनैतिक पोस्ट न डालने को कहा है। 61-बस्ती लोकसभा क्षेत्र में 307 हर्रैया, 308 कप्तानगंज, 309 रुधौली, 310 बस्ती सदर, 311 महादेवा (अनुसूचित जाति) विधानसभा है।



कलक्ट्रेट में चुनाव की जानकारी देते डीएम अंद्रा वामसी। संवाद

डीएम व एसपी ने जांचा ईवीएम वेयर हाउस

बस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए डीएम अंद्रा वामसी व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने ईवीएम वेयर हाउस का शनिवार को निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा ड्यूटी में लगे संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को आवश्यक निर्देश दिए। संवाद

प्रचार सामग्री के प्रकाशन में मुद्रक का विवरण अनिवार्य

बस्ती। पोस्टर या अन्य प्रचार सामग्री प्रकाशित कराते समय मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम-पता लिखना अनिवार्य कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के इस निर्देश की जानकारी देते हुए डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने बताया कि जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस के स्वामियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (क) के नियमों का पालन करना होगा। मुद्रक एवं प्रकाशक के संपूर्ण विवरण के साथ पोस्टर एवं पंपलेट प्रकाशित किए जाएंगे। यह भी निर्देश दिए कि प्रिंट होने वाली प्रचार सामग्री तीन दिन के भीतर मुख्य कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण के कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि धारा 127 (क) के प्रावधानों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। संवाद

मतदेय स्थल वाले स्कूलों का एक सप्ताह के भीतर होगा कायाकल्प

बस्ती। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्धारित मतदेय स्थल वाले स्कूलों का एक सप्ताह के भीतर कायाकल्प होगा। इसके लिए डीएम ने सभी बीडीओ और बीईओ को निर्देश दिए हैं। कहा कि संबंधित विद्यालयों में टायलीकरण, फर्नीचर, शौचालय, रैंप आदि का कार्य अविलंब पूरा करा लिया जाए। शनिवार को वह कलक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों पर उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा कर रहे थे। कहा कि कायाकल्प से जुड़े कार्यों पर चुनाव के दौरान कोई रोक नहीं है। मतदान पार्टियों की सुविधा को देखते हुए यह कार्य कराए जाना आवश्यक है। कायाकल्प के बारे में सही जानकारी न देने पर डीएम ने बहादुरपुर के खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम को निर्देशित किया कि वह प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करके इन कार्यों को पूर्ण कराने में सहयोग करें। डीएम ने सभी एसडीएम एवं नगर पंचायतों एवं नगर पालिका के ईओ तथा बीडीओ को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों और बाजार से सभी प्रकार की होर्डिंग, बैनर, पोस्टर तत्काल हटाकर सुबह 10 बजे तक सूचित करें। दीवारों पर लिखे गए राजनीतिक दलों के नारों एवं चित्रों को भी समाप्त कराए। इसकी संकलित रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। संवाद

चुनावी रणभेरी बजते ही एक्शन मोड में प्रशासन, उतारे गए होर्डिंग और बैनर



बनकटी ब्लॉक मुख्यालय पर बैनर उतारते कर्मचारी। संवाद

बस्ती। लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। आचार संहिता के अनुपालन के लिए हर पहलू पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। इसी के तहत शनिवार देर शाम से जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में राजनीतिक दलों की ओर से लगाए गए होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि को प्रशासन ने उतरवाना शुरू कर दिया।

चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों की घोषणा करने के बाद सड़कों पर मय दलबल प्रशासनिक अधिकारी प्रचार सामग्रियों को हटवाने में जुट गए। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

शहर में बड़े-बड़े होर्डिंग को उतारने में कर्मियों को पसीना बहाना पड़ा। बाद में नगर पालिका से जेसीबी मंगवाना पड़ा। जेसीबी की मदद से सफाई कर्मियों ने होर्डिंग को उतारा।

शहर से गांव तक रातभर दौड़ते रहे प्रशासनिक अधिकारी

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार, बैरागल, शुकुलपुरा, चिलमा, विशेश्वरगंज आदि जगहों पर सफाई कर्मियों की मदद से होर्डिंग उतारने का सिलसिला शुरू हो गया। बनकटी प्रतिनिधि के अनुसार, ब्लॉक मुख्यालय, नगर पंचायत कार्यालय सहित महादेवा, लालगंज में होर्डिंग उतारने का कार्य शुरू हो गया।

हर्रैया प्रतिनिधि के अनुसार, आचार संहिता लागू होते ही तहसीलदार अनुराग सिंह के नेतृत्व में प्रचार सामग्री को हटाने का सिलसिला शुरू हो गया।

रात में अचानक थाने पहुंचे एएसपी

हर्रैया। एएसपी ओम प्रकाश सिंह शुक्रवार की रात अचानक थाने पर प
गए। थाना कार्यालय व कंप्यूटर रूम का निरीक्षण किया। वांछित अपरा
हुई कार्रवाई की जानकारी ली। चुनाव में विशेष सतर्कता बरतने व अरा
तत्वों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। रात करीब दस बजे एएसपी ने
कार्यालय के मुख्य आरक्षी चंदन कुमार से अभिलेख के रखरखाव की
ली। उन्होंने हवालात, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क का भी नि
किया। लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं रात्रि ड्यूटी की समीक्षा कर प्र
निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह को आवश्यक निर्देश दिए। संवाद

नाबालिग से छेड़छाड़ का केस दर्ज करने का आदेश

पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश डॉ. अमित ने दिया आदेश

बस्ती। नाबालिग से छेड़छाड़ व कपड़ फाड़ने के मामले में पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश डॉ. अमित वर्मा की अदालत ने कोतवाली पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। कोतवाली क्षेत्र की एक मोहल्ला निवासी महिला ने अधिवक्ता अजय कुमार दुबे के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि गांव के ही रमजान अली ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की।

अदालत से

पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि आरोपी आए दिनकी 13 वर्षीय बेटी से छेड़छाड़ करता है। अश्लील शब्दों का प्रयोग कर फब्तियां कसता था। इस बात की शिकायत कई बार आरोपी के पिता से की गई।

हर बार वह मारने पीटने पर आमादा हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर 2023 शाम को उनकी बेटी घर पर सो रही थी, तभी आरोपी शराब के नशे में धुत होकर पहुंचा और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर बेटी को मारापीटा और कपड़ा फाड़ दिया। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

नेपाली शराब के साथ दो महिला गिरफ्तार

कपिलवस्तु(एसएनबी)। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा और पुलिस चौकी ककरहवा के संयुक्त गश्ती दल ने सीमा स्तंभ संख्या 544 के समीप से अवैध रूप से नेपाल से भारत में लेकर आ रहे 96 बोतल नेपाली शराब के साथ दो महिला को गिरफ्तार किया है।सुचना प्राप्त हुई कि सीमा स्तम्भ संख्या 544 के पास से नेपाली शराब की तस्करी होने वाली है। सीमा चौकी ककरहवा से उप निरीक्षक कृष्णा कुमार शर्मा के नेतृत्व में आरक्षी राम सिंह मीना, दिलीप कुमार यादव, आरक्षी महिला अंकिता कुमारी, और रीना तथा पुलिस चौकी ककरहवा से उप निरीक्षक ब्रिजेश सिंह, आरक्षी संजय कुमार यादव और आरक्षी अभय कुमार के साथ संयुक्त गश्ती दल सीमा स्तंभ संख्या 544 के लिए रवाना हुए। चिन्हित स्थान के समीप पहुँचते के कुछ समय पश्चात् गश्ती दल ने देखा कि दो महिला सिर पर बोरी लादे नेपाल से भारत में आ रही है। संदेह होने पर गश्ती पार्टी द्वारा दोनों महिलाओं को रोक कर महिला कार्मिकों द्वारा पूछ-ताछ और उसके सामानों की तलाशी ली गई। जिसमें उन दोनों के पास से 28 बोतल कसौटी ब्रांड के तथा स्टार ब्रांड के 68 बोतल नेपाली शराब बरामद हुआ, जिसे नेपाल से खरीदकर भारत में बेचने के लिए अवैध तरीके से लेकर आ रही थी। गश्ती दल द्वारा कुल 96 बोतल नेपाली शराब को जब्त कर दोनों महिलाओं सहित पुलिस थाना मोहाना को सुपुर्द कर दिया गया।

हत्या में प्रयुक्त हथियार समेत अभियुक्त गिरफ्तार

खेसरहा (एसएनबी)। चार दिन पूर्व खेसरहा थानांतर्गत बौंडिहार गाँव निवासी एक युवक की हत्या में शामिल चार अभियुक्तों को आला कत्ल के साथ खेसरहा पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय भेज दिया। मुखबिर की सूचना पर शनिवार को पुलिस टीम ने सुपौली बाजार के पास से अपहरण व हत्या में शामिल जनपद सन्तकबीरनगर अंतर्गत थाना बेलहर कला के ग्राम पिपरी जंगल बेलहर निवासी 21 वर्षीय रामकेश उर्फ भल्लू पुत्र चैतू तथा 19 वर्षीय वीरेन्द्र उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र रामनयन के अलावा 25 वर्षीय विक्रम पुत्र राजेन्द्र साकिन मीरापुर थाना व जनपद उपरोक्तक ो मुअसं 40/2024 धारा 302,364,201,34 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। खेसरहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बौडिहार निवासी 23 वर्षीय रोहित का शव संतकबीरनगर जनपद के बेलहर थाना क्षेत्र से पुलिस ने विगत 10 मार्च की सुबह बरामद किया था। अपहृता रोहित का शव मिलने के बाद पुलिस उपरोक्त धाराओं में मुकदमा पंजीकृत शिद्दत से अभियुक्तों की तलाश कर रही थी। पकड़े गए अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने आला कत्ल डंडा घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल के अलावा अपहृता का मोबाइल भी बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चार अभियुक्तों को आवश्यक विधि कार्यवाई पूरी कर न्यायालय भेजा गया।

समय से निर्माण कार्यों को पूरा करने का डीएम ने दिया निर्देश

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा आयोजित जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोहिया कलाभवन में सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।बैठक में विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, सदस्य शिक्षण परिषद प्रतिनिधि विजय बहादुर चौधरी, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद ने 23 नवम्बर 2023 को सम्पन्न जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की तैयार की गयी कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या का अवलोकन करके विभागवार समीक्षा किया। सांसद ने रेलवे के अधिकारी से भीमापार अण्डर पास की स्थिति एवं खलीलाबाद- बांसी-डुमरियागंज-बलरामपुर रेल लाइन की अद्यतन स्थिति के बारे जानकारी प्राप्त किया। अवगत कराया गया कि खेसरहा रेलवे स्टेशन का टेण्डर कर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। बांसी रेलवे स्टेशन का भी टेण्डर हो गया है।भूमि के चयन की कार्यवाही चल रही है। अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभिकरण विभाग ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण योजना में जो कार्य स्वीकृत हुये हैं उनका कार्य पूर्ण करा दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 15 किमी सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण के कार्यों की निविदा प्रक्रिया में है। अधिशासी अभियंता एनएच 28 ने अवगत कराया कि ककरहवा से स्थौली तक जो सड़क खराब हो गयी थी वर्तमान में पूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग गड्ढामुक्त/ संचालित स्थिति में है तथा राजमार्ग का मरम्मत व रखरखाव कार्य निरन्तर परियोजना सम्पेक्षक द्वारा किया जा रहा है। सांसद ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि आरडीएसएस योजनान्तर्गत स्वीत कार्यों में प्रगति लाकर जर्जर तार, पोल, ट्रांसफार्मर आदि बदलने की कार्यवाही पूर्ण करायें। राजकीय नलकूपों के चाली निर्माण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि खेतों में फसल लगे होने के कारण नाली मरम्मत का कार्य फसल कटने के बाद करा दिया जायेगा। उपयुक्त उद्योग ने बताया कि जनपद में निवेशकों द्वारा कुल 237 इकाईयों में 90869 करोड़ का एमओयू किया गया है, जिसे धरातल पर उतारने के लिए सभी निवेशकों से सम्पर्क किया जा रहा है। इस बैठक में निर्धारित विभिन्न योजनाओं की कुल 44 बिन्दुओं की समीक्षा की गयी।



संबोधित करते डीएम व उपस्थित सांसद, एसपी, विधायक व अन्य।

सांसद ने जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा कर समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण करायें, जिससे 112 पिछड़े जनपदों में सिद्धार्थनगर जनपद टाप 2 से टाप 1 पर पहुंच सके।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं के कार्य का शिलान्यास हो गया है वह कार्य चलते रहेंगे। जिलाधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में जिन परियोजनाओं का कार्य चल रहा है उनको निर्धारित समय सीमा के अन्दर व गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके चौधरी, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ.एके झा,परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसी मनरेगा रवि शंकर पाण्डेय, उप कृषि निदेशक अर्विन्द विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो मुजम्मिल, उपयुक्त उद्योग दयाशंकर, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमवंश प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, जनप्रतिनिधिगण, निगरानी समिति के सदस्यगण एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

शव को ढूंढने में गोताखोरों को नहीं मिल सकी सफलता

गालापुर (एसएनबी)। विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटेहरी के 6 किशोर शुक्रवार को दोपहर में डुमरियागंज थाना क्षेत्र के गौराघाट स्थित राप्ती नदी में नहाने के लिए गए थे। उनमें से दो किशोरावस्था के बालक नदी में डूब गए। जिनकी तलाश स्थानीय गोताखोरों व पुलिस टीम के द्वारा की जा रही थी। देर शाम तक दोनों बालकों की तलाश की गई लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

गोल्हौरा थाना क्षेत्र के पटेहरी गांव के संकित गुप्ता पुत्र श्याम सुंदर, रामधनी मौर्य पुत्र कल्लू मौर्य सहित कुल 6 बालक विष्णु गुप्ता, गौरव गुप्ता, गुड्डन तथा इमरान अपने गांव से लगभग 8 किलोमीटर दूर नदी के छोर पर नहाने के लिए गए थे। इनमें से पांच बालक नदी में नहा रहे थे। इसमें इमरान नाम का बालक दूर बैठा इस दृश्य को देख रहा था। जिसमें से विष्णु सहित गौरव गुप्ता व गुड्डन तीन बालक तैर कर बाहर निकल आए। जबकि दो बालक संकित और रामधनी गहरे पानी में चले गए। घटना की सूचना पाकर परिजन नदी पर पहुंचे और पानी में डूबे बालकों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस भी सूचना पाकर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे हुए बच्चों की तलाश देर शाम तक किया गया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना पाकर उप जिला अधिकारी डुमरियागंज भी पहुंचे और घटना के संबंध में आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में तहसीलदार इटवा रबि कुमार यादव ने बताया कि डूबे बालकों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद दोनों बालकों के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

तहसील समाधान दिवस में मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान: डीएम

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। तहसील नौगढ़ में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस पर पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कैम्प में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाय।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 55 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-33, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-12, विकास के 10 मामले प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व विभाग के 2 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जैकलाल, तहसीलदार नौगढ़, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बांसी कार्यालय के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई उप जिलाधिकारी कुण्डल तथा पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई क्षेत्राधिकारी सतीश चन्द्र पाण्डेय द्वारा किया गया। उपजिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन करते हुए उपस्थिति सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें । सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के अवसर पर कुल 29 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व- के सर्वाधिक 16, पुलिस विभाग के 04, विकास के 02, विद्युत के 05, पूर्ति से संबंधित एक तथा लोनिवि से संबंधित भी एक मामला प्रस्तुत पेश आया। समाधान दिवस के अवसर प्रस्तुत किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हुआ। कार्यक्रम के अवसर पर नायब तहसीलदार राघवेंद्र पाण्डेय, तहसीलदार , बीडीओ बांसी लालजी शुक्ला, बीडीओ मिठवल चन्द्रभान उपाध्याय,बीडियो खेमसहा के अलावा पूर्ति निरीक्षक अर्चना सिंह, सीडीपीओ मिठवल व बांसी, नलकूप विभाग से रामप्रसाद चौधरी सहित सभी थानाधिकारी भी मौजूद रहे।



तहसील दिवस में मामले की सुनवाई करते डीएम,एसपी व सुनवाई करते अधिकारी।

इटवा कार्यालय के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का उपजिलाधिकारी इटवा राहुल सिंह ने तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गयी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाने की कार्यवाही करें। शिकायती प्रार्थना पत्रों को एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही करें। पिछले समाधान दिवस की समीक्षा करके लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने का उन्होंने निर्देश दिया है। इसमें सीओ पुलिस गौरी सिंह, बीडीओ इटवा, चकबंदी अधिकारी, सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, उपनिरीक्षक तथा राजस्व निरीक्षक के अलावा तमाम लेखपाल गण उपस्थित रहे।

तीन आरोपी गिरफ्तार

उसका बाजार(एसएनबी)। हत्या का प्रयास करने वाले थाना क्षेत्र के सेखुई गांव के तीन वांक्षित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। मुकामी थाना पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 43ध्2024 धारा 147, 148, 149, 307, 323, 452, 504, 506 भारतीय दंड विधान से संबंधित तीन अभियुक्तों रामलखन पुत्र झीनक, सुजीत पुत्र रामलखन एवं शिवकुमार पुत्र रामलखन थाना उसका बाजार शामिल है।

आचार संहिता लगते ही प्रशासन ने उतरवाया होर्डिग व बैनर

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। आदर्श आचार संहिता लगते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। डीएमव एसपीकी अगुवाई में शहर में हाईडिल तिराहे से पोस्टर- बैनर हटाने का कार्य शुरू किया गया। भारी पुलिसकर्मियों की मौजूं में नगर पालिका कर्मी पोस्टर- बैनर हटाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम सदर डा ललित कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इटवा कार्यालय के अनुसार लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होते ही तहसीलदार रवि कुमार यादव ने बताया कि इसका कड़ाई से पालन कराने के लिए प्रशासन दृढ़ है। राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग तथा बैनर हटवाये जा रहे हैं। सभी अधिशासी अधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक अपने क्षेत्रों में भी कड़ी नजर जरूर रखें। इस टीम में बीडीओ इटवा राजकुमार तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष कुमार तिवारी के अलवा राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार, कस्बा लेखपाल पन्ना लाल भी मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी इटवा तथा विस्फोहर टीम के साथ होर्डिंग बैनर उतरवाने का अभियान चलाया गया।

डुमरियागंज कार्यालय के अनुसार डुमरियागंज नगर पंचायत में लगे होर्डिंग व बैनर को भी उतरवाया गया। नगर पंचायत कर्मियों के सहयोग से मंदिर चौराहे से बैदौला चाराहा तक, तहसील रोड, खीरा मंडी, शाहपुर चौराहा आदि स्थानों पर खंभों व सड़कों के किनारे लगे सभी बैनरों व पोस्टरों को हटा दिया गया है। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार महबूब आलम, खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज अमित कुमार सिंह, अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव थानाध्यक्ष डुमरियागंज सहित भारी संख्या पुलिस के जवान मौजूद रहे। बढ़नीचाफा प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत बढ़नीचाफा मुख्य बाजार में भवानीगंज पुलिस ने तत्काल सक्रिय होकर सार्वजनिक स्थलों के साथ ही साथ अन्य जगहों पर लगे हुए राजनैतिक दलों के बैनर और पोस्टर को हटवाना शुरू कर दिया। इस अवसर पर एसआई बलराम गौड़, राकेश पासवान, संतोष पासवान और आकाश यादव आदि ने पूरे बाजार में नगर पंचायत कर्मियों के साथ बैनर और पोस्टर उतरवाते देखे गये।



हार्डिंग हटवाते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

बांसी कार्यालय के अनुसार आचार संहिता लागू होते ही नगर पालिका में लगे प्रत्याशियों के होर्डिंग बैनर व पोस्टर आदि उतरवाने लगे। अचार संहिता लगने की जानकारी होते ही कुछ प्रत्याशियों के समर्थक अपने बड़े- बड़े होर्डिंग उतरवाते देखे गए। तहसीलदार सहित नायब तहसीलदार राघवेन्द्र पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी सतीश चन्द्र पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक विदेश्वरी मणि त्रिपाठी के निर्देशन में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार, जमील देर शाम तक नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा बांसी में होर्डिंग आदि उतरवाने में व्यस्त रहे।

बानगंगा प्रतिनिधि के अनुसार तहसीलदार शोहरतगढ़ अजय कुमार की अगुवाई में तहसील गेट के सामने लगे बड़े बड़े होर्डिंग बैनर को जेसीबी के माध्यम से हटा दिया गया।नगर पंचायत कर्मियों ने पुलिस बूथ,मेन रोड व चेतिया तिराहा पर लगे होर्डिंग बैनर पोस्टर को हटवाया जा रहा है।इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, तहसीलदार अजय कुमार,नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक राजेश तिवारी, बीडी कसौधन, कमलेश कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, सूरज निगम आदि मौजूद रहें।

बर्डपुर प्रतिनिधि के अनुसार अधिशाषी अधिकारी नवीन कुमार सिंह,नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव,थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी द्वारा भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर में लगाए गए बैनर पोस्टर हटवाए। इस अवसर पर सूरज प्रताप सिंह, सर्वजीत, सोनू, निहाल, शम्स, कुलदीप, विशाल सहित लोग मौजूद रहे।

उसका बाजारप्रतिनिधि के अनुसार ईओ अभिनव श्रीवास्तव और सीएचओ रोहित उपाध्याय की मौजूं में बोर्ड और होर्डिंग उतरवाया गया है । ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने बताया है कि लोगो से अपील भी किया गया है और बताया गया है कि किसी भी तरह का पोस्टर होर्डिंग न लगाए और साथ में अगर कोई भी व्यक्ति अचार संघिता का उलंघन करता हुआ पाया गया तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

बस्ती मंडल में 25 मई को मतदान ■ गोरखपुर मंडल की छह सीटों पर वोटिंग 1 जून को ■ तीन राज्यों में चार चरण

पहला चरण : 19 अप्रैल (राज्य : 21)

102 सीट : उत्तर प्रदेश की कैराना, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर समेत 8 सीटें, अरुणाचल प्रदेश 2, असम 5, बिहार 4, छत्तीसगढ़ 1, मध्य प्रदेश 6, महाराष्ट्र 5, मणिपुर 2, मेघालय 2, मिजोरम 1, नगालैंड 1, राजस्थान 12, सिक्किम 1, तमिलनाडु 39, त्रिपुरा 1, उत्तराखंड 5, पश्चिम बंगाल 3, अंडमान निकोबार 1, जम्मू-कश्मीर 1, लक्षद्वीप 1, पुडुचेरी 1 सीट। ■ **नामांकन की आखिरी तारीख** : 27 मार्च (बिहार- 28 मार्च)। ■ **नाम वापसी की अंतिम तिथि** : 30 मार्च (बिहार-2 अप्रैल)।

दूसरा चरण : 26 अप्रैल (राज्य : 13)

89 सीट : उत्तर प्रदेश की बुलंदशहर, गाजियाबाद, मेरठ समेत 8 सीटें, असम 5, बिहार 5, छत्तीसगढ़ 3, कर्नाटक 14, केरल 20, मध्य प्रदेश 7, महाराष्ट्र 8, मणिपुर 1, राजस्थान 13, त्रिपुरा 1, पश्चिम बंगाल 3, जम्मू-कश्मीर 1 सीट। ■ **नामांकन की आखिरी तारीख** : 4 अप्रैल। ■ **नाम वापसी की अंतिम तिथि** : 8 अप्रैल।

तीसरा चरण : 7 मई (राज्य : 12)

94 सीट : उत्तर प्रदेश की आगरा, एटा, बदायूं, बरेली समेत 10 सीटें, असम 5, बिहार 4, छत्तीसगढ़ 7, गोवा 2, गुजरात 26, कर्नाटक 14, मध्य प्रदेश 8, महाराष्ट्र 11, पश्चिम बंगाल 4, दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव 2, जम्मू-कश्मीर 1 सीट। ■ **नामांकन की आखिरी तारीख** : 19 अप्रैल। ■ **नाम वापस लेने की अंतिम तिथि** : 22 अप्रैल।

चौथा चरण : 13 मई (राज्य : 10)

96 सीट : उत्तर प्रदेश की कानपुर, कन्नौज, उन्नाव, हरदोई समेत 13 सीटें, आंध्र प्रदेश 25, बिहार 5, झारखंड 4, मध्य प्रदेश 8, महाराष्ट्र 11, ओडिशा 4, तेलंगाना 17, प. बंगाल 8, जम्मू-कश्मीर 1 सीट। ■ **नामांकन की आखिरी तारीख** : 25 अप्रैल। ■ **नाम वापस लेने की अंतिम तिथि** : 29 अप्रैल।

पांचवां चरण : 20 मई (राज्य : 08)

49 सीट : यूपी की लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, फैजाबाद समेत 14 सीटें, बिहार 5, झारखंड 3, महाराष्ट्र 13, ओडिशा 5, प. बंगाल 7, जम्मू-कश्मीर 1, लद्दाख 1 सीट। ■ **नामांकन की आखिरी तारीख** : 3 मई। ■ **नाम वापस लेने की अंतिम तिथि** : 6 मई।



छठा चरण : 25 मई (राज्य : 07)

उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद, बस्ती, खलीलाबाद, डुमरियागंज समेत 14 सीटें, बिहार 8, हरियाणा 10, झारखंड 4, ओडिशा 6, पश्चिम बंगाल 8, दिल्ली 7 सीट। ■ **नामांकन की आखिरी तारीख** : 6 मई। ■ **नाम वापस लेने की अंतिम तिथि** : 9 मई।

57 सीट

सातवां चरण : 1 जून (राज्य : 08)

यूपी की गोरखपुर, बांसगांव, देवरिया, सलेमपुर, महराजगंज, कुशीनगर समेत 13 सीटें, बिहार 8, हिमाचल 4, झारखंड 3, ओडिशा 6, पंजाब 13, पश्चिम बंगाल 9, चंडीगढ़ 1 सीट। ■ **नामांकन की आखिरी तारीख** : 14 मई। ■ **नाम वापस लेने की अंतिम तिथि** : 17 मई।

57 सीट

जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक में सांसद बोले-

तार बदलने में लाएं तेजी

निर्देश

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को लोहिया कलाभवन में सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में हुई। सांसद ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि आरडीएसएस योजना के तहत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाकर जर्जर तार, पोल, ट्रांसफार्मर आदि बदलने की कार्रवाई पूर्ण कराएं। सभी अधिशासी अभियंता, अवन अभियंता, उपखंड अधिकारी जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं का काल रिसीव करें।



शनिवार को जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक में सांसद व अन्य।

सासंद ने रेलवे के अधिकारियों से भीमापार अंडर पास की स्थिति व खलीलाबाद-बांसी-डुमरियागंज-श्रावस्ती रेल लाइन की स्थिति के बारे जानकारी ली।

उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि उद्यमियों से निरंतर संपर्क कर निवेश के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज ने बताया कि जिले में निवेशकों की ओर से 237 इकाइयों में 908.69 करोड़ का एमओयू किया गया है। इसे धरातल पर उतारने के लिए सभी निवेशकों से संपर्क किया जा रहा है।

पूरे जिले में प्रशासिनक अमले ने हटवाए होर्डिंग, बैनर

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान होते ही जिले में प्रशासनिक अमले ने जगह-जगह विभिन्न राजनीतिक दलों के होर्डिंग और बैनर हटवाए। मुख्यालय पर डीएम पवन अग्रवाल, एसपी प्राची सिंह ने पैदल मार्च किया।

जिला मुख्यालय पर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के क्षेत्र में एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्रा की अगुवाई में होर्डिंग, बैनर हटाए गए। नगर पंचायत उस्का बाजार में अधिशासी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव और एसएचओ रोहित उपाध्याय की मौजूदगी में बोर्ड और होर्डिंग उतरवाया गया। बर्डपुर में नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव ने नगर पंचायत के साथ मिलकर बैनर और पोस्टर हटवाने का काम किया। इस दौरान ईओ नवीन कुमार सिंह, एसओ जीवन त्रिपाठी मौजूद रहे। बढ़नी के मुख्य बाजार व हाईवे समेत माल गोदाम तिराहा, बस स्टॉप, गोला बाजार, राम जानकी मंदिर रोड इत्यादि जगह पर होर्डिंग व बैनर उतरवाए गए। तहसीलदार शोहरतगढ़ अजय कुमार की अगुवाई में तहसील गेट के सामने व अन्य स्थानों पर लगे होर्डिंग बैनर को हाइड्रोलिक मशीन, जेसीबी के माध्यम से हटाने में जुट गए। नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक राजेश तिवारी, बीडी कसौधन, कमलेश कुमार गुप्त आदि मौजूद रहे।


चुनाव आचार संहिता लागू होते ही शनिवार की शाम जिला मुख्यालय पर पैदल मार्च करते डीएम-एसपी । ● हिन्दुस्तान


शोहरतगढ़ कस्बे में आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन ने हटवाया होर्डिंग, बैनर और पोस्टर । ● हिन्दुस्तान

फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

- कानून से खिलवाड़ करने वाले अराजकतत्वों पर हागी सख्त कार्रवाई
- लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का करें सहयोग

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। लोकसभा चुनाव, होली व रमजान त्योहार को लेकर एसडीएम कर्मेन्द्र कुमार व सीओ दरवेश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को पैरामिलट्री व पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व कस्बे में पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। जवानों ने चिल्हिया कस्बा, पल्टादेवी, बूढ़ापार, बजहा, कंदवा बाजार, करौदा नानकर, गौरा बाजार आदि स्थानों पर मार्च किया।

एसडीएम कर्मेन्द्र कुमार ने लाउडस्पीकर के माध्यम से अराजकतत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी ने भी कानून से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो वह बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सयोग करे। किसी भी सूरत में माहौल खराब करने वाले को बक्शा नहीं जाएगा।



एसडीएम कर्मेन्द्र कुमार व सीओ दरवेश कुमार ने शनिवार को शोहरतगढ़ क्षेत्र में पैदल मार्च किया । ● हिन्दुस्तान

इस दौरान एसआई सुरेन्द्र सिंह, एसआई अशोक चंद्र, राजेश, योगेंद्र, अरविंद, अखिलेश, राघवेंद्र सहित पैरामिलट्री व पुलिस कर्मी शामिल रहे।

दो मामले निस्तारित, बाकी फरियादी लौटे

55 में से राजस्व विभाग 33, विकास के 10 व पुलिस के 12 मामले सामने आए

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को सदर तहसील परिसर में किया गया। मामले की सुनवाई जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने की। इस अवसर पर कुल 55 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। इसमें 33 राजस्व से जुड़े मामले थे। पुलिस विभाग से संबंधित 12, विकास विभाग से जुड़े 10 मामले प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के दो प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया। शहर के थरौली मोहल्ला निवासी आकाश पांडेय ने सार्वजनिक रास्ते की जमीन पर एक दबंग व्यक्ति के कब्जा करने की शिकायत की। डीएम ने मामले की जांच एसडीएम सदर को करने का निर्देश दिये।

डीएम को सौंपे गए शिकायती पत्र में आकाश ने कहा कि गांव के जिस मार्ग को अवैध कब्जा किया है। वह इसी रास्ते आवाजाही करते हैं। उस्का बाजार थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी रियाजुद्दीन ने अपनी जमीन की पैमाइश कराने का अनुरोध किया। कुड़िया निवासी नंदलाल पासवान ने गांव की राधिका देवी को कम राशन मिलने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी मिले कोटेदार को निलंबित किया गया है। उन्होंने कोटेदार को बर्खास्त करने की मांग उठाई। जोगिया ब्लाक क्षेत्र के केवटलिया गांव निवासी फूल कुमारी ने तहसीलदार की जांच में खुद के आवास के लिए पात्र होने से जुड़ी रिपोर्ट ब्लाक में भेजने का निर्देश देने की मांग डीएम से की। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार सभी अधिकारी कार्य करें। पीड़ितों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उसका समाधान समय से पूरा करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि पुलिस से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। उन्होंने इसके पूर्व आए मामलों के निस्तारण के प्रगति की जानकारी हासिल की।



सदर तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनते डीएम पवन अग्रवाल ● जागरण

शोहरतगढ़ में आए 17 मामले : शोहरतगढ़ : उपजिलाधिकारी कमेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 17 मामले प्रस्तुत हुए। एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया। राजस्व के आठ,बीडीओ जुड़े दो, आपूर्ति दो, विद्युत दो व पुलिस से जुड़े तीन मामले प्रस्तुत हुए। मड़वानगर निवासी अरविंद, विशाल, डुगरी आदि ने जमीन में बिना मुआवजा दिये नेशनल हाइवे से जुड़े बाईपास मार्ग जबरन कराने की शिकायत की।



जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह ने शनिवार की शाम कलक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत की । • हिन्दुस्तान

25 मई को जिले में होगा चुनाव, पूरी कर लें तैयारी

सिद्धार्थनगर। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए 1952037 लाख मतदाता है। इसमें 100 वर्ष से अधिक उम्र के 24 मतदाता है। जिले में मतदान के लिए 2178 बूथ बनाए गए हैं। सिद्धार्थनगर में छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा जबकि चार जून को मतगणना होगी।

यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने शनिवार की शाम कलक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को बूथों पर कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में 1039726 पुरुष मतदाता और 912165 महिला मतदाता है। अन्य वोटरों की संख्या 146 है। जिले में 341 सर्विस मतदाता हैं। इसमें सर्वाधिक 123 मतदाता कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र में हैं।

डीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी विभाग का कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं होना चाहिए। यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। शेष का तीन दिन के अंदर निस्तारण करने का निर्देश अफसरों को दिया।

अफसरों ने सुनीं 137 की फरियादें

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। जिले के पांचों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अफसरों ने 137 फरियादियों की फरियाद सुनीं पर निस्तारण सिर्फ सात को हो सका। बाकी 130 फरियादी निराश होकर वापस लौट गए। नौगढ़ तहसील में डीएम-एसपी ने फरियाद सुनीं। वहीं इटवा, डुमरियागंज, शोहरतगढ़, बांसी में भी अफसरों ने फरियाद सुनीं। बांसी व शोहरतगढ़ में एक भी फरियादी को न्याय नहीं मिल सका।

ऐलान : लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक मतदान, चार जून को नतीजे

सात चरणों में चुनावी समर

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शनिवार को चुनावी महासमर का आगाज हो गया। निर्वाचन आयोग ने आम चुनावों से जुड़ी तारीखों का ऐलान कर दिया। 19 अप्रैल को पहले चरण और एक जून को आखिरी यानी सातवें चरण का मतदान होगा। नतीजे चार जून को आएंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके साथ ही सरकार ऐसा कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकेगी, जो मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर सके। चुनाव आयुक्त ने कहा कि वह हिंसामुक्त चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

नवनियुक्त निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ सीईसी राजीव कुमार ने कहा, ये हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। मतदाताओं से अनुरोध है कि वे स्याही (मतदान वाली) लगवाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय चुनाव इस तरह से कराने का वादा करता है कि वैश्विक मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा कि सभी राज्यों में आकलन के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी सात चरणों में मतदान हुआ था।

सत्ता संग्राम P04,07,08,09



नई दिल्ली में शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करते मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार। • एजेंसी

97 करोड़ पंजीकृत मतदाता इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे

49 करोड़ से अधिक पुरुष और 47 करोड़ महिला मतदाता हैं



यूपी-बिहार हर चरण में वोट देंगे

आयोग के मुताबिक, यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल में सातों चरण में वोट पड़ेंगे। कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा और मणिपुर में दो चरण, छत्तीसगढ़, असम में तीन चरण जबकि झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश में चार चरण में मतदान होंगे। महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में पांच चरण में वोटिंग होगी। दिल्ली, उत्तराखंड समेत अन्य सभी 22 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में एक चरण में मतदान होंगे।

ईवीएम से जुड़े सवाल पर सीईसी का शायराना जवाब

ईवीएम हैकिंग से जुड़े सवाल पर सीईसी राजीव कुमार ने शायराना अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, *अधूरी हसरतों का इल्जाम हर बार हम पर लगाना ठीक नहीं, वफा खुद से नहीं होती खता ईवीएम की कहते हो।* उन्होंने कहा, ईवीएम 100% सुरक्षित हैं। हमने कई सुधार किए हैं। सभी ईवीएम के नंबर प्रत्याशियों को दिए जाएंगे।

10 लाख मतदान केंद्र

लोकसभा चुनाव में 10.5 लाख से अधिक मतदान केंद्र होंगे, जिनमें 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल होगा। डेढ़ करोड़ से अधिक मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी मतदान संपन्न कराएंगे।

1.8 करोड़ मतदाता पहली बार मतदान करेंगे

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें से 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं और 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 1.8 करोड़ मतदान इस चुनाव में पहली बार मतदान करेंगे। मतदाता सूची में 85 साल से अधिक उम्र के 82 लाख और 100 साल से अधिक उम्र के 2.18 लाख मतदाता शामिल हैं। 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

इस बार के चुनाव में कई नए प्रयास

- ड्रोन से अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी। हवाई अड्डों पर भी कड़ी नजर।
- आयोग ने सियासी दलों से बयानों में निजी हमले न करने की अपील की।
- सी-विजिल ऐप में गिफ्ट या पैसा बांटने की शिकायत करने पर 100 मिनट के अंदर टीम पहुंचेगी। दोष साबित हुआ तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
- 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाता या 40% दिव्यांग वोटर मतदान केंद्र पर नहीं जाना चाहते तो उनके घर जाकर उनका वोट पंजीकृत किया जाएगा।

दुष्कर्म का आरोपित पकड़ाया : सिद्धार्थनगर : मोहाना थाना पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म के आरोपित बाल अपचारी को पकड़ा है। उसके खिलाफ मोहाना थाने में पाक्सो एक्ट समेत अन्य मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपित को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह बस्ती भेज दिया गया।

पिकअप से लकड़ी बरामद

जासं, लोटन: लोटन बाजार के पास स्थित केजी बांध के लिए अधिग्रहित जमीन में लगे पेड़ को काटकर कुछ लोग बिना अनुमति के ले जा रहे थे। अवर अभियंता उमेश ने पिकअप व चालक को पकड़ लिया।

आचार संहिता का सख्ती से कराया जाएगा अनुपालन

छठवें चरण में होगा डुमरियागंज संसदीय सीट पर चुनाव, जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी की अधिसूचना

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शनिवार की शाम संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकार वार्ता की। जनपद में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की घोषणा की। एकमात्र संसदीय सीट डुमरियागंज के निर्वाचन से संबंधित सभी बिंदुओं को स्पष्ट किया।

छठवें चरण के चुनाव में 29 अप्रैल को नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 25 मई को मतदान की तिथि है।



आचार संहिता पर प्रेसवार्ता करते डीएम पवन अग्रवाल व बाएं एसपी प्राची सिंह ● जागरण

जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि छठवें चरण के चुनाव की प्रक्रिया 29 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इसी दिन से प्रपत्रों की बिक्री व नामांकन शुरू होगा। छह मई को नामांकन प्रक्रिया समाप्त होगी। सात मई को प्रपत्रों की जांच व नौ को नामांकन वापस लिया जा सकेगा। चार जून को मतगणना होगी। पांच विधानसभा क्षेत्र में 1604 मतदान केंद्र व 2178 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। 1952037 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1039726 पुरुष, 912165 महिला व 146 थर्ड जेंडर के मतदाता सम्मिलित हैं। 15 एफएसटी व पांच वीडियो सर्विलांस टीम गठित की गई है। प्रत्याशी अपने स्तर 50 हजार नकदी ले जा सकते हैं। इस दौरान आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराया जाएगा। अगर कोई इसका उल्लंघन करता मिलेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

वल्नेरेबल बूथ व शैडो एरिया पर रखी जाएगी कड़ी नजर: पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी तैयारी कर ली गई है। नियमित पैरा मिलेट्री फोर्स व पुलिस की संयुक्त टीम गश्त कर रही हैं। 31 वल्नेरेबल व इतनी ही संख्या में क्रिटिकल बूथ चिन्हित किए गए हैं। शैडो एरिया में 48 स्थान व 64 बूथ चिन्हित किए गए हैं।

आम चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

पथरा : लोकसभा चुनाव, होली को देखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शाम को पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। पथरा, कोनकटी, सेहरी बुजुर्ग में जवानों के पदचापों से लोग सुरक्षा के प्रति आश्वस्त नजर आए। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव और त्योहार को देखते हुए घनी आबादी और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं होगा।

बताया नौकरी पाने का तरीका : लोटन : सीमा सशस्त्र बल ने शनिवार को नेपाल सीमा पर बीएस कन्या इंटर कालेज में पढ़ाई करने वाले छात्रों को नौकरी पाने का तरीका बताया। कमांडेंट जगदीश प्रसाद ने छात्रों से कहा कि यह तय कर लें कि उन्हें कौन सी नौकरी करनी है।

हटाए गए चुनावी पोस्टर व बैनर

आचार संहिता लगते डीएम व एसपी की अगुवाई में चला अभियान

जागरण टीम, सिद्धार्थनगर : लोकसभा चुनाव को लेकर सामान्य गति से चल रही प्रशासनिक तैयारियां शनिवार को आचार संहिता लगते ही तेज हो गईं। दोपहर बाद तीन बजे से प्रशासन ने सभी सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए राजनीतिक बैनर-पोस्टर हटा दिये। पहले दिन जिले के पांचों तहसीलों में 55 सौ से अधिक बैनर-पोस्टर हटाए गए हैं। 20 से अधिक स्थानों से वालराइटिंग मिटाई गई है। जिला प्रशासन का कहना है कि रविवार को भी अभियान चलेगा। 72 घंटे के भीतर जिले से सभी बैनर पोस्टर हट जाएंगे। डुमरियागंज में भगवा झंडा हटाने को लेकर मंदिर तिराहे पर प्रशासन व स्थानीय लोगों के बीच



हाइडिल तिराहा पर पोस्टर हटाते एसडीएम ललित कुमार मिश्र • जागरण

झड़प भी हुई। डीएम पवन अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह की अगुवाई में शहर में हाईडिल तिराहे से पोस्टर-बैनर हटाने का कार्य शुरू किया गया। देरशाम सिद्धार्थ तिराहे पर पहुंचकर समाप्त हो गई। पोस्टर-बैनर हटाने का अभियान रविवार को भी चलेगा। डुमरियागंज संवाददाता के अनुसार डुमरियागंज कस्बे में बैनर और झंडे उतरवाए गए। नगर पंचायत बढ़नीकला में पुलिस बल की मौजूदगी में चौराहों व मुख्य मार्गों से बैनर व होर्डिंग हटवाए गए। भयानीगंज, त्रिलोकपुर, डुमरियागंज और पथरा को पुलिस ने थानाक्षेत्र के सभी स्थानों पर लगी प्रचार सामग्रियों को उतरवाया गया। बढ़नी कस्बे के रेलवे स्टेशन रोड, माल गोदाम तिराहा आदि स्थानों से होर्डिंग्स, बैनर आदि प्रचार सामग्रियों को हटवाया गया। शोहरतगढ़ व डुमरियागंज में भी होर्डिंग्स हटाए गए।

नेपाली शराब की तस्करी करते दो महिलाएं गिरफ्तार

जासं, ककरहवा : नेपाल सीमा से सटे ककरहवा बार्डर पर एसएसबी तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान 96 शीशी नेपाली शराब की तस्करी करते हुए दो महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को एसएसबी तथा पुलिस के जवान सीमा क्षेत्र के पिलर संख्या 544 के पास संयुक्त रूप से गश्त पर थे। इसी दौरान नेपाल की तरफ से आ रही दो महिलाओं को संदेह के आधार पर गश्ती दल की महिला कर्मियों ने रोककर पूछताछ की तो उनके पास से 96 शीशी नेपाली शराब बरामद हुआ।

हत्या के प्रयास के तीन आरोपित गिरफ्तार

जासं, सिद्धार्थनगरः उस्का बाजार थाना पुलिस ने शनिवार को हत्या के प्रयास के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके नाम रामलखन पासवान पुत्र झीनक, सुजीत पासवान व शिवकुमार पुत्रगण रामलखन निवासी सेखुई (कृष्णा नगर) थाना उस्का बाजार है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक रोहित, चन्द्रशेखर पाण्डेय, गोरखनाथ, अमरेन्दु तिवारी, कृपाशंकर शामिल रहे।

हत्या के तीन आरोपित धराए

गाप्स, घोसियारी : खेसरहा थाना क्षेत्र के चौड़िहार निवासी रोहित की हत्या प्रेम प्रसंग में हुई थी। खेसरहा थाना पुलिस ने शनिवार को तीन हत्यारोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोपितों में वह युवती भी शामिल है, जिससे रोहित का प्रेम प्रसंग चल रहा था। अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बीते 10 मार्च को बेलहर थाना क्षेत्र के मीरपुर जंगल में प्रेमिका ने अपने पिता व अन्य के साथ मिलकर रोहित की हत्या करवा दी थी। शनिवार सुबह साढ़े सात बजे मुखबिर की सूचना पर खेसरहा पुलिस ने सुपौली मोड़ से हत्या में शामिल आरोपित संतकबीरनगर के बेलहर कला थाने के पिपरी निवासी रामकेश उर्फ भल्लू, वीरेन्द्र उर्फ धर्मेन्द्र निवासी पिपरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, अपहृता बरामद

सिद्धार्थनगर। अपहरण के एक मामले वांछित युवक को बांसी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना गोल्हौरा थाना के वीरेंद्र कुमार राय, रामायण गुप्ता और महिला आरक्षी प्रियंका ने अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए वन स्टाफ सेंटर में दाखिल करा दिया। आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। संवाद

हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना उसका बाजार पुलिस को हत्या का प्रयास के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के नाम रामलखन पासवान पुत्र झीनक सेखुई, सुजीत पासवान पुत्र रामलखन सेखुई, शिवकुमार पुत्र रामलखन निवासी सेखुई है। संवाद

पोल से गिरा लाइनमैन का सहयोगी, घायल

लोटन। शुक्रवार शाम विद्युत पोल पर चढ़कर तार जोड़ने के दौरान गिरने से एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। लोटन फीडर में कार्यरत लाइनमैन पूरनमल के सहयोगी के रूप में ग्राम निवासी बघेली बलई प्रसाद भी कार्य करते थे। ग्राम हरबंसपुर में पोल पर विद्युत तार ठीक करने पोल पर गया। अचानक हाथ से छूट जाने से जमीन पर आ गिरा। संवाद

नेपाली शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

कपिलवस्तु। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा और पुलिस चौकी ककरहवा के संयुक्त गश्ती दल ने सीमा स्तंभ संख्या 544 के समीप से अवैध रूप से नेपाल से भारत में लेकर आ रहे 96 बोतल नेपाली शराब के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सीमा चौकी ककरहवा से उप निरीक्षक कृष्णा कुमार शर्मा के नेतृत्व में आरक्षी राम सिंह मीना, आरक्षी महिला अंकिता कुमारी ने पकड़ा। संवाद

शिकायतों का समय से और गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

सिद्धार्थनगर। तहसील परिसर नौगढ़ में डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्रवाई किया जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लंबित नही होना चाहिए। यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लंबित पाया जाएगा तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान 55 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व 33, पुलिस विभाग के 12, विकास 10 मामले प्रस्तुत हुए। इस दौरान एसपी प्राची सिंह, एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे। संवाद

एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

बांसी। एसडीएम कुणाल की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 29 फरियादी पहुंचे। किसी के भी समस्या का साधन मौके पर नहीं हुआ इस दौरान सीओ सतीश चंद्र पांडेय सहित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। संवाद

36 घंटे बाद भी नहीं मिला नदी में डूबे किशोरों का शव

गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम खोजबीन में जुटी, डुमरियागंज के गौराघाट पर नहाने गए ग्राम पटहरा के दो किशोरों के डूबने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज/गोल्हौरा। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के गौराघाट स्थित राप्ती नदी में नहाने के लिए गए पांच किशोरों में से डूबे दो किशोरों के शव दूसरे दिन शनिवार को भी नहीं मिल पाया है। डूबे हुए किशोरो की खोजबीन के लिए स्थानीय गोताखोरों व एनडीआरएफ और पुलिस टीम के लोग जुटे हुए हैं।

लेकिन 36 घंटे बीत जाने के बाद भी टीम को सफलता नहीं मिल सकी। मौके पर तहसील और पुलिस प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे। वहीं नदी में डूबे दोनों किशोर के घर पर मातम पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार गोल्हौरा थाना क्षेत्र के पटेहरी गांव के संकित गुप्ता पुत्र श्याम सुंदर उम्र 16वर्ष, रामधनी मौर्य पुत्र कल्लू मौर्य उम्र 15 वर्ष सहित कुल 6 किशोर विष्णु गुप्ता, गौरव गुप्ता, गुड्डन तथा इमरान अपने गांव से लगभग 8 किलोमीटर दूर नदी के छोर पर नहाने के लिए गए थे।

सभी बालक दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर नदी के पास पहुंचे थे। इनमें से पांच किशोर नदी में नहा रहे थे। एक साथी इमरान नाम का बालक रोजा रखने के के कारण नहाने नहीं गया। वह दूर बैठा इसको देख रहा था। अचानक नहा रहे बच्चों में चीख पुकार शुरू हो गई।

पांच बच्चों में विष्णु, गौरव गुप्ता व गुड्डन तैर कर बाहर निकल आए। जबकि दो बच्चे संकित और रामधनी गहरे पानी में चले गए। इसके बाद बाहर आए बच्चे बाइक से वापस अपने गांव आ गए। उन्होंने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। वहीं इमरान की बाईक की चाभी विष्णु अपने साथ लेकर अपने गांव चला गया। इमरान घटना स्थल पर ही रह गया।

घटना की सूचना पाकर ग्रामीण नदी पर पहुंचे और डूबे बच्चों की तलाश शुरू कर दी। मौके पर आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और पुलिस बल भी सूचना पाकर मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे हुए बच्चों की तलाश देर शाम तक किया गया। लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

घटना की सूचना पाकर तहसीलदार डॉक्टर संतराज सिंह बघेल तथा नायब तहसीलदार महबूब आलम और एसडीएम डुमरियागंज डॉक्टर संजीव दीक्षित भी पहुंचे और घटना के संबंध में आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त की। वहीं थानाध्यक्ष डुमरियागंज मुकेश राय ने बताया कि डूबे बच्चों की तलाश की जा रही है।



नदी में डूबे युवकों की खोजबीन में जुटी एनडीआरएफ की टीम। संवाद



पटेहरी में लापता संकित गुप्ता के घर पर रोते बिलखते परिजन। संवाद

पांच किशोर गए थे नदी में नहाने, ग्रामीणों ने दी थी पुलिस को सूचना



लापता रामधनी और संकित।

डूबे किशोरों के घर पर मातम पसरा

डुमरियागंज। नहाने के दौरान नदी में डूबे दोनों किशोरों के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। सभी किशोर बरगदवा स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे थे। रामधनी का बड़ा भाई राम सुरेश बंबई में मजदूरी करता है। सूचना पाकर मुंबई से चल दिए हैं। छोटी बहन राधा 13 वर्ष है। संकित 4 भाई एक बहन है। बहन मैना की शादी हो चुकी है। संकित सबसे छोटा है। बड़े भाई राहुल, रोहित, अंकित बंबई में मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना पाकर वहां से चल दिए हैं। संवाद

शुक्रवार देर शाम 7 बजे तक ग्रामीणों की मदद से खोजबीन की गई थी। शनिवार को डूबे हुए बालकों के शव को खोजने में एनडीआरएफ की टीम को भी लगा दिया गया है।

- अरविंद कुमार गुप्ता
थानाध्यक्ष, गोल्हौरा

नदी में नहाने गए डूबे हुए किशोरों का शव खोजने के लिए एनडीआरएफ की टीम का ऑपरेशन जारी है, अभी तक बच्चों का शव नहीं मिला है खोजबीन की जा रही है।

- डॉ. संजीव दीक्षित
एसडीएम डुमरियागंज

डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र : छठवें चरण में 25 मई को मतदान

29 अप्रैल से छह मई तक होगा नामांकन, आचार संहिता लगते ही एक्शन में प्रशासन, डीएम और एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। लोकसभा के आम चुनाव में छठवें चरण में शामिल जिले की एकमात्र डुमरियागंज सीट पर 25 मई को मतदान होगा। चार मई को मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा होगी। लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के 1952037 मतदाता भाग लेंगे। जिसमें 1039726 पुरुष और 912165 महिला व अन्य 146 मतदाता शामिल है।

लोकसभा चुनाव के तहत जिले में 29 अप्रैल से अधिसूचना जारी होगी, इसी दिन से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया छह मई तक चलेगी। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद नौ मई तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद शुरू हुआ चुनाव प्रचार मतदान के एक दिन पहले तक चलेगा।

प्रशासन ने जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में स्थित 1604 पोलिंग सेंटर पर 2178 बूथों पर मतदान की तैयारी की पूर्ण कर ली है। इसमें चिन्हित किए गए वर्नेबल कटेगरी के 31 बूथ और क्रिटिकल कटेगरी के 31 बूथों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

जिले के पांचों में विधानसभा सभा क्षेत्र में सर्वाधिक 453975 मतदाता कपिलवस्तु में है। बांसी में 387615, डुमरियागंज में 411455, शोहरतगढ़ में 358217 और इटवा में सबसे कम 340775 मतदाता है। इसमें सौ वर्ष की उम्र पार कर चुके 24 बुजुर्ग मतदाता भी शामिल है। चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले पर कंट्रोल रूम बनाया गया, जिसके 1950 नंबर पर किसी तरह की आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।



कलक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते जिलाधिकारी पवन अग्रवाल। साथ में उपस्थित एसपी प्राची सिंह। संवाद



अशोक मार्ग पर आचार संहिता लागू होने के बाद होर्डिंग्स-बैनर हटवाते एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्रा। संवाद



होर्डिंग्स हटाते नगर पंचायत के कर्मचारी। संवाद

आचार संहिता का कड़ाई से होगा अनुपालन : डीएम

डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। सभी तहसीलों के एसडीएम को इसके संबंध में निर्देशित किया गया है। किसी भी व्यक्ति अथवा दल की तरफ से आचार संहिता के उल्लंघन पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि चुनाव में किसी तरह का अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। शैडो एरिया में स्थित बूथों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जा रही है।

शहर समेत इटवा, शोहरतगढ़ से हटवाए होर्डिंग्स व बैनर

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज नगर पंचायत के कर्मियों ने अफसरों के नेतृत्व में उतारे होर्डिंग्स

सिद्धार्थनगर। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही शहर समेत पूरे जिले में चौराहे, सड़क किनारे से होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाए जाने लगे हैं। शनिवार शाम को तहसील प्रशासन एवं पुलिस टीम ने शहर के अशोक मार्ग पर होर्डिंग हटाने की कार्रवाई की। इससे चौराहे और सड़कें साफ नजर आने लगी।

चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। शहर के अशोक मार्ग, हाईडिल तिराहा, साड़ी तिराहा व बांसी पेट्रोल पंप समेत सिद्धार्थ तिराहे के पास भी होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाए गए। इस दौरान एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र, तहसीलदार पीयुष श्रीवास्तव, एसओ सदर गौरव सिंह मौजूद रहे।

इटवा प्रतिनिधि के अनुसार तहसील प्रशासन ने एसओ संतोष कुमार तिवारी की मौजूदगी में नगर पंचायत कर्मियों ने जेसीबी मशीन की मदद से इटवा कस्बा सहित आसपास के चौराहों पर लगे नेताओं के पोस्टर बैनर हटा दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी दल को आचार संहिता के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जाएगी।

शोहरतगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार प्रशासन ने शोहरतगढ़, बढ़नी, देवरुआ, सिसवा, चिल्हिया, तुलसियापुर, सिसवा सहित क्षेत्र आदि चौराहों व कस्बे लगे बैनर, पोस्टर और होर्डिंग को हटवा दिया। शोहरतगढ़ तहसीलदार अजय कुमार की अगुवाई में तहसील गेट के सामने लगे बड़े-बड़े होर्डिंग बैनर को जेसीबी से हटा दिया गया। नगर पंचायत कर्मियों ने पुलिस बूथ, मेन रोड व चेतिया तिराहा पर लगे होर्डिंग बैनर पोस्टर को हटवाया गया। इस दौरान नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक राजेश तिवारी, बीडी कसौधन, कमलेश कुमार गुप्ता, पंकज कुमार मौजूद रहे।

यूपी की कानून व्यवस्था देश में नजीर बनी : योगी

मुरादाबाद पुलिस अकादमी में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश में नजीर बनी है। यहां पिछले सात साल में कोई दंगा नहीं हुआ है। अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो या राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन हों, सभी शांतिपूर्ण संपन्न हुए। ये सब संभव पुलिस बल के दम पर ही हो सका। जनता को सुरक्षा मिल रही है।

पिछले सात साल में पुलिस विभाग में एक लाख 60 हजार पदों पर भर्ती हुई। जबकि 1 लाख 54 हजार पुलिसकर्मी और अधिकारी पदोन्नत हुए हैं। हमने ट्रेनिंग सेंटरों की क्षमता बढ़ाकर तीन गुना कर दी



सात साल में प्रदेश में नहीं हुआ कोई दंगा, तीन गुना बढ़ी ट्रेनिंग सेंटरों की क्षमता

है। ये बातें उन्होंने डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड के दौरान अपने संबोधन में कहीं।

उन्होंने नए दरोगा और उनके परिजनों को बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि आपको एक साल का कड़ा प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में जितना ज्यादा पसीना बहाया जाता है चुनौती से लड़ने में खून बहाने की जरूरत नहीं पड़ती है। यहां से लिया गया प्रशिक्षण आपकी पूरी सर्विस और जीवन में काम आएगा। जनता को सुरक्षा और न्याय दिलाने में कभी पीछे नहीं हटें। आप दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बने हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के ट्रेनिंग सेंटरों की क्षमता तीन गुना बढ़ा दी गई है। हमारी प्राथमिकता कानून व्यवस्था है। पुलिस विभाग में चुनौतियां कभी खत्म नहीं होती है। आपका कर्तव्य ही किसी पीड़ित की पीड़ा कम कर सकता है। उसके चेहरे पर मुस्कान ला सकता है।

तीनों नए कानून का दिया गया प्रशिक्षण

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जुलाई 2024 से तीन नए कानून लागू होने वाले हैं। इन कानून के बारे में प्रशिक्षु दरोगाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। जिससे आम जनता को उच्च कोटि का न्याय दिलाने में मदद मिलेगी। तीनों कानूनों की मूल भावना दंड आधारित न होकर न्याय प्रधान होना है। ऐसे में वैज्ञानिक साक्ष्य एवं तकनीक का बहुत महत्व है। फोरेंसिक साइंस और साइबर क्राइम के ज्ञान का महत्व बढ़ा है। अपराधों की प्रकृति में निरंतर परिवर्तन हो रहा है। जिस कारण पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को नवीन तकनीकों के प्रयोग की जानकारी देना जरूरी हो गया है। दक्ष, न्यायप्रिय, पारदर्शी, जवाबदेह व निष्ठा के साथ जनसेवा के प्रति संवेदनशील पुलिस बल की स्थापना में प्रशिक्षण बेहद कारगर सिद्ध होगा।

अपहरण व हत्या का आरोपी गिरफ्तार

घोसियारी। खेसरहा थाना क्षेत्र के बौडिहार निवासी एक युवक को कुछ लोग अपहरण कर उसकी हत्या कर दिए थे। घटना के दिन ही मुख्य आरोपित तौलन को गिरफ्तार कर लिया था। बाकी अभियुक्तों को खेसरहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया थाना क्षेत्र के बौडिहार गांव निवासी रोहित लोधी (22) का शव संतकबीरनगर जिले के बेलहरकला थाना क्षेत्र स्थित राजघाट से दक्षिण बूधानाला के पास मिला था। संवाद

सावधान! पुलिस बनकर कर रहे ठगी

इटवा। साइबर क्राइम से जुड़े अपराधी अब पुलिस अधिकारी बनकर ठगी कर रहे हैं। इटवा कस्बा निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर दरोगा की प्रोफाइल फोटो लगी व्हाट्सएप काल आई। जिसमें विजय कुमार नाम के एक व्यक्ति ने उसके बेटे को एक संगीन अपराध से जुड़े युवकों के साथ पकड़े जाने की जानकारी दी। बातचीत के दौरान बेटा बनकर बात करने वाला लड़का केवल रोने व छुड़ा लो के अलावा कुछ नहीं बोल रहा था। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

शान्ति देवी हत्या काण्ड के दो साजिशकर्ता गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त कार बरामद

संतकबीरनगर/ नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी वृद्ध शान्ति देवी पत्नी स्व.रमेश कुमार राय हत्या काण्ड में मुकदमा दर्ज करने के बाद शनिवार को महुली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिल गई। पुलिस अधीक्षक ने भी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर घटना का विस्तृत ब्योरा दिया।

पुलिस ने शान्ति देवी की हत्या के दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त कार को भी बरामद कर लिया है। विदित हो कि बीते 7 मार्च को मृतका शान्ति देवी बस्ती जिला मुख्यालय मुकदमे की तारीख देखने गई थी। वापस आने के दौरान मृतका शान्ति देवी ने गोरखपुर जिले के खजनी थानान्तर्गत भीटी खिरिया गांव निवासी अपनी बहन माया पांडेय पत्नी मारकण्डेय पांडेय को फोन कर टैक्सी वाहन में बैठकर घर आने की जानकारी दी थी लेकिन देर रात तक शान्ति देवी वापस अपने घर नहीं पहुंची तो अगले दिन बहन माया पांडेय ने महुली पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बहन शान्ति देवी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। दूसरी तरफ 8 मार्च को ही

> पूछताछ में दो अन्य अभियुक्तों की हुई पहचान, दो अन्य की पहचान कराने में जुटे में जुटी पुलिस : एसपी

सहजनवां थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला की लहूलुहान लाश बरामद हुई जिसकी पहचान महुली थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी शान्ति देवी के तौर पर हुई तो महुली पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 302, 201 तथा 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

विवेचना में पता चला कि शान्ति देवी हत्या काण्ड में शामिल हत्यारें में महुली थाना क्षेत्र के बैडड़वा गांव निवासी सूर्यदेव राय पुत्र रामपति राय तथा झकहीचक बेलडूहा गांव निवासी कार चालक पुरूषोत्तम तिवारी पुत्र चक्रधर तिवारी इंडिगो कार नम्बर यू.पी. 45 एम 8460 का उपयोग करते हुए शान्ति देवी हत्या काण्ड की साजिश में भी शामिल रहे। उसके बाद पुलिस उक्त दोनों की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी थी। शनिवार की भोर में 4:30 बजे पुलिस ने महुली थानान्तर्गत नाथनगर-महुली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पम्प के समीप शान्ति देवी हत्या काण्ड के साजिशकर्ता सूर्यदेव राय तथा हत्या में प्रयुक्त उक्त कार के चालक पुरूषोत्तम तिवारी को गिरफ्तार कर लिया और हत्या में प्रयुक्त उक्त कार को भी बरामद कर लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने उक्त दोनों को जेल भी भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि शान्ति देवी की हत्या में शामिल सभी हत्याभिक्तों को चिन्हित कर उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

चुनाव आचार संहिता लागू

छठवें चरण में होगा संतकबीरनगर में मतदान

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया बंधुओं के साथ प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बताया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार चुनाव संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार वोटिंग प्रतिशत की वृद्धि के लिए व्यापक प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने चुनाव को शांतिपूर्ण, सकुशल व निष्पक्ष संपन्न कराने में सहयोग की अपेक्षा करते हुए सोशल मीडिया द्वारा सही सूचनाएं ही फारवर्ड किये जाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक श्री गुप्ता द्वारा बताया गया कि चुनाव के संबंध में कानून व्यवस्था के मद्देनजर धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी, गुंडा, गैंगस्टर एक्ट, जिला बदर इत्यादि की कार्रवाई सतत चल रही है। साथ ही जनपद के हिस्ट्रीशीटरों के विरूद्ध भी कार्रवाई चल रही है।

मतदान के दौरान चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मतदान के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस मौजूद रहेगी। अर्धसैनिक पुलिस बल की मदद से हर पोलिंग बूथ पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। किसी तरह से असामाजिक तत्वों को चुनावी प्रक्रिया के आसपास फटकने नहीं दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरुष/महिला/युवा मतदाताओं को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने हेतु अपील की गई व पत्रकार बंधुओं से भी चुनाव के दृष्टिगत सहयोग की अपील की गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला मजिस्ट्रेट श्री तंवर ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर में कुल पांच विधानसभा क्षेत्र 312 मेंहदावल, 313 खलीलाबाद, 314 घनघटा (सु.) के अलावा अंबेडकर नगर जनपद का 279 आलापुर व गोरखपुर जनपद का 325 खजनी विधानसभा क्षेत्र शामिल है। लोकसभा क्षेत्र में दिनांक 23 जनवरी 2024 तक अंतिम प्रकाशित कुल 20 लाख 56 हजार 437 मतदाता हैं जिनमें आगे और वृद्धि हो सकती है क्योंकि निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद सतत पुनरीक्षण का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि कुल मतदाताओं में 10 लाख 94 हजार 521 पुरुष एवं 9 लाख 61 हजार 868 हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पास चुनाव के लिए आवश्यकता से अधिक ईवीएम वीवीपैट है। मानव संसाधन भी आवश्यकता से अधिक है। श्री तंवर ने कहा कि आम मतदाताओं से आग्रह है कि वे निर्भीक होकर मतदान में हिस्सेदारी करें। उन्होंने बताया कि इस बार महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है जिससे जेण्डर रेशियो में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी लोग पूरा ध्यान रखें कि सोशल मीडिया पर जो भी खबरें/सूचनाएं प्रसारित हों उनमें सत्यता हो। अफवाहें न फैलाई जावें। उन्होंने कहा कि जहां सोशल मीडिया समस्या है वहीं समाधान भी है। इसका इसी तरह उपयोग किया जाय। प्रशासन हर स्तर पर मतदाताओं के निर्भीक होकर लोकतंत्र के इस पर्व में उनके साथ खड़ा है। जिले में कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है जो निरंतर निगरानी करेगा। सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता रहेगा और किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति से बचा जाएगा। श्री तंवर ने कहा कि आज से ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। उसका पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति अथवा अन्य कोई व्यक्ति आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन पूरी पारदर्शिता से कार्रवाई करेगा। उन्होंने चुनाव की आसानी के लिए विभिन्न ऐप्स की चर्चा करते हुए बताया कि अब प्रत्याशियों को भी सुविधा ऐप के जरिए आनलाइन परमीशन लेने तथा अन्य कार्यों की सुविधा मिल रही है जिसमें पूरी पारदर्शिता होगी। पुलिस अधीक्षक से कहा कि चुनाव के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए 10 इंस्पेक्टर, 190 सब इंस्पेक्टर, 3 हजार हेड कांस्टेबिल व कांस्टेबिल, 3500 होमगार्ड, 3 कंपनी पीएसी के अलावा अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता है जो कर ली गई है। एक सवाल के जवाब में श्री गुप्ता ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए किसी भी मीडिया कर्मी को पोलिंग सेंटर के 100 मीटर के अंदर कैमरे के साथ नहीं जाने देंगे। उन्होंने बताया कि वल्नरेबुल व संवेदनशील पोलिंग स्टेशनों/बूथों की सूची 3-4 दिनों में उपलब्ध करा दी जाएगी। प्रेसवार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट ज्ञय प्रकाश, अपर उप जिलाधिकारी रमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

किशोरी के अपहरण के आरोप में युवक नामजद

धनघटा । महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी को चार दिन पूर्व बहला-फुसलाकर उसका अपहरण करने के आरोप में महुली पुलिस ने धनघटा थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव निवासी एक युवक के विरूद्ध शनिवार को अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी और नामजद आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि बीते 13 मार्च की रात 8 बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी को धनघटा थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव निवासी रमेश नाई पुत्र रामधनी नामक युवक ने बहला-फुसलाकर घर से गांव के बाहर सीवान में बुला लिया और उसके बाद बेटी का अपहरण कर उसे कहीं गुप्त स्थान पर छिपाकर रखा है। बेटी के घर से लापता होने के बाद सभी नात-रिस्तेदारों और सगे-संबंधियों के ठिकानों पर काफी खोजबीन की गई लेकिन बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रमेश नाई के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363, 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहृता और नामजद आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।

भूमि विवाद में पट्टीदारों ने मां-बेटे को पीटा

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के झकहीचक गांव में जमीनी विवाद को लेकर शनिवार को पट्टीदारों ने एक महिला समेत उसके बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला ने पांच हमलावर पट्टीदारों के विरूद्ध महुली पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के झकहीचक तिवारी गांव निवासी कुसुम पत्नी कपिल कन्नौजिया ने बताया कि शनिवार की दोपहर 1.30 बजे वह अपनी जमीन में ईंट रख रही थी उसी दौरान विपक्षी पट्टीदार गांव निवासी कुलदीप कन्नौजिया पुत्र जीते, अखिलेश पुत्र रामवृक्ष, रामदरश पुत्र रामवृक्ष, आरती पत्नी सत्यवीर,सन्ध्या पत्नी कुलदीप मौके पर पहुंच गए और उसे भद्दी-भद्दी गालियां तथा जान माल की धमकी देते हुए लात-घूसा और ईट-पत्थर फेंक कर मारने लगे जिससे उसे काफी चोटे आ गई। उसी बीच शोर सुनकर उसका बेटा राजकुमार मौके पर पहुंचा और उसका बचाव करने की कोशिश करने लगा तो हमलावरों ने जान से मार देने की धमकी देते हुए बेटे को भी मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने प्रार्थनापत्र के आधार पर उक्त हमलावर पट्टीदारों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली जिसकी जांच कराई जा रही है।

तहसील दिवस : एसडीएम ने की प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील के सभागार में शनिवार को एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में प्रार्थनापत्रों की सुनवाई की। फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते हुए एसडीएम ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि प्रार्थनापत्रों के समाधान में अधिकारी आकड़ा दुरूस्त करने से बाज आए।

प्रार्थनापत्रों का समाधान पारदर्शी होने को जरूरी बताते हुए एसडीएम ने कहा कि देखने में आता है कि एक ही समस्या के सम्बन्ध में फरियादी बार-बार प्रार्थनापत्र दे रहे हैं जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि अधिकारी प्रार्थनापत्रों के समाधान में सिर्फ आकड़ों को ही पूरा कर रहे हैं। आगे से प्रार्थनापत्रों का पारदर्शी समाधान करने का अधिकारियों को हिदायत देते हुए एसडीएम ने कहा कि अधिकारियों की इस प्रकार की लापरवाही कत्तई सहन नहीं की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारियों को फरियादियों को पूरी तरह से न्याय देना ही होगा। इस दौरान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में फरियादियों ने कुल 34 प्रार्थनापत्र पेश हुए। पेश होने वाले सभी प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के भीतर उसका समाधान कराने का निर्देश दिया है। पेश होने वाले मामलों में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 18 मामले, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 8 मामले, विकास विभाग से सम्बन्धित एक मामले तथा अन्य विभागों ने सम्बन्धित 7 मामले शामिल रहे। इस मौके पर एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव के अलावा तहसीलदार योगेन्द्र पांडेय, बीडीओ हैंसर, बीडीओ पौली, बीडीओ नाथनगर, प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार, प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह, एडीओ पंचायत हैंसर गजानन पाल, एडीओ पंचायत नाथनगर आनन्द मोहन व पूर्ति निरीक्षक सौरभ गोस्वामी समेत सभी विभागों के तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन के प्रयास के बाद भी नहीं मान रहे ग्रामीण

ग्राम रसूलाबाद में बगैर अनुमति के स्थापित डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति का मामला

मगहर(एसएनबी)।थाना कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत ग्राम रसूलाबाद में पिछले दिनों सार्वजनिक स्थल खलिहान की जमीन पर बगैर किसी अनुमति के दलित समाज के लोगों ने डा. अम्बेडकर की प्रतिमा को स्थापित कर दी। जिसे हटवाने के लिए जिला प्रशासन ने संबंधित लोगों से लगातार वार्ता कर विवाद को समाप्त कराने का प्रयास किया। ग्रामीणों की जिद के कारण अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है।

ग्राम रसूलाबाद के दलित बस्ती के निकट खलिहान की भूमि पर काली मंदिर के समीप दलित समाज के लोगों ने पिछले दिनों डा. अम्बेडकर की मूर्ति को प्रशासन की अनुमति के बिना ही लगा दी। जिला प्रशासन को सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय और सतर्क हो गया। इस मामले के संबंध ग्राम प्रधान पति अनिल यादव और दलित समाज के लोगों को बुलाकर एसडीएम सदर शैलेश दूबे व राजस्व विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पहली बैठक गुरुवार को चौकी पर हुई। जिसमें एसडीएम ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों को सर्वोच्च न्यायालय का हवाला देते हुए बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना किसी परमीशन के किसी की मूर्ति नहीं लगाई जा सकती है। इसलिए लगाई गई अम्बेडकर की मूर्ति को तत्काल हटा लें। उस वक्त सभी ने प्रशासन के रुख को भांपते हुए हामी भर ली। उसके बाद शुक्रवार को मूर्ति हटाने के विरोध में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे और पुरुषों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। शुक्रवार की शाम को उप जिलाधिकारी शैलेश दूबे, पुलिस उपाधीक्षक बृजेश सिंह और कोतवाली निरीक्षक राम कृपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ रसूलाबाद गांव में पहुंच कर पुनः सभी लोगों से वार्ता की। वार्ता के दौरान दलित महिलाओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि जब तक कहीं और जमीन नहीं मिल जाती है तब तक डा. साहेब की प्रतिमा यहीं पर रहेगी। अम्बेडकर की प्रतिमा के लिए जमीन चाहे प्रशासन दे या ग्राम प्रधान तभी यहां से मूर्ति हटेगी। दलित समाज पर प्रशासन के प्रयास का कोई असर नहीं दिख रहा है।



ग्रामीणों से बात करते एसडीएम व सीओ। फोटो : एसएनबी

बिना अनुमति नहीं स्थापित की जा सकती मूर्ति : एसडीएम : ग्राम रसूलाबाद में खलिहान की जमीन पर डा. अम्बेडकर की प्रतिमा को बगैर अनुमति के स्थापित किए जाने के मामले को लेकर मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर शैलेश दूबे ने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर भवन निर्माण की सामग्री को तत्काल हटा लें। उसके साथ ही मूर्ति को भी इस जमीन से हटा दिया जाय। अन्यथा की स्थित में सार्वजनिक स्थल पर बिना अनुमति के कब्जे को लेकर कारवाई सुनिश्चित की जा सकती है। मूर्ति को स्वतः हटाये जाने का निर्देश दिया गया है।

पकड़ से दूर है नंदिनी हत्याकांड का आरोपित

- **सुभासपा नेत्री की हत्या के आरोप में महिला समेत चार लोग हैं जेल में**
- **घटना के पर्दाफाश के लिए कई लोगों से पुलिस कर चुकी है पूछताछ**

जासं, संतकबीर नगर: सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की महिला नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या ने पुलिस की नींद उड़ाकर रख दी है। घटना के पर्दाफाश का दबाव लगातार बढ़ रहा है। पिछले पांच दिनों में पुलिस ने दस से अधिक संदिग्धों को उठाया है। छह टीमें लगातार काम कर रही हैं। सर्विलांस टीम भी एक-एक गतिविधि को खंगालने में जुटी है। पुलिसिया जांच में जो आरोपित सामने आया है, वह पुलिस की पकड़ से दूर है। उस तक पहुंचने के लिए पुलिस दिन-रात छापेमारी कर रही है।

यह रहा मामला: शहर से सटे डीघा गांव में दस मार्च को दिन के करीब तीन बजे सुभासपा महिला सभा की प्रदेश महसचिव नंदिनी राजभर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की सास ने उन्हें खून से लथपथ देखा तो शोर मचाया। मौके पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए। सभी हत्या के पीछे भूमि विवाद को कारण मानते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। लोगों ने पुलिस को शव को कब्जे में लेने से रोक दिया और नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस ने 29 फरवरी को नंदिनी के चचेरे ससुर की मौत पर सार्थक कार्रवाई नहीं की। इसी के चलते भूमाफियाओं ने नंदिनी की हत्या कर दी। पुलिस ने पांच आरोपितों पर मामला दर्ज कर एक महिला समेत चार को जेल भेज दिया। मुकदमे का पांचवां आरोपित आनंद यादव अभी फरार है। इस बीच पुलिस की जांच में मामला भूमि विवाद के इतर कुछ और मिल रहा है। घटना की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस मुख्य आरोपित तक तो पहुंच गई है, लेकिन जब तक उसे पकड़ती वह फरार हो गया। पुलिस मामले का पर्दाफाश करने से पहले सभी पहलुओं को ठीक से परख लेना चाहती है। इस घटना को लेकर राजनीति भी हो रही है। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी जनपद में आकर पुलिस पर दबाव बना चुके हैं। कोतवाल के साथ ही चौकी प्रभारी पर पहले ही कार्रवाई हो चुकी है।

जल्द ही मामले का पर्दाफाश हो जाएगा। पुलिस एक-एक बिंदू पर काम कर रही है। घटना के बाद स्वजन की तहरीर पर जिन पांच आरोपितों का नाम सामने आए थे, उनमें से चार लोग जेल में हैं। छानबीन में जो भी आरोपित मिलेगा, उसे भी पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी।



सत्यजीत गुप्ता, एसपी

अज्ञात चोर के विरूद्ध बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

धनघटा । धनघटा थानान्तर्गत सरयू नदी के बिड़हरघाट पर बच्चे मुंडन संस्कार कराने एक पखवारे पूर्व पहुंचे अंबेडकरनगर जिले के निवासी एक व्यक्ति की हुई बाइक चोरी की घटना में बाइक स्वामी की तहरीर पर धनघटा पुलिस ने शनिवार को अज्ञात चोर के विरूद्ध बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घटना के संबंध में धनघटा पुलिस को दी गई तहरीर में अंबेडकरनगर जिले के जंहगीरगंज थानान्तर्गत फतेहरपुर-टोकवणवा गांव निवासी भीम प्रसाद पुत्र स्व.कलिया ने बताया कि बीते 3 मार्च को परिजनों और रिस्तेदारों के साथ वह धनघटा थाना क्षेत्र के सरयू नदी के बिड़हरघाट पर लड़की का मुंडन संस्कार कराने के लिए पहुंचा था। अपनी बाइक हीरो इंसपेलेण्डर प्लस नम्बर यू.पी. 45 एडी 6715 को नदी तट पर खड़ी कर मुंडन संस्कार के अनुष्ठान में जुट गया। जरूरत पड़ने पर जब पूजा की सामग्री लेने बाइक के पास पहुंचा तो बाइक मौके से गायब मिली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध आईपीसी की धारा 379 के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद में मां-बेटी की पिटाई

धनघटा । पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के पड़हरा गांव निवासी सुबाष पुत्र ठाकुर प्रसाद ने बताया कि गोरखपुर जिले के सहजनवां थानान्तर्गत भीटी रावत गांव निवासी विकास पुत्र भगवान दास की बहन मेरे गांव निवासी भीमनाथ पुत्र किशोरीलाल के घर व्याही है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे उक्त विकास पुत्र भगवान दास उसके दरवाजे पर गाड़ी खड़ी करने लगे और मौके पर मौजूद उसकी बेटी शीलम द्वारा विरोध करने पर उक्त विकास ने बेटी को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे मारना-पीटना शुरू कर दिया। इस बीच शोर सुनकर उसकी पत्नी प्रेमा देवी और छोटी बेटी नीलम मौके पर पहुंची और बड़ी बेटी शीलम का बचाव करने लगी। उसी बीच गांव निवासी भीमनाथ पुत्र किशोरीलाल भी पहुंच गए और विकास के साथ मिलकर उसकी पत्नी और दोनों बेटियों को मारपीट कर घायल कर दिया तथा जानमाल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर विकास और भीमनाथ के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेते हुए उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

चोरों ने खंगाला घर

संतकबीरनगर (एसएनबी)। शनिवार को भोर में पड़ोसियों ने घर के मेन गेट का ताला टूटे होने की सूचना दी। जिसके बाद वापस लौटने पर पीड़ित को चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। खलीलाबाद शहर के बजरंग नगर मोहल्ले की रहने वाली कांति देवी पत्नी धर्मेंद्र ने बताया कि उनके पति दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करते है। जिसके चलते घर पर उनकी दो बच्ची लक्ष्मी 6 वर्ष और 2 वर्षीय पीहू और उनके देवर अरविंद रहते है। कांति ने बताया कि 17 मार्च को उनकी बुआ की लड़की की शादी है। जिसके चलते वह अपने पूरे परिवार के साथ घर पर ताला बंद करके बीते शुक्रवार को शाम में गोरखपुर जनपद के सहजनवां थाना क्षेत्र के पाली गांव में स्थित अपने बुआ कुशलावती के यहां गई हुई थी। जंहा शुक्रवार को देर रात बंद पड़े उनके घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पूरे घर को खंगाल दिया। जब शनिवार को उनके पड़ोसी पन्नेलाल पुत्र विश्वनाथ सुबह छह बजे के करीब टहलने निकले तो उन्होंने मेन गेट का ताला टूटा देख कर इस बात की जानकारी फोन करके कांति को दी। सूचना पाकर कांति मौके पहुंच कर घर के अंदर गई और देखा कि कमरे में रखे बक्से का भी ताला टूटा था। उसमें रखा उनका सोने की अंगूठी ,चौन, मंगलसूत्र, ,चांदी का पायल समेत लाखो का जेवर और उसने रखा 20 हजार ₹ नकद अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था। इस घटना की जानकारी उन्होंने कोतवाली पुलिस की दी।

प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में दोनों पक्षों का हस्ताक्षरित सहमति पत्र आवश्यक : डीएम

तहसील खलीलाबाद में डीएम व एसपी ने फरियादियों की सुनवाई की

संतकबीरनगर (एसएनबी)। खलीलाबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से संबंधित प्राप्त जन शिकायतों की सुनवाई की। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों/शिकायतों को अधिकारीगण संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विवाद के मामलों में शिकायत का निस्तारण होने की दशा में सहमति पत्र पर दोनों पक्षों का हस्ताक्षर होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न किया जाये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में भूमि विवादध्अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाय साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाय। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जन शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें, प्रत्येक प्रकरण की जांच के समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाए तथा सभी तथ्यों की जांच करने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार सुनिश्चित किया जाय। सदर शैलेश दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी ब्रजेश सिंह, जिला विकास अधिकारी सुरेश कुमार केसरवानी, परियोजना निदेशक संजय



तहसील खलीलाबाद में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम महेन्द्र सिंह तंवर, साथ में एसपी सत्यजीत गुप्ता, एसडीएम व अन्य। फोटो : एसएनबी

खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 53 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 01 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराते हुए शेष 52 शिकायतों/प्रार्थना पत्रों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया। कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों/ थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जमीन संबंधित प्रकरण को गम्भीरता से पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम बनाकर दोनो पक्षों का बयान लेते हुए नियमानुसार निस्तारित किया जाय तथा निस्तारण की पत्रावली को संरक्षित किया जाय। प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों/ थानाध्यक्षों को प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरणों को समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नायक, डी0सी0 मनरेगा डा. प्रभात द्विवेदी, तहसीलदार जनार्दन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

मेंहदावल में सीडीओ ने सुनी समस्याएं : मेंहदावल (एसएनबी)। मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न मामलों से संबंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील मेंहदावल में कुल 35 प्रार्थनापत्र आये जिनमें से मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अबिलंब निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरुण वर्मा सहित तहसील से संबंधित राजस्व अधिकारी/ कर्मचारी एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

बखिरा। बखिरा के मेंहदावल तिराहे पर शनिवार को एक बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में परिजन उसे इलाज के लिए मेंहदावल सीएचसी ले गए। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिराजुद्दीन निवासी रसूलाबाद (लेडुआ महुआ) ने बताया कि उसका बेटा शहानवाज (20) अमरडोभा में कास्मेटिक्स की दुकान चलाता था। दोपहर में वह घर से खाना खाकर दुकान पर जा रहा था।

एक वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में बखिरा थाने की पुलिस ने वारण्टी बाबूराम यादव पुत्र दुर्बली यादव निवासी किठिउरी थाना बखिरा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

शांतिभंग में चार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बेलहरकला थाना की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि जिले की शांति में खलल डालने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

जिले की पुलिस ने 78 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। मोटर वाहन अधिनियम के तहत जिले के 78 वाहनों से 87,500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि सभी थाना क्षेत्र के बैंक चौराहा व अन्य सार्वजनिक स्थलों की जांच की गई में संदिग्ध वाहन चालाकों को रोककर पूछताछ की गई। इस दौरान प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई किया।



शनिवार को खलीलाबाद में आचार संहिता लागू होने के बाद बैनर-होर्डिंग उतरवाने के लिए निकले एसडीएम व सीओ। • हिन्दुस्तान



शनिवार को मेंहदावल तहसील में होर्डिंग उतरवाने निकले एसडीएम, सीओ व अन्य अधिकारी। • हिन्दुस्तान

शहरी क्षेत्र में निकायों ने तो ग्रामीण क्षेत्रों में विभाग के कर्मियों ने उतरवाए होर्डिंग

आचार संहिता लागू होते ही सख्ती

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले में आदर्श आचार संहिता की अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रशासन ने सख्ती के साथ बैनर पोस्टर तरवाना शुरू कर दिया है। गांव से लेकर शहर तक बैनर पोस्टर हटवाए जाने लगे। जिले में सौ से अधिक टीमों ने बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू कर दिया है। खलीलाबाद नगरपालिका में 12 टीमें एक साथ काम कर रही हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देशन में शहर में उत्तर से लेकर दक्षिण तक। यानी बड़गों से लेकर बनियाबारी तक जेसीबी ट्रैक्टर और ट्राली के साथ कर्मचारियों ने सफाई अभियान शुरू कर दिया है। इसी प्रकार सरैया से लेकर डीघा बाईपास तक अभियान संचालित किया जा रहा है। ईओ अवधेश कुमार भारती ने बताया कि शहर में 12 टीमों में 125 कर्मचारियों को लगाया है। मुख्य सड़क के साथ-साथ गली मोहल्ले तक को साफ किया जा रहा है। ताकि कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए। एसडीएम शैलेश कुमार दुबे की अगुवाई में समूचे तहसील क्षेत्र में अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिले में बैनर-पोस्टर उतारे का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इसी के साथ दीवारों पर राजनीतिक स्लोगन को भी मिटाया जा रहा है। जहां पर पोस्टर चिपाए गए हैं उसे पानी से घुल कर हटाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



खलीलाबाद में जेसीबी लेकर बैनर-पोस्टर उतारते नगर पालिका के कर्मचारी।

प्रशासन ने हटाया बैनर व पोस्टर

पौली। अधिसूचना जारी होते ही पौली क्षेत्र में आचार संहिता का डंडा चलना शुरू हो गया। पौली क्षेत्र में शनिवार को प्रशासन द्वारा पौली, दुल्हापार रामपुर बारहकोनी बाजार, रोसया बाजार में राजनीतिक दलों का होर्डिंग-बैनर और पोस्टर हटवाया गया। आदर्श आचार चुनाव संहिता लागू होने के बाद सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए राजनीतिक दलों के होर्डिंग तथा बैनर-पोस्टर हटाने का काम शुरू हो गया। इस मौके एसडीएम थाना प्रभारी अनिल कुमार, चौकी प्रभारी रजनीश राय सहीत तमाम प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

चौराहों पर लगे होर्डिंग व बैनर उतरवाए

घनघटा। लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू करने की घोषणा कर दी। इसी के साथ प्रशासन चौराहों पर लगी होर्डिंग व बैनर को उतरवाने के लिए मैदान में उतर गया। एसडीम उत्कर्ष श्रीवास्तव, तहसीलदार योगेंद्र पांडेय, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, नगर पंचायत हैसर बाजार के अधिशासी अधिकारी उमेश कुमार, मृत्युंजय शर्मा के साथ होर्डिंग बैनर-पोस्टर व वॉल पेंटिंग को साफ करवाने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षा का व्यवस्था भरोसा दिलाया। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पुलिस व प्रशासन के अलावा चमन, शुभम सिंह, उमेश, टीएन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

आचार संहिता लगते ही उतरवाए गए होर्डिंग, बोर्ड व बैनर: मेंहदावल। मेंहदावल में अधिकारियों ने आचार संहिता का पालन कराते हुए नगर में लगे राजनीतिक होर्डिंग, बैनर, फ्लैक्स आदि उतरवाए। एसडीएम अरुण कुमार, प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, ईओ पंकज कुमार के निर्देशन में आचार संहिता का पालन कराने को लेकर नगर पंचायत द्वारा कस्बे में होर्डिंग हटाने की शुरुआत की गई। नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा रोडवेज, अस्पताल तिराहा, तहसील, पेट्रोल पम्प, ब्लाक परिसर आदि जगहों पर लगाए गए बैनर, होर्डिंग आदि चुनाव प्रचार सामग्री को हटवाया। एसडीएम श्री कुमार ने कहा कि आचार संहिता लगने के 24 घंटे के अंदर पूरे तहसील क्षेत्र को राजनीतिक होर्डिंग व फ्लैक्स, पोस्टर मुक्त बनाने का लक्ष्य है। बाल पेंटिंग को मिटाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा चुनाव मैदान उतरने वाले प्रत्याशियों की गतिविधियों के साथ-साथ सभाओं पर नजर रखने का काम शुरू हो गया है। चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की गतिविधियों के साथ-साथ सभाओं पर नज़र रखने का काम शुरू किया जाएगा। आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने कहा कि चुनाव के दौरान पुलिस संदिग्धों पर नजर बनाए हुए है। चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

चुनाव आयोग के द्वारा कार्यक्रम घोषित करने के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने की पत्रकार वार्ता

20,56,437 मतदाता करेंगे मतदान

लोकसभा चुनाव

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। चुनाव आयोग द्वारा लोक सभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही हर कोई चुनावी मोड में आ गया। स्थानीय प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। डीएम ने प्रेसवार्ता कर चुनाव कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ ही जनपद में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव कराने का भरोसा दिलाया। चुनाव आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने का संकल्प दुहराते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने की जानकारी दी। जनपद में प्रचार सामग्रियों को हटाने का कार्य शाम चार बजे से ही शुरू हो गया। देर रात तक शहर से होर्डिंग, पोस्टर, बैनर पूरी तरह से हटा दिए गए।

संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं। इसमें तीन संतकबीरनगर जनपद की तो एक गोरखपुर और एक अंबेडकरनगर जनपद की सीट शामिल हैं। इस बार के चुनाव में 20 लाख 56 हजार 437 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । इसमें 10 लाख 94 हजार 521 पुरुष और 9 लाख 61 हजार 868 महिला वोटर हैं। 48 थर्ड जेंडर वोटर हैं। 1547 मतदान केन्द्र के 2214 बूथों पर मतदान कराया जाएगा।

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि जनपद में लोक सभा चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन कृत संकल्पित है। कलक्ट्रेट में स्थापित कमांड कन्ट्रोल रूप 24 घंटे सक्रिय रहेगा। आईटी टीम पूरे चुनाव पर निगरानी रखेगी। इसके अलावा निगरानी के लिए गठित अलग-अलग टीमे नियमानुसार सक्रिय हो जाएंगी। आदर्श आचार संहिता छह जून तक प्रभावी रहेगी। आयोग के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। चुनाव में यदि कोई खलल डालने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। हमारी प्राथमिकता है कि चुनाव पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हों।



चुनाव कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते डीएम, एसपी, एडीएम।

आयोग के एप से मतदाताओं को मिलेगी सुविधा

उन्होंने कहा कि इस बार आयोग ने कई एप भी जारी किए हैं, जिससे जरिए वोटरों के साथ ही प्रत्याशियों को काफी सुविधा मिलेगी। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन कार्य कर रहा है। हमने सबसे कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित किया है। वहां विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक मतदान कराने पर जोर रहेगा। जिले में 103 बूथ ऐसे रहे जहां पिछले चुनाव में 20 से 40 प्रतिशत के बीच मतदान हुआ था। इन बूथों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। जनपद में पर्याप्त कर्मचारी हैं। ईवीएम भी जरूरत के अनुसार उपलब्ध हैं। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि लॉ एण्ड ऑर्डर को लेकर पुलिस टीमें पूरी तरह से सक्रिय हैं। 490 हिस्ट्रीशीटर जिले में हैं। जिनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू हो गई है। इसके अलावा उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है। उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही ऐसे लोगों को रेड कार्ड जारी किया जाएगा।

10 लाख 94 हजार 521 पुरुष, 9 लाख 61 हजार 868 हैं महिला मतदाता

- चुनाव आयोग के निर्देशों का सख्ती से जनपद में कराया जाएगा अनुपालन : डीएम

विधान सभा क्षेत्र वार कुल वोटर

विधान सभा क्षेत्र	महिला	पुरुष	थर्ड जेंडर	कुल वोटर	मतदेय स्थल	मतदान केन्द्र
आलापुर	168614	182285	0	350899	370	234
मेंहदावल	216431	246969	28	463428	493	363
खलीलाबाद	216644	247464	4	464112	508	343
धनघटा (सुरक्षित)	182336	209107	1	391444	436	316
खजनी (सुरक्षित)	177843	208696	15	386554	407	291
योग -	961868	1094521	48	2056437	2214	1547

20,406 मतदाता पहली बार करेंगे चुनाव में वोट

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। इस बार के लोकसभा चुनाव में 20 हजार 406 वोटर ऐसे हैं जो पहली बार वोट करेंगे। लोक सभा का जेंडर रेशियो 878 है तो ईपी रेशियो 64.08 प्रतिशत है।

लोक सभा क्षेत्र में 10 से 19 वर्ष के कुल 20406 युवा वोटर हैं। वहीं 100 वर्ष से अधिक उम्र के 631 वोटर हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 13 हजार तीन है। सर्विस वोटर कुल 4043 है। अंबेडकरनगर के आलापुर विधान सभा क्षेत्र में 4859 युवा वोटर, 89 वोटर 100 की उम्र पार कर चुके हैं। 2282 दिव्यांग वोटर और 623 सर्विस वोटर हैं। यहां का जेंडर रेशियो 925 है, वहीं ईपी रेशियो 66.01 प्रतिशत है। संतकबीरनगर के मेंहदावल विधान सभा क्षेत्र में 4236 युवा वोटर, 201 वोटर 100 की उम्र पार कर चुके हैं। 2097 दिव्यांग वोटर और 400 सर्विस वोटर हैं। यहां का जेंडर रेशियो 876 है, वहीं ईपी रेशियो 61.05 प्रतिशत है। खलीलाबाद विधान सभा क्षेत्र में 5132 युवा वोटर, 164 वोटर 100 की उम्र पार कर चुके हैं। 2524 दिव्यांग वोटर और 658 सर्विस वोटर हैं। यहां का जेंडर रेशियो 875 है, वहीं ईपी रेशियो 65.02 प्रतिशत हैं। धनघटा विधान सभा क्षेत्र में 3562 युवा वोटर, 177 वोटर 100 की उम्र पार कर चुके हैं। 2429 दिव्यांग वोटर और 963 सर्विस वोटर हैं। वहां का जेंडर रेशियो 872 है, वहीं ईपी रेशियो 61.29 प्रतिशत है। गोरखपुर जनपद के खजनी विधान सभा क्षेत्र में 2612 युवा वोटर हैं, 100 की उम्र पार के वोटर कोई नहीं हैं। 3671 दिव्यांग वोटर और 1399 सर्विस वोटर हैं। यहां का जेंडर रेशियो 852 है, वहीं ईपी रेशियो 68.30 प्रतिशत है।

सीएचसी पर दलालों को रोकने के लिए अधीक्षक हुए सख्त

- रोक लगाने के लिए चिकित्सकों ने जारी किया पत्र
- मेडिकल स्टाफ को बाहरी व्यक्तियों को बढ़ावा न देने को दिया गया निर्देश

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल सीएचसी परिसर में बाहरी व्यक्ति-दलालों का अतिक्रमण रोकने के लिए अधीक्षक डा. आईडी गौरव ने सख्त रुख अपनाया है। अस्पताल के सभी चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ को पत्र जारी कर किसी भी रूप में ऐसे लोगों को प्रश्रय न देने का निर्देश दिया है। साथ ही मेंहदावल थाने को भी दलालों की एक सूची सौंपी है।

अधीक्षक ने जारी पत्र में लिखा है कि मुख्यमंत्री के जनता दरबार में टेलीफोनिक वार्ता में अस्पताल परिसर के भीतर बाहरी व्यक्तियों, दलालों का जमावड़ा लगने की शिकायत मिली है। जिसकी वजह से मरीजों व उनके तीमरदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस तरह का कार्य शासन के मंशा के विपरीत है। उन्होंने चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ को बाहरी व्यक्तियों को बढ़ावा न देने को निर्देश दिया है। प्रतिदिन एक आयुष्मान कार्ड धारक या महीने में कम से कम 20 कार्ड धारक का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

बहन की गवाही पर भाई को आजीवन कारावास

संतकबीरनगर। दिन दहाड़े कुल्हाड़ी से मारकर पिता की हत्या करने के आरोपी एक पुत्र को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी महेश चौधरी को यह सजा उसकी सगी बहन एवं भाइयों की गवाही पर सुनाई। कोर्ट ने यह फैसला घटना के मात्र 23 माह में सुनाया है। एडीजे की कोर्ट ने आरोपी पर सजा के अतिरिक्त 20 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि मामला जिले के महुली थाना क्षेत्र के ग्राम गिठनी का है। प्रकरण में मृतक की पुत्री एवं आरोपी की सगी बहन पार्वती पुत्री सुरेश चौधरी ने अभियोग पंजीकृत कराया था। उसका आरोप था कि दिनांक 16 अप्रैल 2022 को लगभग 11 बजे दिन में मेरे सगे भाई महेश चौधरी पुत्र सुरेश चौधरी ने घरेलू बातों को लेकर कुल्हाड़ी से मारकर मेरे पिता की हत्या कर दी।

नशीला पदार्थ रखने की आरोपिता को हुई दो वर्ष की कठोर कारावास

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। नशीले पदार्थ की चर्चित आरोपिता को एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। आरोपिता रीता मिश्रा पर अवैध रूप से स्मैक बेचने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने आरोपिता पर सजा के साथ दस हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपिता को एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण कोतवाली खलीलाबाद शहर के पुरानी सब्जी मंडी मोहल्ले का है। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद शमशेर बहादुर सिंह ने केस दर्ज कराया था। आरोप था कि 22 सितम्बर 2016 को डीघा बाईपास पर थे। उप निरीक्षक अनीता यादव कुछ पुलिस बल के साथ आ गईं। संदेह होने पर महिला को रुकवाया। पूछने पर अपना नाम रीता मिश्रा पुरानी सब्जी मंडी कोतवाली खलीलाबाद बताया। भागने का कारण पूछने पर बताया कि मैं लुक छिपकर स्मैक बेचती हूं।

न्याय के इंतजार में बेवा को मिली मौत

संतकबीरनगर (एसएनबी)। युवा अवस्था में ही विधवा और संतानहीन रहने के कारण महुली थाना क्षेत्र के ग्राम सांखी निवासिनी शांति देवी को उनके ससुर तथा अन्य परिजनों ने जहां दर-दर की ठोकरें खाने को विवश कर दिया वहीं अपने हक के लिए लगभग 30 साल से अधिक समय से लड़ रही शांति देवी युवा से वृद्धा हो गईं लेकिन इंसाफ मिलने के बजाय उन्हें मौत मिली। भले ही उनकी हत्या के मामले में उनके अपने ही परिजन आरोपी बने लेकिन जीते जी शांति देवी को यह भी देखने को नहीं मिला कि उन्हें नारकीय जीवन जीने को विवश करने वाले भी परेशान हुए हों।

स्व. शांति देवी पत्नी स्व. रमेश राय निवासिनी ग्राम सांखी थाना महुली के संघर्षों की कहानी बहुत ही दर्दनाक है और यह कोई फिल्मी पटकथा नहीं बल्कि जायदाद व 'अन्य' के लालची परिजनों ने ही अल्पायु में ही पति को खो चुकी एक स्त्री के साथ क्रूर बर्ताव करने की सच्ची घटना है। पुलिस के अनुसार स्व. शांति देवी निवासिनी ग्राम सांखी थाना महुली के पति की बहुत अल्पायु में ही मृत्यु हो गई थी। दुर्भाग्य से शांति देवी को कोई औलाद भी नहीं पैदा हो सकी थी। पति की मृत्यु के बाद पहाड़ जैसी जिंदगी वह भी निःसंतान होकर ढोने की विवशता मुंह बाए खड़ी थी। शांति देवी के ससुर अपने बेटे रमेश राय की मृत्यु के बाद मृत बेटे की निःसंतान बहू शांति देवी को जायदाद से बेदखल करते हुए अपने अन्य पांच बेटों में पूरी जायदाद बांट दिया। विधवा बहू शांति देवी के संघर्ष की

युवा अवस्था में ही पति की मृत्यु के बाद बिना औलाद की बहू को उसके ससुर से कर दिया था जायदाद से बेदखल

मुकदमेबाजी में युवा से वृद्धा हो गई स्व. शांति देवी लेकिन इंसाफ की बजाय मिली मौत

कहानी वहीं से शुरू हो गई और वह अपना अधिकार पाने के लिएं घूंघट में ही कचहरी की दहलीज तक पहुंचने को मजबूर हो गई और लगभग 30 वर्षों से अधिक समय से लगातार मुकदमेबाजी करते हुए युवा ने वृद्धा हो गई। इस बीच दोनों पक्षों में सुलह भी हुआ और शांति देवी ने अपने हिस्से की जायदाद बेचकर वहां से निकलने के प्रयास में भी थीं लेकिन उनके जेठ व देवर तथा अन्य ने उन्हें ऐसा भी नहीं करने दिया जिससे फिर मामला कोर्ट-कचहरी तक चला गया और मुकदमों का सिलसिला चलता रहा। अंततः लगभग 65 वर्षीया वृद्धा विधवा शांति देवी को रास्ते से हटाने की फुलप्रूफ योजना बनाई गई और पूरे शातिराना तरीके से बस्ती तारीख पेशी पर जाने के दौरान ही उन्हें झांसे में लेकर एक तथाकथित रिश्तेदार के माध्यम से गाड़ी में बैठाया गया तथा रास्ते में दर्द की दवा देने के बहाने नशे की गोली का ओवरडोज देकर बेसुध करके टोल प्लाजा से बचते हुए गोरखपुर जनपद के सहजनवा थाने के सुरगहना बांध रोड पर लेकर गाड़ी से कुचल कर मारा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि बेसुध शांति देवी के शरीर पर तीन बार गाड़ी चढ़ाई गई जिससे उनके जीवित बचने की संभावना न रह जाय लेकिन अपराधी कितनी भी चालाकी करें कोई न कोई सबूत छोड़ ही जाते हैं जिसके आधार पर पुलिस उनके गिरेबान तक पहुंच गई लेकिन मृतका शांति देवी को उनकी जिंदगी में इंसाफ नहीं मिल सका बल्कि हक की लंबी लड़ाई में उन्हें मौत मिली।

122 शिकायतों में चार का निस्तारण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। डीएम महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शनिवार को खलीलाबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में तीनों तहसीलों में 122 शिकायतों में से सिर्फ चार का निस्तारण किया गया। वहीं डीएम ने लोगों की समस्याओं को सुना व समय सीमा के अंदर ही गुणवत्ता पूर्वक शिकायतों को निस्तारित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

खलीलाबाद तहसील में विभिन्न विभागों के 53 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 01 प्रकरण का मौके पर निस्तारण किया गया व 52 शिकायतों को सम्बंधित विभागीय अधिकारियों गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया गया।

मेंहदावल संवाद के अनुसारः तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई सीडीओ संत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मेहदावल में 35 प्रार्थना पत्र आये, मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित कर दिया गया।



खलीलबाद तहसील में आयोजित समाधान दिवस में शनिवार को शिकायतों की सुनवाई करते डीमए व एसपी। • हिन्दुस्तान

धनघटा संवाद कें अनुसारः तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। यहां पर कुल 34 प्रार्थना पत्र आए। सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्वक निस्तारित करने का निर्देश दिए।

अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस का पैदल मार्च

सेमरियावां। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक दुधारा पंकज कुमार पांडेय तथा असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सीआईएसएफ एके सिंह के नेतृत्व में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) एवं पुलिस के जवानों ने क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं कस्बों में पैदल मार्च निकाला तथा सुरक्षा का एहसास दिलाया। इस दौरान सेमरियावां बाजार, बाघनगर बाजार, पचपोखरी बाजार,उसराशहीद तथा लौहरौली समेत ऊंहरा कलां गांव एवं सफियाबाद में भी सुरक्षाबलों की टीम ने फ्लैग मार्च किया। मार्च के दौरान टीम द्वारा स्थानीय संभ्रांत नागरिकों तथा व्यापारियों से वार्ता की गयी तथा अराजकतत्वों को चेतावनी दी गयी। इस दौरान चेतावनी दी गयी कि आचार संहिता के दौरान किसी भी प्रकार का समाज विरोधी कृत्य पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि लोकसभा चुनाव हेतु शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी जिसके पालन के लिए प्रशासन मुस्तैद हो गया है। पैदल मार्च के दौरान बाघनगर चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



बाघनगर चौराहे पर मार्च करते पुलिस व सीआइएसएफ के जवान। • हिन्दुस्तान

पुलिस व सीआइएसएफ ने किया फ्लैग मार्च

लोहरौली, हिन्दुस्तान संवाद। दुधारा थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक चौराहों पर शनिवार को पुलिस व अर्धसैनिक बलों के जवानों में फ्लैग मार्च किया। लोगों से भय मुक्त होकर त्यौहार मनाने की अपील की। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान बिना डरे निष्पक्ष तरीके से मतदान करने की अपील किया।

थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय ने बताया सीआईएसएफ की एफ कंपनी के साथ थाना क्षेत्र के वरनरेबल, क्रिटिकल, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील गांव व चौराहों पर फ्लैग मार्च किया। उन्होंने बताया अर्द्धसैनिक बलों ने होली ईद उल फित्र व आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक निपटने के लिए फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था की अपील की। फ्लैग मार्च लहरौली, दुधारा, सेमरियवां, उसरा शहीद, बाघ नगर, बुढ़ान नगर, साफियाबाद, ऊंचहरा कला, नवागांव, चिउटना सहित अन्य गांवों, क्षेत्र का डोमिनेशन किया गया।

कोतवाली खलीलाबाद के बजरंग मोहल्ले में हुई चोरी की घटना

आभूषण समेत लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

दुस्साहस

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। शहर में चोरी के हौसले बुलंद है। बेखौफ चोर सूनसान घरों को निशाना बना रहे है। खलीलाबाद के जनता मार्ग स्थित बजरंग मोहल्ले में शुक्रवार की रात चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर लाखों रूपये की चोरी की। परिवार के लोग घर में ताला लगाकर शादी के कार्यक्रम में गए थे। घर को सुनसान पाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

चोरों का आतंक इतना हो गया है कि बीते तीन माह में जनता मार्ग मोहल्ले में चोरी की तीन बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। जनता मार्ग स्थित बजरंग मोहल्ला में कांती देवी अपने मकान में कई वर्षो से रहकर जीवन यापन कर रही है। कांती के पति बाहर रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। वही उनके साथ उनका देवर अरविंद रहता है। बीते गुरुवार को वह अपने परिवार को लेकर ननद की शादी में शामिल होने पाली गांव गई थी। इन लोगों के चले जाने के बाद घर के गेट पर ताला लटक रहा था। बीती रात दरवाजे का ततलां तोड़कर चोरों ने उनके घर को खूब खंगला। जिसमें बीस हजार रूपये नकदी के साथ सोने के आभूषण समेत अन्य सामान उठा ले गए। सुबह जब उनके मोहल्ले वासियों ने गेट का ताला टूटा देखा तो मोबाइल से इस घटना की जानकारी कांती को दी। जिस पर वह मौके पर पहुंची। देखा तो पूरे घर में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। इस घटना की जानकारी पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने में जुट गई है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि बीते तीन माह में तीन लोगों के घरों में चोरों ने हाथ साफ किया है। इन सभी मामालों में पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र भी दिया था, लेकिन अब तक एक भी मामले में खुलासा नहीं कर पाई।



बरदहिया बाजार के जनता मार्ग पर स्थित बजरंग मोहल्ले में हुई चोरी की घटना में चोरों ने खंगाला सामान।

अब तक पुलिस की पकड़ में नहीं आया पांचवा आरोपी

नंदिनी हत्याकांड

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के डीघा गांव में नंदिनी के हत्या का नामजद आरोपी आनंद यादव छह दिन बाद भी पुलिस के पकड़ से बाहर है। वही गांव में यह चर्चा जोरों पर चल रही है कि जिस दिन नंदिनी की हत्या हुई थी उसके कुछ घंटे पहले उसके मोबाइल पर कई बार रिंग बजी लेकिन नंदिनी उसका जवाब नही दिया था। लोग यह कह रहे है कि आखिर कौन व्यक्ति था जो हत्या के दिन उसके मोबाइल पर फोन कर रहा था।

सुभासपा महिला मंच की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या बीते रविवार को दिन दहाड़े बदमाशों ने कर दी थी। इस घटना की जानकारी जिले में आग की तरह फैल गई। जहां पर ग्रामीण नंदिनी के शव रख कर हमलवरों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे थे। पुलिस को हत्या के दस घंटे बाद शव को उठाने में सफलता मिली। पुलिस ने मृतका नंदिनी के पति अच्छेलाल की तहरीर पर पांच पर हत्या का केस दर्ज कर चार आरोपियों को जेल भेज दिया। एक हत्यारोपी आनंद यादव अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। सूत्रों की माने तो कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जिस पर पुलिस काम कर रही है। फिर भी हत्या में नामजद आरोपी अब भी पुलिस को चकमा देने में सफल साबित हो रहा है।

डीएम, एसपी ने होर्डिंग-बैनर हटाने का लिया जायजा

संतकबीरनगर, निसं। लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी होते ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया। शाम चार बजे से ही पूरे जिले में होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाने का कार्य शुरू हो गया। रात को डीएम महेन्द्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता शहर में निकले। भ्रमण करते हुए अपने निर्देशन में होर्डिंग, पोस्टर को हटवाने का जायजा लिया। तीनों विधान सभा क्षेत्रों में अभियान चलाकर कार्रवाई की गई।

चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता शुरू होते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। शहर में ईओ के नेतृत्व में होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि हटाने का काम शुरू हो गया। रात को डीएम महेन्द्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता फोर्स के साथ शहर में निकले। नगर पालिका प्रशासन के साथ खलीलाबाद शहर में लगे राजनीतिक दलों की होर्डिंग, बैनर को हटवाया। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे जिले में सख्ती के साथ आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराया जा रहा है। तीनों एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कड़ाई से अनुपालन कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

छठवें चरण में होगा संतकबीरनगर में चुनाव

संतकबीरनगर। संतकबीरनगर लोक सभा क्षेत्र का चुनाव छठवें चरण में होगा। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार छठवें चरण का मतदान 25 मई को होगा। डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि चुनाव का नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को जारी होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह मई है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को होगी। नामांकन वापसी नौ मई को होगी, इसी दिन सिंबल एलॉट हो जाएगा। मतदान 25 मई को और मतों की गणना 4 जून को होगी। छह जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी।

आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही हटाए गए बैनर-पोस्टर

डीएम, एसपी ने खलीलाबाद शहर में भ्रमण कर की कार्रवाई

जासं, संतकबीर नगरः चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर शनिवार को आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया। इसका कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए डीएम, एसपी खलीलाबाद शहर में इसी दिन शाम के समय खलीलाबाद शहर में भ्रमण किया। विभिन्न राजनीतिक दलों के होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को हटवाया।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता शनिवार को शाम के समय खलीलाबाद शहर में भ्रमण किया। खलीलाबाद बाईपास, चंद्रशेखर तिराहा, मुखलिसपुर तिराहा, गोला बाजार, बैंक रोड सहित अन्य स्थानों पर पहुंचे। बिजली के पोल सहित अन्य स्थानों पर लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को हटवाया। डीएम ने बताया कि जनपद के खलीलाबाद, मेंहदावल व धनघटा तीनों तहसील क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। बताया कि जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराएगा। शहरी क्षेत्र में नगर निकायों के ईओ के निर्देशन में टीम सक्रिय रहेगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ के निर्देश पर प्रत्येक गांव में पंचायत सचिव, सफाईकर्मी बैनर-पोस्टर हटाएंगे।



आदर्श आचार संहिता लगने के बाद बैनर पोस्टर हटवाते अधिकारी • जागरण

शांति देवी हत्याकांड के दो आरोपित गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर: शांति देवी हत्याकांड में शामिल दो आरोपितों को महुली पुलिस ने शनिवार को नाथनगर-महुली मार्ग पर मुकुंदपुर गांव के पास गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त कार, मृतक महिला का शाल, आधार व पैन कार्ड आदि बरामद हुआ। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने इन्हें जेल भेज दिया। एसपी ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों को घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि गोरखपुर जनपद के खजनी थाना के भीटी खोरिया गांव निवासी माया पाण्डेय पत्नी मार्कण्डेय ने बीते नौ मार्च को महुली थाने में तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने यह उल्लेख किया

- घटना में प्रयुक्त कार, महिला का शाल, आधार व पैनकार्ड बरामद
- बीते सात मार्च को न्यायालय बस्ती में पैरवी करने गई थी महिला

था कि उनकी 65 वर्षीय बहन शांति देवी का विवाह इस थाना के सांखी गांव निवासी रमेश राय के साथ हुई थी। कुछ वर्ष पूर्व रमेश राय की मृत्यु हो गई थी। उनकी बहन बस्ती जिला स्थित न्यायालय में बीते सात मार्च को पैरवी करने के लिए घर से गई थी। इस दिन देर रात तक वह वापस घर नहीं लौटी। गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना के सुरगहना गांव स्थित बांध की सड़क पर बीते आठ मार्च को उनका शव मिला था। मुकामी पुलिस ने इसे पहचान कराने के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में रखा था। इसकी सूचना मिलने पर माया स्वजन के साथ यहां पर पहुंचकर शव की पहचान की। पुलिस ने बीते 15 मार्च को इसी थाना के डुमरिया गांव निवासी पौहारीशरण राय, पौहारी शरण, विकास व उनके भाई विनय तथा जय प्रकाश आदि चार आरोपितों के विरुद्ध हत्या, साक्ष्य मिटाने आदि धारा में मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष सतीश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम मामले की जांच कर रही थी।

इस दौरान पता चला कि थाना क्षेत्र के झकही चक बेल्डुहा निवासी पुरुषोत्तम तिवारी व बैडड़वा निवासी सूर्यदेव राय भी घटना में शामिल हैं। महुली पुलिस शेष चार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जुटी है।

पैदल मार्च कर सुरक्षा का दिया भरोसा

जासं, सेमरियावां: दुधार थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों व केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने शनिवार को पैदल मार्च किया। भ्रमण करके शांतिपूर्ण वातावरण बनाएं रखने की अपील की। साथ ही सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए हर परिस्थिति से निपटने को आश्वस्त किया। थाना प्रभारी दुधारा पंकज कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस व जवानों ने पचपोखरी, साफियाबाद, सेमरियावां, उचहराकला, बाघनगर, उसरा शहीद, पैडी, चिउंटना, बिगरामीर, महदेव, नव्वागांव, दुधारा में फ्लैग मार्च किया। शांतिपूर्ण मनाने व मतदान करने की अपील किया।

फरियादियों को मिला गुणवत्ता के साथ निस्तारण का मरहम

जासं, संतकबीर नगरः जनपद के तीनों तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। खलीलाबाद में डीएम व एसपी, मेंहदावल में सीडीओ व धनघटा में एसडीएम ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी। इसमें फरियादियों ने 122 प्रार्थना पत्र दिए। इसमें से सिर्फ चार प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित किया गया। शेष 118 प्रार्थना पत्रों को जल्द गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

खलीलाबाद तहसील के सभागार में डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता के समक्ष पीड़ितों ने कुल 53 प्रार्थना पत्र दिए। इसमें से केवल एक प्रार्थना पत्र मौके पर निस्तारित किया जा सका। इस अवसर पर एसडीएम शैलेश दूबे, सीओ ब्रजेश सिंह, डीडीओ सुरेश कुमार केसरवानी, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, पीडी-डीआरडीए संजय नायक आदि उपस्थित रहे। जबकि मेंहदावल तहसील के सभागार में सीडीओ संत कुमार के समक्ष पीड़ितों ने कुल 35 प्रार्थना पत्र दिए। इसमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया वहीं शेष 32 प्रार्थना पत्रों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम अरुण कुमार के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं धनघटा तहसील में एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी। यहां पर आए 34 में से एक का निस्तारण नहीं हुआ।

गोवंश लदा पिकअप पलटा

बखिरा क्षेत्र के तिघरा मोड़ की घटना, एक गोवंश की मौत



खलीलाबाद-बखिरा हाईवे के तिघरा मोड़ पर पिकअप पलटने पर लोगों की भीड़ जुट गई। संवाद

तिघरा/बखिरा। बखिरा क्षेत्र के तिघरा मोड़ पर शनिवार की भोर में करीब तीन बजे एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। गोवंश लदे पिकप से दबकर एक पशु की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पिकअप के नीचे दबे गोवंश को बाहर निकाला।

प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने पांच गोवंश को ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर पिकअप को कब्जे में ले लिया। पुलिस व स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक पिकअप मेंहदावल से खलीलाबाद की तरफ भोर में जा रहा था। तिघरा मोड़ के निकट पिछला पहिया फट जाने से पिकअप अनियंत्रित होकर दस फिट गहरे गड्ढे में पलट गया। इसमें लदे कुल छह गोवंश दबे हुए थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से गोवंश को बाहर निकलवाया।

एक गोवंश मृत अवस्था में मिला, जबकि शेष पांच को ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया। पिकअप को पुलिस कब्जे में लेकर थाने पर आई। संवाद

शिकायतों का समय सीमा के भीतर निस्तारण करें अधिकारी : डीएम

खलीलाबाद में आए 53 मामले, निस्तारण की दशा में दोनों पक्षों का हस्ताक्षर होना आवश्यक

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शनिवार को खलीलाबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से संबंधित प्राप्त जन शिकायतों की सुनवाई की गयी। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें।

डीएम ने कहा कि विवाद के मामलों में शिकायत का निस्तारण होने की दशा में सहमतिपत्र पर दोनों पक्षों का हस्ताक्षर होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील हैं।

इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न की जाए। उन्होंने ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में भूमि विवाद, अतिक्रमण की शिकायतों



खलीलाबाद तहसील में फरियाद सुनते डीएम व एसपी। संवाद

पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए।

खलीलाबाद तहसील में कई संदर्भों से संबंधित कुल 53 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें एक मामले का मौके पर निस्तारण कराते हुए शेष 52 शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों, थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जमीन संबंधित प्रकरण को गंभीरता से पुलिस व राजस्व विभाग की टीम बनाकर दोनों पक्षों का बयान लेते हुए नियमानुसार निस्तारित किए जाएं।

साथ ही निस्तारण की पत्रावली को संरक्षित किए जाएं। इस दौरान एसडीएम सदर शैलेश दूबे, सीओ ब्रजेश सिंह, डीडीओ सुरेश कुमार केसरवानी, परियोजना निदेशक संजय नायक, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, तहसीलदार जर्नादन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई सीडीओ संत कुमार ने की। यहां कुल 35 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। यहां पर एसडीएम मेंहदावल अरूण वर्मा आदि उपस्थित रहे।

वहीं धनघटा तहसील में समाधान दिवस की सुनवाई एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने विभिन्न मामलों से संबंधित फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए अधिकारी-कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। यहां पर कुल 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर तहसीलदार धनघटा योगेंद्र कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार हरेराम यादव आदि उपस्थित रहे।

नंदिनी हत्याकांड : करीबियों की कॉल डिटेल से राज खोलने में जुटी पुलिस

पुलिस कस्टडी में संदिग्धों से मिले इनपुट की गहनता से की जा रही जांच, पुलिस ने वेट एंड वाच की रणनीति अपनाई

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के डीघा गांव में नंदिनी राजभर हत्याकांड में पुलिस करीबियों की कॉल डिटेल से राज खोलने में जुटी है। पुलिस कस्टडी में आए संदिग्धों से मिले इनपुट की गहनता से जांच की जा रही है।



नंदिनी राजभर। (फाइल फोटो)

गांव के माहौल पर पुलिस वेट एंड वाच की रणनीति अपना रही है। नंदिनी से जुड़े लोगों के मोबाइल फोन की कॉल

नंदिनी हत्याकांड का खुलासा जल्द ही किया जाएगा। जांच टीम काम कर रही है। अभी कोई फाइनल नतीजा निकलकर सामने नहीं आया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जा रहा है।
– शशि शेखर सिंह, एएसपी

डिटेल निकालकर घटना से पूर्व आने-जाने वाले फोन कॉल का मिलान कर घटना का तार जोड़ने का काम कर रही है।

डीघा गांव से नंदिनी हत्याकांड में पुलिस को कोई खास इनपुट नहीं मिल पा रहा है। घटना के खुलासे के लिए लगी पुलिस टीम जब गांव पहुंच रही है तो उनका सामना महिलाओं की भीड़ से हो रहा है। जिसकी वजह से पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ रहा है। पुलिस ने अपनी जांच का तरीका बदलकर गांव के माहौल पर पुलिस ने वेट एंड वाच की रणनीति अपना रही है। पुलिस अब जिन नंबरों से नंदिनी के मोबाइल पर ज्यादा बातचीत हुई है, पुलिस उन नंबरों को भी टटोलने का काम कर रही है।

विधायक ने नंदिनी के परिजनों को बंधाया ढांढ़स

संतकबीरनगर। धनघटा विधायक गणेश चौहान शनिवार को सुबह डीघा गांव पहुंचकर नंदिनी के परिजनों को ढांढ़स बंधाया। उन्होंने परिजनों से हत्याकांड की जानकारी ली। साथ ही उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाकर कार्रवाई के लिए डीएम व एसपी से मुलाकात कर बातें की। विधायक गणेश चौहान सुबह ही नंदिनी राजभर के घर गए। जहां पर नंदिनी के परिजनों व मौजूद अन्य लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। विधायक ने कहा कि नंदिनी हत्याकांड के दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी। घटना में संलिप्त आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने नंदिनी के परिजनों को उसके हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। विधायक ने डीएम व एसपी सत्यजीत गुप्ता से आरोपी पर कठोर कार्रवाई करने के लिए मुलाकात किया। संवाद



शनिवार को डीघा गांव में नंदिनी की सास आरती से बातचीत करते धनघटा विधायक गणेश चौहान। संवाद

महिला से की मारपीट, केस दर्ज

संतकबीरनगर। मेंहदावल क्षेत्र के गगनई बाबू गांव में महिला से मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्जकर लिया। पुलिस के मुताबिक गगनई बाबू गांव निवासी सुदामा देवी ने शिकायत में बताया कि 14 मार्च को सुबह आठ बजे वह अपने घर पर खाना बना रही थी। इसी बीच गांव निवासी विपक्षी धर्मेंद्र व जवाहिर घर पर रखा रजाई आदि सामान फेंकने लगे।

मना करने पर मारे-पीटे व जानमाल की धमकी दी। साथ ही बाथरूम का दरवाजा भी तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। संवाद

79 वाहन चालकों से 87 हजार का जुर्माना वसूला

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर-पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई की। इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 79 वाहनों के चालकों से 87 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूल किए। संवाद

छठे चरण में 25 मई को मतदान

प्रशासन ने हटवाए बैनर और पोस्टर

आचार संहिता लागू होते ही सक्रिय हो गया प्रशासन, 29 अप्रैल से 5 मई तक होगा नामांकन



कलक्ट्रेट में पत्रकारों से बातचीत करते डीएम, एसपी व एडीएम। संवाद



अंसार टोले के पास बैनर व पोस्टर हटाते नगरपालिका के कर्मचारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। लोकसभा चुनाव की शनिवार को घोषणा हो गई है। छठे चरण में संतकबीरनगर लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। इसके लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन अधिसूचना 29 को जारी होगा और 6 मई तक चलेगा। वहीं नौ मई को नाम वापसी कर सकेंगे। जिले में साढ़े 20 लाख मतदाता हैं। इधर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैनर-पोस्टर हटवाने का कार्य शुरू हो गया है। इस बीच डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। जो भी लोग चुनाव में बाधा डालने का प्रयास करेंगे, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।



मुखलिसपुर ओवरब्रिज पर बैनर व पोस्टर हटाते। संवाद

निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कलक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि छठे चरण में संतकबीरनगर लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान बगैर अनुमति के कोई भी रैली, सभा आदि नहीं कर सकेगा। प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष व शांति पूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।

खलीलाबाद शहर के मेंहदावल चौराहा, अंसार टोला, गोलाबाजार, आजाद चौक, बरदहिया बाजार, बैंक चौराहा, शुगर मिल चौराहा आदि स्थानों पर एसडीएम शैलेश दूबे, सीओ बृजेश कुमार सिंह सहित पुलिस बल ने बैनर-पोस्टर आदि हटवाएं।

वहीं मेंहदावल में एसडीएम अरुण कुमार, सीओ राघवेंद्र सिंह राठौड़ तथा थानाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा के नेतृत्व में मेहदावल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिराहा, तहसील कार्यालय, टंडवरिया चौराहा, समेत कई स्थानों पर राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा लगाए। इसके अलावा रोसयाबाजार क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर लगाए जगह-जगह बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू कर दिया गया। इस दौरान तहसील व पुलिस प्रशासन की टीम ने पौली, दुल्हापार, खेवसिया, खरचा, मड़पौना,शनिचरा बाजार, गोविन्द गंज सहित ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर लगे बैनर व पोस्टर को उतरवाया।

कोर्ट से मिलने वाले आदेश की समय से सूचना उपलब्ध कराएं

संवाद न्यूज एजेंसी

एसपी ने पैरोकार व मोहर्रिर के साथ गोष्ठी की

संतकबीरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार की रात एसपी सत्यजीत गुप्ता ने जनपद के समस्त पैरोकारों, कोर्ट मोहर्रिर कर्मियों की समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी के दौरान सेशन व लोअर कोर्ट के समस्त पैरोंकारों को न्यायालय से मिलने वाले आदेश व अपेक्षित सभी आख्या व सूचनाओं को नियत तिथि पर कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए बताया।

एसपी ने जनपद में ऑपरेशन शिकंजा, टाप-10, महिला संबंधी अपराधों, पॉक्सो एक्ट, एक्शन प्लान व अन्य विचाराधीन वादों में साक्षियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर प्रभावी पैरवी के लिए निर्देशित किया।

न्यायालय में लोक अभियोजक व अभियोजन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक वाद में प्रभावी पैरवी कराकर अधिक से अधिक अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कहा। वहीं पैरवी रजिस्टर, जमानत सूचना रजिस्टर, रिमांड रजिस्टर, न्यायालय ऑर्डर बुक आदि को अध्यावधिक रखने का आदेश दिया।

न्यायालय से जारी होने वाले समस्त प्रक्रिया का समयबद्ध नोटिस कराकर नियत तिथि पर न्यायालय में उपलब्ध कराने के लिए बताया। गोष्ठी के दौरान एएसपी शशि शेखर सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजक दयानंद पटेल, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) विशाल श्रीवास्तव, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

घर में घुसे चोर, नकदी और जेवरात उड़ाए

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के बरदहिया जनता मार्ग स्थित बजरंगनगर मोहल्ला के एक घर में चोरी का मामला प्रकाश में आया। ताला तोड़कर घर में घुसे चोर घर से नकदी और कीमती जेवरात समेत अन्य सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

बरदहिया जनता मार्ग स्थित बजरंगनगर मोहल्ला निवासी कांती देवी ने पुलिस को दिए अपने शिकायत में बताया कि 15 मार्च को उनका परिवार रिस्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। रात में अज्ञात चोर घर के दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर घर में घुस गए। चोर घर में रखा सोने का नथिया, मंगलसूत्र, अंगूठी, मांग टीका, चांदी का दो जोड़ी पायल व घर में रखा हुआ लगभग 20 हजार रुपये चुरा लिए। सूचना मिलने के बाद घर आकर देखने पर सारा सामान गायब पाया। संवाद

शांति देवी हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

एसपी ने पुलिस लाइंस में किया खुलासा, वारदात में शामिल गाड़ी, महिला का शॉल बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। थाना महुली क्षेत्र निवासी मुकदमे की पैरवी करने गई महिला के दो हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार, मृतका की शॉल, बैंक पासबुक, आधार कार्ड व पैन कार्ड बरामद किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि नौ मार्च को माया पाण्डेय निवासी भीटी खोरिया थाना खजनी जनपद गोरखपुर ने बहन शान्ति देवी निवासी सांखी थाना महुली उम्र करीब 65 वर्ष के घर से बस्ती न्यायालय पैरवी के लिए जाने व वापस न आने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

गोरखपुर जिले के सहजनवां क्षेत्र के सुरगहना बांध रोड पर एक महिला का शव मिला। जिसे


लापता वृद्ध महिला का शव मिला

12 मार्च को प्रकाशित खबर।

मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में पहचान के लिए रखा गया है। इस सूचना पर माया पांडेय व अन्य परिजनों को वहां पर भेजा गया।

शव की पहचान शांति देवी पत्नी रमेश राय के रूप में हुई। 12 मार्च को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। माया पाण्डेय के सूचना के आरोपी पौहारी शरण राय पुत्र परमात्मा राय समेत चार अन्य पर अभियोग पंजीकृत कर पुलिस टीम को हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था।

प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने मुकदमा के बाद प्रकाश में आये घटना में सम्मिलित दो आरोपियों पुरुषोत्तम तिवारी पुत्र चक्रधर तिवारी निवासी झकही चक बेल्डुहा व सूर्यदेव राय पुत्र रामपति राय निवासी बैड़डवा थाना महुली को थाना क्षेत्र के ग्राम मुकुन्दपुर के पास से घटना में प्रयुक्त कार तथा मृतका की शॉल, एक बैंक पासबुक, एक आधार कार्ड व पैन कार्ड आदि बरामद करते हुए गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम गठित कर शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस पूछताछ में आया यह सामने

एसपी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि सात मार्च को विकास पुत्र सुभाषचन्द्र राय, विनय पुत्र सुभाषचन्द्र राय, पवहारी शरण राय पुत्र परमात्मा राय व जयप्रकाश राय पुत्र दयानन्द राय निवासीगण डुमरिया थाना महुली ने नाथनगर में शान्ति देवी की हत्या करने की योजना विकास राय के चचेरे मामा सूर्य देव राय और टेंपो चालक पुरुषोत्तम तिवारी के साथ मिलकर बनाया। तय योजना के अनुसार सूर्यदेव राय व पुरुषोत्तम तिवारी, शान्ति देवी को बस्ती कचहरी में तारीख कराने के बहाने कार में बैठाकर बस्ती ले गए। रास्ते में नींद की दवा का भारी डोज देकर उनको बेसुध करने के बाद टोल प्लाजा बचाने के लिए पैली, शनिचरा बाजार, धनघटा होते हुए मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद पहुंचे। जहां दो बाइक पर शेष चारों आरोपी पहुंच गए। तय जगह सुरगहना बंधा थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर में कार से कुचलकर शान्ति देवी की हत्या कर दी।

एक वारंटी समेत पांच आरोपी पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में एक वारंटी समेत पांच आरोपी को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई किया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी।

थाना बखिरा पुलिस ने वारंटी बाबूराम यादव निवासी किठिउरी को गिरफ्तार किया। इसके अलावा थाना बेहलरकला पुलिस ने चार आरोपी को पकड़कर समस्त कानूनी कार्रवाई पूर्ण करके शांति भंग की आशंका में चालान किया। पुलिस ने सभी आरोपी को संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। संवाद

पिता की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास की सजा

बीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया, कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर की थी हत्या

अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक रमेश दूबे की कोर्ट ने बहन और भाभी के सामने कुल्हाड़ी से पिता की हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर पुत्र महेश चौधरी को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि थाना महुली के ग्राम गिठनी निवासी पार्वती ने थाना महुली में 16 अप्रैल 2022 को तहरीर दिया कि उसके सगे भाई महेश चौधरी पिता सुरेश चौधरी को घरेलू बातों को लेकर कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दिया और मौके से फरार हो गया है।

बहन की तहरीर के आधार पर पिता की हत्या के मामले में भाई महेश चौधरी के खिलाफ थाना महुली में केस दर्ज हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर आला कत्ल कुल्हाड़ी पुलिस ने बरामद किया।

विवेचक ने विवेचना के बाद पिता की हत्या के आरोप में आरोपी महेश चौधरी (पुत्र) के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। कोर्ट में आरोपी ने पिता की हत्या से इन्कार कियन्वऔर विचारण की मांग की। कोर्ट में वादिनी मुकदमा बहन पार्वती सहित अन्य भाई व गवाहों की गवाही मेडिकल रिपोर्ट, डाक्टर का बयान व अभिलेखीय साक्ष्य व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह के तर्कों को सुनने के बाद पर अपर सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने पिता सुरेश चौधरी (मृतक) की कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर बहन और भाभी के सामने हत्या करने के दोषी बेटे महेश चौधरी को आजीवन कारावास व बीस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को दो वर्ष की सजा

संतकबीरनगर। न्यायालय ने ऑपरेशन कनविक्शन व शिकंजा के तहत पुलिस की पैरवी के बाद एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक आरोपी को दो वर्ष के कठोर कारावास व 10000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि संयुक्त निदेशक अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल के संयुक्त प्रयास के बाद 16 मार्च को न्यायालय अपर संत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय के कोर्ट ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मामले में आरोपी रीता मिश्रा पत्नी राकेश मिश्रा निवासी मोहल्ला पुरानी सब्जी मंडी को दोष सिद्धि के आधार पर दो वर्ष के कठोर कारावास व 10000 रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। संवाद

विवादित जमीन की पैमाईश के बाद मारपीट, केस दर्ज

बेलहर। बेलहरकला क्षेत्र के पिपरा प्रथम गांव में विवादित जमीन की पैमाइश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में घायलों को सीएचसी मेंहदावल पहुंचाया गया।

जहां पर हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना में बेलहर पुलिस ने दोनों पक्ष के तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। पिपरा प्रथम गांव निवासी गंगाराम के मुताबिक विवादित जमीन की पैमाइश चल रही थी। इसी बीच विपक्षी प्रवेश पाल, शैलेश पाल पुत्रगण राम दुलारे निवासी पिपरा प्रथम टोला करमहवा टेंट की पाइप उठाकर मारपीट कर हाथ पैर तोड़ दिया। वहीं दूसरे पक्ष के शैलेश पाल ने बंजर व पट्टे की जमीन को लेकर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर आरोपी चुलही, गंगा व अनुप कुमार पर मारपीट व धमकी व दूसरे पक्ष के शिकायत पर प्रवेश पाल व शैलेश पाल के खिलाफ मारपीट, धमकी समेत अन्य धारा में केस दर्जकर लिया। संवाद

अपराध संक्षेप

शराबी ने पत्नी पर कुदाल से किया प्रहार

संतकबीरनगर। जनपद के बखिरा क्षेत्र के तरकुलवा गांव में शराबी ने पत्नी पर कुदाल से प्रहार कर दिया। घटना में पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बेटी के शिकायत पर पुलिस ने मामले में शराबी पति के खिलाफ केस दर्जकर लिया। पुलिस के मुताबिक शोभा ने शिकायत में बताया कि उसके पिता मंहगू 14 मार्च की शाम को शराब के नशे में घर पर आए। दरवाजे पर बैठी मां ऊषा को गाली देते हुए मारने पीटने लगे। पिता वही बगल में रखे कुदाल से मां के ऊपर प्रहार कर दिया। घटना में मां का गाल फट गया और गर्दन पर भी चोट लगी गया। संवाद

महिला की शिकायत पर मारपीट व धमकी का केस

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर मारपीट, धमकी व छेड़खानी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति सीआरपीएफ में तैनात हैं। इसका नाजायज फायदा उठा व पुरानी रंजिश को लेकर महुली क्षेत्र के साखी गांव निवासी बुद्धिराम उन्हें व घरवालों को आते-जाते परेशान करता रहता है। जिसके संबंध में पुलिस से शिकायत भी की। दस मार्च को सुबह 9:45 बजे जब वह बेटे के साथ बस स्टॉप के पास पहुंची तो बुद्धिराम पहले से ही घात लगाकर वहां पर मौजूद था। संवाद

दुकान में चोरी के मामले में केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने टेमा रहमत स्थित दुकान में हुई चोरी के मामले में तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक दुकानदार नरेश ने बताया कि वह पंचर बनाने का काम करता है। 14 मार्च को वह खाना खाकर सोने चला गया। रात के समय दुकान पर पहुंचे चोर ने दुकान से 20 टायर जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है, उठा ले गए। दुकान के बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हुई है। पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज कर लिया। संवाद

डंफर की चपेट में आने से रिटायर्ड बैंक कर्मचारी की मौत

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के धनघटा रोड सियरा सांथा में शनिवार की देर शाम डंफर की चपेट में आने से रिटायर्ड बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विंध्याचल पांडेय पुत्र स्वर्गीय राम निरंजन पांडेय उम्र 70 साल निवासी गायघाट थाना महुली खलीलाबाद से अकेले बाइक लेकर अपने गांव जा रहे थे। शाम सात बजे के आसपास सियरासांथा व गंगा देवरिया के बीच में डंफर ने ठोकर मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचकर शव को लेकर घर के लिए रवाना हो गए। संवाद

रेलवे माल गोदाम के पास से दो गाय चोरी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के रेलवे माल गोदाम के पास से दो गाय चोरी होने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने मामले में पशु मालिक के शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार महेन्द्र कुमार चौधरी निवासी मुहल्ला शिवनगर कालोनी ने अपने शिकायत में बताया कि 14 मार्च को वह अपनी गाय को रेलवे माल गोदाम के पास चरा रहे थे। इसी बीच शाम करीब सात बजे वह गायों को वहां पर चरता हुआ छोड़कर अपने बगल में स्थित मकान चले गए। कुछ समय के बाद जब वह वापस आया तो देखा कि उनकी दोनों गायें वहां पर नहीं थीं। संवाद

किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, केस

संतकबीरनगर। महुली क्षेत्र निवासी किशोरी को आरोपी बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां के शिकायत पर पुलिस ने मामले में केस दर्जकर लिया। पुलिस के मुताबिक महुली क्षेत्र निवासी किशोरी की मां ने बताया कि 13 मार्च को रात आठ बजे 15 वर्षीय बेटी को आरोपी भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी रमेश नाई निवासी मड़यौना के खिलाफ किशोरी को भगाने के आरोप में केस दर्जकर लिया। संवाद



पौली में बैनर हटाते पुलिसकर्मी। संवाद

आचार संहिता लगते ही नगर पंचायत कर्मी सक्रिय

बखिरा। शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इसकी घोषणा होने के बाद से ही नगर पंचायत के कर्मी सक्रिय हो गए। कर्मचारियों ने नगर पंचायत की सीमा में लगे हुए छोटे व बड़े होर्डिंग्स व बैनर को उतार दिया। इसकी वजह से लोगो में काफी कौतुहल रहा।

कस्बे के मंगल बाजार, सहजनवां तिराहा, इंटर कालेज तिराहा, अमरडोभा, लेडुआ महुआ, बुंदीपार, मेडरापार समेत अन्य स्थानों पर लगे होर्डिंग्स भी हटाए गए। अधिशासी अधिकारी आदित्य प्रकाश ने बताया चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। संवाद



बखिरा में बैनर हटाते नगर पंचायत के कर्मी। संवाद

हादसे में घायल को इलाज के लिए भेजा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने मार्ग दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर हादसे में घायल को इलाज के लिए भेजवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के रसूलाबाद गांव से कालर ने अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति के घायल होने के संबंध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटना में घायल सुनील पुत्र गुलहट सहाय निवासी वार्ड नंबर तीन बरूआर जनपद मधुबनी (बिहार)) को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद को सूचना दी। संवाद

b

GONDA POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

पति और ससुर गिरफ्तार

परसपुर, संवाददाता । दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने ग्राम बहुवन मदार मांझा के रामपाल पुरवा निवासी पति हरिकेश सिंह व अजिया ससुर रामकेवल सिंह की चौकी शाहपुर क्षेत्र से गिरफ्तारी किया है। थाना तरबगंज के ग्राम रांगी निवासी पिता कौशल किशोर सिंह नें परसपुर थाने में दहेज की मांग को लेकर पति समेत आधा दर्जन ससुरालीजनों पर विवाहिता कोमल सिंह की हत्या कर शव घाघरा नदी में फेकें जाने की रिर्पोट दर्ज कराई थी।

राजनीतिक दलों की होर्डिंग और बैनर हटे



पोस्टर उतारते नपाप कर्मचारी • जागरण

जागरण टीम, गोंडा : लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन सतर्क हो गया है। सड़कों के किनारे लगे होर्डिंग व बैनर हटा दिए गए हैं। शांति व्यवस्था को लेकर सीएपीएफ व पुलिस ने पैदल मार्च किया। डीएम व एसपी ने भ्रमण कर जानकारी ली।

आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रशासन ने कलेक्ट्रेट, विकास भवन, अंबेडकर चौराहा, एलबीएस, बड़गांव, गुरुनानक चौक, बहराइच रोड समेत अन्य मार्गों पर लगी राजनीतिक दलों की होर्डिंग व बैनर हटवा दिया है। नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन के माध्यम से बिजली के खंभे पर लगी होर्डिंग को उतारा। ईओ संजय मिश्र ने बताया कि शहर से होर्डिंग व बैनर हटवाई जा रही है। बिना प्रशासन की अनुमति के कोई भी राजनैतिक दल होर्डिंग व बैनर नहीं लगवा सकेगा। डीएम नेहा शर्मा, एसपी विनीत जायसवाल व सीडीओ एम. अरून्मोली ने नगर में भ्रमण किया।

खरगूपुर : एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी व एसओ खरगूपुर दिनेश सिंह ने भ्रमण कर होर्डिंग व बैनर हटवाया। तरबगंज में एसडीएम विशाल कुमार, मनकापुर में एसडीएम यशवंत राव व कर्नलगंज में एसडीएम भारत भार्गव ने होर्डिंग उतरवाई।

CITY COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated to AKTU & Board of Technical Education
D.Pharm.
College Code : 939 | 942
B.Pharm.
College Code : 2757 | 2125
LUCKNOW | BARABANKI
9956139816, 9369636850

हत्यारोपी को मिली उम्रकैद

50 हजार जुर्माना भी लगा

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश सर्वजीत कुमार सिंह ने हत्यारोपी को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ओम प्रकाश शुक्ला के अनुसार थाना वजीरगंज अंतर्गत ग्राम देवीनगर निवासी शंकर उर्फ शिवशंकर पुत्र मल्हू के विरुद्ध हत्या करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों व बहस को सुनने के बाद आरोपियों को हत्या करने का दोषी करार देते हुए उम्रकैद व पचास हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

आचार संहिता लगते ही हटाई गईं होर्डिंग, चला अभियान

- आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने शुरु की कार्रवाई
- शहर में लगी सभी होर्डिंगें पालिका ने जेसीबी से हटवाईं

गोण्डा, संवाददाता। आचार संहिता लगते ही प्रशासन अभियान चलाकर चौक - चौराहों से होर्डिंगें हटवाई। गोण्डा संसदीय सीट से घोषित भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह और इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रेया वर्मा एवं उनके समर्थकों की होर्डिंग हटाई गई। शनिवार शाम को आचार संहिता लागू होते ही चुनाव आयोग की टीमें सक्रिय हो गई। देर शाम को जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम की ओर आचार संहिता के अनुपालन में निर्देश मिलते ही पालिका व पीडब्ल्यूडी की टीमें भी सक्रिय हो गई।

सिटी मजिस्ट्रेट विजय पाल शर्मा व सीओ सिटी विनय सिंह की अगुवाई सियासी व अवैध लगाई गई होर्डिंग पर कार्रवाई शुरु



शहर में होर्डिंग हटाते नगर पालिका कर्मी।

कर दी गई। बताया जा रहा है कि पालिका की ओर से जेसीबी व टैक्ट्रर ट्रालियां पहले ही कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर तैयार करके रखी गई थी पालिका के ईओ संजय मिश्रा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी का निर्देश मिलते ही अभियान चलाकर शहर से सभी अवैध व सियासी होर्डिंग व बैनर हटा दिये गए है। नवाबगंज संवाददाता के अनुसार आदर्श चुनाव आचार संहिता के लागू होते ही पुलिस ने पालिका कर्मियो के सहयोग से पूरे नगर मे अभियान चलाकर सभी तिराहे- चौराहे समेत सार्वजनिक स्थलों पर लैम्प पोस्ट पर लगे नेताओ के बैनर होर्डिंग और पोस्टर को हटवा दिया। कस्बे के थाना चौराहे से शुरू हुई अभियान कोल्ड स्टोर तिराहा, कटी तिराहा, तिकोना पार्क होते हुए कस्बे के सभी मुख्य मार्ग पर बिजली के खंभे पर टंगे होर्डिंगस को हटाने बाद समाप्त हुआ। नायब तहसीलदार रंजन कुमार के अगुवाई मे चले इस अभियान मे अधिशासी अधिकारी अभिषेक वर्मा, कस्बा चौकी प्रभारी मनीष कुमार समेत दर्जनो कांस्टेबल, लेखपाल और नपा कर्मी शामिल रहें। करनैलगंज संवाददाता के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 की आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पुलिस व राजस्व टीम के साथ नगर पालिका प्रशासन राजनैतिक दलों से जुड़े बैनर-पोस्टर उतारने में जुट गया।

दो लुटेरे गिरफ्तार किए गए

मनकापुर। शुक्रवार को हुई लूट की घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटो में कर दिया।

मामला कोतवाली मनकापुर में कस्बा के इन्डियन बैंक से जुड़ा हुआ था। वजीरगंज थाना के बेइलिया गांव निवासी अनीश गुप्ता शुक्रवार को एटीएम से रुपये निकाल कर बंदरहा गांव के रेलवे क्रासिंग वाले रास्ते से घर जा रहा था। हरसिंहवा गांव के पास बदमाशों ने रुपये छीन कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि एफआईआर दर्ज की गई। रेलवे क्रॉसिंग बदरहा के पास से आरोपी पवन मिश्रा उर्फ अभिषेक मिश्र व शुत्रधन यादव निवासी-बंदरहा थाना मनकापुर को गिरफ्तार किया गया।

चुनाव आचार संहिता के अनुपालन के लिए प्रशासन की टीम तैयार, पूरे जिले में चौराहों से हटवाई गई होर्डिंग

25 लाख वोटर करेंगे मताधिकार का प्रयोग

लोस चुनाव

गोण्डा, संवाददाता। लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज गया है। राजनैतिक दलों के साथ प्रशासन ने भी निष्पक्ष चुनाव के लिए कमर कस ली है। जिले में पांचवे चरण में 20 मई को वोट डाले जाएंगे। जिले के 25 लाख 32 हजार 566 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद शनिवार शाम डीएम नेहा शर्मा और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान सीडीओ एम अरुमोली मौजूद रहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी / डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जिले मे 25 लाख से अधिक वोटर हैं जो गोंडा और कैसरगंज संसदीय सीट के लिए मतदान करेंगे। समान्य लोकसभा चुनाव की घोषणा चुनाव आयोग ने कर दी है। पांचवें चरण में चुनाव होगा। 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी।

वोटिंग 20 को और मतगणना 4 जून को होगी : जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटिंग 20 मई को है जबकि मतगणना 4 जून को होगी। सभी के लिए आचार संहिता का अनुपालन जारी किया जाएगा। सभी अधिकृत और नियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। चुनाव के नियमों का ज्ञान सभी को रहे। इसके लिए विस्तार से जानकारी सभी को दी गई है। कहा कि निर्वाचन की घोषणा के बाद से प्रशासन सभी के मूवमेंट पर नजर रख रहा है। प्रशासन की टीम किसी को भी बेजा हेट स्पीच करने की अनुमती नहीं देगी। ऐसी किसी भी टीका टिप्पणी पर प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाएगी। आचार संहिता के अनुपालन के लिए यातायात नियंत्रण भी किया जाएगा। डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई भी उम्मीदवार वाहनों के काफिले के साथ नहीं चलेगा, जुलूस आदि बिना किसी अनुमती के नहीं निकाला जाएगा। शराब बिक्री, वितरण आदि पर कड़ी निगरानी प्रशासन की टीम करेगी।

95 लाख से अधिक खर्च नहीं कर पाएंगे उम्मीदवार: जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक उम्मीदवार 95 लाख रुपये से अधिक खर्च नहीं कर पाएगा। प्रचार वाले होर्डिंग और पोस्टर हटाए जायेंगे। आज से सभी उम्मीदवारों को एक तरह की जमीन चुनाव लड़ने के लिए मिलेगी।

एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि संवेदनशील बूथों पर पुलिस ने अपना होम वर्क पूरा कर लिया है। पुलिस शांति पूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए मुस्तैद है। पुलिस ने अपराधियों और चिन्हित उपद्रवियों पर कार्रवाई कर रही है, ऐसे लोग लगातार पाबंद किए जा रहे हैं। एसपी ने कहा कि भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि आचार संहिता के दौरान आयोग ने इस बार कुछ राहत दिया है। इस बार कैश ले जाने वाले को पक्के कारण की जांच करके कमेटी कैश को छोड़ सकेगी। इसकी लिमिट तय की गई है। चुनाव कराने मे इस बार 14 हजार चुनाव कार्मिक लगेंगे। सीडीओ को इसकी जिम्मेदारी सौपी गई है।



चुनाव के बारे मे जानकारी देती डीएम व साथ मे एसपी।

जिले में विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	पुरुष वोटर	महिला वोटर	कुल वोटर
मेहनौन	203414	175126	378547
गोण्डा	191639	168753	360423
कटरा बाजार	214260	188961	403233
करनैलगंज	180246	160150	340417
तरबगंज	200907	176610	377534
मनकापुर	180035	158736	338771
गौरा	179588	154046	333641
योग	1350089	1182382	2532566

तैयारी: जिले को 29 जोन व 197 सेक्टर में बांटा गया

- गोंडा और कैसरगंज संसदीय सीटों का चुनाव
- सात विस क्षेत्रों में वीएलओ व सुपरवाइजर तैनात

गोण्डा, संवाददाता। गोंडा और कैसरगंज संसदीय क्षेत्रों का चुनाव कराने के लिए जिले को 29 जोन और 197 सेक्टर में बांटा गया है। इनमें जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ और सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है। सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2726 पोलिंग पार्टी और इतने ही बीएलओ व 373 को सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही 29 जोनल मजिस्ट्रेट व 197 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनाती की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि जिले के मेहनौन विधानसभा क्षेत्र में 397 बूथों पर बीएलओ व 40 सुपरवाइजर की तैनाती हुई है।

गोण्डा में 404 बूथों पर 41 सुपरवाइजर, कटरा बाजार में 444 बूथों पर 44 सुपरवाइजर, करनैलगंज में 373 बूथों पर 37 सुपरवाइजर, तरबगंज में 387 बूथों पर 39 सुपरवाइजर, मनकापुर में 365 बूथों पर 36 सुपरवाइजर व गौरा में 356 बूथों पर 36 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है।

हत्या में पति संग दो गिरफ्तार

परसपुर : तरबगंज थाना के रांगी गांव के रहने वाले कौशल कुमार सिंह ने कहा कि उसकी पुत्री कोमलसिंह की हत्या करके शव को घाघरा नदी में फेंक दिया गया। आरोपित दरवाजे पर ताला लगाकर फरार हो गए। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि बहुअन मदार मांझा गांव के रहने वाले पति हरिकेश सिंह व अजिया ससुर रामकेवल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।(संसू)

दबंगों ने युवक को पीटा

नवाबगंज : तुलसीपुर माझा के रहने वाले हरिश्चंद्र ने कहा कि बड़ा बेटा अंकित सिंह ढाबा का संचालन करता है। ढाबे के बगल काम करने वाले पिता पुत्र 12 जनवरी को बेटे की मोबाइल व बाइक लेकर घर चले गए। शनिवार सुबह लगभग आठ बजे आरोपितों ने पीड़ित के बेटे अंकित सिंह को मरणासन्न कर दिया। इसके बाद आरोपित फरार हो गए। चिकित्सक ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।(संसू)

युवक की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

संसू, गोंडा : प्रेम प्रसंग के शक में हुई युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने के मामले में छह साल बाद न्यायालय ने फैसला सुनाया। नवम अपर सत्र न्यायाधीश सर्वजीत कुमार सिंह ने ग्राम देवीनगर थाना वजीरगंज निवासी शिव शंकर उर्फ शंकर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषित पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाते हुए अदायगी पर पचास फीसद राशि मृतक की मां को देने का आदेश दिया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ओम प्रकाश शुक्ल ने बताया कि कोतवाली मनकापुर के मनकापुर-कटरा रेलवे ट्रैक पर 31 जनवरी 2018 को एक युवक का लावारिश शव मिला था। शव की पहचान थाना वजीरगंज के ग्राम देवीनगर निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई थी। मृतक की मां केशपति ने दोषित के विरुद्ध हत्या का मुकदमा किया था। पुलिस जांच में प्रेम प्रसंग के शक को लेकर हत्या होने की बात सामने आई थी।

जानलेवा हमले के दोषियों को पांच-पांच साल का कारावास : जमीन कब्जा को लेकर हुई मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय ने दोनों पक्षों के दोषितों को सजा सुनाई है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय ने ग्राम हड़नापुर हरनाटायर कोतवाली मनकापुर निवासी दूधनाथ, श्यामबरन, राजित राम व दशरथलाल उर्फ लाला को पांच-पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 58-58 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। वहीं कोर्ट ने दूसरे पक्ष के दोषितों को भी पांच-पांच वर्ष के कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने बताया कि 26 मार्च 2015 को घटना हुई थी।

लूटकांड में बदमाशों को तमंचा देने वाले तक पहुंची पुलिस

संसू, कर्नलगंज(गोंडा) : सराफा व्यापारी से हुई लूट के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। बदमाशों ने लूट में जिस तमंचे का इस्तेमाल किया था बनाने वाले को पुलिस ने बाराबंकी से उठाया है। सात अन्य से पूछताछ कर रही है। पूर्व में व्यापारियों के साथ हुई लूट, बड़े वारदात को अंजाम देने वाले स्थानीय गैंग, साथ ही सराफा व्यापारी के करीबी भी जांच के दायरे में हैं।

चार मार्च दुकान बंदी के दौरान सराफा व्यवसाई गांधी नगर निवासी विश्वनाथ शाह गुडाही बाजार स्थित दुकान गोपी ज्वेलर्स पर अपने एजेंट जितेंद्र पाठक के साथ बैठ कर हिसाब कर रहे थे। दो बदमाश हेलमेट लगाकर पहुंचे और शटर को गिराकर बंद कर दिया। तमंचा सटाकर दस किलो चांदी व छह सौ ग्राम सोना व एक लाख 80 हजार रुपये लूट ले गए थे।

नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा

करनैलगंज (गोंडा)। भारतीय किसान यूनियन (भानु) की कार्यकर्ता बैठक तहसील परिसर में आयोजित हुई। जिसमें किसानों से संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। किसानों ने नारेबाजी करते हुए ज्ञापन एसडीएम विशाल कुमार को सौंपा। (संवाद)

संपूर्ण समाधान दिवस से निराश लौटे फरियादी

तरबगंज/गोंडा। जिले की तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान के मौके पर फरियादियों को अधिकारियों की कमी खली। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में महज 24 शिकायतें सुनीं गईं। सदर तहसील में 96 शिकायतों में से एक का निस्तारण हुआ है। जबकि मनकापुर में 91 में से तीन का निस्तारण कराया गया है। इसी तरह से करनैलगंज में भी सुनवाई की गई है। (संवाद)

बेहोश मिली किशोरी

नवाबगंज (गोंडा)। नवाबगंज थाना क्षेत्र के परसापुर गांव में शनिवार को सुबह 11 बजे परसापुर मोड़ पर एक किशोरी (16) अचेतावस्था में पड़ी मिली। लोगों ने बेहोश किशोरी को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया, वहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद किशोरी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय के अनुसार, परिजनों ने बताया कि किशोरी की मानसिक हालत ठीक नहीं है। (संवाद)

जानलेवा हमले के चार दोषियों को सजा

गोंडा। मनकापुर क्षेत्र में मारपीट, धमकी व हत्या की कोशिश के नौ साल पुराने मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने दोषियों दूधनाथ, श्याम बरन, राजितराम व दशरथ लाल को पांच साल कैद और 58-58 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार पाठक ने बताया कि वादी राम उजागर ने मनकापुर में तहरीर दी थी। बताया था कि 26 मार्च 2015 को उड़नापुर हरनाटायर के भुनेश्वर प्रसाद, दूधनाथ, श्याम बरन, राजितराम व दशरथ लाल उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे थे। रोकने पर भुनेश्वर ने उसके बेटे राम जन्म वर्मा पर गोली चला दी। बचाने आई बहू तारा देवी और उसे भी धारदार हथियार से मारा। मुकदमे के दौरान भुनेश्वर प्रसाद की मृत्यु हो गई थी। शनिवार को मामले में कोर्ट ने निर्णय सुनाया। (संवाद)

युवक के हत्यारे को उम्रकैद

गोंडा। वजीरगंज थानाक्षेत्र में युवक की हत्या के छह साल पुराने में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सर्वजीत कुमार सिंह ने दोषी शंकर को उम्रकैद और 50 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता ओम प्रकाश शुक्ल ने बताया कि वादिनी केशपती ने वजीरगंज थाने में तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि 30 जनवरी 2018 को ग्राम देवी नगर के शंकर उर्फ शिव शंकर के बुलाने पर उसका नाती रोहित उनके साथ चला गया। रातभर उसका फोन बंद रहा और 31 जनवरी को मनकापुर-कटरा रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला था। शनिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। अर्थदंड की आधी राशि मृतक की माता को दी जाएगी। (संवाद)

अदालत से

उमेश प्रताप सिंह हत्याकांड में सुनवाई पूरी, फैसला 18 को

बलरामपुर। नगर के बहुचर्चित उमेश प्रताप सिंह उर्फ गुदुन हत्या कांड के मुकदमे की सुनवाई पूरी हो चुकी है। कोर्ट अब केस का फैसला 18 मार्च को सुनाएगा। शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र प्रताप पांडेय ने बताया कि उमेश प्रताप की हत्या गोली मारकर सिविल लाइन मोहल्ले में कर दी गई थी। मृतक के परिजनों ने विष्णु चौहान, रघुराज, नंदलाल, राजेश व उमानाथ पर केस दर्ज कराया था। पुलिस व सीबीसीआईडी की जांच के बाद आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया। आरोपी उमानाथ की मृत्यु हो जाने के कारण उसका नाम पत्रावली से अलग कर दिया गया। शनिवार को जिला जज अनिल कुमार झा ने सुनवाई पूरी करते हुए इस मुकदमे का फैसला 18 मार्च को सुनाने की तिथि तय की है। (संवाद)

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर दी जानकारी

संवादसूत्र, गोंडा : लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। यदि कोई व्यक्ति चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैसरगंज व गोंडा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव पांचवें चरण में होगा। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में गोंडा जिले की विधानसभा कटराबाजार, कर्नलगंज व तरबगंज, बहराइच जिले का विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज व पयागपुर शामिल है। गोंडा लोकसभा क्षेत्र में गोंडा सदर, मेहनौन, गौरा, मनकापुर व बलरामपुर जिले का उतरौला विधानसभा क्षेत्र शामिल है। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। भड़काऊ भाषण व अन्य गतिविधियों की निगरानी कराई जा रही है। उम्मीदवार के खर्च की सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित की गई है। खर्च की निगरानी के लिए भी टीम बनाई गई है। मतदाताओं को प्रभावित करने वाले लोगों का चिन्हांकन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि जनवरी से अबतक करीब आठ हजार लोगों को पाबंद किया गया है। 15 लोगों की हिस्ट्रीशीट खोलने के साथ ही निगरानी कराई जा रही है। भ्रम फैलाने वालों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी लेकर चलने वालों को साक्ष्य उपलब्ध कराना होगा। 600 से अधिक क्रिटिकल बूथ चिन्हित किए गए हैं। यहां चुनाव के दौरान वेबकास्टिंग कराई जाएगी। जिले में दो कंपनी सीएपीएफ उपलब्ध है। सीडीओ एम. अरूनमोली, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, एडीएम चंद्रशेखर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जंगजीत वर्मा उपस्थित रहे।



प्रेस कांफ्रेस करतीं डीएम नेहा शर्मा व एसपी विनीत जायसवाल ● जागरण

पांचवां चरण

अधिसूचना	26 अप्रैल
नामांकन की अंतिम तिथि	03 मई
नामांकन पत्रों की जांच	04 मई
नामांकन पत्रों की वापसी	06 मई
मतदान	20 मई
मतगणना	04 जून

BALRAMPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

यह जानकारी निरीक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि दुर्गेश कुमार निषाद पुत्र मनीराम निवासी बढ़ईपुरवा दुष्कर्म व पाक्सो सहित अन्य मामले में वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

एनडीपीएस एक्ट में दोषी का चार माह की सजा : एनडीपीएस एक्ट के दोषी पाए जाने पर एक व्यक्ति को चार माह कारावास व पांच हजार रुपए का अर्थदंड न्यायालय ने लगाया है। समसुल हक निवासी गुरचिहिवा थाना पचपेड़वा के पास 52 ग्राम स्मैक बरामद होने पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियुक्त दोषी पाया गया।

श्रावस्ती लोकसभा और गैंसड़ी विस उप चुनाव छठवें चरण में

गोंडा संसदीय सीट के लिए उतरौला विस के वोटर पांचवें चरण में करेंगे मतदान

जासं, बलरामपुर : लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। छठे चरण में श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के साथ ही गैंसड़ी विधानसभा के उप चुनाव के लिए भी मतदान होगा। उतरौला विधानसभा के मतदाता पांचवें चरण में गोंडा लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुनने के लिए वोटिंग करेंगे। जिला प्रशासन को दोनों चरण के लिए पुख्ता तैयारी करनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के बाद पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा। जिले में सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयारी पूरी है।

बताया कि जनपद में पांचवें चरण में लोकसभा सीट गोंडा (विधानसभा सीट उतरौला) एवं छठे चरण में लोकसभा सीट श्रावस्ती के लिए चुनाव होगा। इसी के साथ ही विधानसभा गैंसडीं में उपचुनाव होगा। लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जिले में 1723 बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर प्रकाश, विद्युत शौचालय, रैंप आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित



धुसाह गांव में स्थित कलेक्ट्रेट भवन ● जागरण आर्काइव

1,723 बूथ, 115 सेक्टर मजिस्ट्रेट व चारों विस में 14 चेक प्वाइंट बनाए गए

करा ली गई है। मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कराने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। इसके लिए पूरे जनपद में 36 फ्लाइंग सर्विलांस टीम, 42 स्टेटिक सर्विलांस टीम, आठ वीडियो अवलोकन टीम बनाई गई है। जिले के चारों विधानसभा उतरौला, गैंसड़ी, बलरामपुर व तुलसीपुर में 14 चेक प्वाइंट बनाए गए हैं।

इसके साथ ही साथ मतदान को सकुशल एवं शांतिपूर्ण स्वतंत्र ढंग से संपन्न कराने के लिए 10 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 115 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए वृहद एवं व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां चलाई जा रही है। घर-घर जाकर लोगों को मतदान जरूर करने को प्रेरित किया जा रहा है।

सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग व बैनर हटाने का चला अभियान

जास. बलरामपुर : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना लागू होते ही जिले में राजनीतिक दलों के लगे होर्डिंग व बैनर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। राजनीतिक दलों के साथ सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार वाले होर्डिंग भी कर्मियों हटा दिया। नए कार्यों के शुरू होने पर भी आज से रोक लग गई है। पहले से चल रहे विकास कार्य पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा। सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए सेक्टर, जोनल व उड़नदस्ता दल को सक्रिय कर दिया गया है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन सख्ती से करने का निर्देश दिया है।

उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शैलेश कुमार सिंह की अगुवाई में वीर विनय चौराहा, बहराइच मार्ग, तुलसीपुर, भगवतीगंज, उतरौला मार्ग पर बिजली के खंभों पर लगी होर्डिंग



नगर के वीर विनय चौराहे पर होर्डिंग हटाते नगर पालिका कर्मचारी • जागरण

हटवाया। नगर पालिका परिषद कर्मियों ने जेसीबी मशीन से होर्डिंग हटवाए। गैंसड़ी नगर पंचायत में सार्वजनिक स्थलों पर लगे बैनर,होर्डिंग में पुलिस कर्मियों ने उतारा। नगर पंचायत लिपिक अनुज कुमार, सफाई नायक सुरेंद्र, सफाई नायक दारोगा, श्रवण कुमार वर्मा और पुलिस कर्मी संजय कुमार, रामू यादव, राजदेव के नेतृत्व में स्टेशन मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग, बिस्कोहर मार्ग, जरवा मार्ग समेत नगर के 15 वार्डों में बिजली खंभा एवं सार्वजनिक स्थानों पर से बैनर एवं होर्डिंग उतरवाए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त, वाहन चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच पड़ताल तेज कर दी गई है। चुनाव तक यह प्रक्रिया नियमित चलेगी। प्रभारी निरीक्षक महराजगंज तराई गिरिजेश तिवारी में कस्बा कौवापुर व गांव में सार्वजनिक स्थानों पर लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के बैनर को उतारने का अभियान चलाया गया। बताया कि टीम ने मुख्य बाजार व हाईवे किनारे लगे राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग व बैनर हटवा दिए गए हैं। अन्य मार्गों से भी प्रचार सामग्रियों को उतारने का काम शुरू कर दिया गया। तुलसीपुर, महदेइया बाजार, उतरौला, श्रीदत्तगंज, रेहरा बाजार, सादुल्लाहनगर, ललिया, हरैया सतघरवा व मथुरा बाजार में भी होर्डिंग उतारने का अभियान चलाया गया।

CITY COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated to AKTU & Board of Technical Education
D.Pharm.
College Code : 939 | 942
B.Pharm.
College Code : 2757 | 2125
LUCKNOW | BARABANKI
9956139816, 9369638650

फर्जी शिक्षकों से रिकवरी में रुचि नहीं

प्रदेश के 28 बीएसए को जारी हो चुकी है नोटिस, जालसाजों का लेखाजोखा नहीं

जास. बलरामपुर : बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी अंक पत्रों के सहारे नौकरी हथियाने वालों से रिकवरी कराने में अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। 120 जालसाजों पर मुकदमा तो दर्ज करा दिया, लेकिन अब तक सिर्फ 11 की ही गिरफ्तारी हो सकी है। विभाग ने सभी 120 जालसाजों से किए गए वेतन भुगतान की रिकवरी की तैयारी की थी, लेकिन अब तक एक से भी रिकवरी नहीं हो सकी है। एसटीएफ की शिकायत पर अगस्त 2023 में प्रदेश के 28 बीएसए को नोटिस जारी की जा चुकी है। बावजूद इसके अधिकारियों पर कोई असर नहीं है। विभिन्न वर्षों में किए गए वेतन व अन्य भत्तों के भुगतान का आगणन सात माह से तैयार किया जा रहा है। शिक्षकों को कितना भुगतान किया गया है, कितनी रिकवरी होनी है, इसका लेखाजोखा स्पष्ट नहीं है।

शिक्षा क्षेत्र में बलरामपुर नीति आयोग के आकांक्षात्मक जनपदों में शुमार है। विभिन्न शिक्षक भर्ती के दौरान यहां अध्यापकों की नियुक्ति कर पिछड़ेपन के कलंक को धुलने का प्रयास भी हुआ। गुरुजनों की कमी तो दूर हुई, लेकिन इसकी आड़ में जालसाजों ने भी अपना कारनामा कर दिखाया। विभागीय अधिकारियों की



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय • जागरण आर्काइव

दरियादिली का आलम यह रहा कि कूटरचित दस्तावेजों के सहारे नौकरी करने वालों पर मुकदमा लिखाने में भी आनाकानी करते रहे।

तीन वर्ष पहले हुआ था मुकदमा: अप्रैल 2021 में महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जब फर्जी शिक्षकों पर मुकदमा लिखाने के लिए अफसरों के पेच कसे, तो जिले के आला अधिकारी हरकत में आ गए। आनन-फानन में विभिन्न शिक्षक भर्ती के दौरान कूटरचित अभिलेख के सहारे नौकरी पाने वाले 92 शिक्षकों के खिलाफ नगर कोतवाली में तहरीर दी गई। इसके बाद 28 अन्य शिक्षकों के खिलाफ एफआइआर दर्ज हुई थी।

चल रही है विवेचना

प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह का कहना है कि विवेचना चल रही है। फर्जी शिक्षकों की तलाश जारी है। विवेचना अधिकारी से प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी।

नहीं दिया जवाब

शिक्षकों से रिकवरी के बाबत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सीयूजी मोबाइल नंबर 9453004133 पर वाट्सएप मैसेज किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब न मिलने पर उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

स्मैक बरामदगी में चार वर्ष चार माह की जेल व पांच हजार अर्थदंड

जासं, बलरामपुर : अपर सत्र न्यायाधीश ने स्मैक बरामदगी के अभियुक्त शमशुल हक उर्फ पुल्लुर निवासी गुरचिहवा पचपेड़वा को चार वर्ष चार माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि शमशुल हक के पास से 52 ग्राम स्मैक बरामद होने पर पचपेड़वा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक धर्मराज सिंह यादव को सौंपी गई थी। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मानीटरिंग सेल प्रभारी सर्वेंद्र नाथ व विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र प्रताप पांडेय की प्रभावी पैरवी से न्यायाधीश ने दोषसिद्ध ठहराते हुए कारवास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।



नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष रवि वर्मा को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी ● जागरण

निर्माण में मानक की अनदेखी रोकने का दिया ज्ञापन

संवादसूत्र, पचपेड़वा (बलरामपुर) : भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं कहा कि वार्ड नंबर दो में रोड व नाला निर्माण में मानक की अनदेखी की जा रही है। यदि निर्माण मानक के अनुरूप नहीं किया गया तो कार्यालय पर धरना शुरू कर दिया जाएगा। मार्गों का निर्माण तेजी से कराया जाए। जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र न देने और पहले गृहकर जलकर भरने की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की। ब्लाक अध्यक्ष आलम खान ने कहा समस्याओं का समाधान न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राम सनेही, जिला सचिव डा. सौरभ आनंद, नगर उपाध्यक्ष नजर मोहम्मद, नगर प्रभारी राजू सिद्दीकी उपस्थित थे।

मतदान 20 मई को

श्रावस्ती में मतदान 25 मई को हटाए जाने लगे बैनर व पोस्टर

संवाद न्यूज एजेंसी

छठवें चरण में होगा श्रावस्ती संसदीय सीट का चुनाव

बलरामपुर। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता का अनुपालन पूरी सख्ती के साथ कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम की अगुवाई में गठित टीमें भी सक्रिय हो गई। शहरी व ग्रामीण इलाकों में लगे राजनीतिक पार्टियों के बैनर पोस्टर व हटवाने का कार्य भी व्यापक स्तर पर शुरू हो गया है।

जिले की श्रावस्ती संसदीय सीट का चुनाव में छठवें चरण में होगा। इसके तहत नामांकन प्रक्रिया का कार्य 29 अप्रैल से शुरू होकर 6 मई तक चलेगा जबकि मतदान 25 मई को होगा। दोपहर बाद से ही पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की अगुवाई में गठित टीमें राजनीतिक दलों के लगे झंडे, बैनर व सीएम व पीएम के प्रचार होर्डिंग उतारने के अभियान में जुट गई हैं। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने आदर्श आचार संहिता का पालन हर स्थिति में पूरी कड़ाई के साथ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

डीएम ने बताया कि निगरानी के लिए पूरे जिले में 36 उड़ाका दस्तों के साथ आठ वीडियोग्राफी टीमें गठित की गई हैं। चुनाव संबंधी कोई भी बैठक अथवा सभा अब अनुमति के बाद ही आयोजित हो सकेगी। जिले की सीमाओं पर भी 42 स्टैटिक टीमें निगरानी को मुस्तैद रहेगी। बताया कि जिले की पांचों निकाय के अधिशासी अधिकारियों को बैनर पोस्टर हटाने के साथ दीवारों की पुताई करवाने का निर्देश देने के साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम को भी पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। यह दर्ज हर शिकायत का निस्तारण सौ मिनट में होगा।



बहराइच रोड पर पोस्टर हटाते नगर पालिका कर्मी। स्रोत : विभाग

श्रावस्ती संसदीय सीट एक नजर में

कुल मतदाता

वि.सभा का नाम	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर
सदर बलरामपुर	2,25,624	1,93,405	00
उतरौला	231116	195767	30
तुलसीपुर	203276	174322	17
गैंसड़ी	192888	168801	19
कुल वोटर	852904	732295	66

नोट – इसमें उतरौला विधान सभा के मतदाता गोंडा लोकसभा सीट के लिए मतदान करेंगे।

- मतदान केंद्र 709 व मतदेय स्थल 1723
- 10 जोन व 115 सेक्टर में बांटा जिला
- 159 संवदेनशील व 310 अतिसंवेदनशील मतदेय स्थल
- 36 संवेदनशील गांव व 66 दबंग चिह्नित

गैसड़ी विस सीट का उप चुनाव भी साथ में

लोकसभा चुनाव के साथ ही गैसड़ी विधान सभा सीट का उपचुनाव भी होगा। यह सीट विधायक शिवप्रताप यादव के निधन से रिक्त हुई है। डीएम ने बताया कि दोनों चरणों के कार्यक्रम को देखते हुए चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह शांतिपूर्ण तरह से निपटाने की तैयारी की जा रही है।

सियासी सौहार्द के साथ विकास का राष्ट्रीय मॉडल

1977 में नानाजी ने बलरामपुर की महारानी को किया था पराजित

संजय तिवारी

बलरामपुर। सियासत में प्रतिद्वंद्विता और तकरार आम बात है, लेकिन विकास के लिए एक साथ आना बिरले सुना होगा। बात है बलरामपुर संसदीय सीट की। वर्ष 1977 में नानाजी देशमुख जनता पार्टी से सांसद बने तो दुर्लभ मिसाल कायम कर दी।

कांग्रेस से मैदान में उतरीं जिन बलरामपुर स्टेट की महारानी लक्ष्मी कुंअरि को शिकस्त दी, चुनाव परिणाम घोषित होते ही उनसे मिलने महल जा पहुंचे। दोनों की जब भेंट हुई तो महारानी हार की तल्खी छिपा नहीं पाईं। तैश में आकर बोलीं, 'चुनाव तो आप हरा चुके मुझे। अब यहां और क्या लेने आये हैं? जीत की बधाई मैं पहले ही दे चुकी हूं, और क्या चाहते हैं मुझसे? नानाजी ने मुस्कुराकर कहा, महारानी जी, मुझे खुशी हुई कि आपने अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप ही प्रश्न किया। आपके इस प्रश्न ने कम से कम मेरी एक उलझन तो सुलझा दी। संकोच के मारे मैं समझ नहीं पा रहा था कि मुझे जो मांगना है, आपसे कैसे मांगूं? अब मैं निश्चिंत होकर मांग रख सकूंगा। नानाजी बोले, आपकी प्रजा ने इस बार मुझे अपना सांसद चुना है। अब मेरा फर्ज है कि मैं आपकी ही तरह उनके बीच रहकर उनके सुख-दुख में भागीदारी करूं। लेकिन आपके राज में न मेरे पास सिर छुपाने की कोई जगह है और न ही इतना धन कि जमीन खरीद कर उसपर चार दीवारें खड़ी कर छत डलवा सकूं। आप महारानी हैं, कृपा कर मुझे भी एक घर दे दीजिए। महारानी ने थोड़ी देर बाद बलरामपुर स्टेट के महराजगंज का नाम लिया और कहा कि उसकी सारी खाली जमीन आज से आपकी। जाइए, उस पर जितना बड़ा घर चाहें, बनवा लीजिए। नानाजी उस जगह अपना घर तो क्या बनाते, वहां एक नया गांव ही बसा डाला। नाम रखा जयप्रभा ग्राम जय यानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण और प्रभा यानी उनकी जीवनसंगिनी प्रभावती। जब तक नानाजी दुनिया में रहे, इस गांव को अपने आदर्शों के अनुरूप ढालने में लगे रहे।

नानाजी देशमुख

वर्ष 1916 में हैदराबाद राज्य के परभणी जिले के कडोली (वर्तमान में महाराष्ट्र के हिंगोली जिले का हिस्सा) में 11 अक्टूबर को बेहद सामान्य परिवार में चंडिकादास अमृतराव देशमुख (जो बाद में नानाजी देशमुख के नाम से जाने गये) का जन्म हुआ था। जन्म भले ही महाराष्ट्र में हुआ, लेकिन उनकी राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियों की शुरुआत बलरामपुर से हुई। इसका विस्तार मध्य प्रदेश (चित्रकूट) और राजस्थान तक किया। नानाजी ने 27 फरवरी, 2010 को चित्रकूट में अंतिम सांस ली थी। उनकी सेवाओं के लिए 1999 में उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया व पद्म विभूषण भी दिया गया। 2019 में मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से विभूषित हुए।



जीतने के बाद महारानी से महल में भेंटकर रहने के लिए मांगी थी जमीन ■ महारानी ने उनकी बात मानकर सौंपा पूरा महराजगंज फार्म



केंद्रीय मंत्री बनने का न्योता ठुकराया, किया देहदान

भारतीय जनसंघ की स्थापना के बाद उत्तर प्रदेश में विस्तार की जिम्मेदारी नानाजी को मिली। 1957 तक उन्होंने उत्तर प्रदेश के हर जिले में जनसंघ की इकाइयां स्थापित कर दीं।

- जेपी आंदोलन में लोकनायक जयप्रकाश नारायण पर लाठीचार्ज हुआ तब नानाजी ने साहस का परिचय देते हुए उन्हें सुरक्षित वहां से बाहर निकाला। आपातकाल के बाद केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी तो प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाने का न्योता दिया, लेकिन उन्होंने यह कहकर प्रस्ताव ठुकरा दिया कि 60 वर्ष की उम्र के बाद सांसद राजनीति से दूर रहकर सामाजिक व सांगठनिक कार्य करें।
- नानाजी ने अपने मृत शरीर को मेडिकल शोध के लिए दान करने का वसीयतनामा 1997 में ही लिखकर दे दिया था। निधन के बाद नानाजी की देह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को सौंप दी गई।

81 में से निस्तारित हुए महज आठ मामले

बलरामपुर। तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पक्षकारों की सहमति के आधार पर इसमें से सिर्फ आठ मामले ही मौके पर निस्तारित कराए जा सके। अन्य मामलों को पक्षकारों की सहमति के आधार पर निस्तारित कराने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। इस दौरान तुलसीपुर में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व उप जिलाधिकारी अभय कुमार सिंह ने 25 में से तीन, उतरौला में एसडीएम अवधेश कुमार व सीओ ज्योतिश्री ने 32 में से दो व सदर तहसील में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने 24 में से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया। (संवाद)

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

पचपेड़वा (बलरामपुर)। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपित दुर्गेश कुमार निषाद निवासी बढ़ई पुरवा को पचपेड़वा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अवधेश राज सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई दुष्कर्म की रिपोर्ट नाबालिग बालिका के पिता ने 11 मार्च को दर्ज कराई थी। शनिवार को आरोपी को भाथर पुल के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। (संवाद)

BAHRAICH POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

हाईवे पर टिकोरा मोड़ के निकट शुक्रवार की रात लेजर रिसॉर्ट के निर्माणाधीन भवन की छत ढह गई थी

छत के मलबे से दो श्रमिकों के शव बरामद

दुखद

बहराइच, संवाददाता। बहराइच-सीतापुर हाईवे पर टिकोरा मोड़ के निकट लेजर रिसॉर्ट के निर्माणाधीन भवन की शुक्रवार रात छत ढहने से मलबे में दबकर दो श्रमिकों की मौत हो गई। हादसे के दो घंटे बाद लखनऊ से पहुंची एसडीआरएफ टीम ने दो श्रमिकों को मलबे से निकाला है। जिन्हें जिला अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घायलों को रिजार्ट केडिया हास्पिटल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इस मामले में रिसार्ट मालिक अनिल केडिया, आर्कीटेक्ट प्रदीप कुमार व ठेकेदार राजेश को नामजद कर व अन्य जिम्मेदार लोगों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है।

बहराइच- सीतापुर हाईवे पर टिकोरा मोड़ के पास देहात कोतवाली के गजपतिपुर स्थित लेजर रिसॉर्ट की नई निर्माणाधीन छत ढलाई के दौरान शुक्रवार रात छत ढह गई थी। आस-पास के लोगों के मुताबिक लगभग आठ मजदूरों की उस समय मौजूदगी रही। रेस्क्यू में दो घंटे बाद तेजी तब आई, जब एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच राहत व बचाव कार्य शुरू किया। सरियायुक्त को कटर से काटकर दो श्रमिकों रिसिया थाने के शाहनवाजपुर के मजरे साहबपुरवा निवासी 24 वर्षीय जोगेंद्र पाल पुत्र प्यारे लाल, 29 वर्षीय सलीम अहमद पुत्र मुख्तियार अली को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण कर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया है। देहात कोतवाल बीके मिश्र ने बताया कि छह मजदूर घायल हुए हैं। जिन्हें रिजार्ट मालिक ने निजी हास्पिटल में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

हादसा होते ही मची चीख पुकार: जिस समय जोरदार आवाज के साथ निर्माणाधीन भवन की छत ढही, तो चीख पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लगभग छह घायल श्रमिकों को मौके से वाहनों से ले जाया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही वहां लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने दो श्रमिकों के दबे होने की आशंका जताई थी। जिसकी बाद में पुष्टि भी हुई।



मलबा हटाते हुए पुलिस व अन्य लोग।

> यह दुर्घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हादसा होते ही तुरंत रिसार्ट का समस्त स्टाफ राहत व बचाव कार्य में जुट गया। कई श्रमिकों का बचाव कर तुरंत इलाज के लिए भेजा गया। निर्माण के लिए बिल्डिंग पूर्णत: ठेके पर दी गई थी। उसमें रिसार्ट प्रबंधन सीधे तौर पर सम्मलित नहीं था। निर्माण के ठेके से जुड़ी समस्त जानकारी संबंधित विभाग को प्रदान कर दी गई है। हादसे के कारणों की जांच प्रशासन की ओर से की जा रही है। प्रशासन की ओर से निर्धारित मुआवजा पीड़ित परिवारों के घर जाकर दिया गया है। -मैनेजर, लेजर रिसॉर्ट

> एसडीआरएफ की टीम बुलाकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। दो श्रमिकों की मौत हो गई है। कुछ घायल हुए हैं। इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

-रामानंद प्रसाद कुशवाहा, एएसपी सिटी, बहराइच

चौकी प्रभारी ने आटोलिफ्टर को दौड़ाकर पकड़ा, बाइक बरामद

संसू, बाबागंज (बहराइच) : छह वर्ष पूर्व नगर कोतवाली इलाके के दीवानी कचहरी के उत्तरी गेट के पास से बाइक चोरी करने वाले नेपाली आटोलिफ्टर को रुपईडीहा पुलिस ने शनिवार भोर बाबागंज से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बाबागंज चौकी प्रभारी बाल गांविंद वर्मा टीम के साथ शुक्रवार देर रात बाबागंज चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे, तभी एक युवक पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने के प्रयास में गिर गया। पुलिस जब तक कुछ समझ पाती युवक ने स्वयं को संभाला और भागने लगा। शंका होने पर चौकी प्रभारी ने जवानों संग दौड़कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में युवक की पहचान आटोलिफ्टर के रूप में हुई। उसके पास बरामद हुई बाइक भी चोरी की थी जिसे उसने 2019 में दीवानी कचहरी के पास से चोरी करने की बात बताई। आरोपित राधेश्याम खटीक निवासी कमदी वार्ड नंबर चार जिला बांके राष्ट्र नेपाल का रहने वाला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजा गया है।

हवाला कारोबारियों से मिली जानकारी, जांच

रुपईडीहा/बहराइच,संवाददाता। नेपालगंज में हवाला कारोबार के खुलासे के बाद ज्यों-ज्यों जांच आगे बढ़ रही भारतीय लोगों की संलिप्तता के मजबूत सबूत भी सामने आ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि नेपालगंज से गिरफ्तार हवाला कारोबारियों की डायरी में कई भारतीय के मोबाइल नंबर मिले हैं। नेपाली अधिकारियों ने भातरीय सुरक्षा एजेंसियों से नंबर साझा किए हैं, जिनके आधार पर ऐसे लोगों की गोपनीय तलाश हो रही है।

बांके पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में हवाला व सोने की तस्करी के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का खुलासा हुआ है। यह संस्थागत गिरोह नेपाल के काठमांडू व दांग से नेपालगंज सोना लाता था। सोने को नेपालगंज के विभिन्न स्थानों से सोने में मिलावट कर भारत में तस्करी कर पहुंचाया जा रहा है। यह खुलासा नेपालगंज के न्यू रोड मे पकड़े गए गिरोह के एक सदस्य की ओर से किया गया है। भारतीय क्षेत्रों में सोने की मांग अत्यधिक बढ़ने के कारण नेपालगंज में सर्राफा की दुकान अधिक बढ़ गई हैं। इसके अलावा हवाला कारोबार से जुड़े सदस्यों के पास से भारतीय लोगों के कई मोबाइल नंबर मिले हैं, लेकिन वर्तमान में ये सब नंबर बंद बताए जा रहे हैं। इनकी पड़ताल के लिए नेपाली अधिकारियों ने भारत से साझा किया है। बांके के एसपी सुवास चंद बोहरा ने बताया कि यह भी खुलासा हुआ है कि गत 10 दिनों में नेपालगंज स्थित विभिन्न बैंकों में लगभग 18,32,93,969 नेपाली रुपयों का ट्रांजेक्शन विभिन्न बैंकों के माध्यम से किया गया है।

बैंकों से जमा-निकासी के लिए रखे सदस्य

चल रही जांच में कई बड़े चौकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। एसपी ने बताया कि विभिन्न बैंकों के बाउचर भी मिले हैं। हवाला करोबारी कुछ लोगों को 15 हजार रुपया प्रतिमाह बैंकों से पैसा निकालने व जमा करने के लिए रखे हुए थे। इन्ही लोगों के नाम बैंकों में खाता भी था।

भारतीय क्षेत्र में भेजा 10 किलो सोना

बांके के एसपी ने बताया पिछले दिनों रुपईडीहा के विभिन्न व्यक्तियों के साथ मिलकर 15 दिनों में 10 किलो सोना नेपालगंज से लाकर भारत में तस्करी किया गया है। काठमांडू से सोना लेकर चार प्रतिशत तक मिलावट की जाती थी। तस्कर गिरोह मे कमीशन को लेकर हुई खटपट के कारण यह खुलासा हुआ है।

चार दरोगा लाइन हाजिर

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला ने चुनाव की घोषणा से पूर्व कई थानों के दरोगाओ को इधर से उधर किया। जिला महिला थाना एसएचओ शीला यादव को हटाते हुए नानपारा महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

नानपारा महिला रिपोर्टिंग चौकी पर प्रभारी रही उपनिरीक्षक मंजू यादव अब जिला महिला थानाध्यक्ष होंगी। एसपी ने रिसिया थाने में तैनात उपनिरीक्षक राम गोविंद यादव, जनपद न्यायालय सुरक्षा में तैनात उपनिरीक्षक चंद्र भूषण शुक्ल, इंद्र देव प्रसाद को कार्य में शिथिलता बरते जाने पर तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। लाइन से पूर्व में बौंडी थाने भेजे गए दरोगा विजय यादव का तबादला निरस्त कर लाइन हाजिर कर दिया है। कैसरगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक बेंचू प्रसाद गौड़ को सुजौली, एंटी रोमियो स्कवायड व प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उपनिरीक्षक कल्पना सिंह को नानपारा रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी, की जिम्मेदारी दी गई है।

अंतिम समाधान दिवस में आईं 337 शिकायतें, 29 निस्तारित

- तहसील कैसरगंज में डीएम ने सुनीं समस्याएं
- आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने से जून तक लगी रोक

जासं, बहराइच : जिले की छह तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का दिवस का आयोजन हुआ। आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण अब तहसील व थाना दिवस के आयोजन पर जून तक रोक रहेगी। अंतिम समाधान दिवस में 337 शिकायतें आईं, जिनमें 29 का निस्तारण मौके पर किया गया।

तहसील कैसरगंज में डीएम मोनिका रानी ने सीडीओ रम्या आर, एसडीएम पंकज दीक्षित, सीओ रूपेंद्र कुमार गौड़ व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि से जुड़े प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। विशेषकर संवेदनशील प्रकरणों का वरिष्ठ अधिकारी स्वयं अपने देखरेख में निस्तारण कराएं। संहिता का पालन सुनिश्चित करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार अन्य तहसीलों में एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ।



कैसरगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर समस्या सुनतीं डीएम मोनिका रानी • जागरण

बच्चों का कराया अन्नप्रासन

कैसरगंज के समाधान दिवस में डीएम ने अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए बाल विकास विभाग के स्टाल पर चार गर्भवतियों की गोद भराई की तथा चार बच्चों का अन्नप्रासन कराया।

तहसील	प्रार्थना पत्र	निस्तारित
कैसरगंज	171	07
मिहींपुरवा	16	02
सदर	16	03
महसी	22	04
नानपारा	42	07
पयागपुर	70	06

श्रावस्ती में 11 शिकायतें निस्तारित

श्रावस्ती : भिनगा, इकौना व जमुन्हा तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 114 प्रार्थना पत्र आए। 11 का निस्तारण किया गया। डीएम कृतिका शर्मा व एसपी घनश्याम चौरसिया ने इकौना तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की।

आरोपित रिसार्ट मालिक से चेक लेकर पहुंचे श्रम विभाग के अधिकारी को स्वजन ने लौटाया

जासं, बहराइच : टिकोरामोड़ स्थित लेजर रिसार्ट परिसर में ढहे निर्माणाधीन भवन के मलबे में दबकर दो श्रमिकों की मौत का मामला तूल पकड़ने लगा है। शनिवार को आरोपित रिसार्ट मालिक की ओर से चेक लेकर मृतक के परिवार से मिलने पहुंचे श्रम अधिकारी को स्वजन ने वापस लौटा दिया। मामले में उच्च स्तरीय जांच कराकर मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कराने वालों के गिरफ्तारी की मांग की गई। कोतवाली इलाके के निवासी अनिल केडिया का टिकोरामोड़ के पास लेजर रिसार्ट है। रिसार्ट परिसर में निर्माणाधीन भवन की छत डालने के लिए बहराइच व श्रावस्ती जिले के श्रमिक आए थे। श्रमिकों में शामिल सुरेश, सुखदेव व संजय ने शटरिंग कमजोर बताकर छत ढहने की आशंका भी जताई थी। आरोप है कि उन्हें धमकाकर चुप करा दिया गया। इससे नाराज होकर तीनों श्रमिक बिना काम किए घर चले गए। कुछ घंटों बाद ही छत ढह गई। मलबे में दबकर रिसिया थाना के ग्राम पंचायत शाहनेवाजपुर के साहबपुरवा निवासी सलीम व जोगिंदर पाल की मौत हो गई। आरोप है कि मामले को दबाने के लिए शनिवार को मृतक सलीम के घर 10 लाख 70 हजार व जोगिंदर के घर 11 लाख का चेक श्रम विभाग के अधिकारी से भेजवाया गया।

बहराइच में 13, कैसरगंज में 20 मई को मतदान

दोनों लोकसभा सीटों पर 26 लाख से अधिक मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

बहराइच सुरक्षित सीट पर चौथे तो कैसरगंज सामान्य सीट पर पांचवें चरण में होगा मतदान

जिले में बनाए गए 1384 मतदान केंद्र व 2698 मतदेय स्थल

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। केंद्रीय निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को चुनाव की तिथियों का एलान कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत जिले की बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई और कैसरगंज सामान्य सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।

जिले में 18 वीं लोकसभा चुनाव की दुंदुभि बज चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को चुनाव की तिथियों का एलान करने के बाद जिला प्रशासन ने चुनाव की तैयारी जोरों पर शुरू कर दी है। इस बार होने वाले जिले की बहराइच व कैसरगंज की लोकसभा सीटों पर 26 लाख दो हजार 762 मतदाता अपना पसंदीदा प्रत्याशी चुनकर लोकसभा में भेजेंगे। चुनाव के लिए जिले में 1384 मतदान केंद्र व 2698 मतदेय स्थल बनाए गए है।

प्रशासन की ओर से चलाए गए मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। जिले की बहराइच व कैसरगंज लोकसभा सीट पर चुनाव होने हैं। बहराइच लोकसभा सीट में पांच विधानसभाएं आती हैं। इन विधानसभाओं में 18 लाख 25 हजार 673 मतदाता मतदान करेंगे। वहीं कैसरगंज लोकसभा चुनाव में जिले की दो विधानसभाओं में सात लाख 77 हजार 89 मतदाता अपने-अपने पत्तों का प्रयोग कर अपना पसंदीदा प्रत्याशी को चुनकर लोकसभा भेजेंगे।

इन तिथियों में होगा मतदान व नामांकन

बहराइच लोकसभा चौथा चरण		कैसरगंज लोकसभा पांचवां चरण	
नामांकन	18-04-2024	नामांकन	26-04-2024
नामांकन की अंतिम तिथि	25-04-2024	नामांकन की अंतिम तिथि	03-05-2024
नामांकन पत्रों की जांच	26-04-2024	नामांकन पत्रों की जांच	04-05-2024
नाम वापसी	29-04-2024	नाम वापसी	06-05-2024
मतदान	13-05-2024	मतदान	20-05-2024
मतगणना	04-06-2024	मतगणना	04-06-2024

अधिसूचना जारी होते ही हटाए जाने लगे होर्डिंग व बैनर

पालिका प्रशासन की टीम ने चलाया अभियान

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी करने के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है। प्रशासन के निर्देश पर पालिका प्रशासन की टीम ने नगर में अभियान चलाकर ग व बैनरों को हटाना शुरू कर दिया है।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी करने के बाद जिला प्रशासन चुनाव को पारदर्शिता के साथ कराने में जुट गया है।

अधिसूचना जारी करने के बाद डीएम मोनिका रानी ने एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा की अगुवाई में नगर पालिका व पुलिस प्रशासन की टीम गठित कर नगर क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर लगे राजनैतिक दलों के बैनर व होर्डिंग आदि को हटाने के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश के बाद टीम ने शहर के डीएम चौराहा, पानी टंकी चौराहा, अस्पताल चौराहा, छावनी चौराहा, डिगिहा तिराहा श्रीचित्रगुप्त चौक, चौक बाजार समेत अन्य स्थानों पर अभियान चलाकर मार्ग की दोनों पटरियों पर लगे विभिन्न राजनैतिक दलों की होर्डिंग, बैनर आदि को हटा दिया। (संवाद)



नानपारा में नगर पालिका कर्मियों द्वारा उतारे जा रहे बैनर व होर्डिंग। संवाद

श्रावस्ती में 25 मई को पड़ेंगे वोट

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। जिले में चुनाव छठे चरण में होगा। इसके लिए 25 मई को 8,14,576 मतदाता 500 मतदान केंद्र व 844 मतदेय स्थलों पर मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई है। साथ ही जिले में प्रशासन की ओर से होर्डिंग व बैनर उतारने का काम शुरू कर दिय गया है।

8,14,576
मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

500 मतदान केंद्र व 844 मतदेय स्थलों पर डाला जाएगा वोट

भा र त नि र्वा च न आयोग की ओर से शनिवार को लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले में 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जबकि 25 मई को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 8,14,576 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 4,32,608 पुरुष, 3,81,952 महिला व 16 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिनके लिए जिले में 500 मतदान केंद्र व 844 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनमें 126 बूथ व 225 मतदेय स्थल संवेदनशील हैं।

■ जारी हुआ चुनाव कार्यक्रम, उतरने लगे बैनर-पोस्टर

जिले में शनिवार को लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन की ओर से चुनाव को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। चुनाव तिथि घोषित होते ही भिनगा नगर में तहसीलदार जागृति सिंह व ईओ डॉ. अनीता शुक्ला के नेतृत्व में सफाई कर्मियों के सहयोग से होर्डिंग, बैनर व पोस्टर उतरवाना शुरू कर दिया गया है। यही स्थिति इकौना नगर सहित जिले के अन्य कस्बों बाजारों व चौक-चौराहों की भी रही।

■ चुनाव संबंधी शिकायत के लिए सी विजिल एप करें डाउनलोड

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को डीएम कृतिका शर्मा ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हील चेयर, पेयजल, रैंप, बैठने का स्थान व छाया की व्यवस्था की जाएगी। वहीं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को उनके घर से ही मतदान की सुविधा के लिए सभी को नामांकन से पूर्व वीएलओ के माध्यम से फार्म-12 उपलब्ध कराएं जाएंगे। यदि वे चाहेंगे तो वह अपने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। कोई भी मतदाता अपने वोटर इंफिक के बार कोड से अपने बूथ व वीएलओ के बारे में जानकारी ले सकता है। सभी प्रत्याशियों का आपराधिक इतिहास केवाईसी एप्लीकेशन में देखा जा सकता है। डीएम ने कहा कि चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार के लिए सी विजिल एप करें डाउनलोड करें।

बेटी के ब्याह के लिए रखे लाखों के जेवरात पर चोरों ने किया हाथ साफ

संसू.महसी(बहराइच) : हरदी इलाके में चोरों ने एक घर से लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने बेटी का ब्याह कराने के लिए बनवाए गए जेवरों के साथ घर की महिलाओं के आभूषण चोरी किए जाने का आरोप लगाया। घटना से परिवारजन सदमे में है।

महसी कस्बा निवासी कृष्ण गोपाल सिंह उर्फ बड़े सिंह ने बेटी का ब्याह तय कर रखा है। 11 अप्रैल को तिलक व 18 को शादी तय होने के बाद घर में तैयारियां जोरों पर थीं। शुक्रवार देर रात छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखे दो बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने के तीन हार, छह झाला, दो मंगलसूत्र एक कंठी, चार कंगन, सात अंगूठी समेत आठ लाख से अधिक के जेवरात चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह जब परिवारजन सोकर उठे तो कमरे में बिखरा सामान व बक्से का ताला टूटा देख सभी हतप्रभ रह गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी पाकर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसओ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

तीन घरों से चोरों ने उड़ाया नकदी व जेवरात : **संसू.बौंडी(बहराइच)** : इलाके के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास के चरीगाह गांव निवासी किरन देवी ने बताया कि उसका पति मेहनत मजदूरी के लिए बाहर रहता है। शुक्रवार देर रात घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखे बख्से का ताला तोड़कर पांच हजार रुपये, बेशकीमती कपड़े व सोने, चांदी के लगभग 70 हजार के जेवरात उठा ले गए। इसी गांव के ननकुन्ने व रूपेश कुमार के यहां से 15 हजार रुपये व अन्य कीमती सामान पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि जल्द ही घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

चोरी की आठ वाइक बरामद तीन गिरफ्तार

जासं. बहराइच : दरगाह पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों पर शिकंजा कसने के लिए मुखबिरों का जाल बिछाया था। शनिवार को तीन आटोलिफ्टर को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी की आठ बाइकें बरामद की। अपर पुलिस अधीक्षक सिटी रामानंद कुशवाहा ने बताया कि नरियाघाट पुल के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान अलग-अलग बाइक पर तीन लोग आते हुए दिखाई पड़े। पुलिस ने जब उन्हें रोक कर पूछताछ की तो पता चला कि वह आटोलिफ्टर हैं और पास से बरामद बाइक चोरी की है। आरोपितों में रिसिया जमाल निवासी शमशाद उर्फ गुल्ले, नबी सरवर उर्फ बड़कऊ, रामगांव इलाके के चिल्हरिया निवासी अफसर अली शामिल हैं। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर पांच और चोरी की बाइकें बरामद की है।

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने दिखाई सख्ती

चौथे चरण में बहराइच और पांचवें में कैसरगंज में होगा चुनाव

जासं, बहराइच : चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई। प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए सातों विधानसभा क्षेत्रों में टीमों को सक्रिय कर दिया। कलेक्ट्रेट के निकट से होर्डिंग व बैनर उतारे जाने में टीम जुट गईं।

चुनाव आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है। शनिवार शाम को एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा, नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया की अगुवाई में चौक-चौराहे पर लगे बैनर और पोस्टर हटाए गए। ईओ ने बताया कि शहरी क्षेत्र में जहां भी बैनर, पोस्टर और होर्डिंग लगे हैं। सभी को हटवाया जा रहा है। एक से दो दिन में सभी स्थान से प्रचार सामग्री पूरी तरह हट जाएगी। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी गुलाम वारिस समेत पुलिस कर्मी मौजूद रहे। चुनाव आयोग ने लोकसभा क्षेत्र बहराइच सुरक्षित में चौथे चरण और कैसरगंज में पांचवे चरण में मतदान कराने की घोषणा की है। इसके तहत बहराइच में 13 और कैसरगंज में 20 मई को



कलेक्ट्रेट परिसर में होर्डिंग उतारते नगर पालिका कर्मी ● जागरण

चार जून को होगी मतगणना

चुनाव आयोग की घोषणा के तहत बहराइच लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र मटेरा, बलहा, बहराइच सदर, महसी व नानपारा और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में शामिल पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र की मतगणना चार जून को होगी। गल्लामंडी में ईवीएम की सुरक्षा के लिए स्ट्रांगरूम बनाने की भी तैयारी की जा रही है।

मतदाताओं की संख्या	26,02,762
पुरुष मतदाता	13,73,392
महिला मतदाता	12,29,288
थर्ड जेंडर	82
विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र	07
मतदेय स्थल	2,698
मतदान केंद्र	1,384
क्रिटिकल मतदेय स्थल	481
कम्युनिकेशन शैडो एरिया	21

07 विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय हुई टीमें, नगर क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी को जिम्मेदारी

वेयर हाउस में सुरक्षित रखी गईं ईवीएम व वीवी पैट मशीनें

जासं, बहराइच : चुनाव आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) तथा वीवी पैट संचालन की जनजागरूकता के लिए विधानसभावार आवंटन किया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा के अश्वनी पांडेय, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर के दिनेश कुमार, मिहींपुरवा के संजय कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव की देखरेख में ईवीएम व वीवी पैट को कपूरथला के जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस में सुरक्षित रखवा दिया गया है। इस मौके पर भाजपा के सुनील श्रीवास्तव, सपा के जफरउल्ला खां बंटी, कांग्रेस के गोपीनाथ, बसपा के अशर्फी लाल गौतम आदि मौजूद रहे।

दो निरीक्षक समेत 12 के बदले कार्यक्षेत्र

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि महिला थाना प्रभारी शीला यादव को महिला सहायता प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है। वहीं रिपोर्टिंग महिला चौकी नानपारा की प्रभारी मंजू यादव को महिला थाना प्रभारी बनाया गया है। साथ ही उपनिरीक्षक विजय यादव, चन्द्रभूषा शुक्ला, इन्द्रदेव प्रसाद व गोविंद यादव को लाइन जाहिर किया गया है। साथ ही बेचू प्रसाद को कैसरगंज से सुजौली, कल्पना सिंह को एंटी रोमियो से प्रभारी रिपोर्टिंग महिला चौकी नानपारा, तिकोनीबाग चौकी प्रभारी विकास वर्मा को प्रभारी जनसूचना सेल व जनसूचना सेल प्रभारी अनूप मणि त्रिपाठी को तिकोनीबाग चौकी प्रभारी बनाया गया है। (संवाद)

पुलिस ने किया क्षेत्र भ्रमण

तेजवापुर (बहराइच)। चौकी पुलिस ने धार्मिक स्थलों व बैंकों की सुरक्षा का जायजा लिया। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने क्षेत्र भ्रमण करके पल-पल की गतिविधियों का जायजा लेते रहे। बैंक, मंदिर-मस्जिद एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया और पैदल गश्त की। एसओ ने बताया कि हनुमान मंदिर साईंगांव, देवपुरी धाम जैतापुर, हनुमान मंदिर समेत अतिसंवेदनशील स्थानों का भ्रमण का जायजा लिया और संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई। (संवाद)

वाहन चोर गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

दरगाह पुलिस को मिली कामयाबी, चोरी की आठ बाइकें व दो इंजन बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। दरगाह थाने की पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया और गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। चोरों के पास से चोरी की आठ बाइकें और दो बाइकों के इंजन बरामद हुए। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया। पुलिस लाइन सभागार में वाहन चोर गिरोह की जानकारी देते हुए एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि वाहन चोरी की धरपकड़ के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत दरगाह थाना प्रभारी हरेन्द्र मिश्रा अपनी टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान नरियाघाट पुल पर तीन संदिग्ध पुलिस को देखने लगे।

जिन्हें सलारगंज चौकी प्रभारी मदनलाल ने टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। संदिग्धों की पहचान रिसिया थाना क्षेत्र के रिसिया जमाल निवासी शमशाद उर्फ गुल्ले, सरवर उर्फ बड़कऊ व रामगांव थना क्षेत्र के चिलरिया निवासी अफसर अली के रुप में हुई। कड़ाई से पूछतांछ में तीनों ने वाहन चोर गिरोह चलाने की बात कबूली। तीनों की निशानदेही पर आठ चोरी की बाइकें व दो इंजन बरामद किए गए। तीनों पर विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

विभिन्न जिलों से बाइक चोरी कर बेचते थे पार्ट्स

दरगाह थाना प्रभारी हरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी शमशाद उर्फ गुल्ले ने बताया कि वह विभिन्न जिलों से बाइक चोरी करता था। अपने सहयोगी नन्ही सरवर उर्फ बड़कऊ व अफसर अली को बेच देते थे। अफसर अली चोरी की बाइकों के पार्ट्स निकालकर दूसरे बाइकों में लगा कर बेच देते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों पर पूर्व से मुकदमे दर्ज हैं। खुलासा टीम में सलारगंज चौकी प्रभारी मदनलाल, उपनिरीक्षक बेदराम यादव, हेड कांस्टेबल राशिकपूर राव, कांस्टेबल, राहुल वाजपेयी, सत्यपाल गौतम, विशाल यादव, जयसिंह चौधरी शामिल रहे।

एक ही रात में तीन घरों से चोरी

बौंडी (बहराइच)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास के मजरा चरीगाह गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया। एक ही रात चोरों ने तीन घरों से धावा बोला और नकदी समेत लाखों के गृहस्थी के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास के मजरा चरीगाह निवासी किरन देवी ने बताया कि उनके पति मजदूरी करने बाहर गए हैं। वह घर पर अकेली थी। इस दौरान चोर कमरे में रखे बक्से से 5000 नकदी, साड़ी व सोने-चांदी के आभूषण उठा ले गए। वहीं इसी गांव के ननकुन्ने ने बताया कि चोर उनके यहां से पांच हजार रुपये की नकदी और एंड्रायड मोबाइल फोन उठा ले गए। गांव निवासी रूपेश कुमार ने बताया कि चोरों ने उनके घर भी धावा बोला और घर में रखे 15000 नगद उठा ले गए। पीड़ितों ने बताया कि थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं एक ही रात हुई तीन चोरियों से लोगो में दहशत का माहौल है। लोग पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। थाना प्रभारी अंजनि कुमार राय ने बताया कि जांच की जा रही है। (संवाद)

चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया नेपाली

बाबागंज (बहराइच)। वाहन चौकिंग के दौरान शनिवार की सुबह बाबागंज चौकी पुलिस ने एक नेपाली वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बाबागंज चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस कर्मियों नरेंद्र गुप्ता, भीष्म यादव, अनुज कुमार के साथ रात्रि ग्रस्त की जा रही थी। साथ ही बैरियर लगाकर संदिग्धों की जांच की जा रही थी। इस दौरान सुबह के समय एक संदिग्ध टीम को देखकर भागने लगा। जिसे दौड़ा कर पकड़ा गया। जांच में उसकी के पास चोरी की बाइक बरामद हुई। चोर की पहचान नेपाल के आके निवासी राधेश्याम खटीक के रुप में हुई। आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

रुपईडीहा (बहराइच)। रुपईडीहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम बार्डर पर गश्त कर रही थी। इस दौरान रात लगभग 10:30 बजे पिलर 651/11 से नेपाल के कोयलापासा निवासी संदिग्ध तारिक अनवर सिद्दीकी उर्फ समीर सिद्दीकी को पकड़ा गया। तलाशी में उसे पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 13 लाख रुपये है। तस्कर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2024

कस्बों और गांवों में हो रहा फ्लैग मार्च

कटरा इकौना, संवाददाता। आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा का माहौल तैयार किया जा रहा है। प्रतिदिन पुलिस टीमें क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिला रही हैं तो वहीं अराचक तत्वों को कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है।



केन्द्रीय बलों के साथ फ्लैग मार्च करते पुलिस अधिकारी

नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती के थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने शनिवार को केंद्रीय पुलिस बल के क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने टीम के साथ कस्बा कटरा के प्रमुख मोहल्लों व मार्गो का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही टीम ने कटरा बाजार से कटरा से मथुरा मार्ग, कटरा से वीरपुर मार्ग और कटरा बाजार में फ्लैग मार्च किया। मार्च के दौरान लोगों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली गई। साथ ही लोगों को बताया गया कि सभी लोग कानून व्यवस्था का पालन करें और शांति व्यवस्था बनाए रखें। कोई समस्या है तो पुलिस को अवगत कराएं। यदि क्षेत्र में कोई अफवाह फैला रहा हो या अराजकता कर रहा हो तो पुलिस को सूचित करें। सूचना पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्ती से निपटा जाएगा।

हादसों में वृद्ध की मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल

दुर्घटना

श्रावस्ती, इकौना संवाददाता। दो अलग अलग सड़क हादसों में एक वृद्ध से दम तोड़ दिया। जबकि दो लोग गंभीररूप से घायल हो गए। घायलों में एक को जिला अस्पताल और एक को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

इकौना थाने के इमलिया निवासी राघव राम पुत्र रामेश्वर उम्र 65 वर्ष शुक्रवार रात को वीरेन्द्र कुमार निवासी लालपुर खदरा के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में गया था। देर रात दोनों लोग एक बाइक से घर वापस जा रहे थे। कोतवाली भिनगा के मोहम्मदपुर कला गांव के पास सामने से आ रही बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार लोगों लोग गिर कर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने राघव राम को मृत घोषित कर दिया।



सीएचसी इकौना में भर्ती घायल शिवराज।

- मोहम्मदपुर कला में बोलेरो से बाइक में मारी टक्कर
- श्रावस्ती थाने के कटरा चौराहे पर भी बोलेरो से बाइक में मारी टक्कर

जबकि वीरेन्द्र का इलाज किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी तरह से नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के कटरा बाजार निवासी शिवराज चौधरी पुत्र छांगुर चौधरी शुक्रवार देर रात वीरपुर रोड स्थित हवाई पट्टी चौराहे के पास बाइक से सड़क पार कर रहा था। इस दौरान बहराइच से बलरामपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रही बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे शिवराज गंभीररूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान चौराहे पर मौजूद परिजनों ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सड़क पर गिर जाने से शिवराज को हेडइंजरी हुई है।

चुनाव आयोग ने लागू की आदर्श आचार संहिता, जिलाधिकारी ने सबको बताया कड़ाई से कराया जाएगा पालन

25 मई को आठ लाख मतदाता बूथों पर डालेंगे वोट

लोकसभा चुनाव

श्रावस्ती। चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा करते ही चुनाव सरगर्मी बढ़ गई है। श्रावस्ती में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। जिसमें जिले के आठ लाख से अधिक मतदाता 844 बूथों पर वोट डाले जाएंगे। डीएम कृतिका शर्मा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में बैठक कर मतदान का पूरा विवरण प्रस्तुत किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त की ओर से निर्वाचन की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा। इसके लिए आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन कराया जावेगा। सभी सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग, बैनर इत्यादि को हटाया जा रहा है। यदि कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक व अनुभव सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एपी सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल आदि रहे।

जिले में हैं आठ लाख से अधिक मतदाता : श्रावस्ती जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र श्रावस्ती लोकसभा में शामिल हैं। जिसमें 289-भिनगा विधानसभा में कुल 210270 पुरुष मतदाता, 183143 महिला मतदाता व दो ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। वहीं विधान सभा क्षेत्र 290-श्रावस्ती में 222338 पुरुष मतदाता, 198809 महिला मतदाता व 14 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इस प्रकार दोनों विधान सभाओं में कुल आठ लाख 14 हजार 576 मतदाता है।



कलेक्ट्रेट में चुनाव संबंधी जानकारी देतीं डीएम कृतिका शर्मा।



लक्ष्मननगर में होर्डिंग उतारते सफाई कर्मी व मौजूद पुलिस।

- श्रावस्ती में छठे चरण में होगा मतदान मतदाता डालेंगे वोट
- चुनाव घोषित होते ही प्रचार सामग्रियों का उतारना शुरु हुआ

आचार संहिता लगते ही प्रशासन सक्रिय, हटवाए बैनर-पोस्टर

श्रावस्ती। लोकसभा चुनाव के लिए आयोग ने शनिवार को आदर्श आचार संहिता की घोषणा कर दी। इसके साथ ही पुलिस व प्रशासनिक महकमा सक्रिय हो गया। पुलिस के साथ अधिकारी सड़क पर उतरे और अभियान चलाकर बैनर-पोस्टर हटवाए गए। लोकसभा के लिए चुनाव आयोग की ओर से शनिवार दोपहर तीन बजे चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई। जिसके साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता भी लागू किया गया। आचार संहिता लागे होते ही अधिसूचना का पालन कराने के लिए प्रशासन से लेकर पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। सार्वजनिक स्थलों, बिजली के खम्भों आदि पर टंगे होर्डिंग, बैनर उतरवाने की मुहिम शुरू हो गई। पुलिस ने जगह जगह लगे होर्डिंग व बैनर को उतरवाने के साथ ही दीवार व सार्वजनिक स्थानों पर लिखे गए स्लोगन आदि को पेंटिंग कर मिटाने का कार्य शुरू किया। लक्ष्मनपुर संवाद के अनुसार- लक्ष्मनपुर बाजार में सड़क किनारे व चौराहों पर लगी प्रचार व योजनाओं से संबंधित होर्डिंग, पोस्टर, बैनर हटवाया गया।

संवेदनशील मतदान केंद्रों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा

लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए 844 बूथ और 500 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें भिनगा विधानसभा क्षेत्र में 399 मतदेय स्थल व 233 मतदान केन्द्र हैं। वही श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र में 445 बूथ और 267 मतदान केन्द्र हैं। डीएम ने बताया कि 126 मतदान केन्द्रों व 225 बूथों को संवेदनशील चिन्हित कर अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। यहां पर कड़ी सुरक्षा लगाई जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर नजर रखी जाएगी।

मतदेय स्थलों का लिया जायजा

इकौना (श्रावस्ती)। लोकसभा चुनावों को देखते हुए जिले में बीएसएफ के जवानों को बुलाया गया है। जिनके साथ शुक्रवार देर शाम इकौना पुलिस ने क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जवानों ने थाना क्षेत्र में बॉर्डर एरिया, हाइवे, ढाबा, होटल व प्रतिष्ठानों आदि पर रुकने वाले लोगों व वाहनों की जांच की। वहीं क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर व शिवजोत का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। इस दौरान जवानों ने लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील भी किया। (संवाद)

नवीन मॉडर्न थाने का किया निरीक्षण

कटरा (श्रावस्ती)। नवीन मॉडर्न थाना कटरा का शुक्रवार देर शाम एसपी घनश्याम चौरसिया ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पौष्टिक आहार का सेवन करने व नियमित योग करने व वेलफेयर पर विशेष ध्यान देने की सलाह दिया। उन्होंने भोजनालय जाकर मेस मैनेजर को सफाई रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, बैरक, कार्यालय आदि का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद को चुनाव सकुशल संपन्न कराने व त्योहार पर अमन-चैन बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। (संवाद)

फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

- पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी
- गिरंट थाना क्षेत्र के महिपतपुरवा का मामला

गिरंटबाजार। आम के बाग में एक युवक का शव पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत बैजनाथपुर के मजरा महिपत पुरवा निवासी मैकू यादव (42) पुत्र सुमई यादव शनिवार सुबह बिना कुछ बताए घर से चला गया। दोपहर करीब एक बजे उसकी लाश गांव के उत्तर दिशा में स्थित आम के बाग में पेड़ की टहनी के सहारे फांसी के फंदे से लटकती बरामद हुई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बदला और हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने फंदे से शव उतरवा कर कब्जे में ले लिया। इसके बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि मृतक के विरुद्ध थाने में अपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही उसके ऊपर बैंक का कर्ज था। गिरंट थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

151 शीशी नेपाली शराब के साथ एक कोरियर गिरफ्तार

- चेकिंग के दौरान पकड़ी गई शराब
- पुलिस टीम ने बरामद शराब को कराया कराया

श्रावस्ती। पुलिस व एसएसबी की टीम में चेकिंग के दौरान भारत नेपाल सीमा से 151 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर टीम ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

मल्हीपुर थाने के थानाध्यक्ष जयहरि मिश्रा शुक्रवार शाम को पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ इण्डो नेपाल बार्डर पर गश्त के दौरान संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान सीमा स्थित पिलर संख्या 643/2 के पास ग्राम बेलरी से एक व्यक्ति के कब्जे से बोरी में 151 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। जिसमें 35 शीशी बवई स्पेशल ओरेन्ज फ्लेवर 300 एमएल प्रति शीशी, 56 शीशी बवई स्पेशल लीची फ्लेवर 300 एमएल प्रति शीशी व 60 शीशी हिरो लीची प्रिमियम फ्लेवर 300 एमएल प्रति शीशी बरामद किया गया। टीम ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान लौहर यादव पुत्र राम फेरन निवासी बेलरी थाना मल्हीपुर के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

चरस तस्करी के आरोपित को न्यायालय ने किया दोषमुक्त

जासं, श्रावस्ती : 11 वर्ष बाद चरस तस्करी के आरोपित को अपर सत्र न्यायाधीश ने दोष मुक्त कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता जगदम्बा त्रिपाठी ने बताया कि गिलौला क्षेत्र के घोरमा परसिया गांव निवासी रामप्यारे मिश्रा को गिलौला थाने की पुलिस ने 20 अगस्त 2011 को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से 800 ग्राम चरस की बरामदगी दिखाई गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया। मामले के विचारण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने साक्ष्य के अभाव में आरोपित रामप्यारे को दोषमुक्त कर दिया।

844 केंद्रों पर आठ लाख से अधिक मतदाता डालेंगे वोट

छठवें चरण में डाले जाएंगे वोट, 126 मतदान केंद्र संवेदनशील

जासं, श्रावस्ती : लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराते हुए निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय हो गई है। दो विधानसभा क्षेत्रों में 844 मतदान केंद्रों पर आठ लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। छठे चरण में चुनाव होगा। आचार संहिता का पालन कराने के लिए सी-विजिल एप व टोल फ्री नंबर-1950 की शिकायतों को त्वरित निस्तारित करने की तैयारी की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि भिनगा विधानसभा क्षेत्र में 233 मतदान केंद्र व 399 मतदेय स्थल हैं। यहां तीन लाख 93 हजार 415 मतदाता हैं। इनमें दो लाख 10 हजार 270 पुरुष, एक लाख 83 हजार 143 महिला व दो अन्य श्रेणी के मतदाता हैं। इसी प्रकार श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र में 267 मतदान केंद्र व 445 मतदेय स्थल हैं। यहां कुल चार लाख 21 हजार 161 मतदाताओं में से दो लाख 22 हजार 338 पुरुष, एक लाख 98 हजार 809 महिला व 14 अन्य श्रेणी के मतदाता हैं। 126 मतदान केंद्र के 225 मतदेय स्थल संवेदनशील की श्रेणी में हैं। चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता का पालन कराने के लिए एसडीएम, तहसीलदार व बीडीओ टीम के साथ सड़क पर उतर आए। सार्वजनिक स्थानों पर लगे राजनीतिक पोस्टर व बैनर देर शाम तक हटाते रहे।

डेढ़ घंटे में निस्तारित होगी सी-विजिल की शिकायत : जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी नागरिक अपने मोबाइल फोन में प्ले स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लें। कहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला आता है तो एप पर शिकायत दर्ज कराएं। डेढ़ घंटे में शिकायत का निस्तारण किया जाएगा।



लक्ष्मननगर तिराहे से पार्टी के पोस्टर हटवाती पुलिस व प्रशासनिक टीम ● जागरण

बीएसएफ व एसएसबी कर रही खुली सीमा की निगरानी : खुली नेपाल सीमा किसी प्रकार से चुनाव में चुनौती न बने, इसके लिए एसएसबी मुस्तैद है। बीएसएफ जवानों की एक टुकड़ी अगरतला से आई है। यह टीम भी सीमा क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा ले रही है। शीघ्र नेपाल के बांके व डांग जिले के अधिकारियों के साथ बैठक भी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रोजगार के लिए काफी लोग बाहर रह रहे हैं। चुनाव में वे मतदान करने नहीं आते हैं। मतदाता सूची से ऐसे वोटरों को चिह्नित कर उन्हें फोन कर चुनाव में शामिल होने को बुलाया जाएगा।

पे
के

कच्ची शराब बरामद

श्रावस्ती : सिरसिया पुलिस ने गश्त के दौरान उल्लहवा निवासी दशरथ को गिरफ्तार कर पिपिया में 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

जवानों ने किया फ्लैग मार्च

श्रावस्ती : एसपी घनश्याम चौरसिया ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीएसएफ व पुलिस जवानों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। ग्रामीणों से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास दिलाया। लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। (वि.)

शांतिभंग के आरोप में 13 गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने शुक्रवार रात अलग-अलग स्थानों से 13 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई किया है। (संवाद)

नेपाली शराब के साथ दबोचा: जमुनहा (श्रावस्ती)। मल्हीपुर पुलिस ने एसएसबी के साथ मिल कर शुक्रवार देर शाम नेपाल सीमा स्थित पिलर संख्या 643/2 ग्राम बेलरी निवासी लौहर यादव को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 151 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। (संवाद)

तहसील दिवस में निपटे 11 मामले

श्रावस्ती। जिले की तहसीलों में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान भिनगा, इकौना व जमुनहा में कुल 117 शिकायतें आई। इनमें से 11 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इकौना तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम कृतिका शर्मा व एसपी घनश्याम चौरसिया की उपस्थिति में कुल 69 मामले आए। इनमें से पांच मामले का मौके पर समाधान कर दिया गया। (संवाद)

पूर्व विधायक के चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले की होगी पुनर्विवेचना

संवाद न्यूज एजेंसी

सिविल जज प्रवर खंड एफटीसी और एमपी एमएलए कोर्ट ने दिया आदेश

श्रावस्ती। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पूर्व विधायक व इकौना के तत्कालीन सपा प्रत्याशी पर चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। एफएसटी टीम प्रभारी ने एमपी एमएलए कोर्ट में प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिस पर न्यायालय ने शनिवार को पुनर्विवेचना का आदेश जारी किया है।



पूर्व विधायक मोहम्मद असलम रायनी। -संवाद

अदालत से

भिनगा के पूर्व विधायक मोहम्मद असलम रायनी वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में श्रावस्ती से सपा प्रत्याशी थे। जिनकी ओर से 11 फरवरी 2022 को बगैर अनुमति इकौना रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में शाम पांच बजे चुनावी सभा की गई थी। जिसमें करीब 500-600 लोग शामिल हुए थे। इस मामले में एफएसटी टीम प्रभारी व सीडीपीओ राजेंद्र प्रसाद वर्मा की तहरीर पर इकौना थाने में तत्कालीन सपा प्रत्याशी सहित करीब 600 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले में इकौना पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की थी। मामले में पुलिस ने एसडीएम इकौना का बयान भी दर्ज नहीं किया था। न ही वादी मुकदमा व एसडीएम से फोन पर हुई वार्ता का सीडीआर लिय गया। जिसका विरोध करते हुए एफएसटी टीम प्रभारी ने सिविल जज प्रवर खंड (त्वरित न्यायालय) व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट देवर्षि देव कुमार के समक्ष प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसे स्वीकार करते हुए शनिवार को एमपी एमएलए कोर्ट ने पुलिस को मामले की पुनर्विवेचना का निर्देश दिय है। साथ ही एसपी से विवेचक नामित कर शीघ्र ही विवेचना की अग्रिम कार्रवाई से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

चरस तस्करी का आरोपी दोषमुक्त

श्रावस्ती। गिलौला थाना क्षेत्र के घोरमा परसिया निवासी रामप्यारे मिश्रा पुत्र पेशकार को 20 अगस्त 2011 में स्थानीय पुलिस ने 800 ग्राम चरस की बरामदगी दिखाते हुए गिरफ्तार किया था। बाद में उसके विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र भेजा गया था। आरोपी विगत चार साल से जेल में बंद है। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने साक्ष्य के अभाव में आरोपी को दोषमुक्त करार दिया। मामले में बचाव पक्ष की पैरवी डिप्टी चीफ एलएडीसी जगदंबा त्रिपाठी कर रहे थे। (संवाद)

फंदे से लटकता मिला युवक का शव

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। महीपत पुरवा में शनिवार को आम के बाग में एक युवक का शव रस्सी के फंदे के सहारे लटकता मिला। हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र ग्राम बैजनाथपुर के मजरा महीपत पुरवा स्थित आम के बाग में शनिवार एक युवक का शव फंदे से लटकता मिला। उसकी पहचान गांव निवासी मैकू यादव (42) के तौर पर हुई। (संवाद)

श्रावस्ती में 25 मई को पड़ेंगे वोट

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। जिले में चुनाव छठे चरण में होगा। इसके लिए 25 मई को 8,14,576 मतदाता 500 मतदान केंद्र व 844 मतदेय स्थलों पर मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई है। साथ ही जिले में प्रशासन की ओर से होर्डिंग व बैनर उतारने का काम शुरू कर दिया गया है।

8,14,576

मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

500 मतदान केंद्र व 844 मतदेय स्थलों पर डाला जाएगा वोट

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले में 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जबकि 25 मई को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 8,14,576 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 4,32,608 पुरुष, 3,81,952 महिला व 16 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिनके लिए जिले में 500 मतदान केंद्र व 844 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनमें 126 बूथ व 225 मतदेय स्थल संवेदनशील हैं।

■ जारी हुआ चुनाव कार्यक्रम, उतरने लगे बैनर-पोस्टर

जिले में शनिवार को लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन की ओर से चुनाव को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। चुनाव तिथि घोषित होते ही भिनगा नगर में तहसीलदार जागृति सिंह व ईओ डॉ. अनीता शुक्ला के नेतृत्व में सफाई कर्मियों के सहयोग से होर्डिंग, बैनर व पोस्टर उतरवाना शुरू कर दिया गया है। यही स्थिति इकौना नगर सहित जिले के अन्य कस्बों बाजारों व चौक-चौराहों की भी रही।

■ चुनाव संबंधी शिकायत के लिए सी विजिल एप करें डाउनलोड

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को डीएम कृतिका शर्मा ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हील चेयर, पेयजल, रैंप, बैठने का स्थान व छाया की व्यवस्था की जाएगी। वहीं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को उनके घर से ही मतदान की सुविधा के लिए सभी को नामांकन से पूर्व बीएलओ के माध्यम से फार्म-12 उपलब्ध कराएं जाएंगे। यदि वे चाहेंगे तो वह अपने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। कोई भी मतदाता अपने वोटर इपिक के बार कोड से अपने बूथ व बीएलओ के बारे में जानकारी ले सकता है। सभी प्रत्याशियों का आपराधिक इतिहास केवाईसी एप्लीकेशन में देखा जा सकता है। डीएम ने कहा कि चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार के लिए सी विजिल एप करें डाउनलोड करें।